चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 22 अप्रैल 2024
वर्ष-2, अंक-254, पृष्ठ-18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-6 रुपये

अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

मैदानी हिस्सों में गर्मी से हाल-बेहाल 18

'कल्कि 2898 एडी' में दिखा अमिताभ बच्चन का लुक 17

छुट्टी नहीं मिलने पर लगाया पत्नी-बच्चे की मौत का आरोप

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

- सिपाही के आरोप पर थानाध्यक्ष के खिलाफ जांच का आदेश

अमृत विचार : रामपुरा थाने में तैनात सिपाही ने थानाध्यक्ष पर अवकाश न देने के कारण पत्नी व नवजात की मौत का आरोप लगाया है। सिपाही का कहना है कि अस्पताल में भर्ती पत्नी व नवजात की उचित देखभाल करना चाहता था। लेकिन, अवकाश न मिलने पर वह पत्नी व नवजात से हाथ धो बैठा। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने आरोपी थानाध्यक्ष के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार रामपुरा थाने में तैनात कांस्टेबल विकास निर्मल मैनपुरी का निवासी है। उसने पत्नी के प्रसव व इलाज के लिए थानाध्यक्ष रामपुरा अर्जुन सिंह से अवकाश मांगी थी। लेकिन, थानाध्यक्ष ने विकास को अवकाश नहीं दिया। विकास ने आरोप लगाया कि उचित देखभाल के अभाव में उसकी पत्नी व नवजात की मौत हो गई। इस पर विकास ने एसपी से थानाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता देख पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष रामपुरा अर्जुन सिंह के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने जिलों में तैनात किए नोडल अधिकारी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गेहूं खरीद पर नजर रखने और समीक्षा करने के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती की है। ये नोडल अधिकारी अलग-अलग जिलों में गेहूं खरीद की व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। इस दौरान किसानों, खरीददारों की व्यावहारिक दिक्कतों और सुगमता के कारणों की भी रिपोर्ट तैयार होगी। दरअसल, राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिये प्रदेश भर में 6500 क्रय केंद्र संचालित होने हैं।

4 वर्षीय स्नातक डिग्री वाले छात्र कर सकेंगे पीएचडी

नई दिल्ली, एजेंसी

- न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड की आवश्यकता

चार वर्षीय स्नातक डिग्री वाले छात्र अब सीधे राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) में शामिल होने के साथ ही पीएचडी भी कर सकते हैं।

यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने यह जानकारी दी। जेआरएफ के साथ या उसके बिना पीएचडी करने के लिए अभ्यर्थियों को अपने चार साल के स्नातक पाठ्यक्रम में न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड की आवश्यकता होगी। अब तक, नेट के लिए अभ्यर्थी को न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री की आवश्यकता होती थी। नए निर्देश के बाद अब सीधे पीएचडी कर सकते हैं और नेट परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। ऐसे उम्मीदवारों को जिस भी विषय में वे पीएचडी करना चाहते हैं, उसमें करने की अनुमति होगी, भले ही उन्होंने किसी भी विषय में चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्राप्त की हो। यूजीसी अध्यक्ष ने कहा, चार साल या आठ सेमेस्टर के स्नातक डिग्री कार्यक्रम में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों के पास न्यूनतम 75% अंक होने चाहिए।

भाजपा सरकार की गलत नीतियों से मध्यम वर्ग परेशान : मायावती

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- जोई में बसपा प्रमुख ने जनसभा को किया संबोधित, कांग्रेस-भाजपा पर साधा निशाना

अमृत विचार : पूर्व मुख्यमंत्री व बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि कांग्रेस, भाजपा और उनके सहयोगी दलों को केंद्र की सत्ता में आने से रोकना है। आजादी के बाद देश में कांग्रेस पार्टी की सरकार रही है। जातिवादी, पूंजीवादी और इनकी कथनी व करनी में अंतर होने से यह पार्टी केंद्र की सत्ता से दूर हो गई। अब देश और कई प्रदेशों में भाजपा की सरकार है, यह भी कांग्रेस की तरह सत्ता से बाहर होगी।

अमरोहा-जोया रोड स्थित जोई के मैदान पर रविवार को वह बसपा प्रत्याशी चौधरी मुजाहिद हुसैन के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रही थीं। यहां उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में बसपा प्रत्याशी को आपने सांसद बनाकर भेजा, लेकिन उन्होंने पार्टी और जनता के साथ विश्वासघात किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों से मध्यम वर्ग परेशान है। भाजपा हवाहवाई घोषणा करती है, लेकिन बसपा काम करने में भरोसा रखती है। भाजपा गरीबों का वोट लेने के लिए मुफ्त में कुछ राशन दे देती है। इसे लेकर भाजपा और आरएसएस के लोग गांव-गांव जाकर कहते हैं कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर्ज उतारने का समय आ गया है। लेकिन यह खाद्य सामग्री भाजपा की नहीं है, बल्कि आप जो टैक्स देते हैं, उससे यह खाद्य सामग्री आती है। सरकार अपने पास से नहीं देती। देश की अर्थव्यवस्था खराब है और भ्रष्टाचार भी खत्म नहीं हुआ।

भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर कांग्रेस ने देश को किया खोखला : मोदी

जालोर में भाजपा की चुनावी सभा में कांग्रेस पर बरसे प्रधानमंत्री

जयपुर, एजेंसी

जालोर में सभा के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

- 400 लोकसभा सीटें जीतने वाली कांग्रेस आज 300 सीटों पर चुनाव तक नहीं लड़ पा रही

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। मोदी ने कहा कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया और आज देश उनकी पार्टी को इन्ही पापों की सजा दे रहा है। जिस कांग्रेस पार्टी ने कभी देश में 400 लोकसभा सीटें जीती थी.. वह आज 300 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है। भीनमाल (जालोर) में भाजपा की चुनावी सभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की आज जो हालत हुई है उसकी गुनहगार वह खुद है। राजस्थान में पहले चरण के मतदान की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान में आधे राजस्थान ने कांग्रेस को बराबर सजा दी है। उसे बराबर सबक सिखाया है। उन्होंने कहा राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत राजस्थान ये जानता है कि कांग्रेस कभी भी मजबूत भारत बना ही नहीं सकती। देश को ऐसी कांग्रेस सरकार नहीं चाहिए। देश को 2014 के पहले जो हालात थे वो हालात वापस नहीं चाहिए।

मोदी ने कहा (तब) हर कोई कांग्रेस की कमजोर सरकार को आता जाता हर कोई धमकाता था और हर कोई देश को लूटने में जुटा था। प्रधानमंत्री को तो कोई पूछता ही नहीं था। सरकार रिमोट कंट्रोल से चला करती थी। कैबिनेट से पास हुए अध्यादेश को उनकी पार्टी के ही एक नेता मीडिया की बैठक में बड़े रौब से फाड़ कर फेंक देते थे। उन्होंने कहा कि ऐसी दुर्बल अवस्था देश को मजबूत बना सकती है क्या? आप मुझे बताइये अस्थिरता की प्रतीक कांग्रेस पार्टी और उनका कुनबा देश को चला सकता है क्या? आज कांग्रेस पार्टी की जो हालत हुई है उसकी गुनहगार वो खुद है। मोदी ने आरोप लगाया कि 60 वर्षों तक राज करने वाली कांग्रेस ने हमारी माताओं-बहनों को शौचालय, गैस, बिजली, पानी, बैंक खाते जैसी छोटी छोटी चीजों के लिये तरसाया है। उन्होंने कहा कि देश का युवा इतना गुस्से में है वो दोबारा कांग्रेस का मुंह नहीं देखना चाहता है। विपक्षी इंडी गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इन्होंने अवसरवादी ''इंडी एलायंस'' बना लिया है। उसकी पतंग उड़ने से पहले ही कट गई है। कहने को तो गठबंधन है लेकिन कई राज्यों में ये गठबंधन वाले ही आपस में लड़ रहे हैं।

कांग्रेस ने जलजीवन मिशन में किया घोटाला

मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य की गत कांग्रेस सरकार ने जल जीवन मिशन योजना में घोटाला किया व उसका काम नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि अब हमारी भजनलाल सरकार आयी है जो घोटाले की जांच भी कर रही। अगर यहां कांग्रेस सरकार न होती तो अब तक हम हर घर जल के लक्ष्य के बहुत निकट पहुंच जाते है।

प्रश्नपत्र लीक करने में शामिल चार और आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। आरओ-एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2023 प्रश्नपत्र लीक मामले में शामिल चार अन्य आरोपियों को एसटीफ ने गिरफ्तार किया है। चारों आरोपी लखनऊ और प्रयागराज के परीक्षा केंद्रों में सक्रिय थे। गिरफ्तार हुए मास्टर माइंड डॉ शरद पटेल की एसटीएफ को लंबे समय से तलाश थी।

पुलिस उपाधीक्षक लाल प्रताप सिंह को सूचना मिली कि प्रश्न पत्र लीक मामले में फरार चार आरोपी लखनऊ में किसी स्थान पर एकत्रित हो रहे हैं। इस दौरान निरीक्षक अंजनी कुमार तिवारी व अन्य की एक टीम रायबरेली रोड पहुंची और मीटिंग स्थल का पता लगाकर चारों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में मिर्जापुर के डॉ शरद सिंह पटेल, अभिषेक शुक्ला चौक लखनऊ, कमलेश कुमार पाल निवासी झूंसी प्रयागराज और अर्पित निवासी म्योराबाद प्रयागराज शामिल है। चारों के पास से एक प्रश्नपत्र, दो लग्जरी गाड़ियां, दो लाख रुपए और दो आधार कार्ड बरामद हुआ है। डा. शरद सिंह पटेल पूर्व में आयोजित वीडीओ परीक्षा-2019 में गड़बड़ी करवाने के आरोप में जेल भी जा चुका है। बताया जा रहा है कि आधा दर्जन से अधिक आरोपी अभी फरार हैं।

चार धाम यात्रा के लिए 11.45 लाख रजिस्ट्रेशन

कार्यालय संवाददाता, देहरादून

- 10 मई से शुरू हो रही है उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धलुओं में गजब का उत्साह

अमृत विचार : चारधाम यात्रा को लेकर यात्रियों में उत्साह चरम पर है। यहां यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू हुए और अब तक 11 लाख से अधिक यात्री अपना पंजीकरण करा चुके हैं। पहले चरण में केदारनाथ हेली सेवा के लिए 20 जून तक की बुकिंग फुल हो चुकी है।

विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा 2024 आगामी 10 मई से शुरू हो रही है। वहीं, बाबा केदारनाथ धाम के दर्शन के लिए 20 अप्रैल से बुकिंग शुरू हुई। अब उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण ने 15 सितंबर से 31 अक्टूबर के बीच हेली सेवा के लिए भी बुकिंग शुरू कर दी है। 21 जून से 14 सितंबर के बीच मानसून का सीजन होता है, जिसके चलते हेली सेवा ऑपरेटर इस दौरान फ्लाई नहीं करते हैं। इसीलिए इस अवधि में हेली सेवाओं की बुकिंग नहीं की गई है। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विभाग के अपर सचिव सी रविशंकर ने बताया कि 10 मई को यमुनोत्री, गंगोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट खोल दिए जाएंगे। 12 मई को बदरीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। 25 मई को हेमकुंड साहिब के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुलेंगे। चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। चारधाम यात्रा की ऑफिशियल वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। व्हाट्सएप नंबर 8394833833 पर Yatra (यात्रा) लिख कर मैसेज करके भी रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन के लिए उत्तराखंड पर्यटन विभाग ने टोल फ्री नंबर 0135-1364 दिया है। इस पर कॉल करके भी रजिस्ट्रेशन हो जाएगा।

बर्फ हटाने को सेना के जवान हेमकुंड रवाना

देहरादून। विश्व प्रसिद्ध हेमकुंड साहिब के कपाट आगामी 25 मई को तीर्थयात्रियों के लिए खोल दिए जाएंगे। इसे लेकर यात्रा की तैयारियां शुरू हो गई है। हेमकुंड में अभी भी करीब 10 फीट तक बर्फ जमी हुई है। बर्फ हटाने के लिए सेना की 418 इंडिपेंडेंट इंजीनियरिंग कोर के ओसी कर्नल सुनील यादव ने हर सेवक सिंह व प्रमोद कुमार के नेतृत्व में सेना के जवानों को बर्फ हटाने के लिए भेजा है।

एक नजर

अनंतनाग में आईईडी बरामद कर किया नष्ट

श्रीनगर। अनंतनाग जिले में सुरक्षा बलों ने रविवार को एक शक्तिशाली आईईडी का पता लगाकर उसे निष्क्रिय कर दिया। दक्षिण कश्मीर में चक-पंचपोरा रोड पर ये आईईडी बरामद किया गया। सेना के अनुसार चिनार वॉरियर्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अनंतनाग में चक-पंचपोरा रोड पर एक आईईडी को बरामद करके और उसे उसी स्थान पर नष्ट करके आज एक बड़ी आतंकी घटना को टाल दिया।

यमुना एक्सप्रेसवे पर पलटी कार, पांच लोगों की मौत

आगरा। यमुना एक्सप्रेसवे पर एक कार के पलटने से पांच लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, नोएडा के रहने वाले संतोष की बारात अलग-अलग गाड़ियों से शनिवार को देवरिया के लिए निकली थी कि यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार देर रात करीब दो बजे कुबेरपुर टर्न पर अर्टिगा कार डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। एत्मादपुर थाना प्रभारी विजय विक्रम सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान गौतम, चंदन, सुदेश, संजीव शर्मा, प्रवीन की मौत हो गई।

कांग्रेस ने पढ़ने की उम्र में बच्चों को पकड़ा दिए तमंचे : योगी

बिलासपुर, एजेंसी

- उप्र के मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में किया रैलियों को संबोधित

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि कांग्रेस युवाओं के भविष्य के साथ खेलती है और समाज को विभाजित करने का काम करती है। वह कुछ नहीं कर पाते तो मोदी जी को गाली देते हैं। लेकिन पूरा देश मोदी जी का परिवार है।

छत्तीसगढ़ में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि 2014 से पहले आतंकवादी देश में घुसकर कहीं भी विस्फोट कर देते थे। लेकिन अब हालात ऐसे हैं कि अगर कोई पटाखा तेज आवाज के साथ फूटता है तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है कि इसके पीछे उसका हाथ नहीं है। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में भारत बदल गया है। सीमाएं सुरक्षित हुई हैं, अब हम मुंहतोड़ जवाब देने और आतंकवाद तथा नक्सलवाद को नष्ट करने में सक्षम है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस घोटालों, आतंकवाद और नक्सलवाद का पर्याय है।जिस आयु में युवाओं के हाथों में पुस्तक, टैबलेट, दुनिया को आगे बढ़ाने का जज्बा होना चाहिए, कांग्रेस ने उस आयु के बच्चों के हाथों में तमंचे पकड़ा दिए। उन्हें भारत के खिलाफ ही लड़ने के लिए नक्सलवाद, आतंकवाद, उग्रवाद के नाम पर उकसाया। योगी ने कहा, चाहे बेटी हो या व्यापारी, केवल भाजपा ही उन सभी को सुरक्षा की पूरी गारंटी दे सकती है।

साथी ने सीतापुर के श्रमिक को जिंदा जलाया

गोंडा। सीतापुर के थाना थानगांव क्षेत्र के ग्वारी गांव निवासी एक श्रमिक को मनकापुर में जिंदा जला दिया गया। मृतक की पहचान कोइली(32) के रूप में हुई है। जो अपने भाई राम किशुन, बहनोई राजेंद्र, अमित व प्रेम के साथ यहां मजदूरी करने आया था। वह सभी मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के धुसवा खास गांव के रहने वाले सूरज सिंह के यहां रहकर मजदूरी करते थे। रविवार सुबह कोइली का शव बंसवारी गांव के बाहर खेत के एक गड्ढे में अधजले हालत में पड़ा मिला। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। कोइली के भाई राम किशुन ने बताया कि शनिवार रात करीब 12 बजे अमित शराब के नशे में आया और बताया कि तुम्हारे भाई कोइली को मारकर जिंदा जला दिया है। नशे में होने के कारण विश्वास नहीं हुआ लेकिन जब रविवार की सुबह देखा गया तो बात सही साबित हुई। धुसवा गांव के रहने वाले सूरज सिंह का कहना है कि वह जिले से बाहर हैं। कोइली उनके घर पर रहकर मजदूरी करता था। वारदात की जानकारी नहीं है।

मेरे पति को इंसुलिन न देकर जेल में मारना चाहती है भाजपा: सुनीता केजरीवाल

रांची, एजेंसी

- रांची की रैली में कहा-इंडी गठबंधन भाजपा की तानाशाही के खिलाफ लड़ेगा और जीतेगा

केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर उनके पति को इंसुलिन नहीं देने का रविवार को आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अरविंद केजरीवाल को मारना चाहती है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन भाजपा की तानाशाही के खिलाफ लड़ेगा और जीतेगा। सुनीता ने उलगुलान न्याय रैली को संबोधित करते हुए कहा कि वे मेरे पति अरविंद केजरीवाल को मारना चाहते हैं। उनके भोजन पर कैमरे से निगरानी रखी जा रही है; उन्हें इंसुलिन देने से मना कर दिया गया है। मेरे पति शुगर के मरीज हैं, जो 12 साल से इंसुलिन पर हैं। उन्हें रोजाना 50 यूनिट इंसुलिन की जरूरत होती है। उन्होंने दावा किया कि उनके पति को जन सेवा का काम करने के लिए जेल में डाल दिया गया और उनके खिलाफ कोई आरोप साबित नहीं किया जा सका है। उन्होंने कहा, जेल के ताले टूटेंगे और अरविंद केजरीवाल तथा हेमंत सोरेन छूटेंगे।

साजिश पर लिया जाए उच्च स्तरीय संज्ञान : अखिलेश

लखनऊ। अखिलेश यादव ने कहा कि यह अविश्वसनीय है कि जेल में केजरीवाल को इन्सुलिन देने से मना किया जा रहा है। उन्होंने एक्स पर कहा कि केजरीवाल को उत्तम स्वास्थ्य का मौलिक अधिकार है। इसका तत्काल उच्च स्तरीय संज्ञान लेकर पता किया जाए कि इस साजिश के पीछे किसके निर्देश हैं।

पत्नी को किया नजरदांज, हाईकोर्ट ने रद की 17 दिन की शादी

मुंबई, एजेंसी

- इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकते कि यह एक ऐसे युवा दंपति से जुड़ा मामला है जिसे विवाह में हताशा की पीड़ा सहनी पड़ी है : कोर्ट

एक-दूसरे के साथ मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़े दंपत्ति

मार्च 2023 में की थी शादी

दोनों ने मार्च 2023 में शादी की थी लेकिन 17 दिन बाद ही अलग हो गए थे। दंपति ने कहा था कि उनके बीच कोई शारीरिक संबंध नहीं बने। महिला ने दावा किया कि वे एक-दूसरे के साथ मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़ पाए। वहीं, व्यक्ति ने दावा किया कि वह अपनी पत्नी के साथ शारीरिक संबंध नहीं बना पाया लेकिन वह सामान्य स्थिति में है। उसने कहा कि वह ऐसा कोई धब्बा नहीं चाहता कि वह नपुंसक है। इसके बाद पत्नी ने एक पारिवारिक अदालत में तलाक की अर्जी दायर की। उच्च न्यायालय में जाने से पहले वे फैमली कोर्ट में गए थे लेकिन कोर्ट ने अर्जी खारिज करते हुए कहा था कि पति और पत्नी ने मिलीभगत से ये दावे किए हैं। बाद में उच्च न्यायालय ने पारिवारिक अदालत के फैसले को रद्द कर दिया और शादी को भी निरस्त कर दिया।

बॉम्बे हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ ने एक युवा दंपति की शादी को इस आधार पर निरस्त कर दिया कि पति की रिलेटिव इंपोटेंसी के कारण विवाह बरकरार नहीं रह सकता। कोर्ट ने इसे क्लासिकल मामला मानते हुए कहा कि दंपति की हताशा को किसी भी सूरत में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। रिलेटिव इंपोटेंसी का मतलब ऐसी स्थिति से है जिसमें वह अपनी पत्नी से यौन संबंध नहीं बना पाया, जबकि अन्य के साथ संबंध बनाने में सक्षम था।

न्यायमूर्ति विभा कांकणवाड़ी और न्यायमूर्ति एस जी चपलगांवकर की खंडपीठ ने 15 अप्रैल को दिए फैसले में यह भी कहा कि यह ऐसे युवाओं की मदद करने के लिए उपयुक्त मामला है जो एक-दूसरे के साथ मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़ पाए। इस मामले में 27 वर्षीय व्यक्ति ने फरवरी 2024 में एक पारिवारिक अदालत द्वारा याचिका खारिज किए जाने के बाद उच्च न्यायालय का रुख किया था। पारिवारिक अदालत ने उसकी 26 वर्षीय पत्नी द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उसने याचिका स्वीकार करने के शुरुआती चरण में ही विवाह निरस्त करने का अनुरोध किया था। उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि रिलेटिव इंपोटेंसी नपुंसकता से अलग स्थिति है। अदालत ने कहा कि रिलेटिव इंपोटेंसी की विभिन्न शारीरिक और मानसिक वजह हो सकती हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि मौजूदा मामले में यह आसानी से पता लगाया जा सकता है कि पति को अपनी पत्नी के प्रति रिलेटिव इंपोटेंसी है। विवाह जारी न रह पाने की वजह प्रत्यक्ष तौर पर पत्नी के साथ शारीरिक संबंध बना पाने में पति की अक्षमता है। कहा कि वह इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकता कि यह एक ऐसे युवा दंपति से जुड़ा मामला है जिसे विवाह में हताशा की पीड़ा सहनी पड़ी है।

शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों का धरना जारी, 73 ट्रेनें रद

अंबाला। पटियाला के शंभू रेलवे स्टेशन पर पांचवें दिन भी किसानों के पटरी पर बैठे रहने के कारण रविवार को अंबाला-अमृतसर मार्ग पर 73 ट्रेन रद कर दी गईं। प्रदर्शनकारी मौजूदा किसान आंदोलन के दौरान हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तीन किसानों की रिहाई की मांग कर रहे हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रविवार को कुल 73 ट्रेन रद्द कर दी गईं। पांच दिनों में कई ट्रेन के रद्द होने से यात्रियों को असुविधा होने के अलावा वित्तीय नुकसान हो रहा है। किसानों के विरोध के कारण कई ट्रेन का मार्ग भी बदला जा रहा है।

शराब घोटाले में सेवानिवृत्त आईएएस टुटेजा गिरफ्तार

रायपुर, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने छत्तीसगढ़ में दो हजार करोड़ के कथित शराब घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा को आर्थिक अपराध शाखा ईओडब्ल्यू/ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी के कार्यालय से गिरफ्तार कर लिया।

2003 बैच के आईएएस टुटेजा अपने बेटे यश टुटेजा के साथ इसी मामले में अपना बयान दर्ज कराने पहुंचे थे। पूछताछ के बाद यश टुटेजा को जाने दिया गया। चूंकि विशेष पीएमएलए अदालत रविवार को बंद थी, इसलिए मजिस्ट्रेट अदालत ने टुटेजा को एक दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। टुटेजा को सोमवार को विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया जाएगा जहां ईडी हिरासत में पूछताछ के लिए उनकी नए सिरे से रिमांड का अनुरोध करेगी।

अनिल टुटेजा पिछले साल प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त हुए थे। ईडी ने अपराध से अर्जित आय लगभग 2,161 करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया था। प्रवर्तन निदेशालय ने आरोप लगाया था कि छत्तीसगढ़ में बेची गई शराब की हर बोतल से अवैध वसूली की गई। जांच में 2,000 करोड़ के धनशोधन तथा भ्रष्टाचार के सबूत मिले हैं।

एक नजर

दो बाइकों की भिड़ंत में महिला घायल

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : थाना रौनाही क्षेत्र के लोहियापुल निकट दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। थाना रौनाही के ग्राम हाजीपुर निवासी गीता देवी भाई धर्मराज के साथ घर जा रही थी। लोहियापुल के पास बने नए निरीक्षण भवन के सामने आमने-सामने हुई बाइक की टक्कर में गीता देवी गिर कर घायल हो गई। चौकी प्रभारी भेलसर मनीष चतुर्वेदी ने बताया कि घायल महिला को सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : कोतवाली के ग्राम कूड़ा सादात गांव के निकट बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। चौकी प्रभारी मनीष चतुर्वेदी ने बताया कि गंभीर रूप से घायल इर्शादनगर नगर बरई थाना टिकैतनगर जिला बाराबंकी निवासी राम कुमार पुत्र ननकू निवासी को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

15 घंटे की मशक्कत के बाद दुरुस्त हुआ रेल ट्रैक

अयोध्या धाम जंक्शन के निकट डीरेल हुए थे माल गाड़ी के चार डिब्बे, घटना की मांगी गई रिपोर्ट

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार। रेलवे के तकनीकी शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों की फ़ौज ने रात भर चली मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त ट्रैक को दुरुस्त किया है। हालांकि इस कवायद में इंजीनियरों को 15 घंटे से ज्यादा का समय लगा। अयोध्या धाम जंक्शन के निकट शनिवार शाम बरेहटा यार्ड के पास मालगाड़ी के चार डिब्बे पटरी से उतर जाने के चलते ट्रैक बाधित हो गया था। रुट की विभिन्न ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोकना पड़ा था। हादसे के बाद यांत्रिक शाखा के अधिकारियों के मौके पर पहुंचने तथा जांच-पड़ताल के बाद निकटस्थ स्टेशनों पर खड़ी ट्रेनों को लूप लाइन से गुजारा गया था, जबकि कुछ ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया था।

गोरखपुर से खाद की खेप लेकर अयोध्या धाम जंक्शन के रास्ते शनिवार शाम बाराबंकी जा रही 40 डिब्बों की मालगाड़ी के चार डिब्बे गोंडा-अयोध्या ट्रैक पर रामघाट हाल्ट से आगे बरेहटा यार्ड के पास कैंची बिंदु के समीप पटरी से उतर गए थे। कंट्रोल रूम की सूचना के बाद रेल महकमे में हलचल मच गई थी और आपदा का हूटर बजने के बाद अयोध्या कैंट से दुर्घटना राहत रेल (एआरटी) समेत यांत्रिक शाखा के अधिकारियों व कर्मचारियों, जीआरपी व आरपीएफ, रेल कर्मियों समेत लखनऊ मुख्यालय से अधिकारियों व मजदूरों को मौके के लिए रवाना किया गया था। साथ ही दर्शननगर रेलवे स्टेशन पर साबरमती, अयोध्या धाम जंक्शन पर बहराइच इंटरसिटी और अयोध्या कैंट पर किसान एक्सप्रेस को रोकना पड़ा था। टीआरएम सचिन्द्र मोहन शर्मा के नेतृत्व में सीनियर डीएसओ, सीनियर डीएमई, सीनियर डीएमई एआरटी, सीनियर डीईआर एसओ लखनऊ, परिचालन के सीनियर एरिया मैनेजर तथा सीनियर एरिया डिविजनल मैनेजर राहुल शर्मा की टीम ने क्रेन, जैक और मजदूरों की फ़ौज की मदद से अभियान शुरू कराया तथा रविवार की सुबह लगभग सवा सात बजे पटरी से उतरे डिब्बों को वापस पटरी पर करवा दिया। इसके बाद मालगाड़ी को रवाना कराया और मजदूरों की फ़ौज रेलवे ट्रैक की खामियों को दुरुस्त करने में जुटी रही। यह कवायद दोपहर साढ़े 12 बजे तक जारी रही।

डिविजनल रेलवे प्रबंधक के एपीआरओ विक्रम ने बताया कि शनिवार रात 10 बजे के बाद वाराणसी ट्रैक पर ट्रेनों का संचालन शुरू करवा दिया गया था। गोंडा ट्रैक पर हादसा होने के चलते बहराइच इंटरसिटी का संचालन केवल अयोध्या धाम तक किया गया है। साथ ही यांत्रिक शाखा से दुर्घटना की विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है।

डीरेल हुई मालगाड़ी की बोगियों को शनिवार रात तक हटाया जाता रहा। अमृत विचार

कुछ ट्रेनों का बदला गया मार्ग इंटरसिटी हुई निरस्त

गोंडा- अयोध्या रेलवे ट्रैक पर मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरने के चलते उत्तर रेलवे प्रशासन को कुछ ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित करना पड़ा तो रविवार को बहराइच से वाराणसी जाने वाली इंटरसिटी का संचालन निरस्त किया है। वहीं हादसे के चलते गोंडा मार्ग पर जाने वाली अयोध्या धाम जंक्शन पर शनिवार शाम रोकी गई बहराइच इंटरसिटी ट्रेन अपने गंतव्य पर रविवार सुबह 9 .35 बजे पहुंची। रेलवे के लोगों का कहना है कि इस ट्रेन को अपने निर्धारित मार्ग के बजाय बाराबंकी के रास्ते भेजा गया। वहीं किसान और मरुधर अप ट्रेन को जफराबाद-सुल्तानपुर के रास्ते संचालित किया गया।

आपात हाल में काम आई दर्शननगर-अयोध्या लूप लाइन

हादसे के चलते उत्पन्न आपात काल में दर्शननगर-अयोध्या लूप लाइन रेलवे के लिए वरदान साबित हुई। दरअसल रेलवे की ओर वारणसी-लखनऊ रेल प्रखंड का दोहरीकरण और विद्युतीकरण कराया गया है। साथ ही सिटी स्टेशन के रूप में विकसित हो रहे दर्शननगर रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम के बीच एक अतिरिक्त ट्रैक बिछवाया गया है। हादसे के बाद इसी ट्रैक से काशन के साथ पांच किमी . प्रति घंटे की रफ्तार से वाराणसी रुट की आसपास के स्टेशनों पर फंसी ट्रेनों समेत रात में गुजरने वाली ट्रेनों को गुजारा गया। रेलवे से जुड़े लोगों का कहना है कि तीसरी लाइन के चलते साबरमती और किसान को बैक नहीं कराना पड़ा तथा विलंब से ही सही सियालदह, फर्रुखाबाद-छपरा, छपरा-लखनऊ व जनता एक्सप्रेस आदि को निर्धारित मार्ग पर संचालित किया जा सका।

जिले की सूफी खानकाह एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन, जताया आक्रोश

सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते सूफी खानकाह एसो . के पदाधिकारी।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : सऊदी अरब सरकार की तानाशाही को लेकर मुस्लिम समुदाय में आक्रोश है। शिया समुदाय के बाद अब सूफी खानकाह एसोसिएशन ने रविवार को मुद्दा उठाया है। एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की है कि सऊदी अरब सरकार के कृत्यों को वह यूएनओ में उठाएं। प्रधानमंत्री के नाम से संबोधित ज्ञापन सूफ़ी खानकाह एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा सिटी मजिस्ट्रेट दिया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष जाहिद खाँ वारसी बाबा के नेतृत्व में एसोसिएशन के पदाधिकारी ज्ञापन देने पहुंचे। बताया गया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सूफी मोहम्मद कौसर हसन मजीदी के निर्देश पर चलाए जा रहे ज्ञापन अभियान के अंतर्गत सूफ़ी खानकाह एसोसिएशन के अफजल वारसी, मोहम्मद मुस्तकीम कुरैशी आदि ने सऊदी अरब में मदीना स्थित जन्नत उल बकी कब्रिस्तान में पैगंबर मोहम्मद साहब के परिजनों की ध्वस्त की गई मजारों के पुनर्निर्माण के लिए ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन ने बताया सऊदी अरब सरकार ने इन मजारों को ध्वस्त करवा दिया था। मुस्लिम समुदाय खास तौर से सूफ़ी मौलाई समाज हमेशा से इस मांग को उठाता रहा है।

धमाकों की दहशत से नहीं उबर पा रहे पगला भारी के लोग

मसौधा, अयोध्या

अमृत विचार : पूराकलंदर थाना क्षेत्र के कल्याण भदरसा मजरे पगला भारी गांव में एक-एक कर हुए तीन धमाकों की खौफ का मंजर अभी कायम है। धमाकों की वजह से खंडहर में तब्दील हो चुकी इमारत में होते व्यवसाय से चिरपरिचित ग्रामीणों का ध्यान और सुगबुगाहट अभी भी पटाखों की ओर है जबकि पुलिस सिलिंडर से हुए विस्फोट की रट लगाए हैं। खैर धमाकों की वजह कुछ भी रही हो, यह पुलिसिया जांच का विषय है जो अभी थमी नहीं है।

घटना 13 अप्रैल को करीब 4 बजे के आसपास उस समय की है जब गांव निवासी राम कुमार गुप्ता उर्फ पप्पू अपने दो मंजिला मकान में ग्राउंड फ्लोर पर किराना दुकान के बगल आटा चक्की में गेहूं की पिसाई कर रहा था। मौके पर गेहूं पिसवाने आई स्नातक प्रतियोगी छात्रा प्रियंका (21) पुत्री राम कुमार कोरी भी मौजूद थी। पलक झपकते ही एक-एक कर तीन ऐसे धमाके हुए कि समूचा गांव दहल उठा।

जब तक लोग माजरा समझे रामकुमार गुप्ता उर्फ पप्पू का दो मंजिला मकान ढह कर खंडहर बन गया था। लोग पहुंचे भी नहीं थे कि धराशाई मकान के मलबे में दबकर प्रियंका दम तोड़ चुकी थी। गंभीर घायल राम कुमार गुप्ता की मां शिवपता (70) ने भी देर रात दम तोड़ दिया था। उसके बाद पत्नी बिंदु भी काल के गाल में समा गई। अब भी इकलौती पुत्री समेत दो मासूम बेटों के साथ गृहस्वामी जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है।

वहीं गांव के प्रेम उमेश, आशीष साहिल सहित दर्जनों ग्रामीणों की जुबां पर धमाकों की दहशत का मंजर बरकरार है। थानाध्यक्ष पूरा कलंदर रतन कुमार शर्मा का कहना है कि अभी तहरीर नहीं मिली है। गृहस्वामी सहित घायलों का इलाज लखनऊ में चल रहा है। जांच का कार्य जारी है।

विस्फोट में जमींदोज हुआ दो मंजिला मकान।

▸▸ विस्फोट में जमींदोंज हुई दो मंजिला इमारत का मलबा हटाने का काम जारी

हमले के आरोपी मुकदमे की पैरवी न करने का बना रहे दबाव

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : जानलेवा हमले के आरोपी अधिवक्ता को मुकदमे में पैरवी न करने का दबाव बना रहे हैं। पैरवी करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित अधिवक्ता ने आरोपियों से जान का खतरा बताते हुए सुरक्षा के लिए गनर मुहैया कराये जाने के बाबत जिला अधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। दिए गए पत्र में कहा है कि वह कोतवाली नगर के ओम पुरम कॉलोनी का रहने वाला है। अगस्त 2022 में थाना कैंट क्षेत्र के कलिका हवेली के कर्मचारियों द्वारा अधिवक्ता विवेक श्रीवास्तव व उसके ऊपर जानलेवा हमला करते हुए लूट सहित कई गंभीर अपराध किए गए थे। इसके बाबत उसने थाने में चुन्नू सिंह सहित सात के खिलाफ जानलेवा हमले तथा लूट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आठ जनवरी 2024 को अधिवक्ता विवेक श्रीवास्तव की कलिका हवेली क्षेत्र में ही संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। वह इस मुकदमे की पैरवी कर रहे हैं। आरोप है कि आरोपी दबंग व शातिर तथा पहुंच वाले व्यक्ति हैं। वह मुकदमा की पैरवी करने से रोकने का दबाव बना रहे हैं। मुकदमा अपर जिला जज षस्टम की अदालत में विचाराधीन है। जिसमें गवाही होनी है। अधिवक्ता ने अपने जीवन की सुरक्षा के लिए निशुल्क गनर की व्यवस्था करवाने के लिए पत्र लिखा है।

▸▸ पीड़ित अधिवक्ता ने की जिलाधिकारी से सुरक्षा की मांग

सार-संक्षेप

कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते बच्चे। अमृत विचार

प्रतिभाओं को निखारने की जरूरत

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : प्रतिभा किसी की मोहताज नही होती है, जरूरत होती है उन्हें समय पर निखारने की। यदि समय पर उन्हें निखरने का अवसर मिलता है तो वह एक नए मुकाम पर पहुंचती है। यह बातें आरपी सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल की चैरिटेबल संस्था द वंडर किंडस स्कूल में रविवार को आयोजित अभिनन्दन सेलिब्रेशन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रामबली नेशनल पीजी कालेज के प्राचार्य डॉ . अनिल प्रताप सिंह ने कही। कार्यक्रम में बच्चों ने भांगड़ा, गिद्दा, गुरुबानी, पंजाबी क्विज व वेलकम इन पंजाबी स्टाइल के कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। संचालन विभा गुप्ता व वरुण सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रवक्ता अवधकुमार सिंह, डॉ . दिनेश चंद्र गुप्ता, सुरेशदत्त वर्मा व संजय पाठक रहे। प्रबंधक डॉ . अभिषेक सिंह ने आये हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया। प्राचार्या उम्मे अबीहा ने स्कूल की रिपोर्ट दी। सीमा सिंह, पंकज सिंह, अरविंद सिंह, संजय पराग, डॉ . प्रखर सिंह, डॉ . आलोक सिंह, वंशिका सोनी, रिया कसौधन मौजूद रहे।

सपा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख सहित कई लोग भाजपा में शामिल

सपा और कोरी समाज के लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाते सांसद लल्लू सिंह।

अयोध्या, अमृत विचार : सपा के पूरा बाजार पूर्व ब्लॉक प्रमुख हृदय राम यादव व कोरी समाज के जिलाध्यक्ष राम कुमार चौधरी सहित दर्जनों सपा व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने रविवार को भाजपा में शामिल हो गए। लोक सभा चुनाव कार्यालय पर सांसद लल्लू सिंह, लोक सभा संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने सभी को भाजपा का ध्वज देकर, माल्यार्पण तथा भगवा अंगवस्त्र पहना कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई।

20 रक्तदानी बने महादानी

अयोध्या, अमृत विचार : सावन कृपाल रूहानी मिशन अयोध्या इकाई का आज 51वां रक्तदान शिविर 14 कोसी परिक्रमा मार्ग शिवालय मंदिर के बाहर रामनगर कॉलोनी में विकास आहूजा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इसमें पांच महिलाओं समेत 20 लोग रक्तदान कर महादानी बने। महादानी बनने वालों में हिना रावलानी, गायत्री चंगुलानी, संगीता खटवानी, नीतू चावला, सीमा आहूजा, सिद्धार्थ चंगूलानी, सुनील लखमानी, विनय उतरानी, सुभाष चंदानी, राजेश कुमार, विपिन खत्री, जीतू खत्री, मुरली चंदानी, तरुण सिंह, कमल रावलानी, जितेंद्र कुमार, मोहित आहूजा, श्याम लाल, कपिल हसानी व उज्जवल प्रताप शामिल रहे। जिला अस्पताल की ब्लड बैंक टीम ने रक्तदान कराया।

सहनवा चौराहे पर खुला बसपा प्रत्याशी का कार्यालय

केंद्रीय चुनाव कार्यालय की शुरुआत करते सच्चिदानंद। अमृत विचार

अयोध्या, अमृत विचार। बहुजन समाज पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए सहनवा चौराहे पर केंद्रीय चुनाव कार्यालय खोला है। पार्टी प्रत्याशी सच्चिदानंद पांडेय ने रविवार को कार्यालय का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन और फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को क्षेत्र की तरक्की, खुशहाली के लिए पार्टी को विजश्री दिलाने का संकल्प लेना है।

आईआईटी रुड़की में पीएचडी के लिए चयनित होकर बढ़ाया मान

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अयोध्या की रहने वाली मेधावी सक्षिमा मिश्रा के लिए कामयाबी उसकी साक्षी बन गई है। उनका चयन आईआईटी रुड़की में पीएचडी साइकोलॉजी के लिए हुआ है। शुरु से ही मेधावी रही सक्षिमा ने बताया कि धैर्य, लगन और कठिन परिश्रम से लक्ष्य आसानी से भेदा जा सकता है। उसने यूजीसी नेट परीक्षा में अव्वल अंकों के साथ जेआरएफ में सफलता हासिल की। राष्ट्रीय स्तरीय जनरल एप्टीट्यूट टेस्ट गेट परीक्षा में ऑल इंडिया 83 रैंक के साथ सफल हुईं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय पिता डॉ . दिनेश मिश्र, मां शर्मिला मिश्रा, गुरुजनों को दिया है। सक्षिमा कहती हैं कि आईआईटी से साइकोलॉजी में पीएचडी कर सेंट्रल यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर बनना उसका लक्ष्य है।

सक्षिमा मिश्रा

स्नान के दौरान अश्लील हरकत, वीडियो बना पुलिस से की शिकायत

अयोध्या, अमृत विचार। कैंट थाना क्षेत्र के मंझवा गद्दोपुर में स्नान के दौरान एक अधेड़ की ओर से की जा रही अश्लील हरकत से आजिज पड़ोसियों ने मामले की वीडियो बनाकर पुलिस से शिकायत की है। मंझवा गद्दोपुर के श्रीराम कॉलोनी निवासी तुलसीराम शर्मा और विवाहिता रेनू पांडेय की ओर से दी गई संयुक्त शिकायत में आरोप है कि नौकरी करने वाला उनका पड़ोसी रघुवीर अक्सर अपने घर के बाहर खुले में स्नान करता है और अशोभनीय हरकत करता है। विरोध पर गाली-गलौच कर जान से मार डालने की धमकी देता है। कई बार पुलिस चौकी में शिकायत दी गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके चलते उसकी अश्लीलता का वीडियो रिकॉर्ड कर मामले की शिकायत थाना पुलिस को दी गई। पीड़ितों का यह भी आरोप है कि उसका बेटा अमरेन्दर यादव नाबालिक बच्चों से अभद्र हरकत करता है। कैंट थाना प्रभारी संजय मौर्य का कहना है कि शिकायत के आधार पर बाप-बेटे को नामजद करते हुए अश्लीलता फ़ैलाने और गाली-गलौच तथा धमकी की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच कराई जा रही है।

तैयारी : 22 से 25 अप्रैल तक बूथ समितियों व पन्ना प्रमुख की बैठक

भाजपा कार्यालय पर बैठक करते पदाधिकारी। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : भाजपा की बूथ समिति व पन्ना प्रमुख की बैठक 22 से 25 अप्रैल तक होनी है। जिसकी तैयारी को लेकर रविवार को लाइंस स्थित भाजपा चुनाव कार्यालय पर अयोध्या व बीकापुर की बैठक बीकापुर चुनाव कार्यालय पर आयोजित की गई। बूथ समिति तथा पन्ना प्रमुखों में समन्वय बना कर हर घर, हर मतदाता, तीन बार सम्पर्क अभियान पर मंथन किया गया। संयोजक अशोक कसौंधन ने कहा कि सभी बूथों पर 20 कार्यों की सूची बनाई गई। शक्ति केन्द्र पर आयोजित बूथ समिति तथा पन्ना प्रमुखों की बैठक में इन कार्यों के क्रियान्वय हेतु मंथन किया जाए।

प्रभारी रमापति पाण्डेय ने कहा कि शक्ति केन्द्रों पर सभी बूथों की बैठक 22 से 25 अप्रैल के मध्य संपन्न हो जाए। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या का अभूतपूर्व विकास कराया है। सरकार के इस विकास तथा उनकी योजनाओं की चर्चा तथा क्षेत्र के हर मतदाता से कम से कम तीन बार सम्पर्क अवश्य किया जाए।

महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपनी पूर्ण उर्जा से कार्य करें। बैठक में पूर्व चेयरमैन विजय गुप्ता, मनमोहन जायसवाल, शशि प्रताप सिंह, अनुराग त्रिपाठी, सह संयोजक ओम प्रकाश सिंह, शोभनाथ वर्मा, इं. रणवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : पुलिस चौकी पूरा बाजार अंतर्गत शनिवार रात एक सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत हो गई। उप निरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि जानापुर निवासी मिट्ठूलाल बिलहरघाट से बाइक द्वारा घर जा रहा था। नहर की पुलिया के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे मिट्ठू लाल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी पूरा बाजार से गंभीर हालत में मंडलीय चिकित्सालय दर्शन नगर भेजा गया। पुत्र हरिओम ने बताया कि इलाज के दौरान रात में ही उनके पिता की मौत हो गई। बच्चू लाल इंटर कॉलेज के प्राचार्य देवेंद्र सिंह व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रणजीत सिंह ने निधन पर शोक व्यक्त किया है।

25 सरोवरों को मूलरूप देने में आ रहा पसीना

▸▸ अमृत महोत्सव : वित्तीय संकट में फंसे, साल भर में बना केवल एक

सोहावल, अयोध्या

अमृत विचार : सोहावल विकास खंड के 56 गांव पंचायतों में अमृत सरोवरों की खोदाई, सौंदर्यीकरण को लेकर वर्ष भर खूब शोर मचा। बड़ी गांव पंचायतों में शामिल रहे करीब 25 सरोवरों पर ग्राम प्रधानों ने खोदाई शुरू कराई लेकिन इन्हें मूर्त रूप दे पाने में अब पसीना आने लगा है।

कुछ को छोड़ कर ज्यादातर गांव पंचायतों में आधी-अधूरी खोदाई कर कार्य बंद कर दिया गया। एक मात्र अमृत सरोवर हाजीपुर बरसेंडी तैयार हो पाया। जिसका लोकार्पण मंत्री से कराकर विकास विभाग ने वाह वाही लूटी। बड़ी गांव पंचायतों में शामिल रौनाही, मंगलसी, आदर्श गांव पंचायत सनाहा, पिलखावा, तहसीनपुर, जैसे अनेक प्रधानों की भी हिम्मत जवाब दे गई। इनके यहां शुरू हुआ अमृत सरोवरों का निर्माण आधा अधूरा रह गया है। रौनाही के प्रधान प्रतिनिधि मेराज खान कहते हैं विकास विभाग का मानक गांव पंचायत को लेकर दोहरा मापदंड रहा है। कहीं कच्चा और पक्का दोनों तरह का काम दिया गया तो कहीं सिर्फ कच्चा काम और नाली पुलिया तक ही अमृत सरोवर सीमित रहे। मनरेगा से बनने वाले इन अमृत सरोवरों में लगे मजदूरों की मजदूरी समय से नहीं मिली। आज भी अनेक गांव पंचायत में अनेक मजदूर ऐसे हैं जिन्होंने काम किया लेकिन उन्हें मजदूरी अब तक नहीं मिल पाई है।

सोहावल के तहसीनपुर गांव में अधूरा पड़ा अमृत सरोवर का निर्माण।

सरोवरों का रुका निर्माण

सहायक विकास अधिकारी राजीव कुमार कहते हैं ब्लॉक में केवल एक हाजीपुर का अमृत सरोवर तैयार हुआ है। जिसका लोकार्पण हो चुका है। शेष पर अभी रुक-रुक कर काम चल रहा है। वित्तीय परेशानी प्रधानों के आड़े आ रही है। उन्होंने दावा किया है कि शीघ्र सभी अमृत सरोवरों जल्द बन जाएंगे।

मनोरंजन अप्रैल में ही पड़ रही भीषण गर्मी ने बदला राम की पैड़ी का नजारा

गर्मी में झुलस रहे हैं तो राम की पैड़ी आइए

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अप्रैल माह में ही आप गर्मी में झुलस रहे हैं तो सरयू तट पर स्थित राम की पैड़ी आइए। यहां अयोध्या धाम के दर्शन के साथ आप पिकनिक का भी आनंद ले सकते हैं।

आजकल सरयू तट पर स्थित राम की पैड़ी का अदभुत नजारा दिखाई दे रहा है। यहां बड़ी संख्या में लोग अपने समय को पिकनिक के रूप में बिता रहे हैं। सुबह होते ही अयोध्या सहित आसपास के जनपद से भी बड़ी संख्या लोग राम की पैड़ी में दिन बिता रहे हैं। गर्मी के कारण लोगों का जीवन भी अस्तव्यस्त है। मौसम विभाग ने मुताबिक वर्तमान में 38 डिग्री सेल्सियस तापमान पहुंच गया है और आगे भी वृद्धि होने होने की संभावना जताई है। वहीं तेज हवा व लू से लोगों का घर से निकलना भी दूभर हो गए हैं। इसलिए गर्मी से बचने के लिए बड़ी संख्या में युवाओं ने राम की पैड़ी को सहारा बनाया है। जहाँ सरयू के इस जल धारा में स्नान कर रहे। लंबा समय बिताने के लिए झरने में बैठना, लोगों के साथ खेलने जैसा कार्य कर रहे हैं।

गोंडा से रविवार को आये रवि तिवारी ने बताया कि आज हम लोग अपने दोस्तों के साथ आये हैं। जहां राम की पैड़ी में स्नान कर रहे हैं। राहुल ने बताया कि यहां पर बहुत से लोग स्नान करने के लिए आते हैं और समय बिताने के बाद चले जाते हैं। गर्मी से बड़ी राहत मिलती है।

सरयू तट पर राम की पैड़ी पर झरने में नहाते लोग। अमृत विचार

एचडीएफसी ने आइडीएफसी को छह विकेट से हराया

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार: बैंकर्स प्रीमियर लीग के मुकाबले में रविवार को एचडीएफसी ब्लास्टर टीम ने आइडीएफसी टीम को छह विकेट से पराजित कर लीग के पूर्ण अंक हासिल किए। मैन-ऑफ-द-मैच रहे सुमित खरे को आयोजन अध्यक्ष रवि यादव ने पुरस्कृत किया।

डाभासेमर स्थित स्टार स्टेडियम में रविवार को बीपीएल सीजन-3 का लीग मुकाबला एचडीएफसी ब्लास्टर व आइडीएफसी टीमों के बीच खेला गया। आइडीएफसी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12.4 ओवरों में नौ विकेट खोकर 155 रन बनाए। इसमें नवनीत सिंह ने पांच छक्के व आठ चौके की मदद से 67 रन बनाए। एचडीएफसी के अनन्त पाण्डेय तीन व सूरज कुमार ने दो विकेट लिए।

सुमित को पुरस्कृत करते आयोजन अध्यक्ष रवि यादव।

बैंकर्स प्रीमियर लीग

जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी एचडीएफसी टीम ने 12.1 ओवरों में छह विकेट शेष रहते लक्ष्य प्राप्त कर मैच जीत लिया। इसमें सुमित खरे ने दो छक्के व सात चौके की मदद से नाबाद 58 रन तथा विशाल सिंह ने दो छक्के व 10 चौके की मदद से 57 रनों का योगदान दिया। आइडीएफसी केबलराम ने दो विकेट लिए इस मौके पर रवि यादव, एजाज, एसएन यादव, सुमित व नवनीत सहित खेल प्रेमी बैंक कर्मी मौजूद रहे।

फैजाबाद जीनियस इण्टर कॉलेज
14 कोसी परिक्रमा मार्ग, फत्तेपुर, कुशमाहा अयोध्या-224001
(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम एन0सी0ई0आर0टी0 पद्धति पर शिक्षा की उत्तम व्यवस्था)
नर्सरी से इण्टरमीडिएट तक प्रवेश प्रारम्भ-2024-25
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
(छात्रावास की व्यवस्था)
डॉ.जी.सी. यादव
प्रधानाचार्य
Email-id: gicfaizabad@gmail.com
सम्पर्क सूत्र- 8953649647, 6388304284, 9450018646

52 दिनों में 16 बार धंसा 13 किमी का रामपथ

नियावां चौराहे से लेकर साहबगंज तक का रामपथ बना हाट स्पॉट, मरम्मत कर पल्ला झाड़ लेते हैं जिम्मेदार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : सहादतगंज से लेकर नयाघाट अयोध्या तक बना 13 किलोमीटर का रामपथ अब सवाल-दर-सवाल खड़े करने लगा है। हर दूसरे-तीसरे दिन रामपथ के जगह-जगह धंसने से कार्यदायी संस्था आरएंडसी भी सवालों के घेरे में आ गई है। अब तक केवल 52 दिनों में 16 से अधिक जगहों पर धंस चुका रामपथ आने वाली बारिश के लिए शुभ संकेत नहीं दे रहा है। ऐसा नहीं है कि धंस रहे रामपथ की मरम्मत नहीं कराई जा रही है, लेकिन धंसने का कारण तलाशने की कवायद भी नहीं की जा रही है।

वर्ष 2023 में जुलाई में शुरू हुए रामपथ का निर्माण प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व पूरा किया गया। जुलाई से लेकर दिसम्बर तक जगह-जगह खोदे गए डक्ट और सीवर लाइन भी लोगों के लिए संकट बनी रहीं। रामपथ निर्माण के दौरान ही विसंगतियां सामने आने लगी थीं। नगर निगम की पुरानी पाइप लाइनों को शिफ्ट किए बगैर खोदाई से अनवरत चार महीने तक पूरे 13 किलोमीटर के रामपथ पर जलापूर्ति का संकट बना रहा। कार्यदायी संस्था आर एंड सी का यह हाल था कि दर्जनों स्थानों पर पाइप लाइनें क्षतिग्रस्त हुईं। जिसे आनन-फानन मरम्मत सड़क बना दी गई। अब नतीजा यह है कि जहां नीचे पानी रिस रहा है वहां-वहां सड़क धंस जा रही है।

सितम्बर माह में तो आर एंड सी को निर्माण में लापरवाही के कारण खवासपुरा के निकट पूरी सड़क ही काटनी पड़ गई थी। जिससे दोनों तरफ का आवागमन एक माह तक बंद रहा। नियावां चौराहे से आगे आईसीआईसीआई बैंक के सामने आठ बार सड़क खोदी गई और बनाई गई। दुश्वारियों का आलम यह रहा कि नियावां से गुदड़ीबाजार होकर साहबगंज होते हुए अयोध्या जाना पहाड़ पर चढ़ने के बराबर रहा। इस बीच कार्यदायी संस्था आर एंड सी और नगर निगम के बीच जमकर नोटिसों का दौर चला। नगर निगम के जलकल विभाग द्वारा हर दूसरे तीसरे दिन संस्था को लापता से कार्य की नोटिस दिया जाता रहा। यह तब कम हुआ जब जिलाधिकारी नीतीश कुमार खुद निरीक्षण पर उतरे और संस्था को गुणवत्ता के साथ निर्माण के निर्देश दिए। इसी बीच 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा तय होने के बाद युध्दस्तर पर कार्य हुआ लेकिन अब गुणवत्ता के नतीजे सड़क धंसने के रूप में सामने आ रहे हैं।

दस दिन पहले खवासपुरा के निकट धंसा रामपथ (फाइल फोटो)।

रीडगंज चौराहे पर खोदाई के बाद फिर पाटा गया गड्ढा।

▸▸ **अब चौक में भी सीवर लाइन बिछाने के लिए खोद दिया 10 फिट से अधिक गहरा गड्ढा, वन-वे व्यवस्था भी हुई फेल**

सहादतगंज से नियावां होकर अयोध्या गया रामपथ।

अब तक कहां - कहां धंस चुका है रामपथ

52 दिनों में रामपथ के धंसने की घटनाएं बढ़ी हैं। सबसे पहले नियावां चौराहे पर तीन जगह सड़क मार्च के प्रथम सप्ताह में धंसी। इसके बाद 14 से 18 मार्च के बीच आईसीआईसीआई बैंक के सामने गुणवत्ता की पोल होल के रुप में सामने आई। इससे पहले गुदड़ीबाजार चौराहे पर ही सड़क धंसी जिसे रातोंरात बनवा दिया गया। अभी 15 दिन पहले खवासपुरा में तीन जगह पर सड़क धंसी जिसे मरम्मत करने में तीन दिन लग गए। दो दिन पहले अंगूरीबाग के निकट और फिर साहबगंज एसएसवी कालेज गली के सामने भी सड़क में होल हो गया। खास बात यह है कि सड़क धंसने का सिलसिला केवल नियावां चौराहे से लेकर साहबगंज तक हो रहा है। सहादतगंज से सिविल लाइन और रोडवेज से रिकाबगंज चौराहे तक ऐसे मामले सामने नहीं आए।

चौक घंटाघर पर सीवर लाइन के लिए की गई खोदाई। अमृत विचार

रीडगंज चौराहे पर पांचवी बार खोदा गड्ढा, बह रहा पानी

रामपथ तो चलिए ठीक है लेकिन रीडगंज चौराहे पर ही आफत बनी हुई है। पुलिस बूथ के निकट 10 दिनों में अब पांचवीं बार सड़क खोद दी गई है। पुलिस कर्मी भी इतने परेशान हैं कि वहां बैठ नहीं पा रहे। केबल बिछाने के लिए खोदी जा रहे गड्ढे को दो से तीन बार पाटने के बाद भी खोदी गई है। यह हाल तब है जब अभी तक केबल डाली ही नहीं गई है। खोदे गए गड्ढे से निकल रहा पानी आसपास कीचड़ का कारण बन गया है।

अब चौक में खुद रही सीवर लाइन, जाम संकट बढ़ा

तीन दिनों पहले नगर के ह्रदय स्थल चौक में घंटाघर के निकट सीवर लाइन के लिए 10 फिट गहरा गड्ढा खोद दिया गया है। दुर्घटना न हो इसलिए गड्ढे को चौतरफा घेर दिया गया है। बताया जाता है कि सीवर लाइन बिछाने के लिए खोदाई की जा रही है। यहां गड्ढा खोदे जाने से चौक रिकाबगंज से रीडगंज तक यातायात डायवर्ट तो किया गया लेकिन जाम अभी लग रहा है। घंटाघर के निकट खोदाई से गुदड़ीबाजार, रीडगंज, बजाजा, फतेहगंज, रिकाबगंज आदि मार्गों पर अधिक जाम लग रहा है। काम कर रहे मजदूरों ने बताया कि अब 20 दिन तक यहां काम चलना है। खोदाई के कारण यहां भी घंटाघर पुलिस बूथ के कर्मी परेशान हो रहे हैं। आसपास के दुकानदारों को भी संकट झेलना पड़ रहा है।

> रामपथ निर्माण में पूरी गुणवत्ता का ध्यान रखा गया है। जहां तक सड़क धंसने की बात है तो बीच-बीच में कुछ दिक्कतें आ रहीं हैं। जांच भी कराई जा रही है कि ऐसा क्यों हो रहा है। - **सत्य प्रकाश, अधिशासी अभियन्ता प्रथम, लोक निर्माण विभाग।**

वर्तमान में टेक्नोलॉजी का सदुपयोग जरूरी: सीईओ

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के भौतिक एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग में विद्यार्थियों के लिए 'वर्तमान में टेक्नोलॉजी की उपयोगिता' विषय पर व्याख्यान का आयोजन हुआ।

▸▸ **अविवि के भौतिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग में हुआ व्याख्यान**

मुख्य वक्ता स्टैंब्रो टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड एवं टेवाटरॉन टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड नोएडा के सीईओ व संस्थापक अनुराग गुप्ता रहे। उन्होंने वर्तमान टेक्नोलॉजी की उपयोगिता एवं प्रासंगिकता पर चर्चा करते हुए कहा कि टेक्नोलॉजी की बदौलत संचार क्षेत्र का काफी विस्तार हुआ है। इनका सदुपयोग करके व्यक्ति महत्वपूर्ण उपलब्धियों को हासिल कर सकता है। चिंता जताई कि टेक्नोलॉजी हमारे युवाओं के दिमाग को दूषित कर रही है। उन्होंने छात्रों को कॅरिअर के टिप्स दिए। भौतिक एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के वरिष्ठ आचार्य के के वर्मा ने टेक्नोलॉजी की महत्ता पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. गंगाराम मिश्र ने की। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सचिन सिंह द्वारा किया गया।


अवध विश्वविद्यालय में आयोजित व्याख्यान में मौजूद मुख्य अतिथि। अमृत विचार

नंबर कम है तो फिर कराईये अपनी कॉपी की स्क्रूटनी

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा 14 मई तक मांगे गए ऑनलाइन आवेदन**

अमृत विचार : हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम घोषित किए जाने के बाद उन परीक्षार्थियों से सन्निरीक्षा (स्क्रूटनी) के लिए आवेदन मांगे गए हैं, जिन्हें अंक मिलने को लेकर शिकायत हो।

अभ्यर्थी अपनी उत्तरपुस्तिकाओं की स्क्रूटनी के लिए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन 14 मई तक स्वीकार किए जाएंगे। स्क्रूटनी के लिए अभ्यर्थियों को 500 रुपये प्रति प्रश्नपत्र की दर से लिखित एवं प्रयोगात्मक खंड के लिए अलग-अलग देना होगा। अभ्यर्थियों को शुल्क कोष पत्र के माध्यम से राजकीय कोषागार में जमा करना होगा। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या ने बताया कोष पत्र में परीक्षार्थी का नाम, पूर्ण पता, अनुक्रमांक, परीक्षा का नाम तथा वर्ष स्पष्ट रूप से अंकित करना होगा। साथ ही नेट द्वारा निर्गत अंकपत्र की प्रति भी संलग्न करना अनिवार्य है।

महोत्सव के अवसर पर मौजूद जैन समाज की महिलाएं।

जैन मंदिर में मना महावीर का कल्याणक महोत्सव

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रायगंज स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में रविवार को भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया। सबसे पहले मंदिर परिसर में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। उसके बाद भगवान का अभिषेक कर शांति धारा पूजन आरती संपन्न कराई गई। दूसरी पाली में भगवान महावीर चित्र के साथ नगर भ्रमण कराया गया मंदिर से निकली। यह शोभायात्रा रामपथ के रास्ते नया घाट से होते हुए मंदिर परिसर में आकर पूरी हुई। इसका आयोजन आर्यिका ज्ञानमती माता एवं आर्यिका चंदनामती माता के सानिध्य में संपन्न कराया गया। इस दौरान स्वामी रविन्द्र कीर्ति, जीवन प्रकाश जैन, सौरभ जैन, गौरव जैन, राहुल जैन, वैभव जैन, अंकित जैन, सानू जैन, मनोज जैन, विनय शुक्ला, दिलीप शुक्ला, संजू शुक्ला, कुरिल्ला अरविंद शुक्ला सहित संघ की ब्रम्हचारी बहनें और भक्त मौजूद रहे।

30 देशों के प्रवासी भारतीयों का डेलिगेशन पहुंचा अयोध्या

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलाल का दर्शन करने के लिए देश-विदेश से आने वाले राम भक्त पहुंच रहे हैं। रविवार दोपहर बाद दिल्ली के स्टडी ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. विजय जौली के नेतृत्व में 30 देशों के 90 प्रवासी भारतीयों के डेलिगेशन के साथ 400 से अधिक दिल्ली से राम भक्त अयोध्या पहुंचे हैं। इस डेलिगेशन में भूटान की एंबेसडर और तिब्बत के स्पीकर भी शामिल हैं।

अयोध्या पहुंचे प्रवासी भारतीयों का डेलिगेशन रविवार को देर शाम सरयू आरती में शामिल हुआ। हनुमानगढ़ी पर दर्शन-पूजन कर हनुमान चालीसा का पाठ किया। सोमवार सुबह 7:00 बजे रामलला का दर्शन करेंगे। डॉ. विजय जौली ने बताया राममंदिर बन गया है अब रामराज्य की कामना है। साथ ही नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार पीएम बने इसकी भी कामना रामलला से करने अयोध्या आए हैं। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले डॉ.जौली के नेतृत्व में 156 देशों की पवित्र नदियों का जल एकत्रित किया गया था। समारोह पूर्वक इस जल से 23 अप्रैल 2023 को रामलला की चौखट का अभिषेक किया गया था। विश्व के कई देशों के प्रवासी भारतीयों की आस्था राममंदिर व अयोध्या से जुड़ी है। ऐसे में ये सभी प्रवासी भारतीयों ने अयोध्या पहुंचकर रामलला के दरबार में दर्शन का निर्णय लिया और अब सभी पहुंचे हैं। बताया कि सोमवार को सभी श्रद्धालु राममंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, आरएसएस नेता रामलला, विहिप संरक्षक दिनेश चंद्र व अशोक तिवारी की अगुवाई में रामलला के दरबार में सोमवार को दर्शन-पूजन करेंगे।

रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचा डेलिगेशन रामनाम संकीर्तन करता।

▸▸ **डेलिगेशन में भूटान के एम्बेसडर और तिब्बत के स्पीकर भी शामिल दिल्ली के 400 रामभक्त भी**

छठ उत्सव | कनक भवन समेत मठ-मंदिरों में गूंज रहे सोहर और बधाइयां

रामलला को लगेगा पंजीरी-मेवे का भोग

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामनवमी पर रामलला के जन्मोत्सव के बाद सोमवार को राम मंदिर और अन्य मठ मंदिरों में भगवान का छठ्योत्सव मनाया जाएगा। जहां रामलला के समक्ष बधाई गायन और पंजीरी मेवे का विशेष भोग भी लगाया जाएगा। अयोध्या के मठ-मंदिरों में जन्मोत्सव के बाद से ही बधईया गूंज रही है।

छठ्योत्सव के बाद सोमवार को रामनवमी उत्सव का समापन होगा। अयोध्या श्रीराम जन्म के बाद पूरी अयोध्या नगरी राजा दशरथ और माता कौशल्या को बधाई देने में लीन है। भगवान राम के अवतरित होने के बाद कनकभवन, श्रीरामरामबल्लभाकुंज, दशरथ महल, लक्ष्मण किला, हनुमत निवास, जानकी महल, रामलला सदनम, रंग महल, श्रीराम हर्षण कुंज, जानकी महल, हनुमत हरिराम सदन, सियाराम किला में आज रामलला का छठ्योत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके साथ ही अन्य मंदिरों में भी बधाई गान से उत्सव का उल्लास छलक रहा है। लक्ष्मण किला में शाम होते ही बधाई गान गूंजने लगता है। महंत मैथिलीरमण शरण की अध्यक्षता में प्रसिद्ध गायक एमबीदास, रामनंदन शरण, विनोद शरण आदि ने जन्म की बधईया गाई तो भक्त झूमने लगे। अधिकारी सूर्य प्रकाश शरण ने बताया कि मिथिला से आई सखियों के गायन और नृत्य से जन्मोत्सव का आकर्षण बढ़ गया है। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास की मानें तो प्रत्येक वर्ष यह मनाया जाता है। इस छठ्योत्सव के दौरान पंजीरी, मेवे, मिठाई और फल का विशेष भोग लगता है। इस बार भी श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा तैयारी की जा रही है।


राममंदिर में विराजमान रामलला।

▸▸ **आज होगा रामनवमी का समापन**

छात्र-छात्राओं को दिया जाएगा कौशल प्रशिक्षण

कुमारगंज, अयोध्या

अमृत विचार : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय व बसंत राव नायक मराठवाडा कृषि विद्यापीठ परभणी महाराष्ट्र के बीच एक एमओयू हुआ।

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि की ओर से कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह व मराठवाडा कृषि विद्यापीठ परभणी महाराष्ट्र की ओर से कुलपति डॉ. इंद्रमणी मिश्र ने समझौते पर हस्ताक्षर किये। दोनों विश्वविद्यालयों के बीच हुए समझौता ज्ञापन में कृषि वानिकी, पशुपालन तथा मौसम विज्ञान के क्षेत्र में संयुक्त रूप से कार्य करने के लिए सहमति जताई गई। इस समझौते से छात्र-छात्राओं के साथ-साथ किसानों तक इसका लाभ पहुंचेगा। कृषि विवि शोध कार्यों में मदद के साथ शिक्षण गतिविधियों के विकास एवं मूल्यांकन तकनीक विकसित करने में इस शिक्षण संस्थान का सहयोग करेगा। इस मौके पर निदेशक शोध डॉ. एके गंगवार, उपनिदेशक शोध डॉ. शंभू प्रसाद, कुलसचिव डॉ. पीएस प्रमाणिक, कुलपति के सचिव डॉ. जसवत सिंह, कृषि अधिष्ठाता डॉ. प्रतिभा, वानिकी अधिष्ठाता डॉ. संजय, मत्सियकी अधिष्ठाता डॉ. सीपी सिंह, मौसम वैज्ञानिक डॉ. सीताराम मौजूद रहे।

▸▸ **कृषि विवि व कृषि विद्यापीठ परभणी महाराष्ट्र के बीच एमओयू**

सार-संक्षेप

बिजली के शॉर्ट-सर्किट से जली गेहूं की फसल

मिल्कीपुर में आग की चपेट में आकर जली गेहूं की फसल।

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम आदिलपुर मजरे भवनी का पुरवा निवासी मनोज कुमार तिवारी की गेहूं की फसल बिजली के शॉर्ट सर्किट से गिरी चिंगारी की वजह से जलकर राख हो गई। ग्रामीणों के सहयोग से बिजली सप्लाई बंद करवा कर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। भुक्तभोगी किसान मनोज तिवारी ने बताया कि आदिलपुर भट्ठे के पास जाने वाली विद्युत लाइन का तार काफी दिनों से ढीला है। कई बार बिजली महकमें को इसकी शिकायत भी की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। सप्लाई के दौरान शॉर्ट सर्किट हुई, जिसकी वजह से आग की चिंगारी उसके खड़ी गेहूं के फसल पर गिर गई और देखते ही देखते उसका डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सबसे पहले बिजली घर फोन कर सप्लाई कटवाई और उसके बाद ग्रामीणों के घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

आग से दो बीघा गेहूं की फसल जली

बीकापुर अयोध्या। अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के करनपुर गांव में देर शाम अज्ञात कारण से लगी आग के चलते गांव निवासी कैलाश पांडेय का एक बीघा और रघुनाथ पांडे का एक बीघा खेत में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे फायर दस्ता के फायर कर्मियों द्वारा आग बुझाया गया। बीकापुर फायर दस्त के प्रभारी उमेश मिश्रा ने बताया कि कोठ में अज्ञात कारण से लगी आग में दुर्गा प्रसाद की बासकोठ जलकर राख हो गई। कई पेड़ भी झुलस गए। कादीपुर डडीवा निवासी हरगोविंद पांडे के खेत में विद्युत शॉर्ट सर्किट से लगी आग से दो बीघा गेहूं का डंठल जल कर राख हो गया।

खलासी के भाई ने दर्ज कराई हादसे की रिपोर्ट

अयोध्या, अमृत विचार। रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार सुबह हुए हादसे के मामले में मृत खलासी के भाई ने टेलर ट्रक के चालक के खिलाफ दुर्घटना कर मौत कारित करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जगदीशपुर से दाल लादकर अयोध्या की ओर आ रहे ट्रक यूपी 42 बीटी 6131 में हाईवे पर कैंट थाना क्षेत्र स्थित बालासराय के पास ट्रक यूपी 78 जीटी 5144 ने पीछे से टक्कर मार दी थी। दुर्घना में ट्रक के खलासी सलमान (28) पुत्र मो. शाहिद निवासी भदोखर थाना पूराकलंदर की मौत हो गई थी। अब दी गई तहरीर में खलासी के भाई मो. शाहिद का कहना है कि टेलर ट्रक का चालक बिना इंडिकेटर जलाए अपना वाहन बैक कर रहा था, जिसके चलते हादसा हुआ। कैंट थाना प्रभारी संजय मौर्य का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात कराई जा रही है।

बाइक की चपेट में आकर राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

बीकापुर अयोध्या। अमृत विचार : एक सड़क दुर्घटना में राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। बीकापुर विकासखंड कार्यालय के समीप देश दीपक तेंदुआ माफी मार्ग पर राष्ट्रीय पक्षी मोर सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी होने पर पीआरबी के प्रभारी शशांक तिवारी और वन विभाग बीकापुर के कर्मी तारकनाथ चौबे मौके पर पहुंचे। वन कर्मी तारकनाथ चौबे ने बताया कि पशु चिकित्सालय बीकापुर में मोर के शव का पोस्टमार्टम करवा कर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया।

सेवानिवृत्त रेल कर्मी से धोखाधड़ी, केस दर्ज

बीकापुर अयोध्या। अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के बछरामपुर निवासी सेवानिवृत्ति रेल कर्मी का एटीएम बदलकर की गई धोखाधड़ी के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के बछरामपुर निवासी बुजुर्ग बृज बिहारी यादव रिटायर्ड रेल कर्मी है। उन्होंने बताया कि सात अप्रैल को वह एसबीआई एटीएम बीकापुर में पैसा निकालने एटीएम के अंदर गए थे। एटीएम से 10 हजार रुपये निकालकर बाहर निकला तभी दो अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंच गए। कहने लगे कि आपका ट्रांजेक्सन कैंसल नहीं हुआ है। उसे झांसे में लकर आरोपियों ने उनका एटीएम कार्ड बदल दिया। कार्ड बदलने के बाद 10-10 हजार करके पाँच बार रकम निकाल ली। आखिरी ट्रांजेक्सन छह हजार दो सौ रूपये का किया है। बीकापुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर केस दर्जकर जांच की जा रही है।

फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

तारुन, अयोध्या। अमृत विचार। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत परमानन्दपुर मजरे चकमोदितपुर निवासी मंजू पांडेय (32) का शव उसके घर के भोजनालय में साड़ी के फंदे के सहारे लटका मिला है। विवाहिता का अपने पति राजेश पाण्डेय से वाद-विवाद हुआ था। थाना प्रभारी ओपी राय ने बताया कि प्राथमिक जाँच में पति से विवाद के बाद आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। पति दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है और दो दिन पूर्व घर आया था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है। अभी मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

सार-संक्षेप

शिक्षक संदर्शिकाओं के लेखन मंडल में आनंद व डॉ. अम्बिकेश शामिल

डॉ. अम्बिकेश त्रिपाठी

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : राज्य परियोजना कार्यालय के समग्र शिक्षा एवं प्रथम फाउंडेशन के सहयोग से महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कंचन वर्मा के निर्देश पर लेखन मंडल का गठन किया गया है। शिक्षक संदर्शिकाओं के राज्य स्तरीय लेखन मंडल में अयोध्या के वरिष्ठ गुणवत्ता विशेषज्ञ आनंद कुमार पाण्डेय और राज्य संदर्भ समूह के सदस्य एवं कंपोजिट विद्यालय तमकीनगंज के गणित शिक्षक डॉ. अम्बिकेश त्रिपाठी भी शामिल किए गए हैं। इसके अलावा पीएम अंसारी, राज्य सलाहकार के समन्वयन से विषय विशेषज्ञ गणित जय प्रकाश ओझा के निर्देशन में कक्षा चार और कक्षा पांच की गणित विषय की शिक्षक संदर्शिका का निर्माण उत्तर प्रदेश के सभी प्राथमिक शिक्षकों के लिए किया गया है। शिक्षक संदर्शिकाओं में विस्तार से शिक्षण योजनाओं का निर्माण लर्निंग आउटकम्स के आधार पर किया गया है। सत्र 2024-25 में प्रदेश के सभी प्राथमिक शिक्षक इन्हीं शिक्षक संदर्शिकाओं में दी गई शिक्षण योजनाओं का उपयोग बच्चों को उत्कृष्ट एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए करेंगे।

मुनाफे का लालच दे ठगी के आरोपी अदालत में तलब

रुदौली अयोध्या। अमृत विचार : अनीबूलियन कंपनी में भारी मुनाफे का लालच देकर पैसा जमा कराने वाले दो एजेंटो को न्यायालय ने विचरण के लिए तलब किया है। बाबा बाजार कस्बा निवासी संतोष कुमार व राजकुमार ने अनीबूलियन में भारी मुनाफे का झांसा देकर ग्राम भिखारी सराय निवासी साहबदीन चौरसिया व बनी निवासी रामसूरत ने रुपया जमा कराया था। समयावधि पूरी होने पर एजेंटों ने मूलधन की वापसी का चेक जमाकर्ता को दिया। बैंक मे चेक बाउंस हो गया। अधिवक्ता अरशद शेरा ने बताया कि संतोष और राज कुमार को न्यायालय के परिवाद में धारा 420, 406,467 आईपीसी के विचरण के लिए तलब किया है।

शार्ट सर्किट से 27 बीघा गेहूं की फसल जली

खेत में लगी आग और किसान।

बनीकोडर, बाराबंकी : अमृत विचार : असंद्रा थाना क्षेत्र के दो गांवों में शार्ट सर्किट से आग लगने से लगभग 27 बीघा गेहूं की फसल राख में तब्दील हो गयी। सूचना देने के एक घंटे बाद फायर बिग्रेड के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। तब तक आग की लपटों ने गेहूं को राख कर दिया था। रविवार की दोपहर में खेत से निकले झूलते तारों से हुए शार्ट सर्किट से तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र के टिकरा गांव निवासी जनार्दन सिंह व रामशंकर सिंह का छह-छह बीघे, पुनीत सिंह का 5 बीघा व मुश्ताक अली का डेढ़ बीघा गेहूं की फसल जल गयी। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि सबसे पहले गोकुल यादव के खेत में लटकते तारों के आपस में टकराने से निकली चिंगारी खेत में गिर गयी जिससे गेहूं की फसल में आग लग गयी। देखते-देखते करीब पांच एकड़ गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों की सूचना देने के करीब एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची। तब तक फसल खाक हो गई। एसडीएम ने बताया कि राजस्व कर्मियों को भेज कर नुकसान का आकलन कराया गया। वहीं थाना क्षेत्र के ही लकड़िया गांव में शार्ट सर्किट से लगी आग से विंदुवती का तीन बीघा, रामप्रताप व रन बहादुर के दो-दो बीघा व श्यामू का ढाई बीघा गेहूं की फसल जल गई। लेखपाल अखिलेश श्रीवास्तव ने लकड़िया व धारूपुर ग्राम सभा के किसानों के नुकसान का आकलन किया।

चार दिवसीय मजलिस का आयोजन 27 से

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। सराय चैक स्थित रौज-ए-हजरत कासिम में आयोजित होने वाली चार दिवसीय सालाना तब्लीगी मजालिस इस वर्ष 27,28,29 व 30 मई को होगी। छोटी दरगाह परिसर में हुसैनी वेलफेयर सोसायटी की बैठक में इसकी घोषणा की गई। समिति के संयोजक इब्ने अली जाफरी ने बताया कि कमेटी की बैठक में पदाधिकारियों को मजालिस से संबंधित जिम्मेदारियां सौंप दी गई है। 30 मई तक चलने वाली सालाना तब्लीगी मजालिस में मौलाना सैयद गुलजार जाफरी तारागढ़ अजमेर, मौलाना सैयद नामदार अब्बास दिल्ली, मौलाना हाफिज सैयद मोहम्मद रजा रिजवी दिल्ली, मौलाना वसी हसन खां, मौलाना रजी हैदर हैदरी मंगलौर उत्तराखंड के अलावा दर्जनों उल्मा व जाकिर मजलिस को खिताब करेंगे। मजलिस के अंतिम दिन 30 मई को रात्रि में हुसैन-डे उत्सव का आयोजन होगा। जहां दर्जन भर से अधिक उलमा-ए-करआम व शायर अपने कलाम से कर्बला के शहीदों की जिंदगी पर रौशनी डालेंगे। बैठक में अमीर हैदर, कौसर अली, सिब्ते हसन, अली असगर, अली अकबर पतारे, सैफ अब्बास राजू, जाफरान, जाफर मेंहदी, मेंहदी रजा, जावेद आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस के पदाधिकारी को मातृ शोक

अयोध्या, अमृत विचार : जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष राम सागर रावत की 85 वर्षीय माता आशा देवी का निधन हो गया। कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव की अध्यक्षता में शोक सभा हुई। पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डॉ. निर्मल खत्री, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष वेद सिंह, जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम, पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, राम अवध पासी, पूर्व कार्यवाहक जिला अध्यक्ष शिवपूजन पांडे, कर्मराज यादव, बृजेश रावत, राजेंद्र रावत आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

रोटरी पर बिल गेट्स ने जताया भरोसा : रो.शरत

कहा- अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था से अच्छे लोगों को जोड़ें और बनाएं आदर्श, अयोध्या की धरा पर हुआ 31 जिलों के रोटेरियन का संगम

अयोध्या कार्यालय

सेमिनार में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते रोटेरियन। अमृत विचार

सेमिनार में मौजूद विभिन्न जिलों के रोटेरियन। अमृत विचार

अमृत विचार : रोटरी का सदस्य होना गौरव की बात है। ये एक ऐसी अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था है, जिस पर बिल गेट्स ने भी भरोसा जताया है। ऐसे में सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है कि अधिक से अधिक अच्छे सदस्यों को संस्था से जोड़ें। समाजसेवा के अच्छे काम कर आदर्श बनाएं। ये बातें रविवार को जोन छह के रोटरी समन्वयक रो. शरत चंद्र ने कहीं। वो बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के करीब 32 जिलों के रोटेरियन के ओरिएण्टेशन सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। झुनझुनवाला पीजी कॉलेज के प्रेक्षागृह में हुए इस आयोजन में रोटेरियन द्वारा समाजसेवा के प्रति अपने संकल्प को दोहराया गया।

सहसमन्यवक पूर्व मंडलाध्यक्ष रो. स्तुति अग्रवाल ने रोटरी अंतराष्ट्रीय के कार्यों, नियमों, सदस्यों के दायित्व व कर्तव्य का बोध कराया। मुम्बई से आए मोटिवेशनल स्पीकर रो.जिग्नेश पांडया ने व्याख्यान से बताया कि रोटरी का हर सदस्य समाज से व्यापक अर्थों में सरोकार रखते हुए पर्यावरण व शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देकर समाज के सभी जीवों का भला कर सकता है। मुख्य वक्ता के रूप में पधारी इंटरनेशनल इनरव्हील की कोषाध्यक्ष सरिता लुनानी ने रोटरी सदस्यों को सामाजिक सद्भाव के प्रति जागरूक करते हुए रोटरी व इनरव्हील के सेवा भाव को विस्तार देने का संकल्प दिलाया।

▸▸ रोटरी इंटरनेशनल मंडल 3120 के अधीन यूपी व मध्य प्रदेश के लगभग 84 क्लबों के सदस्यों का ओरिएण्टेशन सेमिनार

पूर्व मंडल अध्यक्ष ने दिया सर्विस अबोव सेल्फ का मंत्र

समागम का संचालन कर रहे पूर्व मंडलाध्यक्ष के के श्रीवास्तव ने इस तरह के सेमिनार की आवश्यकता बताते हुए सभी रोटेरियन को उनकी छिपी हुई क्षमताओं को पहचान कर हनुमान जी की तरह सर्विस अबोव सेल्फ' करने का मंत्र दिया। वहीं मंडलाध्यक्ष मंडल 3120 सुनील बंसल ने मैत्री व व्यापार के अवसर को बढ़ाने की उपयोगिता को रेखांकित किया। रोटरी के चार मानकों को दैनिक व्यवहार में अपनाने पर बल दिया।

प्रभु राम को रोटरी के आदेश वाक्य का प्रतिमान बताया

सेमिनार चेयरमैन नितेन अग्रवाल ने विश्वपटल पर चमक रहे आयोध्या की धरती पर प्रभु राम को रोटरी के आदेश वाक्य स्वयं से ज्यादा दूसरों की सेवा का प्रतिमान बताकर उनसे सदैव प्रेरणा लेने का आह्वान किया। होस्ट क्लब रोटरी मिडटाउन गोरखपुर के अध्यक्ष जगदम्बा जायसवाल ने सदस्यों के इस समागम को आल्हादकारी व उत्साहजनक बताया। मंडलीय सचिव विवेक अग्रवाल ने मंडल के आगामी कार्यक्रमों की सूचना दी। कार्यक्रम के अंत में मंडल सचिव रो. अरूण अग्रवाल और रो. भारती गुप्ता के नेतृत्व में सभी रोटेरियन ने राममंदिर में रामलला के दर्शन किये।

समागम के यह भी बने साक्षी

सेमिनार में लखनऊ से आए नेशनल पोलियो कमेटी मेंबर रो. अजय सक्सेना, रो. डॉक्टर अनुराग अग्रवाल, रो. पंकज अग्रवाल, रो. अनुपम श्रीवास्तव, मंडलाध्यक्ष चयनित परितोष बजाज, मंडलाध्यक्ष नामित डॉ. आशुतोष अग्रवाल व पूनम गुलाठी, पूर्व मंडलाध्यक्ष समर राज गर्ग, सतपाल गुलाठी सहित लक्ष्मीकांत झुनझुनवाला, नैनों झुनझुनवाला, मीनाक्षी मोदी 37 क्लब के अध्यक्ष, सचिव, सदस्य उपस्थित हुए। जिनमें दिनेश गर्ग, विजय प्रकाश अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, रेनु कंडोई, राज कुमार बथवाल अशोक बका, अशोक अग्रवाल रो0 नीलमणि सिंहानिया गिरिजेश त्रिपाठी का योगदान उल्लेखनीय रहा।

बाइक सवार दो युवकों ने किया गैंगररेप, गिरफ्तार

सूरतगंज, बाराबंकी : रामनगर : थाना इलाके में एक 17 वर्षीय किशोरी को अगवा कर बाइक सवार दो युवकों ने उसके साथ गैंगरेप किया। वारदात के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। किसी तरह घर पहुंची किशोरी ने परिवारीजनों से आप बीती बताई। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों पर गैंगरेप की धाराओं में केस दर्ज किया है। साथ ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ कर रही है। पीड़िता की मां के मुताबिक, 15 अप्रैल को उसकी बेटी गांव के बाहर बकरी चराने गई थी। शाम करीब सात बजे वापस घर लौटने के दौरान बाइक सवार दो युवकों ने जबरन उसे अगवा कर मक्के के खेत में घसीट ले गए और उसके साथ गैंगरेप किया। इसके बाद मौके से छोड़कर भाग निकले। किसी तरह रोते हुए घर पहुंची किशोरी ने परिवारीजनों से अपने साथ हुई घटना बताई। हलाकि वारदात के पांचवे दिन 19 अप्रैल को किशोरी के साथ थाने पहुंची मां ने बुढ़गौरा निवासी महेश व कंदरवल निवासी हरिकेश ऊर्फ बल्ली के खिलाफ नामजद तहरीर दी। थानाध्यक्ष रत्नेश पांडेय ने बताया कि किशोरी की मां की तहरीर पर दोनों आरोपियों पर गैंगरेप की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

चूल्हे की चिंगारी से शादी वाले घर में लगी आग, नकदी व सामान राख

सूरतगंज, बाराबंकी। अमृत विचार : विवाह में आने वाले बरातियों और मेहमानों के लिए तैयार हो रहे भोजन बनाते समय चूल्हे से निकली एक चिंगारी ने घर की पूरी सामग्री और डेढ़ लाख की नकदी जलाकर खाक कर दी। सूचना में पहुंची फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने दो घंटों की मेहनत के बाद आग को काबू किया। बेटी की बारात मोहम्मदपुर खाला के बिझला गांव निवासी राजेंद्र यादव के घर से आनी है। मोहम्मदपुर खाला के मोहडिया मजरे मोहडवा निवासी रामचंद्र यादव के घर बारात आनी थी। वहीं बरातियों के साथ ही रिश्तेदार के लिए खाना तैयार हो रहा था। वहीं मजदूरों को अपने साथ लिए सिलेंडर के चूल्हे में केटर्स खाना बना रहे थे तभी अचानक चूल्हे से निकली चिंगारी ने पास मे छप्पर नुमा घर को अपनी आगोश में ले लिया। तो आग से रामचंद्र के घर पर रखा दान-दहेज का सामान व संपूर्ण गृहस्थी के संग डेढ़ लाख रुपए भी जलकर खाक हो गए।

रविवार को कनक भवन में दर्शन-पूजन करने जाता वरिष्ठ नागरिकों का एक शिष्टमंडल। अमृत विचार

सूखी पड़ी बिसुही नदी, पशुओं को प्यास बुझाने का संकट

तारुन क्षेत्र से होकर गई प्राचीन बिसुही नदी भीषण गर्मी में सूख गई है। पशुओं को प्यास बुझाने और किसानों को संकट का सामना करना पड़ रहा है। तारुन की न्याय पंचायत पछियाना में प्यास से बेहाल है वन्य जीव। ● अमृत विचार

28 सदस्यीय शिष्टमंडल ने किए रामलला के दर्शन, हुए अभिभूत

अयोध्या कार्यालय

▸▸ वरिष्ठजन बोले- अयोध्या धाम सबसे सुंदर

▸▸ काम के साथ- साथ देशाटन भी : रविन्द्र अग्रवाल

अमृत विचार : बरेली, पीलीभीत और लखनऊ से 28 सदस्यीय वरिष्ठ नागरिकों का एक शिष्टमंडल रविवार को अयोध्या धाम पहुंचा। यहां रामलला, हनुमानगढ़ी और कनकभवन में दर्शन-पूजन के बाद नगर भ्रमण किया। दर्शन से अभिभूत शिष्टमंडल के सदस्यों ने जय श्रीराम का उद्घघोष करते हुए कहा कि अयोध्या धाम सबसे सुंदरम धार्मिक नगरी है। कहा कि यहां आकर जो शांति और सुख मिल रहा है उसे शब्दों में नहीं व्यक्त किया जा सकता है।

28 सदस्यीय दल ने भव्य राम मंदिर में रामलला के दर्शन के कर श्रद्धा निवेदित की। हनुमानगढ़ी में भी दर्शन-पूजन कर मुख्य संतों का आशीर्वाद लिया। शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे चार्टर्ड अकाउंटेंट रविन्द्र अग्रवाल ने कहा कि यहां के वातावरण और भव्य मंदिर मन को सुकून देने वाला है। अयोध्या आकर हम लोग धन्य हो गए हैं। अपने दल के बारे में बताया कि एक तीर्थ यात्रा ग्रुप है। हम सभी सीनियर सिटीजन हैं। जिसमें प्रतिष्ठित डॉक्टर, वकील, चार्टर्ड अकाउंटेंट और बड़े व्यवसायी हैं। उन्होंने बताया कि माह में एक बार हिंदुस्तान के किसी न किसी धार्मिक स्थान पर जाते हैं। इस बार अयोध्या धाम में आए हैं। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का महत्व काम के साथ देशाटन है। जिससे काम का बोझ कम होता है और मन को शांति मिलती है। तीर्थ यात्रा दल में डॉ. एस के अग्रवाल, डॉ. राकेश अग्रवाल, डॉ. के एन तिवारी, डॉ. हरिश्चंद्र प्रसाद, डॉ. योगेंद्र, डॉ. मधु प्रसाद, अशोक समेत कई महिलाएं भी शामिल थीं।

हनुमानगढ़ी में रविवार को दर्शन-पूजन करते शिष्टमंडल के सदस्य।

यूपी बोर्ड : हाईस्कूल और इंटर के मेधावी

शुभम यादव, 95.6%, इंटरमीडिएट, सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटर कालेज रामपुर भगन अयोध्या।

शालिनी यादव, 97%, इंटरमीडिएट, वीनस इंटर कॉलेज मीतनपुर अयोध्या।

आरुषि कनौजिया, 95.67%, हाईस्कूल, स्मारक पब्लिक इंटर कॉलेज मडना।

सृष्टि वर्मा 93.50%, हाईस्कूल, टीआरडी उ.मा. विद्यालय ऐमीआलापुर।

कुनाल निषाद 93.16%, हाईस्कूल, टीआरडी उ.मा. विद्यालय ऐमीआलापुर।

आयुष गुप्ता 92.16%, हाईस्कूल, टीआरडी उ.मा. विद्यालय ऐमी आलापुर रसूलाबाद अयोध्या।

वैभव मिश्रा 92% हाईस्कूल, टीआरडी उ.मा. विद्यालय ऐमी आलापुर रसूलाबाद अयोध्या।

गुलशन कुमार, 92.6% आदर्श इंटर कॉलेज रुदौली।

आरुषी मिश्रा 90%, इंटर, आदर्श इंटर कॉलेज रुदौली

अल्तमश 91.16%, हाईस्कूल, टीआरडी उ.मा. विद्यालय ऐमी आलापुर रसूलाबाद।

मानवी तिवारी 90.83%, हाईस्कूल, टीआरडी उ.मा. विद्यालय ऐमी आलापुर रसूलाबाद अयोध्या।

अर्चिता सिंह 90.16% हाईस्कूल टीआरडी उ.मा. विद्यालय ऐमी आलापुर रसूलाबाद अयोध्या

समर यादव 90.4% इंटर केशवदास इंटर कॉलेज, गंगौली अयोध्या।

प्रिंशी मौर्य, 94.50%, हाईस्कूल, बलदेव प्रसाद मेमोरियल स्कूल, अयोध्या।

शौर्या गुप्ता, 91%, इंटरमिडिएट, तेलियागढ़ गोसाईगंज अयोध्या।

शगुन गुप्ता, 92.8%, आदर्श इंटर कॉलेज रुदौली।

अभिनव शुक्ला, 90.8%, इंटर, हाजी साबिर इंटर कॉलेज ललुआपुर रुदौली।

प्रिंश मिश्रा 92%, इंटर, आदर्श इंटर कॉलेज रुदौली।

टीआरडी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ऐमी आलापुर रसूलाबाद में सम्मानित किये गए मेधावी। अमृत विचार

मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

पूरा बाजार, अयोध्या।

अमृत विचार : टीआरडी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ऐमीआलापुर रसूलाबाद में यूपी बोर्ड परीक्षार्थियों ने अपनी मेधा की चमक बिखेरते हुए एक बार फिर से सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय के प्रबंधक अजय दुबे और विद्यालय के प्रधानाचार्य डी एम त्रिपाठी ने अपने विद्यालय के सभी मेधावियों को माला पहनाकर उनका सम्मान किया। प्रधानाचार्य डी एम त्रिपाठी ने बताया कि 93.5 प्रतिशत अंकों के साथ सृष्टि वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कुनाल निषाद ने हाईस्कूल की गणित विषय में 100 अंक लाकर विद्यालय में दूसरे स्थान प्राप्त किया। सम्पूर्ण परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कहा कि 12 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उन्होंने आगामी सत्र में बोर्ड की परीक्षा में शामिल होने वाले बच्चों से मेधावी छात्र-छात्राओं से प्रेरणा लेने की अपील की।

सम्मानित किए गए मेधावी। अमृत विचार

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी सम्मानित

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के शनिवार को घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में शिवकली देवी इंटर कॉलेज सुबटहा रसूलाबाद के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मेधावियों को कॉलेज की ओर से रविवार को सम्मानित किया गया। हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम की सूची में विद्यालय के छात्र सत्यम कुमार निषाद, आदर्श कुमार व अंशुमान तिवारी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। संचालक ध्रुव उपाध्याय व व्यवस्थापक संतोष उपाध्याय ने बताया हाई स्कूल की परीक्षा में 96.50 फीसदी अंक प्राप्त करने वाले सत्यम कुमार और उनके पिता तुलसीराम को विद्यालय में सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मेधावी आदर्श कुमार, अंशुमान तिवारी, आशीष तिवारी व ऋषभ कुमार को भी सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य रेखा उपाध्याय ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आया है। शिक्षक अतुल मिश्रा, अनुज शर्मा, विकास तिवारी, आलोक श्रीवास्तव, अवधेश यादव सहित अन्य शिक्षक तथा शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

पीएम आवास : बड़ी संख्या में बेघरों को मिल रहा अपना आशियाना

अयोध्या कार्यालय

▸▸ अब तक 18 हजार से ज्यादा को मिला घर

▸▸ नगर निगम और नगर पंचायतों में चल रहा पंजीकरण का काम

अमृत विचार : प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अयोध्या के शहरी इलाकों में अब तक 18,724 से भी ज्यादा लोगों को उनके सपनों का आशियाना मिल चुका है। नगर निगम और नगर पंचायतों में पंजीकरण का कार्य अभी भी तेजी से चल रहा है।

जिला शहरी विकास अभिकरण (डूडा) की अधिकारी यामिनी रंजन ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक जिले के सभी नगरीय निकाय में 18,724 लोगों को लाभान्वित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अयोध्या नगर निगम व चार नगर पंचायतों व नयी बनी दो नगर पंचायतें कुमारगंज व सुचितागंज में योजना के तहत पात्र लोगों के फॉर्म भरवाए गया। लाभार्थी ऑफलाइन तरीके से फॉर्म भर कर कार्यालय में जमा कर सकते हैं या ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं।

आवास पाकर खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं : मीरा देवी

कन्धरपुर निवासी लाभार्थी मीरा देवी ने बताया कि केंद्र में मोदी सरकार और प्रदेश में योगी सरकार आने के बाद उनको पीएम आवास का लाभ मिला है। जिससे उनका परिवार काफी सुरक्षित महसूस कर रहा है।

जनता से जो वादा किया उसे पूरा कर रहे : सांसद

सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी और प्रदेश की योगी सरकार ने जनता से जो वादे किये हैं, उन्हें पूरा किया जा रहा है। हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। हमारा प्रयास है कि समाज के निचले तबके के लिए ज्यादा से ज्यादा कार्य किया जा सके।

बेटों को लॉन्च करने में जुटे सोनिया व पुनिया

देवा, बाराबंकी

अमृत विचार : एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पहला कार्यकाल देश की उम्मीदों का कार्यकाल था। दूसरे कार्यकाल ने भ्रष्टाचार पर करारे प्रहार के साथ ही विरासत पर गर्व की अनुभूति का अहसास कराया। मोदी सरकार में हुआ चहुंमुखी विकास और पारदर्शी सुशासन ने लोकतंत्र के प्रति देशवासियों में अटूट विश्वास उत्पन्न किया।

जिला प्रभारी रविवार को ढिढौरा गांव स्थित एक कोल्ड स्टोर में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सुप्रीमो सोनिया गांधी अपने पुत्र राहुल को लॉन्च करने के लिए जबकि बाराबंकी में पीएल पुनिया अपने पुत्र को पांचवीं बार लॉन्च करने के प्रयास में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार जनता ने कांग्रेस को भारत में आईना दिखाया है उसी प्रकार जिले की जनता भी इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को करारा जवाब देगी। इस दौरान विभिन्न दलों से भाजपा में शामिल हुए लोगों को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया। एमएलसी अंगद सिंह ने कहा कि भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों के कारण भाजपाई कुनबा और मजबूत हो गया है। इस अवसर पर डॉ. राम कुमारी मौर्य, संदीप गुप्ता, विजय आनंद बाजपेई, सत्यप्रकाश वर्मा, नेहा आनंद, पूजा सिंह लवली रावत, वेद प्रकाश रावत, धर्मेंद्र यादव, तेज प्रताप सिंह, राम नारायण रावत, गुलाब सिंह रावत, पुनीत मिश्रा, प्रदीप रावत मौजूद रहे।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112

ऑटो-कार की टक्कर में महिला समेत दो की मौत

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

▸▸ तीनों घायलों को जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

जिला संवाददाता, सम्मनपुर, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जनपद के सम्मनपुर थाना क्षेत्र के बल्लीपुर के पास तेज रफ्तार कार और ऑटो की टक्कर में एक युवक और एक महिला सहित दो की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जबकि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बता दें कि सम्मनपुर थाना क्षेत्र के वल्लीपुर के पास रविवार को तेज रफतार अनियंत्रित कार सामने से आ रही आटो में भिड़ गई। जिससे ऑटो चालक हंसवर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर मुस्लिम गांव निवासी शिवशंकर 30 की घटना स्थल पर मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर आस पास के लोग इक्कठा ही गए और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान सीता राजभर निवासी शाहपुर सलेमपुर थाना अकबरपुर की मौत हो गई। जबकि उनका तीन वर्षीय बेटा पवन का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक सम्मनपुर ने बताया कि घटना में मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जबकि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, मामले में विधिक कार्यवाही किया जा रहा है।

हादसे के बाद क्षतिग्रसत कार और ऑटो। अमृत विचार

पिकअप ने स्कार्पियो में मारी टक्कर, पलटी

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। तीव्र गति से आ रही पिकअप की टक्कर से स्कार्पियो पलट गई। जिसमे बैठे लोग चिल्लाने लगी। दुकानदारों और यात्रियों ने पहुंच कर स्कार्पियों का गेट खोलकर सवारियों को निकाला। यात्रियों को हल्की चोटे आयी हैं। घटना रविवार की सुबह मालीपुर चैराहे पर घटित हुई।

बता दें कि जलालपुर के नगपुर निवासी चालक अवधेश मौर्य जलालपुर से सवारी लेकर सुल्तानपुर जनपद के दोस्तपुर जा रहा था। जब उसका वाहन मालीपुर चैराहे पर पहुंचा अकबरपुर की तरफ से तीव्र गति से शाहगंज की तरफ जा रहा पिकअप चालक ने जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर लगने से स्कार्पियो पलट गई। उसमे बैठी सवारी चिल्लाने लगी। स्थानीय लोगों ने सवारियों का बाहर निकाला जो सरक्षित रहे और दोनों चालक भी सुरक्षित रहे। दोनो चालकों ने सुलह समझौता कर लिया। थानाध्यक्ष शिवांगी ने बताया कि गाड़ी पलटने से किसी को गंभीर चोट नहीं लगी। दोनो चालकों ने आपस में समझौता कर लिया है।

गेहूं के खेत में मिला युवक का शव

आलापुर, अंबेडकरनगर।

▸▸ चार से पांच दिन पुराना बताया जा रहा है शव, पुलिस शव की शिनाख्त का कर रही है प्रयास

अमृत विचार। जनपद के आलापुर थाना क्षेत्र के बहरामपुर गांव में गेहूं के खेत में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन शव का शिनाख्त नहीं हो सका। शव चार से पांच दिन पुराना बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दें कि आलापुर थाना क्षेत्र के बहरामपुर गांव में एक गेहूं के खेत में सुबह ग्रामीणों ने एक युवक का शव देखा। शव मिलने की सूचना पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और मामले की सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान किया। लेकिन शव की पहचान नहीं होने पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव मिलने की सूचना पर सीओ आरबी सिंह ने मौके पर पहुंचकर जानकारी हासिल की।

क्षेत्राधिकारी आरबी सिंह ने बताया कि शव चार-पांच दिन पुराना है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शिनाख्त के लिए आसपास के थानों में फोटो को भेजा गया है और सोशल मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है।

पेड़ पर फंदे से लटकता मिला अधेड़ का शव

भीटी, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अढ़नपुर में 57 वर्षीय राधेश्याम निषाद का शव घर के पीछे आम के पेड़ से लटकता पाया गया। घटना की सूचना पर पहुंची भीटी पुलिस ने शव का पंचनामा करवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि रविवार को मृतक की भतीजी की शादी थी। एक दिन पूर्व शनिवार को उसके घर पर मेहंदी वा हल्दी का कार्यक्रम था। कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद सब सोने चले गए। रविवार की सुबह राधेश्याम का शव आम के पेड़

सार-संक्षेप

प्रज्ञा और रिया ने बढ़ाया विद्यालय का मान

मेधावी प्रज्ञा यादव, रिया यादव, सलोनी, सौम्या पांडे और शालू यादव।

मालीपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। यूपी बोर्ड का परीक्षा परिणाम में स्थानीय माता भीख मदन मोहन इंटर कॉलेज की छात्राओं प्रज्ञा यादव ने 92 प्रतिशत, रिया यादव ने 91 प्रतिशत, सलोनी, सौम्या पांडे और शालू यादव ने क्रमशरू 90-90 प्रतिशत अंक हासिल कर माता-पिता गुरुजनों और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता पर प्रबंधक शारदा यादव, प्रधानाचार्य विनोद कुमार पांडे और संरक्षक देवेंद्र कुमार यादव, बिपिन बिहारी यादव, एडवोकेट मित्र सेन यादव ने कॉलेज की छात्राओं की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त किया है ।

छात्रा का नवोदय बिद्यालय में हुआ चयन

जलालपुर, अंबेडकरनगर। विकासखंड जलालपुर के ग्राम पंचायत अरई में स्थित मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल के कक्षा 5 की छात्रा प्रणिका साहू पुत्री दिनेश कुमार साहू निवासी ग्राम पारा जलालपुर ने का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ हैं। नवोदय विद्यालय में चयनित छात्र के पिता दिनेश कुमार ने बताया कि बेटी के कामयाबी का श्रेय विद्यालय प्रशासन को है। जहां पर अनुशासन की परिधि में रहकर योग्य शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं को शिक्षा दी जा रही है। वहीं पर विद्यालय के प्रबंधक पवनेश कुमार मौर्य और समूचे विद्यालय परिवार ने नवोदय विद्यालय में चयनित छात्र और उसके माता-पिता को बधाई दिया।

यूपी बोर्ड : ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं ने लहराया परचम

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। नव ज्योति इंटर कॉलेज सुरेंद्रनगर हजपुरा का हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा फल शत-प्रतिशत आने पर विद्यालय के प्रबंधक और प्रधानाचार्य ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शिक्षकों व अभिभावकों, छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है। प्रबंधक हृदय मणि मिश्र ने कहा कि अभिभावकों एवं छात्रों तथा शिक्षकों के प्रयास से ही अच्छा परिणाम प्राप्त हुआ है। उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार शिक्षा के प्रति अभिरुचि बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया है। प्रधानाचार्य रीना मिश्रा ने भी छात्रों और शिक्षकों को धन्यवाद दिया। विद्यालय की हाईस्कूल की छात्रा आशी पाल 90 प्रतिशत, अमन 86 प्रतिशत और रितिक ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं इंटरमीडिएट की छात्रा उर्मिला ने 81 प्रतिशत, प्रतिज्ञा ने 78 प्रतिशत और प्रांजल ने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है।

विवाद को सुलझाकर साथ रहने के लिए राजी हुए जोड़े

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना मालीपुर थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी व महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त हेल्प डेस्क कर्मी द्वारा पति-पत्नी के एक जोड़े के मध्य पारस्परिक परिवारिक विवाद को सुलझाकर उन्हें राजी-खुशी विदा किया। थाना मालीपुर में रविवार को थाना मालीपुर थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी और महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिस कर्मी के अथक प्रयास से पति-पत्नी के एक वैवाहिक जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक परिवारिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया और उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए उन्हें एक साथ रहने के लिए समझाया गया। जिसके बाद पति-पत्नी आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हो गए।

पुलिस ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। थाना मालीपुर पुलिस टीम ने एक वारंटी लल्लू पुत्र रामदौर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने अपराध और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी जलालपुर के कुशल पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी थाना मालीपुर के नेतृत्व में उप निरीक्षक हवलदार सिंह यादव द्वारा एक नफर वारंटी लल्लू पुत्र रामदौर निवासी ग्राम सैरपुर उमरन थाना मालीपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

संदिग्ध परिस्थितियों में ट्यूबल के गड्ढे में मिला अधेड़ का शव

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। मछली की रखवाली करने गए अधेड़ का संदिग्ध परिस्थितियों में ट्यूबल के गड्ढे में शव पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के पट्टी गांव का है। जानकारी के अनुसार पट्टी गांव निवासी रामधनी व्हार उर्फ मदारी 50 वर्ष बीते शनिवार को रोजमर्रा की भांति पट्टे में मिले तालाब में पाली गई मछली की रखवारी करने गए थे, जो रविवार सुबह देर सुबह तक घर नहीं पहुंचे। जब परिजन तालाब पर गए तो ट्यूबल के कुएं में मृत अवस्था में मिले। जिसको देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दुष्कर्म के आरोपी समेत दो अभियुक्त गिरफ्तार

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जलालपुर पुलिस ने दो अलग-अलग मामले में दो युवकों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। पहला मामला दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में वांछित आरोपी को जलालपुर पुलिस ने गिरफ्तार करके न्यायालय भेज दिया है।

जलालपुर थाना के उप निरीक्षक हीरालाल यादव हमराही अमन वर्मा को मुखबिर से सूचना मिलने पर वहां पहुंचे और नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम विवेक मौर्या निवासी भिड़िउरा थाना ज्ञानपुर जिला भदोही बताया जिसे पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत हिरासत में भेज दिया। वहीं दूसरे मामले में जलालपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भेज दिया है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जलालपुर थाना के उपनिरीक्षक दुर्योधन लाल वर्मा अपने हमराहियों के साथ चेकिंग अभियान के लिए निकले थे तभी नगर के बसखारी रोड पक्का पुल पर एक युवक को एक अदद नाजायज तमंचा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। युवक ने पूछताछ में अपना नाम जाबिर निवासी मोहल्ला पश्चिम तरफ थाना जलालपुर बताया है।

बच्चों ने मतदान के लिए किया जागरूक

▸▸ स्कूली बच्चों ने रंगोली, नुक्कड़ नाटक, गायन और नृत्य के माध्यम से लोगों को किया जागरूक

▸▸ मतदाता जागरूकता के लिए बनाए गए मानव श्रृंखला

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की उपस्थिति में टीएनपीजी कॉलेज टांडा में मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। टीएनपीजी कॉलेज में विद्यार्थियों को वोट के महत्व और मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विभिन्न स्कूलों में स्वीप कार्यक्रम के तहत अनेक प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं। एक तरफ जहां विद्यार्थियों को वोट के महत्व के बारे में बताया जा रहा है। वहीं जनपद के विभिन्न स्कूलों में मतदान विषय पर प्रश्नोत्तरी, रंगोली, भाषण आदि प्रतियोगिताएं भी कराई जा रही हैं। स्कूली बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक, मतदाता जागरूकता गीत और नृत्य के माध्यम से जागरूक किया गया। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए अधिक से अधिक वोट डालने के लिए प्रेरित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विद्यार्थियों से अपील किया गया कि वह इन कार्यक्रमों में जो जानकारी प्राप्त कर रहे हैं, उसे अपने तक सीमित न रखकर अपने अभिभावकों और आस-पड़ोस के मतदाताओं को भी दें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रियंका तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, उप जिलाधिकारी टांडा मोहन लाल गुप्ता, जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह, टीएनपीजी कॉलेज के प्राचार्य रमेश चंद्र पाठक, प्रधानाचार्य सुमित्रा देवी जीजीआईसी कुर्की बाजार, प्रधानाचार्य तारा वर्मा राजकीय हाईस्कूल आदि मौजूद रहे।

टीएनपीजी कॉलेज में रंगोली का अवलोकन करते जिला निर्वाचन अधिकारी।

गैस की पाइप फटने से दुकान खाक

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। सम्मनपुर थाना क्षेत्र के ताजूपुर गांव के मजरा खानूपुर में गैस सिलेंडर की पाइप फटने से झोपड़ी नुमा परचून की दुकान में आग लग गई। इससे देखते ही देखते परचून की दो गुमटी समेत पूरी दुकान जलकर राख हो गई। हादसे में हजारों का नुकसान हुआ है। बता दें कि खानूपुर के रामनाथ यादव का पुत्र पिंटू यादव गांव के ही पास दो गुमटी में परचून के साथ-साथ चाय समोसे की दुकान चलाते थे। इसी से उनके परिवार का भरण पोषण होता था। शनिवार दोपहर को समोसा बनाते समय गैस सिलेंडर से चूल्हे को जोड़ने वाली पाइप अचानक फट गई। इससे अचानक आग लग गई। आग ने कुछ ही मिनटो में पूरे छप्पर को अपनी चपेट में ले लिया। लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक पूरी दुकान जलकर राख हो गई। आग बुझाने के प्रयास में पिंटू यादव आग की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। आग से दो गुमटी दो चौकी, बिस्तर सभी के कपड़े, दो मोबाइल, एक फ्रिज सहित दर्जनों सामान समेत पूरी दुकान जलकर राख हो गई। इसी दुकान से ही दुकानदार के परिवार का भरण पोषण होता था। हादसे में सब कुछ जल जाने से पीड़ित के सामने परिवार चलाने का संकट खड़ा हो गया है। सूचना पर डायल 112 पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं फोन पर ही लेखपाल को जानकारी दे दी गई है। लेखपाल उमेश चौहान ने हर संभव मदद का भरोसा दिया है।

जली परचून की छप्पर नुमा दुकान।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्थापित किए जाएंगे लर्निंग कार्नर

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

▸▸ लर्निंग कॉर्नर में स्मार्ट क्लास के माध्यम से बच्चों को सरल भाषा में दी जाएगी शिक्षा

▸▸ जनपद के 70 हजार बच्चों को मिलेगा लाभ

अमृत विचार। जनपद में आंगनबाड़ी केंद्रों पर पढ़ने वाले बच्चे सरल भाषा में आसानी से समझ जाएं। इसके लिए 697 आंगनबाड़ी केंद्रों पर चार-चार लर्निंग कार्नर स्थापित किए जाएंगे। इससे करीब 70 हजार बच्चों को लाभ मिलेगा। 50 लाख रुपए से अधिक की लागत से स्थापित होने वाले इन सभी लर्निंग कॉर्नर में खेलकूद सामग्रियों और स्मार्ट क्लास के माध्यम से बच्चों को सरल भाषा में शिक्षा दी जाएगी।

बता दें कि सरकार परिषदीय विद्यायल में पढ़ने वाले बच्चों को कई तरह की सुवधिाएं दे रही है। जिसके तहत परिषदीय विद्यालय में संचालित 697 आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत छह वर्ष तक के बच्चों का लर्निंग स्तर बढ़ाने के लिए सर्व-शिक्षा अभियान के तहत वहां चार-चार लर्निंग कॉर्नर की स्थापना किए जाने का निर्णय शासन ने लिया है। इसके लिए प्रत्येक विद्यालय को आठ हजार 110 रुपए उपलब्ध भी करा दिए गए हैं। लर्निंग कॉर्नर में आवश्यक सामग्रियों की खरीदारी पांच सदस्यीय टीम करेगी। यह टीम विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष की देखरेख में कार्य करेगी। लर्निंग कॉर्नर में खेलकूद के सामान, स्मार्ट क्लास, जानवरों, चिड़ियों, फूलों और फलों की आकृति युक्त कैलेंडर समेत अन्य शिक्षा संबंधित सामग्रियां शामिल हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेद्र प्रताप सिंह ने बताया कि लर्निंग कार्नर स्थापित हो जाने से बच्चों को सरल भाषा में शिक्षा दी जाएगी। इसका बेहतर लाभ बच्चों को मिलेगा।

गैंगेस्टर एक्ट के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। थाना जहांगीरगंज क्षेत्र में पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में अभियुक्त को बिड़हर पुल के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम हिफजुर्रहमान पुत्र मो. शफीक निवासी ग्राम असौजी थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर बताया है। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर जेल रवाना कर दिया है। वहीं कोतवाली टांडा पुलिस ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त सिकन्दर पुत्र तुलसीराम निवासी संजलपुर समवरसा थाना सम्मनपुर को मुखबिर की सूचना पर बलयाजगदीशपुर बाजार से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक दीपक सिंह रघुवंशी, कांस्टेबल चमन सिंह, कांस्टेबल शशेन्द्र रावत, महिला कांस्टेबल शिखा मिश्रा शामिल रहीं।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

बैठक | जिला निर्वाचन अधिकरी ने नोडल अधिकारियों के साथ की बैठक, दिया निर्देश

पात्रों को उपलब्ध कराया जाए फॉर्म 12डी : डॉ. महेश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय में आवश्यक सेवाओं कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों को डाक मतपत्र से मतदान कराने के लिए आयोग द्वारा आवश्यक सेवाओं में जिला स्तर पर समस्त अधिसूचित आवश्यक सेवाओं के नोडल ऑफिसर के साथ बैठक आयोजित किया।

बता दें कि आवश्यक सेवाओं के तहत सूचना जनसंपर्क विभाग, पोस्ट मास्टर जनरल उत्तर प्रदेश, चिकित्सा स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग, यातायात ट्रैफिक उत्तर प्रदेश, भारत संचार निगम लिमिटेड, पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड, रेलवे स्टेशन अकबरपुर के अधिकारियों को आवश्यक सेवा के लिए डाक मत पत्र के बारे में विस्तृत रूप से डॉ. महेश चंद द्विवेदी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया। उन्होंने कहा कि संबंधित कर्मचारी, अधिकारी को फार्म 12 डी उपलब्ध कराया जा रहा है। जिस पर सहमति प्राप्त होने पर पृथक से पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापित कराकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने विभाग में फार्म 12 डी ऐसे सभी कार्मिकों को उपलब्ध करा दें जो इसके लिए पात्र हैं।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामानंद सिद्धार्थ, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

नोडल अधिकारियों के साथ बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह।

बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने आगामी रैली को लेकर पदाधिकारियों के साथ की बैठक

बैठक में मौजूद बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल। अमृत विचार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय कोर्डिनेटर आकाश आनंद के 26 अप्रैल को शिवबाबा के मैदान में होने वाली जनसभा की तैयारी को लेकर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल शनिवार की देर शाम जिला पार्टी कार्यालय अकबरपुर में पदाधिकारियों के साथ बैठक करके कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा किया। उन्होंने जिले के सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं से रैली सफल बनाने के लिए गांव-गांव सघन जनसम्पर्क चलाने का आवाहन किया। बैठक में मंडल कोर्डिनेटर दिलीप कुमार विमल, बलराम निषाद, जिला प्रभारी डॉ. दयाराम राजभर, अरविन्द गौतम, जिला अध्यक्ष सुनील सावंत गौतम, राम नयन निर्दोष, सुरेश निषाद, अकरम इदरीशी, रोहित प्रजापति, डॉ. काशीराम, विधान सभा अध्यक्ष राज बहादुर, नृपति अम्बेश, छेदीराम मौर्या, राम बहोर रावए अज्ञाराम प्रधान, विनायक निषाद, पवन मौर्या, रमेश कुमार, दिवाकर पांडेय सहित अन्य मौजूद रहे।

एक नजर

सड़क दुर्घटना में महिला समेत दो घायल

गोंडा, अमृत विचार : वजीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत अयोध्या गोंडा मार्ग पर वजीरगंज कस्बे के पास बाइक सवार के पीछे से ठोकर मारने से दूसरी बाइक पर बैठी महिला कमलेशा पत्नी रामजन्म 35 वर्ष निवासी लालनगर व भतीजा सूरज पुत्र राजेश उम्र 12 वर्ष निवासी परसा थाना कोतवाली देहात घायल हो गए जिन्हें सीएचसी लाया गया जहाँ उनका इलाज हो रहा ।जबकि आरोपी बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार

गोंडा, अमृत विचार : वजीरगंज थाना क्षेत्र के चंदापुर के बाबा मठिया निवासी नक्छेद पुत्र ननकऊ, सुरेश पुत्र बाबूराम दीपक यादव पुत्र जंगीलाल को शांतिभंग की आशंका में पाबंद किया गया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया आरोपियों को उपजिलाधिकारी न्यायालय तरबगंज भेजा गया है।

इटियाथोक बाजार की मुख्य सड़क पर भरा पानी

इटियाथोक, अमृत विचार : रेलवे स्टेशन जाने वाले मुख्य बाजार की सड़क पर नालियों का पानी जमा हो गया है। चार दिन से हुए जलभराव से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिम्मेदार लोगों का ध्यान समाधान की तरफ नहीं है। नागरिकों ने जल निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त कराने की मांग की है ।इटियाथोक बाजार के हनुमान मंदिर चौराहे से रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क के दोनों तरफ बनी नालियों में पानी की निकासी न होने के चलते जलभराव हो रहा है। नगर वासियों को आने-जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। घर व दुकानों के सामने हुए जलभराव से भी बाजार आने वाले लोग काफी परेशान हैं। ग्राम पंचायत की ओर पानी की निकासी कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जिससे नागरिकों में गहरा रोष व्याप्त है।

डबल मर्डर से थर्राया गोंडा

मनकापुर में श्रमिक को जिंदा जलाया इटियाथोक में किशोर का गला रेता

कटघरे में जिले की कानून व्यवस्था, शवों को कब्जे में लेकर जांच में जुटी पुलिस

किशोर की हत्या के बाद मौके पर जुटे ग्रामीण व पुलिस कर्मी। अमृत विचार

मनकापुर/इटियाथोक

अमृत विचार: बुधवार का दिन पुलिस महकमे के लिए ब्लैक डे साबित हुआ। मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के धुसवा खास गांव में सीतापुर जिले के रहने वाले एक श्रमिक को जिंदा जला दिया गया। बुधवार को उसका शव जिगना पुलिस चौकी के बंसवारी गांव के समीप गड्ढे में पड़ा मिला।

वहीं इटियाथोक थाना क्षेत्र के दलपतपुर गांव के खटिकनपुरवा में एक 15 वर्षीय किशोर की गला रेतकर हत्या कर दी गयी। बुधवार की सुबह किशोर का शव उसके घर से 2 सौ मीटर दूर खेत में पड़ा मिला। मृतक किशोर के चेहरे, गले और हाथ पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस की फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीमें घटना की छानबीन में जुटी हैं। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हत्या की ताबड़तोड़ वारदात से जिले में सनसनी है। इन दोनों घटनाओं ने जिले की कानून व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया है। फिलहाल पुलिस जल्द ही इन घटनाओं का खुलासा करने का दावा कर रही है। एसपी का कहना है कि हुई वारदात के मामले में पुलिस के हाथ अहम सुराग लगे हैं। जल्द ही वारदात का राजफाश किया जायेगा।

मनीष कुमार यादव। (फाइल फोटो)

कोइली। (फाइल फोटो)

गड्ढे में मिला सीतापुर के श्रमिक का अधजला शव

सीतापुर जिले के महमूदाबाद का रहने वाला कोइली (32) मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के धुसवा खास गांव के रहने वाले सूरज सिंह के यहां रहकर मजदूरी करता था। उसके साथ गांव के अन्य चार -पांच श्रमिक भी रहते थे। बुधवार की सुबह कोइली का शव बंसवारी गांव के बाहर एक गड्ढे में अधजले हालत में पड़ा मिला। गांव के लोगों ने गड्ढे में शव पड़ा देखा तो हड़कंप मच गया। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच पड़ताल शुरू की। कुछ देर बाद मृतक की पहचान कोइली के रूप में हुई। वारदात स्थल को देखने से लग रहा था कि जैसे पहले मृतक की हत्या की गयी और उसके बाद गन्ने की पत्ती रखकर उसे जला दिया गया। धुसवा गांव के रहने वाले सूरज सिंह का कहना है कि वह जिले से बाहर हैं। कोइली उनके घर पर रहकर मजदूरी करता था। वारदात कैसे हुई इसकी जानकारी नहीं है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और घटना की जांच पड़ताल में जुटी है।

किशोर का रेता गला, आशनाई में हत्या की आशंका

इटियाथोक थाना क्षेत्र के दलपतपुर गांव के खटिकनपुरवा में एक 15 वर्षीय किशोर की गला रेतकर हत्या कर दी गयी। हत्यारे किशोर का शव फेंककर फरार हो गए। बुधवार की सुबह गांव के बाहर किशोर का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। हत्या के पीछे आशनाई की आशंका जताई जा रही है। मृतक की पहचान मनीष कुमार यादव (15) पुत्र हनुमान प्रसाद यादव के रूप में हुई है। मृतक का शव उसके घर से 2 सौ मीटर दूर मिला है। मृतक के गले और हाथ पर चोट के निशान पाए गए हैं। परिजनों के मुताबिक सुबह गांव के लोग जब खेत की तरफ गए तो मनीष का कटा हुआ शव देख हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची इटियाथोक पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसपी विनीत जायसवाल ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिजनों से घटना की जानकारी ली। एसपी ने दावा किया कि वारदात को लेकर पुलिस के हाथ अहम सुराग लगे हैं। जल्द ही घटना का राजफाश किया जायेगा। पिछले 24 घंटे में हत्या की ताबड़तोड़ वारदात से जिला थर्रा उठा है। इटियाथोक में किशोर की गला रेतकर हत्या के बाद मनकापुर में युवक को जिंदा जलाकर मार देने की घटना ने जिला की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है।

सड़क किनारे मिला अधेड़ का शव

नवाबगंज, अमृत विचार: नवाबगंज थाना क्षेत्र के अयोध्या बस्ती नेशनल मार्ग पर स्थित लोलपुर गांव के पास सड़क किनारे एक 55 वर्षीय बुजुर्ग का शव सड़ी गली अवस्था में देखा गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। नेशनल मार्ग के किनारे लोलपुर गांव के पास रविवार को स्थानीय लोगों द्वारा एक पचपन वर्षीय बुजुर्ग का शव सड़े गले अवस्था में देखा गया। लोगों ने सरयू घाट पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया और जांच में जुट गई। इस दौरान मृतक की जेब में आधार कार्ड पाया गया जिसमें मृतक का नाम जगराम पुत्र भगवत निवासी ग्राम नगवा थाना वजीरगंज के रूप में पहचान हुई।

पीआरबी जवान से मारपीट कर वाहन किया क्षतिग्रस्त

परसपुर, अमृत विचार: पीआरबी पर तैनात सिपाही के साथ मारपीट मामले में दो के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू की गयी। परसपुर थाने पर तैनात रायबरेली जनपद के ग्राम गंगेहरा गुलालगंज थाना ऊंचाहार निवासी कान्सटेबल अतुल कुमार ने पुलिस को सूचना दी कि वह पीआरबी 3411 थाना परसपुर पर नियुक्त है। शुक्रवार की रात 10 बजे से शनिवार को सुबह 6.00 बजे तक पीआरबी 3411 पर ड्यूटी लगायी गयी थी। ड्यूटी के दौरान शुक्रवार रात 10 बजकर 18 मिनट पर इवेंट संख्या 1549 पर कालर पल्लवी तिवारी पुत्री धर्मेन्द्र नाथ तिवारी द्वारा सूचना दिया गया कि उनके पड़ोसी गाली गलौज देते हुए मारने पर आमदा फौजदारी हैं।

सूचना पर चालक प्रदीप मिश्रा के साथ ग्राम डेहरास डीहा थाना परसपुर पहुंचे तो कालर से पूछताछ करने के फलस्वरूप विपक्षी दीपनरायन तिवारी पुत्र काशीनाथ तिवारी निवासी डेहरास डीहा को आवाज दिये कि बाहर आओ हम पुलिस के लोग हैं। इस बात पर गाली गलौज देते हुए घर से दीपनरायन तिवारी लाठी लेकर बाहर आकर उन्हें और चालक प्रदीप मिश्रा को लाठी से मारने लगा। जब उसकी लाठी पकड़ लिया तब वह दांतों से दाहिने हाथ में काट लिया। उसी समय उसके पिता काशीनाथ भी घर से लाठी लेकर बाहर आये।

खाई में गिरा टेम्पो, छह घायल

संवाददाता, नवाबगंज

अमृत विचार: थाना क्षेत्र के दुल्लापुर गांव के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकप की ठोकर से टैम्पो सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में चालक सहित टेम्पो में सवार छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना के बाद करीब आधे घंटे बाद मौके पर एंबुलेंस पंहुची इस दौरान घायल जमीन पर पड़े तड़पते रहे।

दुल्लापुर गांव में निषादराज छात्रावास के पास अयोध्या-गोंडा राजमार्ग पर रविवार की सुबह करीब 8 बजे नवाबगंज से सवारी बैठाकर अयोध्या की ओर जा रहे टेम्पो को सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने अनियंत्रित होकर ठोकर मार दी। हादसे में चालक अडवाणी, अभिमन्यु मिश्रा, और एक ही परिवार के शिवराम (45), सोनी (42)पत्नी शिवराम, रोशनी (8)पुत्री शिवराम, तुषार (02) पुत्र शिवराम निवासी इल्फातगंज जिला अम्बेडकर नगर गंभीर रूप से घायल हो गए। चारों लोग थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में एक निमंत्रण से वापस घर जा रहे थे। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस को तुरंत सूचना दी लेकिन मौके पर एंबुलेंस नहीं पंहुची। लगभग आधे घंटे तक सभी घायल जमीन पर पडे.तड़पते रहे। सूचना पर मौके पर पहुंचे सरयू घाट चौकी प्रभारी संजीव कुमार सिंह ने घायलों को अस्पताल भेजने के लिए प्राइवेट वाहन की व्यवस्था की ही थी तभी करीब आधे घंटे बाद एंबुलेंस पंहुची। चौकी प्रभारी घायलों को स्थानीय सीएचसी ले गये जहां चिकित्सक ने अभिमन्यु, सोनी और टैम्पो चालक अडवाणी की नाजुक हालत देखते हुए अयोध्या मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया है।

घायल महिला को ले जाते लोग।

अच्छे अंक प्राप्त कर परिवार व कॉलेज का नाम किया रोशन

अर्चिता मिश्रा

एश्वर्य शुक्ल

फैसल अंसारी

संजय यादव

सचिन पांडेय

शगुन मिश्रा

खरगूपुर गोंडा

अमृत विचार: हाईस्कूल व इंटर का परिणाम घोषित हुआ। भगवानदीन पुरवा निवासी व श्री गांधी आदर्श विद्यालय इंटर कालेज खरगूपुर की इंटर की छात्रा अर्चिता मिश्रा ने 93.2% अंक प्राप्त किया। बाबा पृथ्वीनाथ बालिका इंटर कालेज की छात्रा अंकिता तिवारी ने 91%, अमित यादव ने 89.2%, बाबू बच्चा सिंह स्मारक इंटर कालेज की छात्रा शगुन मिश्रा ने 85% अंक हासिल किया। हाईस्कूल में बाबू बच्चा सिंह स्मारक इंटर कालेज के छात्र मोहम्मद फैसल अंसारी ने 90%, बाबा पृथ्वीनाथ बालिका इंटर कालेज की छात्रा निधि पाण्डेय ने 88%, ज्योति शर्मा ने 84.3%, मदन मोहन इंटर कालेज खरगूपुर के छात्र ऐशवर्य शुक्ल ने 94% व जयेन्द्र ऋषि ने 93.16% अंक हासिल किया।

95% से अधिक अंक लाकर अरुणेंद्र ने बढ़ाया मान

परसपुर, गोंडा, अमृत विचार। विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत त्यौरासी निवासी गंगाराम कनौजिया का पुत्र अरुणेंद्र कुमार कनौजिया ने शनिवार को आये उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में 600 में 571 अंक (95.87 प्रतिशत अंक) प्राप्त कर मातापिता सहित क्षेत्र का मान बढ़ाया है। अरुणेंद्र राजकीय बालिका हाई स्कूल त्यौरासी का छात्र है। वहीं ग्राम पंचायत सेमरी की एसएनपी इंटर कॉलेज सेमरी की छात्रा वर्तिका पांडेय पुत्री नील कमल पांडेय ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 500 में 464 अंक प्राप्त किया है। परसपुर नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 13 मिश्रन टोला निवासी कार्तिक शुक्ला पुत्र मनोज शुक्ला ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 500 में 436 अंक प्राप्त किया।

बेटे अरुणेंद्र को मिठाई खिलाती मां

रोजवुड की छात्रा ने किया कमाल

हाईस्कूल परीक्षा में इस बार शहरी क्षेत्र के बच्चों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों ने भी मुकाम हासिल किया है। विकासखंड परसपुर अंतर्गत लोहंगपुर भगवानदीन पुरवा के रहने वाले नंदलाल पाल की बिटिया कोमल पाल ने हाई स्कूल परीक्षा में 92 फीसदी अंक प्राप्त किया है। कोमल जिला मुख्यालय स्थित रोजवुड इंटर कॉलेज की छात्र थी। कोमल के भाई अर्जुन पाल ने बताया कि उसकी बहन ने हाई स्कूल में अच्छा अंक प्राप्त किया है। परीक्षा से पहले उसको डेंगू भी हुआ था। लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी और बेहतर परिणाम लाकर माता-पिता भाई समेत परिजनों का नाम ऊंचा किया है। कोमल के उत्तीर्ण होने पर रिश्तेदार व स्थानीय लोगों ने बधाई दी है।

कोमल पाल

मौली ने प्राप्त किया विद्यालय में प्रथम स्थान

परसपुर (गोंडा) अमृत विचार। नगर पंचायत के स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाली मौली सिंह हाई स्कूल में विद्यालय टाप कर सिविल सेवा में जाने की इच्छा जताई है। सफलता का श्रेय माता पिता के साथ ही गुरुजनों को दी है। परसपुर विकास क्षेत्र के मलांव गांव के प्रधान विनोद कुमार सिंह पुत्री मौली सिंह ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में 542 अंक पाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए प्रतिदिन पांच घंटे की पढ़ाई कर इस मुकाम पर पहुंची है। माता पिता के मार्गदर्शन में लगातार मेहनत कर रही थीं। उन्होने कहा कि गत वर्ष के प्रश्न पत्रों को भी को भी अच्छे से तैयार करना चाहिए। उनके इस सफलता पर विधायक करनैलगंज अजय सिंह, विपिन कुमार सिंह पिंकू प्रधान मिझौरा, डॉ लवकेश शुक्ला, मोहित गुप्ता, राजेश पाण्डेय, मोहित सिंह सहित दर्जनों ग्राम प्रधान एवं गणमान्य लोगों ने बधाई दी है।

मौली को मिठाई खिलातीं मां रानी सिंह।

सौरभ शुक्ल ने जनपद, आरती मिश्रा ने विद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित किया

बेलसर, गोंडा, अमृत विचार: माध्यमिक शिक्षा परिषद का हाई स्कूल/इंटर परीक्षा परिणाम शनिवार को जारी कर दिया गया। हाईस्कूल के सौरभ शुक्ल ने जिले के टॉप टेन सूची में छठवां तो इंटर की आरती मिश्र ने विद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित किया है। हाईस्कूल में बालकों का परिणाम सौ प्रतिशत रहा। जबकि इंटरमीडिएट में बालिकाओं का 97.78 प्रतिशत रिजल्ट रहा। शिक्षा क्षेत्र परसपुर के दयानंद शिक्षा संस्थान इंटर कालेज मंगुरा बाजार का परीक्षा परिणाम काफी अच्छा रहा। परीक्षा प्रभारी संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि हाईस्कूल में परीक्षा 98.33 रहा। हाईस्कूल में कुल 86 परीक्षार्थी सम्मलित हुए थे जिनमें कुल 85 छात्र सफल हुए। जिनमें बालको की संख्या 41 थी। सभी 41 बालक सफल हुए। बालकों का परिणाम सौ प्रतिशत रहा, जबकि 45 बालिकाएं परीक्षा में शामिल हुई थीं जिनमें एक बालिका परीक्षा में सफल नहीं हो सकी। 44 बालिकाएं सफल हुईं। बालिकाओं का परीक्षा परिणाम 97.78 रहा। हाईस्कूल में नब्बे प्रतिशत अंक से ऊपर अंक हासिल करने वाले छात्राओं में सौरभ शुक्ला 96.17%, अंशी शुक्ला 92.5%, शेखर बौद्ध 92%, शिवम गुप्ता 90.5%, इंटरमीडिएट परीक्षा में 62 बच्चे सम्मलित हुए। इसमें 61 बच्चे उत्तीर्ण हुए। कुल परिणाम 98.83%, बालकों का प्रतिशत 98% जबकि कुल सम्मलित बालिकाएं 33, कुल उत्तीर्ण 33 बालिकाएं हुईं। बालिकाएं 100 प्रतिशत सफल रहीं। 90%से ऊपर पाने वाले छात्र छात्राओं में आरती मिश्रा 91% अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान अर्जित किया। विकास खंड बेलसर के डिडीसिया कला के डिहवा निवासी सौरभ शुक्ल की शिक्षा दयानंद शिक्षा संस्थान इंटर कालेज में हुई। सौरभ शुक्ल के पिता ओंकार नाथ शुक्ल किसान हैं। सौरभ ने बताया कि माता पिता एवम गुरुजनों के मार्ग दर्शन में यह कामयाबी हासिल हुई है। नियमित स्कूल आना, पढ़ाए गए विषय का रिवीजन, घर पर तीन घंटे पढ़ाई से सफलता मिली है। प्रधानाचार्य प्रतिभा तिवारी, प्रबंधक संबल बिहारी मिश्र ने प्रसन्नता व्यक्त किया है। वहीं बेलसर एमडी बी सिंह इंटर कालेज के मुबीन ने इंटर की परीक्षा में आठवां स्थान प्राप्त किया है। प्रधानाचार्य अजीत सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

सफल बच्चों को मिठाई खिलाते स्कूल के शिक्षक।

बोर्ड परीक्षा: करनैलगंज के मेधावी चमके

करनैलगंज, अमृत विचार : यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटर के परीक्षाफल में करनैलगंज की प्रतिभाओं ने जिले ही नहीं बल्कि प्रदेश में भी दबदबा कायम किया है। नगर स्थित दयानंद बल मंदिर उच्चतर माध्यमिक बालिका विद्यालय की छात्रा इस्मीत कौर ने हाईस्कूल में 96.83%, आराध्या शुक्ला ने 96.17%, जान्हवी कौशल नें 96.50% अंक हासिल कर जिले की टॉप टेन मेरिट के साथ प्रदेश की मेरिट में भी स्थान हासिल की है।

प्रधानाचार्या अर्चना सक्सेना आदि ने हर्ष व्यक्त किया है। श्री चित्रगुप्त इंटर कॉलेज की इंटर की छात्रा अनुकृति श्रीवास्तव ने 96.40% हाईस्कूल की छात्रा रोली तिवारी नें 95.50% अंक हासिल कर जिले की टॉप टेन श्रेणी ने मुकाम हासिल की है। वहीं तमाम बच्चों नें 90% से अधिक अंक हासिल किया है। प्रबंधक वीके श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य जीके श्रीवास्तव समेत गुरुजनों व अभिभावकों ने मेधावियों को शुभकामनाएं दीं। कन्हैया लाल इंटर कालेज के छात्र अजीत कुमार ने अपने कठिन मेहनत से इंटरमीडिएट में 96 प्रतिशत अंक हासिल किया है। जिसे प्रधानाचार्य मेजर राजाराम सहित गुरुजनों ने माला पहनाकर आशीर्वाद दिया। पीएस मेमोरियल इंटर कॉलेज की छात्रा अदिति सिंह ने इंटरमीडिएट में 95.20 प्रतिशत व हाईस्कूल के छात्र विमल चौहान नें 95.50 प्रतिशत अंक हासिल किया है। वहीं कालेज के दर्जनों छात्र-छात्राओं इस बार 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किया है। मैनेजिंग डायरेक्टर प्रेमलता सिंह, प्रधानाचार्य डीपी सिंह नें मेधावियों को माला पहना मुंह मीठा कराकर बधाई व शुभकामनाएं दिए। इसी प्रकार शिवनारायण सिंह लक्ष्य इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट के मेधावी महेश तिवारी 94.2 प्रतिशत, प्रज्वल गुप्ता 93.4 प्रतिशत, अनुष्का सिंह 93.2 प्रतिशत, आंचल मौर्या 92.8 प्रतिशत, कशिश सोनी 92.8 प्रतिशत, प्रिंसी पाण्डेय नें 90.4 प्रतिशत व हाई स्कूल के मेधावी दिव्यांशी 96.5 प्रतिशत, राणा प्रताप 91.16 प्रतिशत, सोनम सिंह 90.16 प्रतिशत, दुर्गेश कुमार केवट 90.60 प्रतिशत, रिमझिम सिंह 90 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय के साथ क्षेत्र का नाम रोशन की है। प्रबंधक डीपी सिंह राठौर व प्रधानाचार्य नीरज सिंह नें बच्चों को मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया।

शहीदमर्द बाबा जाने वाला मार्ग जर्जर

करनैलगंज, अमृत विचार : नगर परिषद का वार्ड नंम्बर 8 गाड़ी बाजार पूर्वी अपने आप में एक अलग पहचान रखता है। इस वार्ड में 90 प्रतिशत आबादी पिछड़े व अनुसूचित जातियों की है। यहां से सरोज सभासद चुनी गई है। वार्ड की आबादी लगभग तीन हजार के आसपास है। तो वहीं यहां लगभग 15 सौ लोग अपने मतों का प्रयोग करते है। वार्ड नंबर आठ गाड़ी बाजार पूर्वी में पजावा, गाड़ी बाजार व अंसारी मुहल्ला आता हैं। नगर परिषद करनैलगंज के आगे से कटरारोड पजावा तक को जोड़ने वाला यह वार्ड विकास के मामले में काफी पीछे है। हालांकि वार्ड के लोगों का कहना है कि जब से नगर परिषद में नई सरकार का गठन हुआ है तब से साफ सफाई व अन्य सेवाएं तो मिल रही है। लेकिन नालियां, सड़कें आदि बनाने का काम अभी नहीं हो सका है। इस वार्ड की सबसे अहम समस्या रेलवे स्टेशन से होकर नगर पालिका के पीछे होते हुए कटरारोड स्थित शहीद मर्द बाबा तक जाने वाले मार्ग की है। लोगों का कहना है कि यह मार्ग एक तरह से बाजार के लोगों से लेकर हुजूरपुर रोड व कटरामार्ग से आने वाले लोगों के लिये एक सुगम रास्ता है। कई वर्ष पहले इस मार्ग का निर्माण कराया गया था। नपा परिषद के ईओ धनुषधारी सिंह का कहना है कि पालिका के पीछे से होकर शहीदमर्द बाबा तक जाने वाले मार्ग का निर्माण प्राथमिकता में है। रेलवे से अनुमति लेकर मार्ग बनवाया जाएगा।

करनैलगंज के वार्ड संख्या आठ की खस्ताहाल सड़क। अमृत विचार

सार-संक्षेप

कंबाइन हार्वेस्टिंग मशीन चालक के साथ की मारपीट

परसपुर, अमृत विचार : पीलीभीत से कंबाइन मशीन लेकर गेहूं की कटाई करने आये चालक के साथ मारपीट करने के आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। पीलीभीत के ग्राम उदय करनपुर बकेनिया थाना गजरौला निवासी कुलदीप सिंह ने पुलिस को सूचना दी कि उनके कंबाइन मशीन का चालक गोपी निवासी माधौपुर पीलीभीत शनिवार को कंबाइन मशीन से गुड्डू सिंह ग्राम हट्टी पुरवा आटा थाना परसपुर के गेहूं की फसल काट रहा था। चंदन सिंह, सोनू सिंह ग्राम हट्टी पुरवा आटा तथा दो व्यक्ति अज्ञात आकर मशीन चालक गोपी को अनायास भद्दी-भद्दी गाली देते हुए लाठी डंडे से मारने लगे। जाते समय जान से मारने धमकी देते हुए चले गये। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

विधायक करनैलगंज के प्रतिनिधि की मां का निधन

परसपुर, अमृत विचार : करनैलगंज विधायक अजय सिंह के प्रतिनिधि सूरज सिंह की माता का शनिवार को निधन हो गया। परसपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत अकोहरी निवासी विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह ने बताया कि उनकी माता पूर्व प्रधानाचार्या सुशीला सिंह पत्नी धर्मराज सिंह (80) का इलाज के दौरान लखनऊ के सहारा अस्पताल में निधन हो गया। वे लंबे समय से गंभीर बीमारियों से पीड़ित थीं। उनके निधन पर विधायक अजय सिंह, विनोद कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह प्रधान, संदीप सिंह मोनू, इतेंद्र सिंह गुड्डु, डॉ एसपी सिंह, प्रदीप तिवारी आदि ने दुख जताया है।

छह दिवसीय स्थापत्य एवं वास्तु ज्ञान यज्ञ शुरू

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : रविवार से बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल कुंदरखी में छह दिवसीय स्थापत्य एवं वास्तु ज्ञान यज्ञ आरम्भ हुआ। प्रात: यूनिट की महिलाओं ने हर्षोल्लास व उत्साह के साथ वैदिक रीति से पूजन अर्चन के बाद वृहद्द कलश यात्रा का आयोजन किया। तत्पश्चात विधिवत व्यास पूजन किया। कथा व्यास आचार्य सुशील बलूनी ने छह दिनों के कार्यक्रमों के बारे में श्रोताओं को अवगत कराया। बताया कि प्रतिदिन शाम चार बजे से हरी इच्छा तक कथा चलेगी। प्रथम दिवस प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीवन को जीने की कला को वास्तु शास्त्र बताया। वास्तु शास्त्र में आध्यात्मिक व प्रयोगात्मक पक्षों पर विशेष चर्चा हुई। कथा के बीच में यूनिट के बच्चों ने सुंदर प्रस्तुति दी तथा पूरे मनोभाव से कथा में भाग लिया।

जिले में 22 हजार छात्रों को सदस्य बनाएगा एबीवीपी

बैठक करते एबीवीपी के पदाधिकारी। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गोंडा के कार्यकर्ताओं ने जिला समीक्षा योजना बैठक कर वर्ष भर की संगठनात्मक योजना बनाई। जिसमें आगामी कार्यक्रमों व अभियानों को गति प्रदान करने के संदर्भ में चर्चा की गई। गत वर्ष के कार्यों की समीक्षा की गई। प्रवासी के रूप में प्रान्त सोशल मीडिया संयोजक नवीन दुबे ने कहा कि अभाविप विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से सतत सक्रिय है। जिला संयोजक मृदुल सिंह ने बताया कि इस वर्ष एबीवीपी गोंडा ने सदस्यता अभियान के माध्यम से 2,2000 छात्रों को जोड़ने का लक्ष्य रखा है तथा जिले में 15 नगर इकाइयां गठित करने का लक्ष्य है। इस वर्ष 150 गांवों में विस्तार केंद्र बनाएंगे। जिला सह संयोजक कुलदीप तिवारी ने बताया कि जिले की विभिन्न शैक्षिक समस्याओं के विषय में अभाविप आंदोलन करेगा। इस दौरान विभाग संगठन मंत्री प्रखर मिश्रा, जिला प्रमुख पवन शुक्ला, नगर मंत्री रवि शुक्ला, सुधांशु मिश्र, रानी तिवारी, काजल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाई जाएगी हनुमान जयंती

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : श्री मेहंदीपुर बालाजी सेवक परिवार समिति द्वारा 11वें भंडारे का आयोजन किया गया है। इसमें 22 अप्रैल को सुबह 10 :00 बजे श्री अखंड रामायण पाठ आरंभ होगा जो 23 अप्रैल को पाठ की समाप्ति होगी। इसी दिन श्री मेहंदीपुर बालाजी का रात्रि जागरण होगा। जिसमें भजन गायक रोहित शर्मा दीपक, कुमार प्रिंस, गितेश प्रकाश अपने भजनों की हाजिरी लगाएंगे। मनीष बजरंगी लखनऊ द्वारा झांकी का आयोजन किया गया है। आयोजन बड़गांव पुलिस चौकी स्थित शारदा देवी मैरिज लॉन में होगा। कार्यक्रम की जानकारी श्री मेहंदीपुर बालाजी सेवक परिवार समिति के सेवक प्रेम गोयल ने दी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अजय अग्रवाल, शिव शंकर सोनी, राजेंद्र जायसवाल, अमित सोमानी, रंजीत पटवा, संतोष सोनी, संतोष अग्रवाल, अमरनाथ गुप्ता, महंत शम्भू मोदनवाल आदि को कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। उधर, श्री मेंहदीपुर बालाजी परिवार द्वारा हनुमान जयंती पर मालवीय नगर स्थित हनुमान गढ़ी पर भंडारे का आयोजन किया गया है। आयोजक सुनील कुमार रस्तोगी ने बताया कि मंदिर प्रांगण में 11 किलो के केक के साथ हनुमान जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा।

एक नजर

ओवरब्रिज पर स्ट्रीट लाइट खराब, रहता है अंधेरा

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : शहर के बड़गांव में रेलवे ओवरब्रिज पर लगी स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। इससे आवागमन में लोगों को दिक्कत होती है। शहर से सेमरा दम्मन, रेलवे कालोनी, नाथ नगर, जयनगरा समेत इटियाथोक व बलरामपुर तक जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे स्टेशन से यात्रियों का देर रात तक आना जाना रहता है। उन्हें अंधेरे में ओवर ब्रिज पार करने में हादसे की संभावना बनी रहती है। रामकुमार कहते हैं कि लाइट न होने से परेशानी होती है।

स्कूल का समय न बदलने से बढ़ी बच्चों की परेशानी

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : गर्मी में स्कूलों का समय नहीं बदला गया है। निदेशक बेसिक शिक्षा ने बीएसए को समय परिवर्तन करने से रोक दिया है। इससे परिषदीय स्कूलों के साथ ही निजी स्कूलों में भी सुबह आठ बजे से दो बजे स्कूल चल रहे हैं। दोपहर में चिलचिलाती धूप में छुट्टी के समय बच्चों को घर जाने में दिक्कत होती है। गर्मी से उन्हें चक्कर भी आ जाता है। शिक्षक संगठनों ने स्कूल समय दोपहर के समय दो घंटे कम करने और सुबह के समय एक घंटे बढ़ाने की मांग किया है। गर्मी में एक घंटे के राहत की मांग किया है।

शहर में मच्छरों से मुक्ति दिलाने की मांग

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : शहर में जगह- जगह नालों के जाम होने से मच्छर बढ़ गए हैं। मच्छरों से मुक्ति के लिए शहर वासियों ने मच्छर के लिए एंटी लार्वा के छिड़काव कराने की मांग किया है। सियाराम कहते हैं कि दिन भर मच्छरों का आतंक रहता है। जिससे लोगों को परेशानी होती है। मच्छरों के काटने से बीमारी भी हो रही है। ईओ संजय मिश्र कहते हैं कि शहर में सफाई की व्यवस्था की गई है। छिड़काव भी कराया जा रहा है।

छह लाख नकद व दो किलो चांदी पकड़ी

वाहन चेकिंग के दौरान सतर्कता टीम को कामयाबी, कागज नहीं दिखा सके कार सवार

- नकदी और चांदी जब्त कर आयकर विभाग को भेजी जांच

गोंडा कार्यालय

कार की चेकिंग करती एफएसटी टीम। अमृत विचार

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में अवैध लेनदेन को रोकने के लिए लगायी गयी एफएसटी टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान 6 लाख करेंसी के साथ मिली 2 किलो चांदी पकड़ने में सफलता पायी है। पुलिस ने नकदी और चांदी को जब्त कर लिया है और वाहन चालक को कैश और चांदी से संबंधित कागजात दिलाने के लिये सात दिन की मोहलत दी है।

सतर्कता टीम के प्रदीप कुमार मौर्य (सिंचाई विभाग) की अगुवाई में शनिवार को उपनिरीक्षक हरिशचंद्र पांडेय, संजय सिंह के साथ आने जाने वाले वाहनों की जांच कर रहे थे। लखनऊ की तरफ जा रही कार को जांच दल ने रोका उनकी तलाशी ली तो कौड़िया निवासी कृष्ण कुमार के पास पांच लाख रुपये नकद बरामद हुई। उसी कार में बैठे महेंद्र कुमार सोनी निवासी कौड़िया के पास 90 हजार रुपये व दो किलो के करीब दो चांदी के बिस्कुट भी बरामद हुए।

जांच टीम ने कागज मांगा तो कार सवार कागज नहीं दिखा सके। इन सबको कोतवाली लाया गया। जहां बरामद सभी माल को जब्त कर लिया गया। कोतवाल निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि छह लाख रुपये की नकदी व दो किलो के करीब चांदी की जब्ती कर आयकर व जीएसटी विभाग को जांच के लिए भेजा गया है।

सात बीघे गेहूं की फसल जली

मनकापुर, अमृत विचार: रविवार को अज्ञात कारणों से खेत मे रखी सात बीघा गेहूं की फसल में आग लगने से जलकर राख हो गया। रविवार को दोपहर बाद क्षेत्र के ग्राम पंचायत दिनकरपुर निवासी मार्कण्डेय शुक्ला के गेहूं के खेत में अचानक आग लग गई जिसमें करीब सात बीघा गेहूं की फसल काट कर मड़ाई के लिए रखा था अज्ञात कारणों से आग लगने से जल कर खाक हो गई। ग्रामीणों द्वारा काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हल्का लेखपाल अजय कुमार भारती ने बताया कि आग से हुए नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजी जा रही है। पीड़ित को आहेतुक सहायता दिलाई जाएगी।

इंडिया गठबंधन को मजबूत करें कार्यकर्ता: राकेश वर्मा

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: इंडिया गठबंधन कांग्रेस समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी श्रेया वर्मा के चुनाव अभियान की कमान संभाल रहे पूर्व मंत्री राकेश वर्मा ने रविवार को कांग्रेस भवन कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर मुलाकात की। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टी के नेतृत्व में काफी सोच समझकर इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी मैदान में उतारा है। इसलिए दोनों दलों के कार्यकर्ता पूरी ताकत में जाकर घोषणा पत्र के बारे में आम जनमानस को अवगत कराये। पूर्व मंत्री ने कहा कि देश संक्रमण काल से गुजर रहा है देश को इंडिया गठबंधन ही सुरक्षित कर पाएगा। हमारा सिद्धांत लोगों को जोड़कर सभी दल, समाज का विकास करें। जबकि सत्ता सीन लोग फूट डालकर राज करना चाहते हैं। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने कहा कि समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गठबंधन में जो दायित्व मिला है उसको पूरा करने में जुट जाए। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष रफीक जिला प्रवक्ता शिवकुमार दुबे, पीसीसी सदस्य जलील अहमद खान, मोहम्मद अहमद फारूकी, ज्ञानचंद श्रीवास्तव, आमिल अंसारी, हनुमान प्रसाद, शाहिद अली कुरेशी समेत कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम का आयोजन

परसपुर, अमृत विचार: परसपुर विकास क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सहायक विकास अधिकारी आईएसबी राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि उपजिलाधिकारी करनैलगंज भरत भार्गव के नेतृत्व व खंड विकास अधिकारी परसपुर राजीव कुमार सक्सेना के अध्यक्षता में कलस्टर स्तर पर महादेवन संकुल सिंगरिया, आदिशक्ति डेहरास, नई दिशा चरसड़ी एवं दीप संकुल खरगूपुर में समूह दीदियों, ग्राम प्रधान आदि को मताधिकार के प्रति जागरूक करते हुए शपथ एवं हस्ताक्षर आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में सहभागिता के प्रति अपील की है गयी। कार्यक्रम में लोगों से उनके मत के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए आगामी 20 मई को जनपद में होने वाले लोकसभा चुनाव में बिना किसी प्रलोभन के शत प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र के निर्माण में अपनी सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

मतदान केंद्र पर एसपी ने लिया तैयारी का जाएगा

गोंडा कार्यालय

मतदान केंद्र का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

अमृत विचार: रविवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर मतदान केन्द्रों, बूथों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। एसपी ने स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित कर आस-पास की हो रही गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल की। मतदान केंद्रों की संवेदनशीलता को चिन्हित किया गया। उन्होंने आमजन को जागरूक करते हुए कहा कि जनपद में पांचवें चरण का मतदान 20 मई को होना प्रस्तावित है। प्रत्येक मतदान केन्द्रों के सम्बन्ध में निर्धारित 20 बिन्दुओं के प्रारूप में थानावार रजिस्टर बनवाया जा रहा है। प्रभारी कोतवाली देहात देवेंद्र श्रीवास्तव ने बताया गया कि संवेदनशील ग्राम के सभी संभावित ट्रबल मेकर्स को चिन्हित कर उनके विरुद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही की जा चुकी है। पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित पूर्व प्रधान व अन्य ग्रामवासियों से वार्ता कर गांव के पुराने विवादो व गांव में चुनाव के दौरान उत्पन्न हो सकने वाले विवादो के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी की।

एसपी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। चुनाव में गड़बड़ करने वालो पर पुलिस की पैनी नजर है। चुनाव के दौरान किसी तरह की अफवाह न फैलाये न फैलने दे। अफवाह फैलाने वाले तत्वों पर भी पुलिस सतर्क नजर रख रही है तथा चुनाव के दौरान किसी प्रकार की अराजकता फैलाने वालो लोगो पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

पुलिस अधीक्षक ने बताया गया कि जनपद के संवेदनशील, अतिसंवेदनशील बूथों पर ड्रोन कैमरे के माध्यम से नजर रखी जा रही है। ड्रोन कैमरों की सहायता से संवेदनशील मतदान केंद्रों की मैपिंग की जा रही है तथा आसपास के क्षेत्रों की भी निगरानी की जा रही है।

जर्जर सड़क से राहगीर हो रहे परेशान

गोंडा कार्यालय

विकासखंड इटियाथोक वेदपुर माफी से अयाह को जाने वाली सड़क। अमृत विचार

अमृत विचार: विकासखंड इटियाथोक व मेहनौन विधानसभा क्षेत्र की कई सडके टूट गयी है। जिम्मेदार विभाग व जनप्रतिनिधि इन्हे बनवाने मे कोई रूचि नहीं ले रहे है। ऐसे मे स्थानीय लोगों में नाराजगी है। कुछ ऐसा ही हाल इटियाथोक ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत वेदपुर माफ़ी से अयाह गांव के करीब एक किलोमीटर लम्बी सड़क का है। कई साल पूर्व पूरी तरह से टूटकर ध्वस्त हो गयी है। इस ऊबड़ खाबड़ सड़क से आवागमन करने को यहां ग्रामीण मजबूर हैं। साईकिल से आने जाने वाले स्कूली बच्चों समेत क्षेत्र के बुजुर्गों को इधर से आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। अत्यंत जर्जर व टूटी सड़क से अयाह, वेदपुर माफ़ी, बसवरिया, रमगढ़िया, भटपुरवा, विशुनपुर संगम, शिवपुरिया, बंजरिया आदि दर्जनों ग्रामों के सैकड़ों लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं। जिन्हें भारी दिक्क़तों का सामना करना पड़ रहा है। वेदपुर माफ़ी गांव के मोहित मिश्रा, ओमकार पांडेय, अजय कुमार, दिनेश, दीनानाथ, कृष्ण मुरारी, रमेश यादव, अनूप, कृष्ण मोहन शुक्ला, भूपेंद्र पांडेय, कृष्ण गोपाल समेत आस पास गांव के दुर्गेश मिश्रा, राघव वर्मा, ज्ञान प्रकाश सिंह आदि ने बताया कि वर्षों से यह सड़क काफी खराब और टूटी फूटी है। सड़क पर इधर-उधर पत्थर बिखरे हुए हैं।

अग्निशमन विभाग ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

गोंडा कार्यालय

जिलाधिकारी से प्रमाणपत्र लेते अग्निशमन अधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार: अग्निशमन विभाग की ओर से अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस तथा अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इस वर्ष का थीम अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें, राष्ट्रीय निर्माण में योगदान दें विषय पर जागरूकता के क्रम में फायर सर्विस गोंडा की तरफ से मुख्य अग्निशमन अधिकारी रामसुमेर त्रिपाठी व प्रभारी अग्निशमन अधिकारी नितेश शुक्ल ने विभिन्न शिक्षण संस्थानों एवं अन्य कई स्थानों पर अग्नि सुरक्षा से संबंधित व्याख्यान, बहुखंडी भवनों, व्यावसायिक प्रतिष्ठान व सभागारों का निरीक्षण, अग्नि निवारण, अग्नि व्यवस्थाओं की जांच एवं माक ड्रिल के लिए अभियान चलाया। रामसुमेर त्रिपाठी ने बताया कि इसके संबंध में ग्रामीण अंचलों के विभिन्न क्षेत्रों में अग्नि निवारण के लिए आम जन मानस को जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि विगत 14 अप्रैल 2024 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह मनाए जाने के संबंध में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी ने स्कूलों, अस्पतालों एवं विभिन्न व्यावसायिक संस्थानों में जन जागरूकता अभियान चलाया।

कस्तूरी हॉस्पिटल निकट बड़गांव चौकी गोंडा, सिद्धिविनायक हॉस्पिटल निकट गल्ला मंडी बहराइच रोड, आदित्य ग्रेन इंडस्ट्री बलरामपुर रोड, स्वामी दयाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आर्यनगर, श्याम बिहारी मेमोरियल स्कूल बहराइच रोड, श्री सिध्दिविनायक क्लीनिक बहराइच रोड, डॉक्टर शुक्ला डेंटल क्लीनिक बहराइच रोड, श्री रानी सती ऑयल ट्रेडर्स निकट बड़गांव चौकी पर पहुंच कर अग्नि से बचाव एवं अग्निकांडों के रोकथाम के संबंधी उपाय समझाये गये।

सार-संक्षेप

लेखपाल ने कब्जेदारों पर दर्ज कराया मुकदमा

करनैलगंज, अमृत विचार : बंजर भूमि का आवासीय पट्टा करूवा ग्राम पंचायत के लोगों को दिया गया था। जिस पर गांव के ही कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया। जिसको खाली कराने की तमाम कोशिश की गई लेकिन नहीं खाली किया गया। जिस पर लेखपाल ने मुकदमा दर्ज कराया है। लेखपाल रमेश चन्द्र ने बताया कि भूमि का आवास आवंटन नीलम व कमलेश को 29 दिसम्बर 2021 को किया गया था। जिसका सीमांकन 28 मार्च 2024 कराकर मौके पर चारों कोने पर पत्थर लगवा दिया गया। मौके पर अनिल, कल्पनाथ, गोबरे, सकनू, मुरलीधर के द्वारा अवैध रूप से अपना कब्जा बताकर कब्जा छोडने को तैयार नही हुए। कई बार आपसी सहमति से विवाद निस्तारण का प्रयास किया गया परन्तु अवैध कब्जा नहीं छोडा जिस पर मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाल निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर पांच पर केस दर्ज किया है।

महिला पर लाठी-डंडे से किया हमला

खरगूपुर, अमृत विचार : फसल काटने के दौरान महिला पर हमला कर घायल कर दिया गया। घायल महिला की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मामला थाना क्षेत्र के पचुरखी मनोहर जोत गांव का है। यहां की रहने वाली पूनम देवी पत्नी रामशरण का गांव के निकट गौनरिया में खेत है। वह खेत में गेहूं की तैयार फसल को काटने के लिए बच्चों के साथ गई थी। आरोप है कि पचुरखी मनोहर जोत गांव के रहने वाले भगवत शरण, ज्ञानवत, शिवशरण तथा रामानंद ने फसल काटने से रोकने लगे। जिसका विरोध करने पर पूनम देवी पर लाठी डंडे से हमला कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि घायल महिला को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया है। वहीं चारों आरोपियों के विरुद्ध हमले तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है।

सिटी मजिस्ट्रेट ने नपाप प्रशासक का पदभार संभाला

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद गोंडा के प्रशासक के रूप में सिटी मजिस्ट्रेट ने नपा कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। बताते चलें कि नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष उज्मा राशिद शत्रु संपत्ति के मामले में जेल में है। जेल जाने के बाद जिला प्रशासन ने उनके अधिकार को सीज कर दिया है। शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सिटी मजिस्ट्रेट विजय शर्मा को नगर पालिका परिषद गोंडा का प्रशासक नियुक्त किया है। नगर पालिका परिषद गोंडा के अध्यक्ष का अधिकार सीज होने के बाद विकास कार्य सहित कार्य ठप हो गए थे। नगर पालिका के कर्मचारी को वेतन निर्गत करने में भी समस्या आ रही थी। डीएम नेहा शर्मा ने सिटी मजिस्ट्रेट को कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया था जिन्होंने नगर पालिका परिषद के कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। माना जा रहा है कि नगर पालिका को प्रशासक मिल जाने के बाद रुके हुए विकास कार्य में तेजी आएगी। साथ नपा के कर्मचारियों को वेतन आदि मिलने में भी सुविधा होगी। प्रशासक का कार्यभार ग्रहण करने के बाद सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि नियमानुसार जो भी दायित्व मिला है उसका पालन किया जाएगा।

समाजसेवी के निधन से शोक की लहर

करनैलगंज, अमृत विचार : वरिष्ठ नेता व समाजसेवी अवधेश सिंह (70) वर्ष का इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। अवधेश सिंह करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम प्रतापपुर के मूल निवासी थे तथा पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के मित्र भी थे। जब जनता दल की सरकार थी तथा बीपी सिंह, चंद्रशेखर, इन्द्र कुमार गुजराल और देवेगौड़ा देश के प्रधानमंत्री थे, उस समय अवधेश सिंह का उत्तर प्रदेश की राजनीति में अच्छा दखल था। उनका पूरा जीवन किसी न किसी प्रकरण को लेकर संघर्ष और आंदोलनों से जुड़ा रहा। जनहित और समाज के मुद्दों पर यदि आंदोलन की जरूरत पड़ी तो वह सबसे आगे रहते थे। वे एक साहित्यिक संस्था तथा अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद संगठन के संस्थापक सदस्य रहे। गत 14 अप्रैल को अचानक तबियत बिगड़ने पर उन्हें करनैलगंज के एक निजी चिकित्सालय लाया गया जहां पांच दिनों तक इलाज के बाद उन्हें लोहिया संस्थान लखनऊ ले जाया गया। लोहिया अस्पताल में रविवार को सुबह इलाज के दौरान उनका देहांत हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। सुबह से ही उनके आवास पर अंतिम दर्शन करने वाले लोगों का तांता लगा रहा। उनका अंतिम संस्कार चचरी में दोपहर बाद किया गया। उनके निधन पर पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह, डॉ आईपी सिंह, त्रिलोकी नाथ तिवारी, अरविन्द शुक्ल, अशोक सिंह, विवेक सिंह, शमीम अहमद अच्छन, गणेश पाण्डेय, पवन ओझा, इस्तिखार अंसारी, केडी सिंह, आदि ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

उत्पीड़न व छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज

नवाबगंज, अमृत विचार : दलित युवक का दूसरे समुदाय के युवक द्वारा अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने दलित उत्पीड़न व छेड़छाड़ सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। कस्बे के एक मोहल्ला निवासी दलित महिला ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि उसी के मोहल्ले में एक युवक क्लीनिक चलाता है। उसके ससुर व परिवार के अन्य लोगों के बीमार होने पर उनका इलाज करने के लिए अक्सर उसके घर आता जाता रहता था। किसी दिन उसके नहाते समय वह उसकी अश्लील वीडियो बना लिया। उसके बाद फोटो व वीडियो उसे दिखा कर उसे ब्लैकमेल कर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। मना करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देता था। बृहस्पतिवार की शाम को वह उसके घर पर आ कर उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए छेड़छाड़ करने लगा, शोर मचाने पर घर से भाग गया। इसके उसने घटना के बारे में अपने पति को बताया।

हादसे में घायल महिला की मौत

नवाबगंज, अमृत विचार: नवाबगंज थाना क्षेत्र के दुल्लापुर गांव के मल्लहनपुरवा निवासी पिंकी देवी 29 वर्ष रविवार की सुबह अपने पति लक्ष्मन निषाद के साथ बाइक से अपने मायके महराजगंज बस्ती जा रही थी। कि गोंडा-अयोध्या राज्यमार्ग पर बालापुर गांव के पास पीछे से आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे पिंकी देवी बाइक से सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उन्हें इलाज के लिए अयोध्या के श्रीराम अस्पताल में भर्ती कराया। प्रधान धनराज यादव ने बताया पिंकी की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है।

लू के थपेड़ों से जनजीवन बेपटरी

मुंह को ढंककर जाती छात्रा। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: गर्मी तेवर दिखा रही है। लोग परेशान हैं। लू के थपेड़ों के बीच किसी तरीके से अपना काम निपटा रहे हैं। लगातार पड़ रही गर्मी लोगों को रुलाने लगी है अस्पताल में भी डायरिया के मरीज बढ़ रहे हैं। अप्रैल माह में ही गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। गर्मी व तेज हवा चलने से लोग घर से बाहर निकलने में कतरने लगे हैं। प्रचंड गर्मी और चिलचिलाती धूप के कारण रविवार को लोग बेहाल नजर आए। तीखी धूप से दोपहर में सड़कों पर चलना दूभर हो गया है। धूप इतनी तेज है कि जैसे आसमान से आग बरस रही है। धूप से खुद को बचाने के लिए लोग छतरी और गमछे का सहारा ले रहे हैं। कामकाजी लोगों को ज्यादा ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकत तापमान 39 व न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस रेकार्ड किया गया। मौसम के तल्ख मिजाज को देखते हुए अधिकांश लोग दोपहर में घरों से बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं, लेकिन कामकाजी लोगों का धूप में निकलना विवशता है। फील्ड में कार्य करने वाले लोग तीखे धूप के कारण परेशान नजर आ रहे हैं। किसानों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। सुबह होते ही तापमान बढ़ने लगता है जिसके चलते मजदूर खेतों में काम करना नहीं चाहते हैं। इसकी वजह से किसानों के खेतों की कटाई और मड़ाई प्रभावित हो रही है। जिले के नवाबगंज इटियाथोक, अलावल देवरिया, मोतीगंज, बेलसर ,तरबगंज, कटरा बाजार, खरगूपुर, परसपुर, सुभागपुर, वजीरगंज, डुमरियाडीह आदि क्षेत्रों में किसानों की फसलें अभी खेतों में हैं। गर्मी का आलम यह है कि घर से निकलने वाले लोग चेहरा सहित पूरा शरीर ढंककर चल रहे हैं। तेज धूप और गर्मी बढ़ गई है। लिहाजा लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं।

जाम का झाम, दोपहरी में लोग हुए परेशान

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: नगर वासियों को जाम के झाम से मुक्ति नहीं मिल पा रही है। आने जाने वाले लोगों को जाम के चलते मुसीबत झेलना पड़ रहा है। रविवार को तेज धूप, दोपहरी में लोग काफी देर तक गुरु नानक चौराहे पर जाम में फंसे रहे।

चौराहे के चारों ओर ई रिक्शा वाले कतार बनाकर खड़े हो जाते हैं। रही सही कसर प्राइवेट बस वाले पूरी कर देते हैं। हालांकि ट्रैफिक सिपाही अकेले दम पर जाम को हटाने का प्रयास करते दिखा। वहीं दूसरी तरफ कुछ होमगार्ड के जवान वाहनों को पास करने में जुटे रहे चिलचिलाती धूप में एंबुलेंस भी हूटर बजता रहा। लेकिन किसी ने भी उसको अस्पताल की ओर जाने के लिए रास्ता नहीं दिया। पुलिस अधीक्षक सख्त लहजे में कई बार जाम की समस्या को लेकर रोडवेज व गुरु नानक चौकी इंचार्ज को निर्देश भी दिए हैं लेकिन आदेश का पालन होता नहीं दिख रहा है। गुरु नानक चौराहे से लखनऊ की ओर आने वाले बसें तो सड़क पर खड़ी होती ही हैं इसके साथ ई रिक्शा व सीएनजी रिक्शा भी खड़ा हो जाता है। अक्सर राहगीरों से तू तू मैं में भी होती है। यह हाल रोज का होता है। बाइक से जा रहे मोहम्मद इदरीश ने बताया कि आए दिन जाम की समस्या से जूझना पड़ता है।

अनदेखी ग्राम प्रधान, बिजली विभाग और जल निगम के अधिकारी एक-दूसरे को ठहरा रहे जिम्मेदार, ग्रामीणों में बढ़ा रहा आक्रोश

शोपीस बनी 11 करोड़ रुपये की लागत से बनी पानी की टंकी

संवाददाता, उमरी बेगमगंज



अमृत विचार: आम जनमानस को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की सरकारी मंशा को अमली जामा पहनाने के लिए जल निगम ने करोड़ों की रुपए की लागत से सोनौली मोहम्मदपुर में पानी टंकी की तो स्थापना कर दी, लेकिन वर्षों बीतने के बाद भी लोगों को एक बूंद पानी नसीब नहीं हो सका। मामले में ग्राम पंचायत, बिजली विभाग व जल निगम के अधिकारी एक दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

सरकार के मंशानुरूप सभी को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने के लिए गांव-गांव में पानी की टंकी की स्थापना कराई जा रही हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। बानगी के तौर पर एक दशक पहले सोनौली मोहम्मदपुर ग्राम पंचायत की 20 हजार आबादी को शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के लिए 11 करोड़ खर्च हो गए और ग्राम वासियों को एक बूंद पानी नसीब नहीं हो सका। ग्राम प्रधान ने लो वोल्टेज की समस्या बताई तो ग्रामीणों ने लापरवाही का आरोप लगाया है।

सोनौली मोहम्मदपुर ग्राम पंचायत में लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 11 करोड़ की लागत से 800 किलोलीटर की क्षमता कि पानी टंकी स्थापित की गई लेकिन विभागीय अधिकारियों की लापरवाही आमजन की मंशा पर भारी पड़ी और लोगों को अब तक एक बूंद पानी नसीब नहीं हो सका। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रायल के दौरान कई स्थानों पर लीकेज देखने को मिला जिसे कारदायी संस्था द्वारा सही नहीं कराया गया। फिलहाल जल निगम और विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की सरकारी मंशा पर पानी फिर रहा है।

> विभाग ने कार्य पूर्ण कराने के बाद तीन वर्ष पहले ही पानी की टंकी को ग्राम पंचायत को हैंड ओवर कर दिया है अब सारी जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की ही है लो वोल्टेज की समस्या आड़े आ रही है और गांव के लोग जबरदस्ती कटिया जोड़ लेते हैं जिससे मोटर नहीं चल पाता है।
>
> **-संजीत यादव,** अवर अभियंता जल निगम

> जल निगम द्वारा बिना लीकेज ठीक कराए ही तत्कालीन प्रधान व सचिव से मिलीभगत करके ग्राम पंचायत को हैंड ओवर कर दिया गया है लो वोल्टेज की समस्या भी रहती है। जिसकी वजह से संचालन नहीं हो पा रहा है।
>
> **-सुरेंद्र सिंह,** प्रधान प्रतिनिधि सोनौली मोहम्मदपुर

उधर, क्षेत्र पंचायत सदस्य विवेक सिंह कहते हैं कि विभागीय अधिकारियों और ग्राम प्रधान की लापरवाही के चलते लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। आखिर किसकी कमी से पानी नहीं मिल पा रहा है इसकी जांच होनी चाहिए। रवि सिंह ने बताया कि शुरुआत से ही पानी की सप्लाई ठीक ढंग से नहीं हो पाई। कभी यहां लीकेज तो कभी वहां लीकेज बहाना बनाकर विभागीय कर्मी सप्लाई बंद कर देते थे। 2 साल से सप्लाई पूरी तरह से ठप पड़ी हुई है। दोषी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। अरविंद कहते हैं कि जनप्रतिनिधियों से लेकर विभागीय अधिकारी एकदम मूकदर्शक बने हुए हैं। उधर, इस मामले में जल निगम गोंडा के अधिशासी अभियंता का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। जानकारी करके व्यवस्था दुरुस्त कराई जाएगी। यदि बिजली की वजह से संचालन बंद है तो जल्द आपूर्ति शुरू होगी।

एक नजर

जनता इस बार बीजेपी को उखाड़कर फेंक देगी: शरद

सीतापुर, अमृत विचार। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं अवध जोन के इंचार्ज शरद मिश्रा ने रविवार को स्थानीय ट्रीट होटल में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। शरद मिश्रा ने कहा कि 2024 का चुनाव लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र पर कहा कि यह जनता का घोषणा पत्र है जो राहुल गांधी जी के नेतृत्व में जनता को समर्पित है। एक सवाल का जवाब देते हुए शरद मिश्रा ने कहा कि सीतापुर ऐतिहासिक जिला है, यहां की जनता इस बार बीजेपी को उखाड़कर फेंक देगी। प्रदेश कांग्रेस की प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता ने स्थानीय मुद्दों पर कहा कि यहां महिलाओं के लिए डिग्री कॉलेज नहीं है। रेउसा थाना क्षेत्र में विगत दिनों में जिस तरह छोटी बच्चियों पर जघन्य अपराध हुआ। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी, शहर अध्यक्ष संतोष भार्गव, आमोद मिश्र, यूथ प्रेसिडेंट नरेंद्र वर्मा आदि उपस्थित रहे।

चुनाव में चयन को लेकर सतर्क एवं जागरूक हैं युवा

बलरामपुर, अमृत विचार। पूरे देश में लोकसभा चुनाव को लेकर उत्साह है। लोकसभा का चुनाव सात चरणों में होने है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान हो चुका है। लोकसभा चुनाव को लेकर श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र में क्या माहौल है?श्रावस्ती क्षेत्र के युवाओ में चुनावी समझ कितनी है और इस बार के चुनाव में किस मुद्दे को लेकर वोट करेंगे, आज के युवा राजनीति से कितना इत्तेफाक रखते है इन सब बातों को जानने के लिए अमृत विचार की टीम पहुंची तराई का ऑक्सफोर्ड कहे जाने वाले एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर।

संवाददाता के महाविद्यालय में प्रवेश करते ही चुनाव को लेकर गहमागहमी का माहौल गायब दिखा। महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं फुल ड्रेस में,व्यवस्थित

▸▸ चुनावी हाल जानने एमएलके पीजी कॉलेज पहुंची अमृत विचार की टीम

रूप से कैम्पस में दिखाई दिए।कोई क्लास रूम में जाते तो कोई क्लासरूम से कैंपस के अन्य जगहों पर जाते हुए दिखाई दे रहे थे। संवाददाता के कैंपस में आगे बढ़ते ही कॉलेज के बीच बने मैदान बच्चों का एक ग्रुप बैठा दिखायी पड़ा। अमृत विचार के संवाददाता ने छात्रों के बीच बैठकर सड़क, बिजली,पानी औद्योगिक विकास, राजनीतिक दलों के घोषणा पत्र, वर्तमान चुनावी और राजनीतिक व्यवस्थाओं, एक देश एक चुनाव, राजनीति में युवाओं के करियर को लेकर चर्चा की।

विश्वविद्यालयो,महाविद्यालयों में भले ही छात्र राजनीति की सियासत भले ही बंद हो गयी हो लेकिन अब

बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज के मैदान में चुनावी चर्चा करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

भी छात्र राजनीति में कुछ करने का जज्बा रखते है। ग्रुप में बैठो छात्रों ने पार्टियों के घोषणा पत्र पर कहा कि कोई भी पार्टी कभी भी अपने घोषणाओं को पूरा नही करती है। ये सिर्फ चुनावी वादे है,मतदाताओं से लुभावने वादे करके सिर्फ वोट लेते है और कुछ नही।

छात्रों ने कहा कि विकास तो हर दौर में होता रहा है। हर सरकारों ने कुछ न कुछ नया किया। कई बार सरकारें दुबारा सत्ता में आई तो उन्होंने और अच्छा करने का प्रयास किया। प्रत्येक सरकारों ने चाहे किसी भी पार्टी की रही हो उन्होंने सड़क,बिजली,पानी और मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान दिया है।

वर्तमान चुनावी हालातो पर चर्चा करते हुए छात्रों ने कहा कि अब चुनाव विकास के मुद्दों पर नही,जातिवाद,क्षेत्रवाद,धर्म और परिवारवाद के नाम पर होने लगे है। इसलिए ज्यादातर युवा राजनीति से दूर अन्य क्षेत्रों में अपना कैरियर बनाना चाहते है।

एक छात्र ने कहा कि युवा चाह ले तो किसी भी चुनावी बिसात पर राजनीतिक दल का समीकरण बना और बिगाड़ सकता है।युवाओ के किस आधार पर वोट देने के सवाल पर कहा कि प्रत्याशी कैसा है और उसके काम देखकर ही वोट देंगे।लेकिन कुछ छात्रों ने इससे इतर जातियता और क्षेत्रवादिता पर वोट देने के मन बनाया।

एक छात्र ने बेबाकी से अपनी राय रखी और कहा कि लोकतंत्र तब मजबूत होता है जब पक्ष और विपक्ष दोनों मजबूत होती है।यही खूबसूरती है हमारे देश की।लेकिन वर्तमान परिदृश्य में विपक्ष कमजोर नज़र आ रहा है।

अनुरक्षण पर लाखों खर्च फिर भी बिजली व्यवस्था बदतर

बलरामपुर। भीषण गर्मी शुरू होते ही जिले में बिजली व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही है। निर्धारित रोस्टर से ज्यादा स्थानीय स्तर पर होने वाले फाल्ट की वजह से ज्यादा कटौती होती है।लोड के मानक से ट्रांसफार्मर और लाइन दुरुस्त नहीं होने के कारण स्थानीय ट्रिपिंग की स्थिति बढ़ती जा रही है इसी वजह से अतिरिक्त बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। बिजली उपकरणों के संयोजन में प्रतिवर्ष लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं।बिजली के तार,ट्रांसफार्मर व अन्य उपकरण का नवीनीकरण हर साल होता है। बावजूद इसके तेज हवाओं के बीच तारो का टूटना आम हो जाता है। लाइन में कहां फाल्ट हो गया इसे ढूंढने में कर्मियों को घंटे मशक्कत करनी पड़ती है।इस ओर बिजली विभाग के अधिकारियों का ध्यान न देना आम जनता की परेशानियों का सबब बनता जा रहा है। स्थानीय लोग बिजली कटौती से परेशान है। लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से बढ़ती जा रही लोकल फाल्ट की समस्या को दुरुस्त कराने की मांग की है।

निर्वाचन कार्य में लापरवाही पड़ी भारी शिक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

प्राथमिक विद्यालय बरहवा हरैया सतघरवा के अध्यापक के विरुद्ध एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार। निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य में जान बूझकर लापरवाही बरतने एवं बिना किसी पूर्व सूचना के विगत 15 फरवरी से गैरहाजिर चले रहे बेसिक शिक्षा विभाग के अध्यापक पर जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह के आदेश पर एफआईआर दर्ज कराई गई है।

बताते चलें कि शिक्षा क्षेत्र हरैया सतघरवा अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बरहवा के अध्यापक सुनील कुमार 15 फरवरी 2024 से बिना किसी पूर्व सूचना के लगातार अनुपस्थित चल रहे हैं तथा उनके द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्पष्ट रूप

से दिए निर्देशों के बावजूद प्राथमिक विद्यालय (मतदान केंद्र) पर आधारभूत सुविधाएं जैसे शौचालय एवं मूत्रालय, पेयजल, साफ-सफाई इत्यादि की व्यवस्था बार-बार निर्देश के बाद भी सुनिश्चित नही की गई है और इस संबंध में अपना स्पष्टीकरण भी नहीं दिया गया और वह लगातार गैरहाजिर चल रहे हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित अध्यापक सुनील कुमार के विरुद्ध निकटतम थाने में सुसंगत धाराओ में एफआईआर दर्ज कराने के आदेश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए जिसके क्रम में खंड शिक्षा अधिकारी हरैया सतघरवा सियाराम वर्मा ने संबंधित अध्यापक के खिलाफ थाना हरैया में एफआईआर दर्ज कराया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन से जुड़े सभी अधिकारियों कर्मचारियों को आगाह किया है कि निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता, अनुशासनहीनता अथवा लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा ऐसे उद्दंड कर्मचारी अधिकारी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही विभागीय कार्रवाई भी प्रचलित की जाएगी।

प्रशिक्षण से गायब 45 कर्मियों को भेजा गया नोटिस

बलरामपुर। श्रावस्ती लोकसभा चुनाव तथा गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव में मतदान ड्यूटी करने वाले कार्मिकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण रविवार को संपन्न हुआ।तीन दिनों में कुल 3940 कर्मियों को प्रशिक्षण देना था।पहले दिन 21 दूसरे दिन 17 तथा तीसरे दिन कुल 7 मतदान कर्मी प्रशिक्षण से गायब रहे। नोडल अफसर सीडीओ संजीव कुमार मौर्य की देखरेख में प्रशिक्षण संपन्न हुआ।मास्टर ट्रेनों द्वारा सभी पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान कर्मियों को ईवीएम और वीवीपैट के संचालन की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण से गायब कल 45 कर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई का निर्देश डीएम अरविंद सिंह ने दिया है। सीडीओ संजीव कुमार मौर्य ने बताया की सभी विभाग अध्यक्षों के माध्यम से गायब कर्मियों को नोटिस भेज दिया गया है। नोटिस का जवाब संतोषजनक न मिलने पर इन कर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

भीषण गर्मी व लू लोगों के लिए बनी मुसीबत

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार। जिले में भीषण गर्मी का सितम जारी है। दोपहर के समय तेज धूप व लू ने आम जनता को घरों में कैद रहने पर मजबूर कर दिया है। बीते कई दिनों से रात का तापमान भी सामान्य से ऊपर होने की वजह से रात के समय में भी गर्मी का सिलसिला जारी है।

भीषण गर्मी में गर्म हवाओं के थपेड़ो और धूप से बचने के लिए हर कोई जतन कर रहा है।महिलाएं छाता व दुपट्टा का सहारा ले रही है तो बच्चे व बड़े टोपी व गमछों का सहारा लेने को मजबूर है।रविवार को अधिकतम तापमान करीब 40 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।दोपहर के समय सड़को पर सन्नाटा पसरा दिखाई दिया । तो वहीं यात्रियों को पेड़ो व दीवारों के सहारा लेकर धूप से बचाव करना पड़ रहा है। तेज धूप व लू के कारण संक्रामक रोगों का प्रकोप भी बढ़ गया है। प्रशासन हीट वेव की चेतावनी दी है।लोगों को गर्मी व लू से बचने की सलाह लगातार दी जा रही है।

मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहीं अवैध रूप से संचालित क्लीनिक

उतरौला/बलरामपुर

अमृत विचार। क्षेत्र में दर्जनों अवैध क्लीनिक चल रहे है। संचालनकर्ता मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है। गांवों में पर्याप्त चिकित्सा सुविधा नहीं मिलने पर ग्रामीण इन क्लीनिकों पर अपना इलाज करवाते है। ऐसे में कई बार मरीजों के जान जाने का खतरा भी बन जाता है। इन दिनों मौसम परिवर्तन होने के साथ ही वायरल बुखार, जुकाम सहित अन्य बीमारियों के मरीजों में बढ़ोतरी हुई है। गांवों में चिकित्सा सुविधा की कमी होने के कारण कई अवैध क्लीनिक खुले हुए है, जो मरीजों से मनमाफिक फीस वसूलकर उनका इलाज करते है। ऐसे में अगर कोई गलत दवाई देने से तबीयत ज्यादा खराब हो जाती है, तब उन्हें बड़े अस्पताल जाने की सलाह दी जाती है। इन अवैध क्लीनिकों पर दिनभर मरीजों की भीड़ लगी रहती है।

मेडिकल स्टोर की आड़ में अपने आप को डॉक्टर बताकर फर्जी क्लीनिक खोल रखे हैं, यहां पर मरीजों का इलाज किया जाता है। यह लोग न तो कोई पर्ची पर दवाई लिखते है और न ही इलाज के लिए कोई प्रमाण छोड़ते है। ऐसे में अगर मरीज की सेहत पर कोई असर पड़ता है तो अपने हाथ खींच लेते है। बिना सबूत के इन पर कोई कार्रवाई भी नहीं होती है।

मरीजों को देते है हैवी डोज

सामान्य सर्दी, जुकाम, खांसी और बुखार के मरीजों को एंटीबायोटिक के साथ संबंधित दवाइयों के कंबीनेशन का हैवी डोज दे रहे हैं। इसका मरीजों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। अनजान लोगों को इसका पता ही नहीं चलता है और कई बार तो मरीजों में इसके साइडइफेक्ट भी देखने को मिलते हैं।

उतरौला नगर के विभिन्न मोहल्लों व गांवों में जगह जगह मेडिकल स्टोर की आड़ में अवैध क्लीनिक चलाए जा रहे है। चिकित्सा विभाग को इसकी सब जानकारी होने के बावजूद भी इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। हाल ही में खानापूर्ति के नाम पर उतरौला में अवैध रूप संचालित कई अस्पताल व नर्सिंग होम सीज किया गया था। जो सीज होने के हफ्ते भर बाद ही पुनः संचालित होने लगे।

उतरौला के विभिन्न मुख्य मार्गों पर धड़ले से अवैध अस्पताल संचालित हो रहे हैं। कई अस्पताल ऐसे भी चल रहे हैं जहां एक भी डॉक्टर मौजूद नहीं रहता। और कई बिना पंजीकरण के जच्चा बच्चा केंद्र का संचालन कर रहे हैं। कई अवैध अस्पताल में हाई स्कूल व इंटर फेल संचालक अपने आप को डॉक्टर बता रहे हैं। क्षेत्र के लोगों ने डीएम व सीएमओ से अवैध क्लीनिकों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

कर वसूली का दायरा बढ़ाएगी बलरामपुर नगरपालिका परिषद

नगर पालिका परिषद बलरामपुर में कर समीक्षा बैठक के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

बलरामपुर, अमृत विचार। नगर पालिका परिषद बलरामपुर में वसूलीकर्ताओं की बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में वसूली में तेज़ी लाने का निर्णय लिया गया। आदर्श नगरपालिका परिषद ने मंशा अनुरूप कर वसूली कर्ताओं की बैठक की गई।

निरीक्षक हर्षित मिश्रा एंव अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने कर वसूली के संबंध मे निर्देश दिया कि अपने अपने वार्डों के रजिस्टर से कर

▸▸ कर मुक्त भवनों को भी कर दायरे में लाने का आदेश

से मुक्त भवनों की संख्या की गणना करके सभी कर मुक्त भवनों को कर के दायरे में लाने की कार्यवाही तेजी से की जाए।साथ ही समय सीमा बाध्य तरीक़े से कार्य करने रजिस्टर में दर्ज सभी कर मुक्त भवनों को कर के दायरे में लाया जाए। जिससे कर वसूली में तेज़ी आ सके।साथ ही पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिस भवन स्वामियों द्वारा कर का भुगतान नहीं किया गया है उन सभी भवन स्वामियों की सूची तैयार करके वसूली के लिए अग्रिम कार्यवाही किया जाये । साथ ही सभी कर्मियों को निर्दश दिया कि प्रति दिन की प्रगति की रिपोर्ट ह्वाट्सऐप ग्रुप पर शेयर करना सुनिश्चित करे।बैठक में अजय पांडेय, रोहित देव त्रिपाठी, वाहिद अहमद, इरफ़ान, विजय, अजय कसेरा, अतीक अहमद समस्त वसूली कर्ता उपस्थित हुए।

निरीक्षण के बाद डॉक्टर समेत सात कर्मियों का सीएमओ ने रोका वेतन

सीएचसी तुलसीपुर में आयुष्मान भव मेले का निरीक्षण करते सीएमओ। अमृत विचार

बलरामपुर, अमृत विचार। रविवार को जनपद बलरामपुर के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर में आयोजित आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने किया।

निरीक्षण में चिकित्सक समेत कुल 07 कर्मी अनुपस्थित पाए गए, सीएमओ ने सभी अनुपस्थित पाए गए कर्मियों के वेतन रोकने हेतु अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र

▸▸ सीएमओ ने किया आयुष्मान भव मेले का निरीक्षण

तुलसीपुर डॉ सुमंत सिंह चौहान को निर्देशित किया। सीएमओ ने वहां उपस्थित चिकित्सको व अन्य कर्मियों को निर्देशित किया कि आयुष्मान भव मेले का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाय जिससे इन मेलों का लाभ जनसमुदाय को प्राप्त हो। आज जनपद में आयोजित आयुष्मान भव मेले में कुल 2106 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि रविवार को आयोजित होने वाले आयुष्मान भव मेले जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में 17 सितंबर से लगातार सप्ताह में एक दिन हेल्थ मेला का आयोजन किया जा रहा है। सीएमओ ने प्रसव कक्ष एवम् एनबीएसयू यूनिट का भी निरीक्षण कर उपस्थित स्टाफ को आवश्यक निर्देश दिया।सीएमओ ने अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को निर्देशित किया कि हीट वेव से निपटने हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। डॉ सुमंत सिंह चौहान तथा सीएचसी तुलसीपुर के चिकित्सक आदि उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

बच्चों में धार्मिक व सांस्कृतिक जानकारी जरूरी : विकास

सन बीम्स पब्लिक स्कूल में पोस्टर प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित बच्चे व शिक्षक।

बलरामपुर, अमृत विचार। बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ धार्मिक व सांस्कृतिक ज्ञान भी जरूरी होता है।पढ़ाई के साथ-साथ उन्हें समय-समय पर धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और उनकी धार्मिक धरोहरों से अवगत कराना चाहिए। बच्चों को देश के महापुरुषों के बारे में भी जानकारी देनी चाहिए।यह बातें सन बीम्स पब्लिक स्कूल में महावीर जयंती के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता में शामिल बच्चों को संबोधित करते हुए प्रबंधक विकास सिंह राठौर ने कहीं।पोस्टर प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने भगवान महावीर से संबंधित तरह-तरह के आकर्षक चित्र बनाए। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय की ओर से पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर शिक्षक अंजलि रितु, नीतू रिया, सना, वंदना व रामनरेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

आग में जलकर चार झोपड़ियां हुईं राख

बलरामपुर। हरैया थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में चार झोपड़ी जलकर राख हो गई।सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। पहली घटना चौधरीडीह की है जहां दोपहर करीब 1:00 बजे मोहम्मद आजाद की झोपड़ी में अज्ञात कारणों से लग गई।आग ने पड़ोस के अकरम और मोहम्मद उमर के आशियाने को अपने आगोश में ले लिया। पुलिस तथा ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। दूसरी घटना दोपहर करीब 1:10 बजे ग्राम पंचायत सोनपुर के मजरे लोनियन पुरवा की है। जहां जंगल से उमेश चौहान के झोपड़ी में आग लग गई।मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी, स्थानीय पुलिस तथा ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। दोनों गांव के हल्का लेखपाल सुरेश कुमार तिवारी ने बताया कि क्षति का आकलन कर रिपोर्ट भेज दिया गया है।

खुशखबरी तुलसीपुर नगर के हरैया तिराहे रेलवे क्रॉसिंग पर बनेगा ओवरब्रिज

तुलसीपुर-भिनगा मार्ग को फोरलेन हाईवे की मिली सौगात

बलरामपुर, प्रभाकर कसौधन

अमृत विचार। नगर तुलसीपुर मे ट्रैफिक जाम की समस्या से जल्द ही लोगों को निजात मिलगी। नगर की हरैया तिराहा क्रॉसिंग पर तीन लेन ओवरब्रिज तथा तुलसीपुर-भिनगा मार्ग को फोरलेन हाईवे की सौगात मिली है जिसको लेकर स्थानीय लोग गदगद है।

हरैया तिराहा रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज का सर्वे होने के बाद प्रांतीय खंड लोक निर्माण विकास बलरामपुर द्वारा उपजिलाधिकारी को जीएडी तैयार करने के लिए पत्र जारी हुआ है। जो कि सोशल मीडिया पर भी वायरल है।पत्र

बलरामपुर के तुलसीपुर नगर में हरैया चौराहा रेलवे क्रॉसिंग यहीं पर बनेगा रेलवे ओवरब्रिज। अमृत विचार

को लेकर लोग प्रसन्नता व्यक्त कर रहे है। ओवरब्रिज बन जाने से देवीपाटन पहुंच रहे श्रद्धालुओं को भी सहूलियत मिलेगी।

जारी पत्र में तहसील कार्यालय के बलरामपुर चौराहे की तरफ चारदिवारी के आखिरी छोर यानी करीब 500 मीटर दूरी तक कितनी जमीन सड़क चौड़ाई उपलब्ध है इसके बारे में ब्यौरा मांगा है। क्षेत्रवासियों को यह सौगात मिलने से लोगों में काफी हर्ष है। अभी दो माह पहले देवीपाटन तीर्थ विकास परिषद का गठन होने के बाद करीब साढ़े 42 करोड़ रुपए की लागत से कॉरिडोर बनने की घोषणा हुई थी। जिसकी जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके बाद फोरलेन और ओवरब्रिज की सौगात मिलने से क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह है।

व्यापारी अनूप गुप्ता ,अवधेश कुमार,पंकज,विजय ने बताया कि ओवर ब्रिज बन जाने से जहां रोजाना लग रही जाम की समस्याओं से निजात मिलेगी वही देवी पाटन पहुंच रहे श्रद्धालुओं को भी आसानी होगी।

देवीपाटन मंदिर के महंत मिथलेश नाथ योगी का कहना है कि देवीपाटन क्षेत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता में है वह इस क्षेत्र का हर संभव विकास करने के लिए तत्पर रहते हैं। तुलसीपुर एसडीएम अभय सिंह ने बताया कि जो भी सूचना मांगी गई है, विभाग को उपलब्ध कराई जाएगी।

इंटर में आरिश खान तो हाईस्कूल में मानवी चौहान ने मारी बाजी

▸▸ स्कूल प्रबंधन तंत्र ने मेधावियों को दी बधाई

बलरामपुर, अमृत विचार। नगर स्थित बाल भारती इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड 12वीं की परीक्षा के दौरान कक्षा 12 में मोहम्मद आरिश खान 83% अंक प्राप्त कर कॉलेज में अव्वल रहे। छात्रा अंशिका सरोज 81% अंक पाकर दूसरे तथा कुमारी स्नेहा 76% अंक पाकर तीसरे स्थान पर रही। दसवीं की परीक्षा में मानवी चौहान ने 92% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम रहने का गौरव प्राप्त किया। कुमारी नुमा 88.66% अंक पाकर दूसरे स्थान पर तथा

मो.आरिश खान अंशिका सरोज।

कुमारी सरोज मानवी चौहान।

प्रतीक्षा श्रीवास्तव 82% अंक पाकर तीसरे स्थान पर रहीं। कॉलेज के अध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, प्रबंधक डॉक्टर देवेश चंद्र श्रीवास्तव ,कोषाध्यक्ष विश्व मोहन श्रीवास्तव, उप सचिव दिलीप श्रीवास्तव तथा प्रधानाचार्य रमेश चंद्र त्रिपाठी ने परीक्षा में सफल मेधावियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कुमारी नुमा प्रतीक्षा श्रीवास्तव।

शव मिला, हत्या की आशंका

बहराइच, अमृत विचार: कोतवाली देहात के गोलवाघाट पुल के नीचे एक अज्ञात का शव रविवार को बरामद हुआ है। उसके शरीर पर चोट के निशान से हत्या की आशंका जताई जा रही है। कोतवाली देहात के लखनऊ बहराइच मार्ग पर सरयू नदी पर गोलवाघाट पुल स्थित है। रविवार को लोग आवागमन कर रहे थे। तभी के एक व्यक्ति के नदी में पड़े होने की जानकारी लोगों को हुई। सभी मौके पर पहुंचे। पुलिस को घटना से अवगत कराया। कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर चौकी इंचार्ज शैलेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को बाहर निकलवाया। आसपास के लोगों से पहचान करवाई, पहचान न होने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 40वर्ष के आसपास है। शरीर पर चोटों के निशान से हत्या की आशंका लोग जता रहे हैं।

पुलिस की प्रताड़ना से क्षुब्ध युवक ने दी जान

विशेश्वरगंज, बहराइच

अमृत विचार: जिले के बालापुर गांव निवासी एक युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। पिता ने पुलिस पर घूस लेने, पुत्र की पिटाई करने और ब्लैक मेल करने का आरोप लगाया है।

फाइल फोटो।

विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बालापुर के कथिकनपुरवा निवासी अनूप कुमार (18) पुत्र सम्मय प्रसाद की शनिवार शाम घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के पिता सम्मय प्रसाद ने बताया कि उनके लड़के की शादी श्रावस्ती जनपद के भिनौनी गांव से कुंजीलाल पुत्र भुलावन के लड़की से तय हुई थी। जिसका 18 अप्रैल को तिलक हो चुका था, 26 अप्रैल को शादी होनी थी। शनिवार की सुबह मेरे गांव के मनोज कुमार पुत्र कृष्ण कुमार जो लड़की के मौसा हैं ने शादी करने को लेकर ब्लैक कर रुपए की मांग करने लगे। अन्यथा दहेज के मामले में फंसा देने की धमकी दी। इसी बात को लेकर शादी टूट गई। मामला पुलिस चौकी धनुहीं पर पहुंचा। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों को बुलाकर आमने-सामने समझौता करवा दिया गया। मृतक के पिता समय प्रसाद ने बताया कि सुलह कराने के लिए 10 हजार रुपए पुलिस की ओर से मांग की गई, जिसे न दे पाने पर पुलिस ने मेरी व मेरे लड़के की पिटाई की और लिखा पढ़ी करने के बाद सुलह करके पुलिस ने मुझे छोड़ दिया। समय प्रसाद का आरोप है कि रास्ते में मुझे और मेरे बेटे को मनोज व कुंजीलाल ने काफी मारा पीटा शांम को मैं घर आया तथा खेतों में कार्य करने के लिए चला गया। लौट कर आया तो देख मेरा लड़का घर में मृत पड़ा था। ऐसे में बेटे की पुलिस और लड़की के रिश्तेदार की पिटाई की वजह से जान गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की तहकीकात की जा रही है, शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर उचित कार्यवाही की जाएगी।

किसान व मजदूरों के बेटों ने भी किया नाम रोशन

बहराइच, अमृत विचार। यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम शनिवार दोपहर में माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से जारी कर दिया गया। परीक्षा परिणाम में कई छात्रों ने अपने मेहनत से सफलता अर्जित की है। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से शनिवार को हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। यूपी बोर्ड की परीक्षा में कई ऐसे छात्रों ने सफलता हासिल की है, जिनके माता-पिता की आंखों में आंसू है। मधवापुर में स्थित इंटर कॉलेज की छात्रा श्रेया शाक्य के पिता छोटे के किसान हैं। इसी तरह शैलेश यादव रूबी कुमारी ने भी 80% से अधिक अंक लाकर सफलता हासिल की है रूबी के पिता श्रमिक है। कुछ यही हाल जेएस एकेडमी इंटर कॉलेज के छात्र हिमांशु और राजू की है। सभी ने कड़ी मेहनत कर परीक्षा पास की है। रविवार को भी परिवार के लोगों ने इस पर खुशी जताई।

इंटर में सफल होने पर बाल शिक्षा निकेतन स्कूल में छात्रा ईशा वर्मा को मिठाई खिलाती शिक्षिका।

दुर्घटनाओं में दो की मौत, 8 घायल

लखनऊ से वापस आते समय बाराबंकी में कार को ट्रक ने मारी टक्कर

बहराइच

अमृत विचार : जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में सड़क हादसे हो गए जिसमें पांच लोग घायल हो गए। वही लखनऊ से बहराइच आ रहे लोगों की कार को बाराबंकी में ट्रक ने टक्कर मार दी। जिस पर परिवार के लोग सभी घायलों को लेकर जिला अस्पताल आ गए। जिला अस्पताल में रविवार दोपहर में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना में बलरामपुर के ग्रामीण की हादसे में मौत हुई है। कोतवाली नगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

देहात कोतवाली के ग्रीन सिटी मोहल्ला निवासी मंजू सिंह पत्नी कुलदीप सिंह कार से लखनऊ के इटौंझा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शनिवार को गई थी। साथ में बेटा विवेक सिंह, बहू शालिनी सिंह, पोते आविराज सिंह और वेदांसी के अलावा फखरपुर थाना क्षेत्र के कोठवल कला गांव निवासी विकास सिंह पुत्र विजेंद्र सिंह, विशाल सिंह पुत्र कुलदीप सिंह रविवार सुबह कर से वापस बहराइच जा रहे थे। बाराबंकी जनपद में रामनगर के निकट ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। जिस पर बेटा विवेक आसपास के लोगों की मदद से सभी को बाराबंकी में भर्ती करने के बजाय बहराइच मेडिकल कॉलेज लेकर आ गया। यहां इलाज के दौरान दोपहर में मंजू सिंह की मौत हो गई। पोलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मालूम हो कि मंजू के पति कुलदीप सिंह जिला अस्पताल के चीफ फार्मासिस्ट के पद से सेवानिवृत्ति हो चुके हैं। उधर बलरामपुर जिले के ललिया थाना क्षेत्र के मथुरा बाजार निवासी गिरधारी पुत्र रामकुमार अपने साथी के साथ गिलौला बाजार में रहते थे। रविवार सुबह बाइक से दोनों जिला मुख्यालय बहराइच की ओर आ रहे थे कोतवाली देहात के धर्म सभा के निकट चार पहिया वाहन ने बाइक में ठोकर मार दी, जिसमें गिरधारी की मौत हो गई। उधर हरदी थाने के सिकदंरपुर के मजरे मक्का पुरवा में एक घर में रविवार को युवक का तिलक समारोह होना था। जिसको लेकर शनिवार रात मक्का पुरवा निवासी रोहित पुत्र रामजी, संतोष पुत्र तिलक राम, तीरथ पुत्र देव नारायण बाइक से नथुआपुर बाजार आर्डर किए गए पनीर को लाने जा रहा था। गलकारा मोड़ के पास जैसे ही बाइक पहुंची। विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसके चलते तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपड़ोस के लोग दौड़े। पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी गई। घायलो को एंबुलेंस से मेडिकल कालेज भेज दिया रहा है।

महसी में प्रेक्षक ने किया बैरियर्स का निरीक्षण

महसी, बहराइच, अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच सुरक्षित के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र महसी का भ्रमण कर क्षेत्र में तैनात फ्लाईंग स्क्वायड टीम तथा एसएसटी बैरियर्स का निरीक्षण कर आदर्श आचार संहिता/निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक गुरूगन ने रामगांव चौराहा पर मौजूद स्टैटिक सर्विलांस टीम के मुखिया प्रशान्त गौड से टीम गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर निर्देश दिया कि सतर्कता बनाये रखें। राजी चौराहा पर वाहनों की चेंकिंग का ब्यौरा पंजिका में दर्ज करने का निर्देश दिया।। इस अवसर पर व्यय प्रेक्षक के लाईज़न आफिसर/जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह मौजूद रहे।

महसी क्षेत्र में जांच करते व्यय प्रेक्षक।

हाई स्कूल के मेधावी

सम्बुल नाज	अदिति श्रीवास्तव	सीमा शाह	प्रत्युष शर्मा	अमन वर्मा
93 प्रतिशत	81.80 प्रतिशत	86 प्रतिशत	94.98 प्रतिशत	95 प्रतिशत
आयुषी दीक्षित	आरजू पांडेय	सौम्या	रूबी कुमारी	श्रेया शाक्य
95.6 प्रतिशत	94 प्रतिशत	91.5 प्रतिशत	88.6 प्रतिशत	88 प्रतिशत
शैलेश यादव	हिमांशु	राजू	राधा सिंह	अभिनव मौर्य
88.1 प्रतिशत	92.5 प्रतिशत	95 प्रतिशत	96 प्रतिशत	92 प्रतिशत

अग्निकांड में 10 घर जले, लाखों का नुकसान

नानपारा/मिहीपुरवा

अमृत विचार : मोतीपुर क्षेत्र के दो गांवों में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें 10 मकान जलकर राख हो गए। आग में तीन बकरियों की जिंदा जलकर मौत हो गई। नानपारा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत टिकुरी अरनवा गांव में रविवार शाम को गांव निवासी ब्लस्टर पुत्र धनानंद के यहां आग लग गई। आग की लपटों ने पड़ोसी श्रीकृष्ण, महेश, अजय कुमार, खेलावन, पंकज और अशोक समेत 8 ग्रामीणों के मकान देखते ही देखते जल गए अग्निकांड में अशोक और खिलावन की बकरियों की जिंदा जलकर मौत हो गई। मिहींपुरवा के ग्राम सभा दलजीतपुरवा के मजरा कबाडियनपुरवा में आग लगने से मोलहे पुत्र अब्दुल गनी व कयूम पुत्र मोलहे का घर जल कर खाक हो गया।

आग लगने से जल रहा फूस का मकान।

फूस की झोपड़ी में करें मिट्टी का लेप

अग्निकाण्ड पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव द्वारा एडवाइज़री में लोगों को सुझाव दिया गया है कि रसोई घर यदि फूस का हो तो उसकी दीवाल पर मिट्टी का लेप अवश्य लगा दें। आग को बुझाने के लिए घर में बोरे में भर कर बालू अथवा मिट्टी तथा दो बाल्टी पानी अवश्य रखें। हवन आदि का काम सुबह नौ बजे से पहले सम्पन्न कर लें। शार्ट सर्किट की आग से बचने के लिए बिजली वायरिंग की समय पर मरम्मत अवश्य करा लें।

प्रभावित 45 लोगों के खातों में भेजी गई 2.98 लाख की धनराशि

बहराइच, अमृत विचार। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया है कि अग्नि दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने पर प्रभावित लोगों एवं परिवारों को मानवीय दृष्टिकोण हर संभव सहयोग प्रदान किया जाय तथा आग अथवा किसी अन्य दैवीय आपदा से होने वाली क्षति का आकलन नियमानुसार पीड़ित को सहायता राशि भी प्रदान की जाय। डीएम ने बताया कि माह अप्रैल में हुई अग्नि दुर्घटनाओं में 45 व्यक्तियों को 2.98 लाख की धनराशि अहैतुक सहायता, गृह अनुदान व पशुशेड मदों में प्रदान की गई है। तहसील सदर बहराइच अन्तर्गत 13 व 16 अप्रैल को ग्राम शाहनेवाज़पुर, बहुटा व बरहैया में हुए अग्निकांड में 03 लोग तथा तहसील मिहींपुरवा के ग्राम छावनी, गुलरिहा, जोगनिया, कुड़कुड़ीकुआँ, मिरजवा, कठौतिया, पेटरवा व जयरामपुरवा में हुई अग्नि दुर्घटना में 33 व्यक्तियों पशुशेड सहायता, अहैतुक सहायता एवं गृह अनुदान की सहायता प्रदान की गई है। जबकि तहसील महसी अन्तर्गत ग्राम चकैया, छत्तरपुर व सिसई हैदर में 13 अप्रैल को हुई अग्नि दुर्घटना में 05 व्यक्तियों को गृह अनुदान सहायता प्रदान की गई है।

आग से 5 एकड़ खडी फ़सल जलकर हुई राख

बाबागंज, बहराइच, अमृत विचार। सीमावर्ती क्षेत्र के दो अलग- अलग स्थानों पर लगी आग से किसानो की लगभग 5-6 एकड़ गेहूं की खड़ी फसल जल गई। घटना की जानकारी मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकरआग को बुझाया। आगजनी का कारण पता नहीं चल सका है। रूपईडीहा थाना क्षेत्र के दुर्गापुर, बसभरिया व बरगदहा गांव के खेतों में अचानक आग लग गई। खेतों में धुआं उठता देख आसपास खेतो में काम कर रहे किसानों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते खेतों में आग की लपटें उठने लगी। आग ने गेहूं की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। आगजनी की सूचना फायर ब्रिगेड को देने की लाख कोशिश की गई पर फ़ोन नहीं लगा। ग्रामीणों ने घंटो मेहनत कर किसी तरह आग पर काबू पाया, तब तक किसानों की लगभग 5-6 एकड़ से अधिक गेहूं की ख़डी फसल जलकर राख हो चुकी थी। सूचना मिलने पर राजस्व बिभाग के लेखपाल भज्जूराम ने बताया कि ग्रामपंचायत कलवारी निवासी सतगुर पुत्र कामता प्रसाद की लगभग सत्रह बीघा व गीता देवी पत्नी करई प्रसाद की साढे चार बीघा गेंहू की फसल जल कर राख हो गयी। जबकि बरगदहा- चिलबिला निवासी किसान केशव शर्मा व सुरेंद्र प्रसाद सहित लगभग चार बीघा खेत मे लगे गेहूं की फसल जल कर राख हो गयी है। जिन किसानों की फसल अज्ञात कारण से जल गई है। उसके लिए अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

आग से जली गेहूं की फसल के अवशेष।

इंटर के मेधावी



अभिषेक	स्मिता गुप्ता	प्रथा सिंह	आफताब आलम	तिलक राम
90 प्रतिशत	90.07 प्रतिशत	90.6 प्रतिशत	92.2 प्रतिशत	90 प्रतिशत
साक्षी जायसवाल	नवनीत यादव	सुरभि मिश्रा	शुवांश सिंह	रवि
89.60 प्रतिशत	87.5 प्रतिशत	89 प्रतिशत	90.4 प्रतिशत	88.02 प्रतिशत
अविरल	अनामिका	पल्लवी	अवनीश कुमार	मनीषा वर्मा
89.2 प्रतिशत	84.4 प्रतिशत	84.5 प्रतिशत	81.06 प्रतिशत	91.08 प्रतिशत

कार्यकर्ता लड़ता है चुनाव : कमलेश

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा बलहा व विधानसभा नानपारा का बूथ सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय और मंच संचालक मंडल अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी कमलेश मिश्र रहे।

जिला अध्यक्ष भाजपा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ताओं के ही बल पर आज भारतीय जनता पार्टी की केंद्र व राज्य में सरकार बनी है। आप सभी कार्यकर्ताओं के बल पर लोकसभा का चुनाव भी लड़ा जा रहा है। मुख्य अतिथि कमलेश मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो अपने कार्यकर्ताओं का विशेष ध्यान रखती है। हमारे बीच के एक कार्यकर्ता आनंद गोंड जो प्रत्याशी लोकसभा 56 के बनाए गए हैं, इस अवसर पर क्षेत्रीय मंत्री व प्रवासी विनोद पटेल, सांसद अक्षयवर लाल गोंड, प्रत्याशी आनंद गोंड, लोकसभा संयोजक डॉक्टर जितेंद्र त्रिपाठी, क्षेत्रीय मीडिया सह प्रभारी मनोज त्रिवेदी, विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा, विधायक बलहा सरोज सोनकर, रण विजय सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, सरदार मनदीप सिंह वालिया, योगेश प्रताप सिंह, घनश्याम सिंह, मंडल अध्यक्ष मोती लाल निषाद, राजेश गुप्ता, राकेश पांडे आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

पहले मतदान फिर जलपान की सीडीओ ने दिलाई शपथ

कैसरगंज, बहराइच : विकासखंड कैसरगंज परिसर मे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर रही।कार्यक्रम में सीडीओ रम्या आर ने लोगों को मतदान के प्रति शपथ दिलाई और लोगों से आह्वान किया कि हर नागरिक पहले यह वादा करे कि 20 मई को होने वाले मतदान में पहले मतदान फिर जलपान करेगा क्योंकि मतदान प्रतिशत अधिक होने से हमारे स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान होती है। इस अवसर पर नाटक व संगीत के माध्यम से भी उपस्थित ग्रामीण युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। खंड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश पांडे ने कहा कि मतदान का प्रतिशत जितना अधिक होगा, उतना ही लोकतंत्र मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सभी को बढ़-चढ़कर भागीदारी करनी होगी। इस मौके पर तहसीलदार,नायब तहसीलदार पी पी गिरी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत नज़र इमाम,एडीओ एमआई सुनील कुमार नंदा, एडीओएजी प्रेम शंकर शाश्वत,ग्राम पंचायत सचिव हनुमत सिंह, योगेश यादव ,नीलम देवी ,अंकुर श्रीवास्तव, राकेश वर्मा ,पंकज मौर्या, सहित गांव के कोटेदार एवं प्रधान, आशा बहू आंगनवाडी आदि लोग भारी संख्या में मौजूद रहे।

कैसरगंज में मतदाता शपथ दिलाती शपथ।

चकिया रेंज में तैयार हो रहे 16 लाख पौधे

▸▸ बारिश के समय तहत रेंज से उठाए जाएंगे पौधे

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार: बहराइच वन प्रभाग के जंगल में पौधरोपण के लिए नर्सरी तैयार हो गई है। बारिश के मौसम में चकिया रेंज से पौध का उठान कर खाली स्थान पर पौधरोपण किया जायेगा।

बहराइच वन प्रभाग अंतर्गत चकिया रेंज में स्थित नर्सरी में इस बार लगभग 16 लाख पौधे तैयार किए गए है। इन पौधों का बरसात के बाद विभिन्न क्षेत्रों में रोपण किया जाएगा। चकिया रेंज अन्तर्गत लगाए गए लगभग 16 लाख पौधो में से 10 लाख नये पौधे व 6 लाख पिछले वर्ष के पौधे हैं। चकिया रेंज के वन दरोगा प्रदीप कुमार ने बताया कि चकिया रेंज के समीप बने नर्सरी में नए पौधों का रोपण कर दिया गया है। नए पौधों में कोपल निकलना शुरू हो गए है। करीब एक माह में यह सभी पौधे तैयार होने लगेंगे। बरसात में शासन के निर्देशानुसार इन पौधों को विभिन्न क्षेत्रों में ले जाकर रोपित किया जाएगा।

पौधरोपण के लिए तैयार हो रही नर्सरी। अमृत विचार

सीडब्ल्यूसी के आदेश पर पुलिस ने रुकवाया बाल विवाह

बहराइच

अमृत विचार: जिले के थाना कोतवाली मुर्तिहा क्षेत्र में ग्राम अहिरनपुरवा में एक अशिक्षित गरीब परिवार द्वारा अपनी 14 वर्षीय अवयस्क बालिका का रविवार को विवाह किया जा रहा था। इसकी सूचना मिलने पर सीडब्ल्यूसी न्यायपीठ के अध्यक्ष सतीश कुमार श्रीवास्तव ने कोतवाली मुर्तिहा के थाना प्रभारी को आदेश प्रेषित कर यह बाल विवाह रुकवाया। इससे एक मासूम बालिका कम आयु में विवाह बंधन में बंधने से बच सकी। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 फोन नंबर पर यह सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम अहिरनपुरवा में एक अवयस्क बालिका का विवाह कराया जा रहा है। इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष को दी गई, जिस पर अध्यक्ष द्वारा थाना कोतवाली मूर्तिहा के प्रभारी को तत्काल आदेश पत्र प्रेषित किया गया कि यह बाल विवाह तत्काल रुकवा दें। इस पर तात्कालिक कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी ने पुलिस उप निरीक्षक छोटेलाल के नेतृत्व में पुलिस दल भेजकर यह बाल विवाह रुकवाया और संबंधित बालिका के माता-पिता से इस आशय की अंडरटेकिंग ली गई कि वह अपनी बालिका का विवाह उसके बालिग होने पर ही करेंगे।

ग्रामीण के हाथ में दगा गोला, गंभीर रूप से घायल

बहराइच, अमृत विचार। जिले के बड़का गांव से श्रावस्ती जिले में शनिवार को बारात गई थी। जिसमें गोला दगा रहे ग्रामीण के हाथ में गोला दग गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। उसे बहराइच मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़का गांव निवासी एक युवक का बारात शनिवार को श्रावस्ती जिले के गिलौला थाना क्षेत्र के ग्राम सुविखा में गया। देर रात को द्वाराचार के समय पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भूप गंज बाजार के सफ्लू पुरवा निवासी राम करन (50) पुत्र पुत्ती लाल गोला दगाने लगे। इसी दौरान एक गोला राम करन के हाथ में दग गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे श्रावस्ती जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर रात 11 बजे मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज में ग्रामीण का इलाज चल रहा है।

जानकारी तेज धूप में बाहर निकलने से करें परहेज, प्यास न लगने पर भी करें पानी का सेवन

लू हो सकता है जानलेवा, बचाव ही उपाय

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार। तापमान बढ़ने के साथ ही जिले में मौसम का मिजाज पूरी तरह गरम है। सुबह निकलने वाली सूरज की किरणें नौ बजे से ही आग उगलने लगती हैं। ऐसे में लू यानि तापघात का जोखिम जानलेवा हो सकता है। इससे बचाव के लिए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने लोगों को सावधानी बरतने की अपील की है।

उन्होंने लू से बचने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एलर्ट का पालन करने और सावधानी बरतने हिदायत दी है । साथ ही इस मौसम में गर्भवती ,बच्चे, बीमार व्यक्ति, श्रमिक व बुजुर्ग व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चे अक्सर धूप में खेलते हैं इसलिए उनका विशेष ध्यान रखा जाय। यदि किसी भी व्यक्ति में गर्मी के प्रभाव का कोई भी गंभीर लक्षण दिखे तो तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें या एंबुलेंस को कॉल करें।

प्रभारी सीएमओ डॉ राजेश कुमार ने बताया कि लू से बचने के लिए आवश्यक न हो तो कड़ी धूप खासकर दोपहर 12 बजे से 3.00 बजे तक बाहर न निकले। यदि निकलना आवश्यक हो तो हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहने और धूप से बचने के लिए गमछा , टोपी, छाता , धूप का चश्मा , जूते और चप्पल का इस्तेमाल अवश्य करें। बाहर काम करते हैं तो गीले कपड़े को चेहरे गर्दन और सिर पर रखें । यात्रा के समय पानी अवश्य रखें । इस मौसम में प्यास न लगे तो भी कुछ समय अंतराल पर पानी पीते रहें। इसके अलावा छाछ, ओआरएस का घोल, या घर बने पेय पदार्थ जैसे - लस्सी, नीबू पानी ,आम का पना आदि का सेवन करें और धूप में खाली पेट घर से बाहर न निकलें।

जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने बताया घर या कार्य स्थल पर सीधे सूर्य की रोशनी को रोकने के लिए यथा संभव पर्दा आदि का प्रबंध करना बेहतर तरीका हो सकता है। पालतू जानवरों को छायादार स्थान पर रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें , इस मौसम में अत्यधिक प्रोटीन युक्त भोजन व बासी भोजन का सेवन न करें। शराब, चाय, कॉफी, कार्बोहाइड्रेड , सॉफ्ट ड्रिंक आदि का अधिक सेवन न करें तथा बंद व अत्यधिक गर्मी वाले स्थान पर भोजन न पकाएं । इसके अलावा धूप में खड़ी गाड़ियों में बच्चों और पालतू जानवरों को अकेला न छोड़ें।

लू के लक्षण -

- सिरदर्द, बुखार
- गरम लाल सुखी त्वचा
- सांस फूलना या दिल की धड़कन तेज होना
- मतली या उल्टी
- अत्यधिक पसीना आना
- बेहोशी आना
- कमजोरी महसूस होना
- शरीर में ऐंठन होना
- नब्ज असामान्य होना
- लू का प्राथमिक उपचार -
- व्यक्ति को छायादार स्थान पर लिटाएँ
- व्यक्ति के कपड़े ढीले कर दें
- पेय पदार्थ पानी व कच्चे आम का पना पिलाएँ
- तापमान घटाने के लिए ठंडे पानी की पट्टी रखें

तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाए

अकामान् कामयति यः कामयानान् परित्यजेत्।
बलवन्तं च यो द्वेष्टि तमाहुर्मूढचेतसम् ॥

जो व्यक्ति अपने हितैषियों को त्याग देता है तथा अपने शत्रुओं को गले लगाता है और जो अपने से शक्तिशाली लोगों से शत्रुता रखता है, उसे महामूर्ख कहते हैं।

संपादकीय

जलवायु वित्त पर सुस्ती

जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया में आर्थिक असमानता बढ़ती जा रही है। यानि ग्रीन हाउस गैसों के सबसे बड़े उत्सर्जक देश पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन का मुख्य स्रोत अमीर देश हैं। परंतु इसका सर्वाधिक प्रभाव गरीब देशों पर पड़ रहा है। गरीब देश लगातार जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले नुकसान की आर्थिक भरपाई की बात अमीर देशों से करते हैं, पर बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश चुप्पी साध लेते हैं। एक अध्ययन के अनुसार जलवायु परिवर्तन के कारण वर्ष 2050 तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रत्येक वर्ष औसतन 19 प्रतिशत का नुकसान होगा। अमेरिका और यूरोप में जलवायु परिवर्तन के कारण अर्थव्यवस्था में औसतन 11 प्रतिशत का नुकसान होगा। सर्वाधिक नुकसान, 22 प्रतिशत, अफ्रीका और दक्षिण एशिया में होगा। मार्च-अप्रैल के महीनों में ही दुनिया के तमाम क्षेत्रों में भीषण गर्मी से वैज्ञानिक भी हैरान हैं। देश में दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में गर्मी का कहर जारी है और देश के कई हिस्सों में तो लू भी चल रही है। साथ ही अनेक आपदाएं या उनके प्रभाव वैज्ञानिकों को भी हैरान करती हैं। जाहिर है वैज्ञानिकों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर नए सिरे से अध्ययन करने की जरूरत है। क्योंकि अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए देशों को अपना रवैय्या बदलना होगा वरना शताब्दी के अंत तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में होने वाला नुकसान 60 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। अध्ययन में बताया गया है कि वैश्विक स्तर पर तापमान वृद्धि को रोकने के लिए जितने खर्च की जरूरत है, इससे होने वाला नुकसान लगभग 6 गुना अधिक है, यानि तापमान वृद्धि को नियंत्रित करना इससे होने वाले नुकसान की तुलना में बहुत सस्ता है। आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था ने 2020 से 3,300 अरब डॉलर खो दिए हैं। उन्होंने कहा कि सबसे गरीब देश अपने बजट का 14 प्रतिशत से अधिक ऋण भुगतान पर खर्च करते हैं।

विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने उम्मीद जताई कि दानदाता अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ (आईडीए) के माध्यम से सबसे गरीब देशों के लिए अतिरिक्त 100 अरब डॉलर की सहायता का इंतजाम कर सकते हैं। शनिवार को विश्व बैंक और आईएमएफ की समाप्त हुई वसंत बैठकों के दौरान जी7 और जी20 के वित्त मंत्रियों के बीच जलवायु और विकास उद्देश्यों के लिए विकासशील देशों को वित्त मुहैया कराने पर चर्चा हुई। चिंताजनक है कि बैठकें जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए जरूरी खरबों डॉलर जुटाने की ठोस योजना के बिना खत्म हो गईं। विडंबना है कि तापमान वृद्धि को रोकने की गंभीर पहल किसी भी देश में नजर नहीं आ रही है।

दक्षिण फतेह करने में भाजपा को योगी-सावंत पर भरोसा

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

नरेंद्र मोदी और अमित शाह लगातार अन्नामलाई के नेतृत्व को अपना समर्थन देते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के सघन दौरे किए। उनकी सभाओं में भारी जनसमूह उमड़ा। उन्हें सुना गया। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जनता को विस्तार से दी।

पिछली 19 अप्रैल को तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीटों के लिए मतदान हो गया। तमिलनाडु में हिंदू आबादी 87 फीसद से अधिक है। इधर भाजपा को इस बार बेहतर प्रदर्शन करने का भरोसा है। भाजपा कोयंबटूर और कन्याकुमारी को छोड़कर राज्य में कहीं कोई बड़ी पकड़ नहीं बना सकी है। जानने वाले जानते हैं कि तमिलनाडु में भाजपा मजबूत नहीं हुईं इसका सबसे बड़ा कारण राज्य में नेतृत्व का अभाव रहा। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इस धारणा को बदल दिया है। और फिर पूर्व आईपीएस अधिकारी के. अन्नामलाई को तमिलनाडु का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद द्रविड़ पार्टी के प्रभुत्व वाले दक्षिणी राज्य में भाजपा की संभावनाएं काफी बढ़ गई हैं। अन्नामलाई राज्य में पार्टी के लिए जमीन तैयार करने में काफी हद तक सफल भी हुए हैं।

नरेंद्र मोदी और अमित शाह लगातार अन्नामलाई के नेतृत्व को अपना समर्थन देते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के सघन दौरे किए। उनकी सभाओं में भारी जनसमूह उमड़ा। उन्हें सुना गया। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जनता को विस्तार से दी। भाजपा को इस बार तमिलनाडु में मछुआरों, महिलाओं तथा समाज के अन्य वर्गों से वोट मिले हैं। भाजपा मतदाताओं के सामने भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति के मुद्दों को लेकर गई। अन्नामलाई ने पूरे राज्य की पदयात्रा करके भाजपा के लिए माहौल बनाया। सात महीने की लंबी यात्रा का समापन स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। कोयंबटूर से खुद अन्नामलाई चुनावी मैदान में थे। अमित शाह का दावा है कि 4 जून को देश तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में भी चौंकाने वाले नतीजे देगी। दक्षिण भारत में लोकसभा की कुल मिलाकर 130 सीटें हैं। इसमें तमिलनाडु (39), कर्नाटक (28), आंध्रप्रदेश (25), तेलंगाना (17), केरल(20) और पुदुचेरी (1) शामिल हैं।

भाजपा ने दक्षिण का किला फतेह करने के लिए इस बार अपने दो बेहद तेज-तर्रार मुख्यमंत्रियों क्रमशः योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है। यह दोनों ही अपने कुशल नेतृत्व के चलते उत्तर प्रदेश और गोवा को विकास की बुलंदियों पर लेकर जा रहे हैं। प्रमोद सावंत कर्नाटक में भाजपा के उम्मीदवारों के पक्ष में कैंपन कर रहे हैं। वे कर्नाटक में अपना भाषण कन्नड़ में देते हैं। योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत की अखिल भारतीय छवि बन चुकी हैं। योगी आदित्यनाथ पूर्व में कर्नाटक में कैंपन करते रहे हैं। उन्हें कर्नाटक का युवा, मेहनतकश और महिलाएं बहुत ध्यान से सुनती हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश को देश के सबसे विकसित होते राज्य की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। अगर बात प्रमोद सावंत की करें तो वे गोवा की स्थापित छवि को बदल रहे हैं। वे चाहते है कि गोवा को उसके समुद्री तटों, गिरिजाघरों के अलावा उसके समृद्ध अतीत के रूप में भी जाना जाए। गोवा को लेकर एक खास तरह की धारणा बना दी गई है, जबकि सच्चाई यह है कि गोवा सनातन भूमि है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने पर्यटन संग आध्यात्मिक राष्ट्रवाद से गोवा को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। बेशक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ यह दोनों भी दक्षिण भारत में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में अहम रोल निभाने जा रहे हैं।

> **इस बीच, 2019 के लोकसभा चुनाव में केरल में लगभग क्लीन स्वीप करने वाली कांग्रेस को इस बार सीपीएम और भाजपा दोनों तरफ से चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। दोनों की कांग्रेस के वोट बैंक पर नजर है। सीपीएम जहां कांग्रेस के मुस्लिम वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है, वहीं भाजपा ईसाई मतदाताओं को साधने में जी-जान लगा रही है। दोतरफा चुनौतियों से निपटने के लिए कांग्रेस संभल-संभल कर कदम बढ़ा रही है। 2019 में केरल में कांग्रेस अपने सहयोगियों के साथ 19 सीटें जीतने में सफल रही थी। सत्तारूढ़ सीपीएम के खाते में सिर्फ एक सीट आई थी। लोकसभा की 20 सीटों वाले केरल में भाजपा अभी तक खाता नहीं खोल पाई है।**

अगर बात कर्नाटक की करें तो यहां पर भाजपा बड़ी मौजूदगी है। भाजपा ने पहली बार 2008 में कर्नाटक में अपनी उपस्थिति दर्ज की थी। भाजपा तटीय कर्नाटक क्षेत्र में मजबूत है। कर्नाटक में भाजपा के मजबूत होने का एक और कारण जाति है। कर्नाटक में लिंगायत और ब्राह्मण हमेशा भाजपा का समर्थन करते हैं जबकि वोक्कालिगा, दलित और अल्पसंख्यक या तो कांग्रेस या जनता दल (सेक्युलर) को वोट देते हैं। कर्नाटक वास्तव में भाजपा के लिए एक गढ़ है। यह भारत के दक्षिण में एक ऐसा राज्य है जहां भाजपा अपनी राजनीतिक पैठ बनाने में अकेले सक्षम है।

केरल में 54 फीसद आबादी हिंदू है। यह दक्षिण भारत का एकमात्र राज्य है जहां किसी भी एक दल को अकेले राज्य विधानसभा में पूर्ण बहुमत नहीं मिलता। केरल का चुनाव गठबंधन से ही जीता जाता है। कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट है तो कम्युनिस्ट पार्टियों के नेतृत्व वाला लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट। भाजपा केरल में अपनी जगह बनाने में लगी है। भाजपा के खिलाफ केरल में यह प्रचार किया गया है कि यह हिंदी पार्टी है। स्थानीय स्तर पर भाजपा कैडर धार्मिक उन्मादियों से लड़ रहे हैं।

केरल में ईसाई समुदाय तेजी से भाजपा की ओर आ रहा हैं। केरल का ईसाई समुदाय कैथोलिक और गैर कैथोलिक के बीच विभाजित है। कैथोलिक वेटिकन के साथ पूरी तरह नहीं जुड़े हैं। केरल में मोटे तौर पर 8 प्रमुख ईसाई समुदाय हैं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि प्रत्येक ईसाई समुदाय के बीच दूसरे के साथ प्रतिद्वंद्विता है। ऑर्थोडॉक्स और जैकोबाइट के बीच लड़ाई सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंच चुकी है। वहां कोई भी एक पार्टी पूरे ईसाइयों का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकती और अधिकांश ईसाई ऐतिहासिक रूप से कम्युनिस्ट विरोधी हैं।

कैथोलिकों के भीतर कुछ समुदायों ने धीरे-धीरे भाजपा को एक संभावित विकल्प के रूप में तलाशना शुरू कर दिया है। ईसाई समुदाय परंपरागत रूप से राजनीतिक शक्ति समीकरणों में एक प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं। वे लंबे समय तक सत्ता से बाहर रहना बर्दाश्त नहीं कर सकते, इसलिए उनसे तालमेल बिठा रहे हैं जिनके पास शक्ति है। पादरी वर्ग के कई सदस्य माकपा से मिले अपमानों को दृढ़ता से याद करते हैं और अपना भविष्य भाजपा के साथ देखते हैं। इस मामले में गृह मंत्री अमित शाह की सक्रियता देखने लायक है, वह लगातार इन पादरियों के साथ बने हुए हैं। उनकी विशेष भूमिका केरल में भाजपा के लिए वरदान साबित हो सकती है।

इस बीच, 2019 के लोकसभा चुनाव में केरल में लगभग क्लीन स्वीप करने वाली कांग्रेस को इस बार सीपीएम और भाजपा दोनों तरफ से चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। दोनों की कांग्रेस के वोटबैंक पर नजर है। सीपीएम जहां कांग्रेस के मुस्लिम वोटबैंक में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है, वहीं भाजपा ईसाई मतदाताओं को साधने में जी-जान लगा रही है। दोतरफा चुनौतियों से निपटने के लिए कांग्रेस संभल-संभल कर कदम बढ़ा रही है। 2019 में केरल में कांग्रेस अपने सहयोगियों के साथ 19 सीटें जीतने में सफल रही थी। सत्तारूढ़ सीपीएम के खाते में सिर्फ एक सीट आई थी। लोकसभा की 20 सीटों वाले केरल में भाजपा अभी तक खाता नहीं खोल पाई है। केरल में मुस्लिम 28 फीसदी और ईसाई लगभग 18 फीसदी हैं। जाहिर है केरल की राजनीति की दशा और दिशा निर्धारित करने में इनकी अहम भूमिका है। ईसाई वोट बैंक मुख्यरूप से कांग्रेस के पास है और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के साथ गठबंधन में मुस्लिम वोट बैंक भी काफी हद तक जुड़ जाता है। बहरहाल तमाम विपरीत परिस्थितियों के भाजपा दक्षिण भारत के राज्यों में 2024 के लोकसभा चुनावों में बड़ी सफलता हासिल करने का ख्वाब देख रही है। अगर उसका ख्वाब सच हुआ तो उसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति के साथ-साथ योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को भी क्रेडिट देना होगा।

व्यंग्य

गुरूर से भरा व्यस्त आदमी

दुनिया में बस एक काम ऐसा है जो करने वालों के सौ फीसदी खुश रहने की गारंटी दे सकता है। वो है गोलगप्पे बेचने का काम। शशि थरूर से कम किस्मत का धनी नहीं होता ये बंदा। ये नाम के साथ साथ झोले भर-भर कर नोट भी कमाता है और पेट भर खुश भी रहता है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

वर्क सेटिस्फैक्शन जैसी चीज देखी सुनी है आपने? शेखचिल्ली जैसी ऐसी मनोकामना जिसे हासिल करना चील के मूत्र की तरह दुर्लभ है। इसका मतलब ये कि आप को अपना पेट पालने के लिए अपना मनपसंद काम करने को मिले। ऐसा काम जिसे करने में आपको मजा भी आए और आप नोट भी छापें। मजे की बात हमारे देश में और पूरी दुनिया में, सौ में से नब्बे इस बात को लेकर ज़िंदगी भर दुखी रहते है। पैसे भले कमा लें पर कसक रहती है उनके मन में। यार मजा नहीं आ रहा लाईफ में। इसके बजाए वो काम कर पाता तो मैं ज्यादा खुश रहता।

अब सत्रह सौ साठ जरिए पेट पालने के। करोड़ों अरबों लोग। हर आदमी को उसका मनपसंद काम करने का मौका हासिल हो ये मुमकिन नहीं। आप बड़े होकर कैसे घर चलाएंगे अपना, क्या जरिया होगा उसका ये आपकी क़ाबिलियत से ज्यादा आपकी किस्मत और संयोगों पर निर्भर करता है। पर कुछ तकदीर वाले होते है ऐसे जो बतौर जॉब, मनपसंद काम कर पाते है, खुश रहते है और बाकी सभी उनसे जलते है।

दुनिया में बस एक काम ऐसा है जो करने वालों के सौ फीसदी खुश रहने की गारंटी दे सकता है। वो है गोलगप्पे बेचने का काम। शशि थरूर से कम किस्मत का धनी नहीं होता ये बंदा। ये नाम के साथ साथ झोले भर भर कर नोट भी कमाता है और पेट भर खुश भी रहता है। जहां वो होता है वहां रौनक होती है और जहां वो पहुंच जाता है, जो उसका ठिया होता है वहां रौनक होती है। वो खुद खुश रहता है और खुशियां बांटने का काम करता है। सच्चे अर्थों में यदि कोई आनंद मंत्रालय है तो वो पानीपुरी बेचने वाला ही है।

पानीपुरी बेचने वाला कभी खुद कभी अपनी पानीपुरी नहीं खाता। वो बस दूसरों को खिलाता है। और दूसरों की तृप्ति देख संतुष्ट बना रहता है। ऐसे परोपकारी लोग मिलते कहां है आजकल। दूसरों की खुशियों के लिए जीता जीसस है वो। मेरा मानना है भगवान पानीपुरी बेचने वालों को स्वर्ग में अलग से कोठियां अलॉट करते होगें। लोक और परलोक दोनों ही सुधारना हो तो पानीपुरी बेचने से अच्छा धंधा और कोई दूसरा नहीं है।

कभी गौर से देखिए उसे। बेहद खुश और गुरूर से भरा, व्यस्त आदमी। इंतज़ार करती भीड़, आकर्षक औरतों और खूबसूरत लड़कियों से घिरा, सबके आकर्षण का केंद्र, वीआईपी बंदा। सभी उससे हाथ फैलाए याचना कर रही होती है और वो मुस्कराते हुए, बारी-बारी से सभी को कृतार्थ कर रहा होता है।

उसकी क़ाबिलियत और किस्मत देख कर कौन न जले। कौन हैरान न हो। तटस्थ भाव से पूरे धीरज से काम करता आदमी। चहकती लड़कियां चाहती हैं कि वो उसकी तरफ ध्यान दे। वो बातें करता रहता है सबसे और खिलाए गए गोलगप्पों की गिनती भी याद रखता है। खूबसूरती उसे उसके टॉरगेट से भटकाने मे कभी सफल नहीं होती, इस मायने में वो विश्वामित्र को भी मात करता है।

पानीपुरी बेचने वाला वह इकलौता आदमी जिससे लड़कियां मिलने आती है, वो मिलेगा यह सोचकर भी खुश हो जाती है। जिसका औरतें इंतज़ार करती है, जिससे मिलने के लिए घड़ी देखती हैं और प्लान करती हैं। पता नहीं आप लोगों में से किस किस ने बचपन में यह सोचा था कि मैं बड़ा होकर पानीपुरी बेचने वाला बनूंगा। जो बने वो किस्मत वाले। सच्ची बात तो यह कि मुझे उन सभी पानीपुरी बेचने वालों से, जिन्होंने सोचा और बने या जो बिना सोचे बने, उन सभी से रश्क है।

महावीर का चिंतन सूक्ष्मग्राही और गंभीर



सुशोभित

जैसे 'गीता' में श्रीकृष्ण और 'धम्मपद' में बुद्ध की वाणी है, उसी तरह से 'समण सुत्त' में भगवान महावीर की वाणी संकलित है।

महावीर जयंती

भारत में जो ब्राह्मण-श्रमण द्वैत रहा है, उसकी प्रखर अभिव्यक्ति आज बुद्ध के माध्यम से बहुजन समाज द्वारा बहुत की जाती है, किन्तु महावीर को भुला दिया जाता है। जबकि जैन धर्म मौलिक श्रमण-धर्म है और अनीश्वरवादी है। आज सनातन के नाम पर भारत में ब्राह्मण-धर्म की विजय-पताका फहरा रही है और धीरे-धीरे फिर से वैसी परिस्थितियां निर्मित होने लगी हैं, जैसी कि बुद्ध और महावीर के कालखंड में थीं। आडंबर, कर्मकांड, मूर्तिपूजा और जीवहत्या का बोलबाला फिर से हो रहा है। धर्म में अशुद्धि चली आई है। ब्राह्मण-धर्म का परिष्कार श्रमण-धर्म से उसके सम्यक् सामंजस्य बिना संभव नहीं है और मेरे निजी मत में वेदांत वह भावभूमि है, जहां पर आकर ब्राह्मण-धर्म की औपनिषदिक-धारा श्रमण-धर्म के आत्म-प्रकाश से जा मिलती है।

जैसे 'गीता' में श्रीकृष्ण और 'धम्मपद' में बुद्ध की वाणी है, उसी तरह से 'समण सुत्त' में भगवान महावीर की वाणी संकलित है। जैनियों में दिगंबर सम्प्रदाय ने महावीर-वाणी का संकलन नहीं किया है, श्वेताम्बरों ने किया है। दिगंबर प्रायः उन वचनों को प्रामाणिक नहीं मानते। जैन आगमों में जो महावीर-वाणी है, उसे श्रुति-परंपरा से कालान्तर में लिपिबद्ध किया गया था। जैसे बौद्धों में संगीतियां हुई थीं, वैसे ही जैनों में वाचनाएं हुई थीं, जिनमें आगमों का संकलन हुआ था। दिगंबरों ने 'षटखण्डागम' को मान्यता दी है, जो कि आगमों पर आचार्य धरसेन के उपदेशों पर आधारित है। किन्तु 'समण सुत्त' का संयोजन अत्यंत अर्वाचीन है। इन्हें वर्ष 1974 में विनोबा की प्रेरणा से क्षुल्लकश्री जैनेंद्र वर्णी ने संकलित किया था। इसमें जैनागमों के सारतत्व को यों संयोजित किया गया है कि यह जैन-गीता तक कहलाया है। इसे समस्त जैन पंथों के द्वारा मान्यता दी गई। आचार्य उमास्वामी के 'तत्वार्थसूत्र' के बाद कोई दो हजार साल में पहली बार ऐसा हुआ था।

'समण सुत्त': यह अर्द्धमागधी भाषा का शब्द है, जो संस्कृत में 'श्रमण सूत्र' कहलावेगा। यहां श्रमण शब्द ध्यातव्य है। ब्राह्मण-धर्म का आधार वैदिक परंपरा है। श्रमण-धर्म का मूल जैन धर्म में है। बौद्ध और आजीवक भी श्रमण हैं। जैनियों ने बौद्धों से पहले अपना श्रमण-आंदोलन आरंभ कर दिया था। जैनियों के 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ तो कृष्ण के चचेरे भाई बतलाए हैं। नेमिनाथ और पार्श्वनाथ (23वें तीर्थंकर): दोनों में ही जीवदया अत्यंत प्रबल थी, जो महावीर की अहिंसा में शिखर पर पहुंची। ब्राह्मण संस्कृति से जैनियों का वैसा तीक्ष्ण मनोवैज्ञानिक संघर्ष नहीं रहा है, जैसा बौद्धों से रहा। इसके अनेक कारण हैं। एक दार्शनिक कारण तो बौद्धों का अनित्य-अनात्म है, जो कि सनातन के मूलाधार पर ही प्रहार करता था। इसका राजनैतिक कारण बौद्धों को मिला राज्याश्रय था, जिसने उन्हें इतिहास के एक कालखंड में भारत में केंद्रीय महत्व का बना दिया था। अशोक से आंबेडकर तक बौद्धों को राजनैतिक प्रश्रय मिलता ही रहा है। शंकर की धर्मध्वजा ने भारत में सनातन की पुनः प्रतिष्ठा की थी। किंतु श्रमणों के बिना भारत कभी पूर्ण नहीं हो सकता है।

डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल ने बहुत सुंदर बात कही है कि श्रमणों के कारण ब्राह्मण-धर्म में वानप्रस्थ और संन्यास को महत्व मिला। अहिंसा और जीवदया के मूल्य भी श्रमणों से ही मिले। वैदिक ऋषि और श्रमण मुनि कालान्तर में ऋषि-मुनि का युग्म बनकर एकाकार हो गए थे। वैदिक संस्कृति में चले आए दोषों का संशोधन श्रमणों ने किया था। इन अर्थों में श्रमण सुधारवादी, प्रगतिशील और संशोधनकारी हैं।

रजनीश ने कहा है कि जहां वैदिक धर्म अनेकता की ओर प्रसारित होता है-एकोऽहं बहुस्याम्!- वहीं श्रमण धर्म एकत्व की ओर लौटता है, बाहर से भीतर प्रतिक्रमण करता है। यह आरोह और अवरोह की तरह है। आधुनिक काल में गांधी और विनोबा श्रमण-संस्कृति से प्रभावित रहे।

भारतीय चेतना की अंतर्वस्तु में श्रमण परंपरा भी उतनी ही अनुस्यूत है, जितनी कि ब्राह्मण परंपरा। इसका संवैधानिक आलंबन यह है कि हिंदू कोड बिल के दिशानिर्देशों में सनातनियों और आर्यसमाजियों के साथ ही बौद्धों और जैनियों को भी सम्मिलित किया गया था। महावीर का चिंतन अत्यंत सूक्ष्मग्राही और गंभीर है। जैन परंपरा के पारिभाषिक शब्दों का अपना ही एक लोक है। समय, धारणा, विचार, अणु, जीव, द्रव्य, चित्त जैसे अनेक शब्दों का हम जो अर्थ निकालते हैं, जैनियों में उनके नितान्त ही भिन्न अर्थ हैं। समय को आत्मा का पर्याय बतलाकर भगवान महावीर ने एक विचार-क्रांति कर दी थी। इस विलक्षण तीर्थंकर की भारतीय चेतना में सम्यक प्रतिष्ठा हो और भोगवाद से क्लान्त भारत और विश्व में श्रमण धर्म का पुनर्भव हो ।

सोशल फोरम

सवेरा दस्तक देगा

कर्मेंदु शिशिर
वरिष्ठ लेखक

लोकतंत्र में किसी नागरिक को न तो डरना चाहिए और न ही निराश होना चाहिए। लोकतंत्र में कोई अजेय नहीं होता। यह नहीं भूलना चाहिए कि कभी-कभी प्रतिपक्ष इतिहास में सत्ता से बड़ा हो जाता है। लोहिया जी या जयप्रकाश जी कहीं सत्ता में रहते हुए प्रतिपक्ष थे क्या? दिक्कत तब खड़ी नहीं होती, जब हर विरोधी खुद को इतिहास निर्माता कहता है, तब होती है जब बिना परखे बुद्धिजीवी और जनता उस पर यकीन करने लगती है। किस महान ने कहा कि हम महान् हैं और हम इतिहास बदलने के लिए पैदा हुए हैं? बताइये तो! अगर तोल्स्तोय, लेनिन, अंबेडकर, भगतसिंह, रवीन्द्रनाथ टैगोर या प्रेमचंद के साथ फोटो टांग कर उनकी तरह हो जाना होता तो नोबेल पुरस्कार हर साल कम पड़ जाते।

गांधी पर देश को यकीन करने में वक्त लगा था। उनको थेथरई वाले तर्कशास्त्रियों की जरूरत न पड़ी थी। संभव है कोई अंदर से छद्म और उच्चका भी तो हो सकता है। बाहर का जासूस हो सकता है। विदेशी पैसे पर पलने वाला पिल्लू हो सकता है। इसलिए ठहरिये, रुकिये, विचार कीजिए। खूब मनन कीजिए। परखिये कि इसके कथन और आचरण में भेद तो नहीं है। विचार और व्यवहार में मेल है या नहीं। नहीं है तो उसे न ढंकिये, न उसका बचाव कीजिए और उससे सटिये तो हरगिज नहीं। अपने भीतर कर सकें तो आलोचनात्मक विवेक पैदा कीजिए और खुलकर कहने का साहस दिखाइये। खुद वही मत बन जाइये। नहीं तो आगे आप जनता को और गहरी हताशा और निराशा में धकेलने जा रहे हैं। यह मत भूलिए कि जाने-अनजाने विरोध में समर्थन और समर्थन में विरोध का भाव छुपा रहता है। मेरे सोचने का तरीका अलग है। इस विशाल देश की विशाल आबादी में कहीं तो सुगबुगाहट होगी? कुछ तो सुलग रहा होगा। 1857 में जो हुआ, वह अचानक न था। 90 साल तक लड़ना पड़ा था। इतिहास समय-समय पर खुद को दुरुस्त करता है। विचार और जज्बा बना रहे बस। इसीलिए खुद को बराबर टटोलते रहिये। वैचारिक विकलांग होकर इतिहास बदलने की हड़बड़ी मत कीजिए। इतिहास में रात कभी-कभी बहुत लंबी हो जाती है लेकिन सवेरा दरवाजे पर जरूर दस्तक देगा। इतना तो तय है।

-फेसबुक वॉल से

सगुन असगुन

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इन ग्रामीण शब्दों को तत्सम रूप में शगुन, अशगुन कहते हैं। आधुनिकतावादी, वैज्ञानिकता की लाठी भांजने वाले भले ही इन्हें अंधविश्वास कहें, किंतु यह होते तो हैं ही। विज्ञ एवं विद्वान पूर्वजों ने अपने सर्वेक्षणों और अनुभवों के आधार पर ही इन्हें मान्यता दी है। अंग्रेजी में भी 'आस्पिशस' और 'ओमिनस' शब्द तो हैं ही, यानी वे भी यह सब मानते हैं। हमारे धर्म ग्रंथों में जगह जगह इन्हें मान्यता दी गई है और विवेचना है। राजा दशरथ जब बारात लिए श्रीराम के विवाह हेतु मिथिला जा रहे हैं, तो उन्हें नाना प्रकार के शकुन होते हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने 'रामचरितमानस' में कहा है कि बारात के सामने दही, मछली और पुस्तकें लिए दो ब्राह्मण दिखाई पड़े। "सम्मुख आयउ दधि अरु मीना। कर पुस्तक दुइ विप्र प्रवीना"।। अपने दोहावली ग्रंथ में तुलसी बाबा कहते हैं: "नकुल सुदरशन दरसनी, क्षेमकरी चक चाष। दस दिसि देखत सगुन सुभ, पूजहिं मन अभिलाष"।। यानी यदि नेवला, दर्पण, मछली, सफेद चील्ह, चकवा, नीलकण्ठ यदि किसी दिशा में दिख जाएं,तो जिस कार्य से जा रहे हैं, पूरा होगा। श्रीमद्भागवत में जब अक्रूर मथुरा से ब्रज श्रीकृष्ण को लिवाने जा रहे हैं, तो उन्हें तमाम शकुन हुए। गरुड़ पुराण,अध्याय'-46 में शकुन अपशकुनों का वर्णन आया है। आचार्य वराह मिहिर ने "वृहत्संहिता",अध्याय-85 में शकुन अशकुन संदर्भित किए हैं और इन्हें पूर्व जन्म के शुभाशुभ कर्मों से जोड़ा है, यानी ज्योतिष शास्त्र भी यह सब मानता है। चलते समय छींक हो जाय तो अशुभ, किंतु यदि लगातार दो छींकें हों तो शुभ। लोकोक्ति है, "एक नाक दुइ छींक। जहां जाय तहँ नीक"।। बिल्ली और सांप रास्ता काटे, श्रृगाल रोता दिखे, तो अशकुन। राधेश्याम जी अपनी रामायण में ऐसे अशुभ प्रयाण के बारे में कहते हैं, "आगे चल देखे बहुत रोते हुए श्रृगाल। और बढ़े तो रास्ता रोक रहे थे व्याल"।। रास्ते में छूंछे घड़े मिलना, कुत्ते का कान फटफटाना अशुभ है। जनक के धनुष यज्ञ में तमाम राजा आए थे, जो असफल रहे थे। दरबारी एक राजा से पूछता है कि 'महाराज! आप शकुन विचार कर चले होंगे'? तो वह कहता है हां, "छूंछे घट मग में मिले श्वान हिलायेसि कान। ऐसो सगुन विचारि कै तब हम कीन पयान", और फिर उसकी खिल्ली उड़ाई जाती है। स्त्री के बाम अंग फड़कना शकुन, दाहिने अंग फड़कना अशकुन। जब सीता जी ने गौरी पूजन किया और उन्हें पार्वती माता का आशिष मिल गया, तो उनके बायें अंग फड़कने लगे। "मंगल मंजूल मूल बाम अंग फरकन लगे"। ठीक इसके विपरी मेघनाद वध के सभय उसकी पत्नी सुलोचना की दाहिनी भुजा फड़कने लगी थी। "प्रेम सुभाय धुकधुकी धरकी। सूचक अशुभ दहिन भुज फरकी"।। लोमड़ी, गाय-बछड़ा, श्यामा चिड़िया,वैश्या का सामने आ जाना शकुन है। बायीं गदेली में खुजली होना अच्छा होता है। पैसा आने की संभावना बनती है। दाहिनी गदेली की खुजली व्यय की सूचिका होती है। पुच्छल तारा निकलना अशुभ है। वृद्ध बुद्धिहीनता की बातें करें और बच्चे बड़ों की तरह,तो ये बुरी घटना होने के लक्षण हैं। "जूलियस सीज़र" नाटक में शेक्सपियर ने इसका उल्लेख किया है और पश्चात् सीज़र मारा गया और रोम में युद्ध हुआ। स्वप्न में सूखे पेड़, जलाशय, कर्कश पक्षी दिखना, जागृत में ध्रुव तारा न दिखाई पड़ना, दीपक बुझने पर उड़ने वाली गंध न महसूस होना मृत्यु की निकटता के सूचक हैं, ऐसा आयुर्वेद ग्रंथ कहते हैं। महोत्सव या पर्व उपस्थित होने पर किसी स्वजन की मृत्यु असगुन है, कहते हैं 'खोट' हो गई। शिशु जन्म या गाय द्वारा बछड़ा जनना सगुन मान्य है। इनका विस्तार अपार है। इस पर काम होना चाहिए और वैज्ञानिकता से सह-संबंध स्थापित किया जाना चाहिए। ये हमारी संस्कृति के अंगभूत हैं।

पृथ्वी बनाम प्लास्टिक

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

विश्व पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल को मनाया जाता है, जो जल जंगल और जमीन के सरक्षण के साथ साथ प्लास्टिक के कचरे को कम कर पृथ्वी को बचाने का भी संदेश देता है, इस बार के पृथ्वी दिवस की थीम भी पृथ्वी बनाम प्लास्टिक है, यह जानकर हैरानी होती है कि प्लास्टिक की औसत प्रति व्यक्ति खपत 20 किलो है आज चलन में प्लास्टिक की खपत बढ़ती ही जा रही है फूड पैकेजिंग, वाटर बाटेल, दैनिक उपयोग की अन्य तमाम वस्तुओं में प्लास्टिक का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है। इस प्लास्टिक को नष्ट करना असंभव सा होता है, इससे पर्यावरण तो दूषित हो ही रहा है कचरे के रूप में फेके जा रहे प्लास्टिक से पशु और समुद्री जीवों के पेट में यह पहुंच कर बेहद नुकसान पहुंचा रहा है लेकिन दुर्भाग्य इस बात का है तमाम तरह के प्रतिबंध के बाद भी प्लास्टिक और पन्नियों का प्रयोग प्रचलन में है। बिगड़ते पर्यावरण पर आज नामचीन नेता मौन हैं, क्या पर्यावरण संरक्षण की सारी जिम्मेदारी मात्र आम जनता की है। हमारी सत्ताएं आखिर कब अपनी चुप्पी तोड़ेगी, धन्य है हमारी सुप्रीम कोर्ट जिसने काटे जा गए वृक्षों के लिए माननीयों को दंडित कर समाज को सचेत किया है।

बढ़ती मानवीय आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए जो वन काटे जा रहे हैं उससे समान्तर जिंदगी जीने वाले पशु पक्षियों पर बुरा असर हो रहा है। आखिर इनके रहने का ठिकाना कहां बनेगा, क्या किसी ने सोचा है। यही सही समय है पर्यावरण प्रेमी जल जंगल जमीन को बचाने के लिए आगे आएं और वोट मांगने वाले राजनेताओं से इस विषय में भी प्रश्न करें। अन्यथा देश के तमाम बड़े शहरों को बंगलौर बनने में देर नहीं लगेगी।

संतकबीरनगर समेत 70 जिलों में पंचायतीराज विभाग ने बैठाई जांच

तीन करोड़ रुपए की धन निकासी पर भ्रष्टाचार व गबन के आरोप पर भी जांच

गोरखनाथ मिश्र, संतकबीरनगर

अमृत विचार : सभी ग्राम पंचायतों में प्रशासकों के कार्यकाल के दौरान विकास के नाम पर गलत ढंग से खर्च की गई करोड़ों की धन निकासी पर भ्रष्टाचार व गबन के आरोप पर सूबे के पंचायतीराज निदेशक ने जांच बैठाई है। उन्होंने संतकबीरनगर जनपद समेत प्रदेश के 70 जिलों के जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई का आदेश दिया है। संतकबीरनगर जनपद के मेंहदावल ब्लॉक समेत सात ब्लॉक तीन करोड़ की निकासी पर जांच की जद में आ गए हैं। निकासी की सभी पत्रावलियां एकत्रित कराई जा रही हैं। जिससे दोषियों में हड़कंप मचा हुआ है। इससे इन सभी ग्राम पंचायतों से जुड़े सचिवों व एडीओ पंचायतों के खिलाफ कार्रवाई होना तय माना जा रहा है।

ग्राम पंचायतों में प्रधान पद के चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही प्रधानों का कार्यकाल 25 दिसंबर 2020 को खत्म हो गया था और 26 दिसंबर 2020 से ग्राम पंचायतों की बागडोर संबंधित विकास खंडों में तैनात एडीओ (पंचायत) व ग्राम पंचायत सचिवों के हाथ में बतौर प्रशासक आ गई थी। नवनिर्वाचित प्रधानों के शपथ ग्रहण के साथ ही 27 मई 2021 को प्रशासकों का कार्यकाल खत्म हो गया था। इस कार्यकाल में प्रशासकों ने जिले के बघौली ब्लॉक, बेलहर कला ब्लॉक, हैंसर बाजार ब्लॉक, खलीलाबाद ब्लॉक, मेंहदावल ब्लॉक, नाथनगर ब्लॉक, पोली ब्लॉक के प्रशासक तौर पर तैनात एडीओ पंचायत / प्रभारी एडीओ पंचायतों ने गलत ढंग से करीब तीन करोड़ खर्च कर दिए। इसमें आनन-फानन में तमाम भुगतान बिना कार्य के ही कर दिए गए थे। जबकि कई सामग्री बाजार मूल्य से अधिक दामों पर खरीदी दिखाई गई थी। साफ-सफाई, हैंडपंप रिबोर, वाटर कूलर, फॉगिंग मशीन, स्प्रे किट आदि की खरीद में भी अनियमितता बरती गई। इस मामले को लेकर गोरखपुर जनपद के राप्ती नगर फेज फाइव स्पोर्ट्स कालेज के पीछे चरगांवा निवासी संजय मिश्र ने उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों के ब्लॉकों में बतौर प्रशासक के तौर पर तैनात एडीओ पंचायतों द्वारा ग्राम पंचायत में धन निकासी पर भ्रष्टाचार और गबन का आरोप लगाकर शासन में शिकायत की थी। इस मामले के खुलासे का मामला मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंचा तो शासन से विशेष सचिव पंचायती राज ने जांच बैठाई थी। नतीजा यह रहा कि जांच व कार्रवाई ठंडे बस्ते में चली गई थी। शिकायतकर्ता ने पुनः 31 जनवरी 2024 और 7 फरवरी 2024 को पंचायतीराज निदेशक से दुबारा शिकायत किया। जिसपर पंचायतीराज निदेशक अटल कुमार राय ने 18 अप्रैल 2024 को पत्रांक संख्या 6/674 /2024 - 6 /358/2023 को संतकबीरनगर समेत 70 जिलों के जिलाधिकारियों को पत्र जारी कर इस मामले में जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया है। इससे संबंधित ग्राम पंचायतों के सचिवों व एडीओ पर बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

क्या कहते हैं डीएम!

इस मामले में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि निदेशक पंचायतीराज का पत्र आया है। जांच कराकर निर्धारित समय के अंदर रिपोर्ट उपलब्ध करा दी जाएगी।

क्या बोले सीडीओ!

इस बारे में सीडीओ संत कुमार ने कहा कि पत्र मिला है। जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट तैयार होते ही शासन को प्रेषित की जाएगी।

इन सात ब्लॉकों में निकाला गया तीन करोड़ सैंतीस लाख पांच हजार दो सौ तैंतीस रुपए

प्रशासकों द्वारा बघौली ब्लॉक में 10927590 , बेलहर कला ब्लॉक में 11699865 , हैंसर बाजार ब्लॉक में 3021582 , खलीलाबाद ब्लॉक में 1478924 , मेंहदावल ब्लॉक में 432058 , नाथनगर ब्लॉक में 3390864 , पौली ब्लॉक में 2754350 की निकासी किया गया है। जिससे ये सभी ब्लाक जांच की जद में आ गए हैं। कयास लगाया जा रहा है कि प्रशासकों पर जल्द कार्रवाई की तलवार लटक सकती है।

यहां निर्णायक भूमिका में हैं मुस्लिम मतदाता

संवाददाता, संतकबीरनगर

अमृत विचार : संतकबीरनगर लोकसभा सीट पर छठें चरण में आगामी 25 मई की मतदान होगा। चुनाव के लिए सभी प्रमुख दलों द्वारा खेमेबंदी तेज हो चुकी है। भाजपा ने जहां अपने निवर्तमान सांसद इं. प्रवीण निषाद पर ही एक बार फिर दांव आजमाने का निर्णय लिया है तो समाजवादी पार्टी ने सपा सरकार में राज्यमंत्री रहे और मेंहदावल क्षेत्र के पूर्व विधायक लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद पर दांव लगा दिया है।

बहुजन समाज पार्टी ने काफी इंतजार के बाद गोरखपुर जिले के निवासी और पूर्व जिलापंचायत सदस्य मोहम्मद आलम को प्रत्याशी घोषित कर लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने का प्रयास किया है। भाजपा प्रत्याशी इं. प्रवीण निषाद प्रधानमंत्री मोदी की विकास योजनाओं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुशासन की बदौलत जनता का समर्थन हासिल करने का प्रयास कर रहे हैं। पांच वर्षों के कार्यकाल के दौरान जनता से दूर रहने को लेकर उन्हें आम मतदाताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं के विरोध का भी सामना करना पड़ रहा है। सपा प्रत्याशी की बात करें तो लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद के नाम की घोषणा होते ही जिले में सपा दो फाड़ हो चुकी है। सपा से टिकट के प्रबल दावेदार पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे ने बागी रुख अख्तियार कर लिया है। टिकट कटने से आहत श्री चौबे ने सपा से इस्तीफा दे दिया है और रोज अपने समर्थकों की अलग-अलग जगहों पर बैठक कर आगे की रणनीति तैयार करने में जुटे हैं। रही है कि वे चुनाव में सपा को तगड़ा नुकसान पहुंचा सकते हैं। सपा प्रत्याशी पप्पू निषाद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें वे देश में प्रचण्ड बहुमत के साथ एनडीए गठबंधन की सरकार बनने का दावा करते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि बाद में उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि गलती से मुंह से निकल गया।

संतकबीरनगर समेत पूरे प्रदेश में सपा प्रत्याशी ही चुनाव जीत रहे हैं। भाजपा सरकार अपनी लोकप्रियता खो चुकी है। बसपा प्रत्याशी मोहम्मद आलम की बात करें तो वे जिले के लिए बिल्कुल नया चेहरा हैं। एक तो गैर जनपद का ठप्पा और दूसरे नया नवेला चेहरा आम मतदाताओं को प्रभावित कर पाएगा इस बात की गुंजाइश बेहद कम है।

इं. प्रवीण निषाद, भाजपा प्रत्याशी।

मोहम्मद आलम, बसपा प्रत्याशी।

लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद, सपा प्रत्याशी।

अब चुनाव में नहीं सुनाई देता भोंपू का शोर, संगीत पार्टियां भी लापता

संतकबीरनगर अमृत विचार। एक दशक पूर्व तक चुनाव की घोषणा होते ही विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशियों द्वारा वाल पेंटिंग, होर्डिंग और पोस्टरों से घरों की दीवारें पाट दी जाती थीं। गांव की चौपालों से लगायत खेत खलिहानों तक चुनावी चर्चाओं का दौर शुरू हो जाता था। प्रत्याशियों द्वारा नामांकन के बाद चुनाव चिन्ह मिलते ही लाउडस्पीकर लगी गाड़ियों पर सवार प्रत्याशियों के प्रचारक गांव-गांव घूमकर माहौल बनाने में जुट जाते थे। संगीत मंडलियां चुनावी गीतों के माध्यम से गांवों में चुनाव प्रचार को रंगीन बनाने में जुट जाती थीं। समय बदला और निर्वाचन आयोग ने सख्ती का डंडा चलाया तो वाल पेंटिंग, होर्डिंगों और तमाम अन्य प्रचार सामग्रियों पर प्रतिबंध लगा दिये गए। प्रत्याशियों ने भी आधुनिक तकनीक का सहारा ले लिया। अब प्रत्याशियों द्वारा बाकायदा सोशल मीडिया टीम को हायर कर लिया जाता है और टीम के सदस्य प्रत्याशी की एक एक बात और संदेश चंद मिनटों के भीतर आम जनता तक पहुंचा देते हैं। चुनाव प्रचार की यह तकनीक प्रत्याशियों के लिए काफी कारगर साबित हो रही है।

58 मरीजों की हुई मुफ्त जांच

मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

मगहर, संतकबीरनगर। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मगहर पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 58 मरीजों की जांचकर उनमें नि :शुल्क दवाएं वितरित की गईं। प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर एस .डी. सिंह और डाक्टर मनस्विता ने बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में कुल 58 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान उनमें नि :शुल्क दवाइयां भी वितरित की गई हैं। उन्होंने बताया कि मौसम तेजी से बदल गया है। जिसकी वजह से ज्यादातर वायरल फीवर, खांसी, सर्दी, उल्टी दस्त, जुकाम के मरीज आ रहे हैं। बच्चों में फीवर, दस्त और खांसी की भी शिकायतें आ रही हैं। साथ ही सुगर, ब्लडप्रेशर और सर्वाइकल के मरीज भी आ रहे हैं।जिनका इलाज किया जा रहा हैं। महिला चिकित्सक डॉक्टर मनस्विता ने बताया कि महिलाओं में ज्यादातर लिकोरिया, कमर दर्द, पीरियड आदि बीमारियों के मरीज आ रहे हैं। इस मौके पर फार्मासिस्ट एसपी यादव, एलटी शिव नन्दन, जीएनएम शालिनी पांडेय, एएनएम ललिता, एएनएम रजनी साव, एएनएम माया बेन, स्टाफ नर्स आशा यादव, जीएनएम हरिकेश, सुनील, आनन्द कुमार, नकुल सिंह कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद के नेतृत्व में चला वाहन चेकिंग अभियान

संतकबीरनगर, अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस ने अपना चेकिंग अभियान बेहद तेज कर दिया है। रविवार को खलीलाबाद के मेंहदावल बाईपास पर पुलिस क्षेत्राधिकारी बृजेश सिंह और कोतवाली प्रभारी आर.के. सिंह के नेतृत्व में चार पहिया वाहनों की व्यापक तलाशी ली गई। पुलिस ने गाड़ियों की सघन तलाशी लेने के साथ ही वाहनो के शीशों पर लगी काली फिल्में और हूटर उतरवाकर वाहन स्वामियों को भविष्य में ऐसा न करने की कड़ी चेतावनी दी गई।अभियान में महिला थानाध्यक्ष पूनम मौर्या, टीएसआई परमहंस यादव, चौकी प्रभारी बघौली सूर्यभान यादव, चौकी प्रभारी कलेक्ट्रेट दुर्गविजय सिंह, चौकी प्रभारी नवीन मण्डी सुरेश यादव, चौकी प्रभारी बरदहिया बाजार पवन कुमार, चौकी प्रभारी तितौवा संजय कुमार वर्मा के साथ ही एफएसटी टीम और अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

एट्रीब्यूट क्लासेज के टापर बच्चों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

मेधावियों को सम्मानित करते कोचिंग संचालक।

सांथा, संतकबीरनगर

अमृत विचार: सांथा विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम सांड़ा स्थित एट्रीब्यूट क्लासेज के यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के टापर बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अब्दुल वसीम, मोईद, सना कौसर, सहर बानो, मोहम्मद अरमान, मुस्कान, मुसाहिद, अताउल्लाह और ताहिर समेत तमाम मेधावी छात्र छात्राओं को एट्रीब्यूट क्लासेज के संस्थापक शमशेर अहमद अंसारी ने सम्मान समारोह आयोजित कर सभी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भविष्य माने जाते हैं। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की सफलता उनके सफलता की पहली सीढ़ी मानी जाती है। बिना पढे बच्चे बकरी भैंस चराने के लिए ही काम आते हैं। एट्रीब्यूट क्लासेज के यूपी बोर्ड की परीक्षा में बेहतरीन अंक लाने वाले बच्चों को कोचिंग संस्थापक शमशीर अंसारी ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस दौरान मुख्य अतिथि मोहम्मद फारुक, शफीकुर्रहमान, अब्दुल वफा, महमूद, अख्तर हुसैन समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

महा मस्तकाभिषेक के साथ शुरू हुई रथ यात्रा

बहराइच

अमृत विचार। शहर में रविवार को भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव कार्यक्रम के तहत महा मस्तकाभिषेक के साथ रथ यात्रा का शुभारंभ हुआ। रथ यात्रा का शहर में जगह-जगह स्वागत हुआ। भगवान महावीर का जन्म कल्याण महोत्सव चल रहा रहा था। कार्यक्रम के अंतिम दिन रविवार को भगवान महावीर का महा मस्तकाभिषेक हुआ। रथ यात्रा शहर के जैन मंदिर से शुरू होकर पीपल तिराहा, छावनी बाजार, घंटाघर सीतापुर आंख अस्पताल होते हुए पुनः जैन मंदिर पहुंच कर समाप्त हुई। शहर में जगह-जगह रथ यात्रा का समाज के लोगों ने फूल डालकर स्वागत किया। आचार्य ने कथा सुनाते हुए सभी एक समान जीवन जीने की संज्ञा दी। कहा कि कोई भी पाप नहीं कर सकता है न ही किसी जीव की हत्या कर सकता है। कार्यक्रम में अध्यक्ष राजीव जैन, सौरभ जैन, निखिल जैन, प्रैंक्यूं जैन, अनुराग जैन, अभिषेक जैन, दीपांशु जैन, ऋषभ जैन, शुभम जैन, डॉक्टर डिंपल जैन, सुलभ जैन, दीपिका जैन, मीनाक्षी जैन धर्म आदि अनेक को लोग उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य मेले में मरीजों की हुई जांच

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, अमृत विचार: सीएचसी सिरौलीगौसपुर अधीक्षक डॉ. सन्तोष सिंह के नेतृत्व में सीएचसी समेत तीनों प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जहां पर 76 मरीजों की जांच करे उन्हें दवाओं का वितरण किया गया। स्वास्थ्य मेले में डॉ. अफजल ने 76 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर दवाएं दीं। इस मौके पर सीएचओ गरिमा राय व नाजिम खान, एएनएम रेनू, स्टाफ नर्स गीता निगम, चन्द्रेश वर्मा, शैलेश रावत, अभय प्रताप सिंह, जोगिन्दर कुमार मौर्य, राजू, राजेश कुशवाहा आदि स्वास्थ्य कर्मियों ने स्वास्थ्य मेले में सहयोग प्रदान किया। बदोसराय पीएचसी पर छह मरीजों के ब्लड की जांच कर दवाओं का वितरण किया गया।

कंबाइन मशीन के नीचे दबकर महिला की मौत

मिहीपुरवा, बहराइच

अमृत विचार: जिले के ग्राम पंचायत गायघाट के मजरा चोर पुरवा निवासी एक महिला की शनिवार शाम को कंबाइन मशीन के नीचे दबकर मौत हो गई। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने निरीक्षण किया है।

मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गायघाट के मजरा चोरपुरवा में गेहूं की कटाई शनिवार को कम्बाइन मशीन द्वारा की जा रहीं थी। तभी गांव निवासी राहीदुल पत्नी रज्जब अली उम्र लगभग (50)वर्ष मशीन द्वारा छोड़े गेहूं की बाली की एकत्रित करने लगी। इसी दौरान कम्बाइन चालक द्वारा मशीन को बैक किया, जिसकी चपेट में आने से महिला की दबकर मौत हो गयी। सूचना मिलते ही राजस्व टीम के साथ क्षेत्रीय लेखपाल व तहसीलदार मिहींपुरवा अम्बिका चौधरी मौके पर पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दिया। प्रशासन की तरफ से नियमानुसार सहयोग का आश्वासन दिलाया। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

जांच के लिए पहुंचे तहसीलदार।

शादी के दिन प्रेमी के घर पहुंची प्रेमिका ने किया हंगामा

मेंहदावल, संतकबीरनगर। प्रेमिका को जब पता चला कि एक साल तक लिव-इन में रहने के बाद प्रेमी अब किसी और लड़की से शादी कर रहा है तो वो उसके घर पहुंची और जमकर हंगामा किया। युवती की शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रेमिका की तहरीर पर प्रेमी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मेंहदावल थाना क्षेत्र में एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है। युवती ने अपने प्रेमी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। शनिवार को दोपहर पीड़िता ने मुकदमा दर्ज करा दिया। दर्ज कराए गए मुकदमे में बताया है कि अभिषेक नाथ पाठक पुत्र लक्ष्मीकांत पाठक ग्राम व पोस्ट कौवाठोर भौरा जनपद जिला संतकबीरनगर का निवासी है। मुझसे 10 वर्ष पूर्व 2014 में मिला था, कई बार शारीरिक संबंध बनाया । 7 माह से गोरखपुर में शारीरिक शोषण करता रहा। जब मैं अभिषेक से बात करने की कोशिश की तो वह मुझे गाली देकर शादी करने से इनकार कर दिया।

प्रेमिका की बात सुनने को तैयार नहीं हुए प्रेमी के घरवाले

पहले युवती ने प्रेमी से खुद के साथ प्रेम प्रसंग होने की बात की तो परिजनों को भरोसा नहीं हुआ और वे उसे जाने को कहने लगे। इसपर युवती ने हंगामा शुरू कर दिया। इसी बीच मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती द्वारा दिखाए गए फोटोग्राफ और साक्ष्यों के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी प्रेमी को हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष कैम्पियरगंज अनूप कुमार सिंह व थानाध्यक्ष मेंहदावल रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि शादी रुकवा दी गई है। जांच के आधार पर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

वर्ग पहेली-47

बाएं से दाएं

1. घाव का मवाद, पीब।
5. 1. नाम जाप करने की सत्ताईस दानों की छोटी माला, जपमाला 2. हाथ में पहनने का एक प्रकार का आभूषण।
6. रोकने का भाव, अवरोध का उपक्रम।
7. व्यवहार में छलपूर्ण चालें चलने की क्रिया, धोखाधड़ी, कपट, धूर्तता, चालाकी, छल।
10. 1. चार पैरों वाला पशु, चौपाया 2. एक प्रकार का छंद।
11. रचा या बनाया हुआ।
12. 1. आंच पर चढ़ाकर गाढ़ा किया गया दूध 2. ईंट पाथने का गारा।

ऊपर से नीचे

2. 1. चसका लगना, आदत लगना, किसी विषय या कार्य में ढीठ बनना 2. हिलना-मिलना।
3. (पुराण) वह जिनका धनुष कुसुम या पुष्प का माना जाता है, कामदेव।
4. उबलते दूध में चावल
8. 1. लादने का कार्य 2. लादने के बदले मिलने वाली मज़दूरी।
9. 1. सितारे, तारे, ग्रह-नक्षत्र 2. ज्योतिष।



वर्ग पहेली -46 का हल

1 आ	दी	■	2 उ	दुं	ब	3 र
हा	■	■	थ	■	■	च
■	4 पे	5 श	ल	■	■	क
■	■	6 नि	पु	ण	7 ता	■
■	8 आ	■	थ	■	म	■
■	9 सु	त	ल	■	ले	■
■	ति	■	■	10 भें	ट	ना

सुडोकू-126

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

2			9	3	7	6		
				8		2		
5		9				1		
			5	6		7		
7								8
		8						3
		2				9		6
		4		5				
3		6		2	9			5

सुडोकू -125 का हल

7	9	8	1	6	3	5	2	4
4	2	5	7	8	9	3	6	1
3	6	1	5	4	2	8	9	7
8	3	2	4	9	5	7	1	6
9	5	7	6	3	1	2	4	8
6	1	4	8	2	7	9	5	3
1	7	9	3	5	6	4	8	2
5	8	6	2	7	4	1	3	9
2	4	3	9	1	8	6	7	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 अप्रैल सोमवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 03 .25 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-हस्त 20 .00 तक तत्पश्चात चित्रा।

मेष — आज आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। आपके मित्र आपको कुछ उपहार दे सकते हैं। अपनी बातों को दूसरों के ऊपर न थोपें। निर्माण कार्यों से जुड़े कारोबार में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। खोयी हुई वस्तु आपको वापस मिल सकती है।

वृष — आज परिजनों से अपने मन की बातें शेयर कर तरोताजा महसूस करेंगे। बनते कार्यों में आ रही रुकावटें दूर होंगी। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रेमी जन से विवाह को लेकर सम्भावना बन रही है। गलत प्रवृत्ति के लोगों से आपको दूरी रखनी चाहिए।

मिथुन — आज करियर में काफी अस्थिरता रहेगी। कटु भाषा बोलने के कारण लोग आपसे नाराज रहेंगे। कानूनी मामलों में छोटी गलतियां भारी पड़ सकती है। लोग पीठ पीछे आपकी आलोचना करेंगे। मौसमी बीमारियों के शिकार हो सकते हैं।

कर्क — आज सरकारी काम थोड़े प्रयासों से पूर्ण हो जायेंगे। अपनी क्षमताओं का कुशल प्रयोग कर पायेंगे। नौकरी में बदलाव करने की योजना बना सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। बीमार लोगों की सेहत में सुधार हो सकता है।

सिंह — आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। आयात-निर्यात संबंधी कारोबार में लाभ हो सकता है। आपके जन-सम्पर्क का दायरा विस्तृत होगा। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। परिजनों की सलाह लेकर काम करना हितकर होगा।

कन्या — आज आप समय का सार्थक प्रयोग अपने लाभ के लिए कर पायेंगे। प्रेम संबंधों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जीवनसाथी से सलाह लेकर नया काम शुरू करें। कार्यक्षेत्र में आपकी पदोन्नति की चर्चा चल सकती है। घर में प्रियजनों का आगमन हो सकता है।

तुला — आज दोपहर में सिर में दर्द और भारीपन की समस्या हो सकती है। कुछ समय प्रकृति के सानिध्य में बितायें। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने में मुश्किल आयेगी। बजट को ध्यान में रखते हुए ही धन निवेश करें। किसी नकारात्मक विचार के कारण आपका मन खराब हो सकता है।

वृश्चिक — आज नया व्यवसाय शुरू करना चाह रहे हैं, तो उसकी योजना बना सकते हैं। दोस्तों से भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। लेखन कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। उत्तम भोजन का आनन्द उठा सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को यश मिलेगा।

धनु — आज अविवाहित लड़कियों को विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। पुरानी गलतियों को दोहराने से बचें। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। उत्तम कार्यशैली के कारण आपको सफलता मिलेगी।

मकर — आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ मिलेगा। खर्चों के मुक़ाबले आपकी आय ज्यादा रहेगी। आज पूरा दिन आनन्द में व्यतीत होगा। बच्चों को लेकर आपकी चिन्ता दूर होगी। अधिकारी आपको ताने मार सकते हैं। सोच-समझकर ही आपको निर्णय लेना चाहिए।

कुंभ — आज कार्यक्षेत्र में काफी सारी रुकावटें आ सकती है। छोटी-छोटी बातों को तूल देने से बचें। व्यवसाय में गुस्से के कारण नुकसान हो सकता है। नए कार्यों की शुरुआत न करें। पुराना रोग वापस उभर सकता है।

मीन — आज साझेदारी वाले व्यापार में धन लाभ होगा। घर का वातावरण काफी सकारात्मक रहेगा। राजनैतिक संबंधों का उत्तम लाभ उठा पायेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका पूरा नियंत्रण रहेगा। विदेशों से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। मन लगाकर के अपना काम करें।

आज की फिल्में

होते होते प्यार हो गया — सुबह : 08 .39
सिंह इज किंग — रात : 09 .43
रंगबाज — सुबह : 11 .02
गुल मकई — रात : 08 .00

द वॉक — सुबह : 11 .52
द वॉक — रात : 09 .07
ड्रीम गर्ल — दोपहर : 12 .46
द मास्क — शाम : 05 .47
बेटिंग राजा — सुबह : 11 .14
गॉडफादर — शाम : 06 .40

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर पर रात :08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पिता - पेपर कैसा गया?
बेटा - पहला सवाल छूट गया,
तीसरा आता नहीं था,
चौथा करना भूल गया,
पांचवां नजर नहीं आया!
पिता - और सवाल दो?
बेटा - बस सिर्फ वो ही गलत हो गया...

पुलिस (चोर से) : तुम एक ही दुकान में तीन बार चोरी करने क्यों गए?
चोर : सर चोरी तो मैंने पहली बार में ही अपनी पत्नी के लिए ड्रेस चुराकर कर ली थी,
बाकी दो बार तो मुझे सिर्फ उसे बदलने के लिए जाना पड़ा...

एक नजर

45 पीएचसी पर 145वां आरोग्य मेला सम्पन्न

सुलतानपुर, अमृत विचार : एक ही छत के नीचे लोगो को जांच ,उपचार व दवा जैसी सेवाएं देने के लिए आरोग्य मेला का आयोजन होता है। जिसके क्रम में रविवार को भी 145 वा आरोग्य मेला जिले की 45 पीएचसी पर संपन्न हुआ। आरोग्य मेले में 81 चिकित्सक 337 पैरामेडिकल स्टाफ ने 1050 पुरुष, 1001 महिलाओं व 279 बच्चों को दवा, जांच व उपचार किया। साथ में मेले में कोविड स्क्रीनिंग व आरटीपीसीआर भी किया गया। साथ ही 53 लोगों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया।

रविवार से शुरू हुआ तीन नए कानूनों का प्रशिक्षण

सुलतानपुर, अमृत विचार : रविवार से तीन नए कानूनों के प्रशिक्षण की शुरुआत पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण ब्रजेश कुमार मिश्र ने किया। प्रथम चरण में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 115 उप निरीक्षक प्रशिक्षण को पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पहुंच चुके है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि विभाग में अधिकतर मामलों की विवेचना उप निरीक्षक ही करते हैं। इसलिए इनको नए कानूनों के बारे में जानकारी दी जा रही है। तीन नये आपराधिक कानूनों के सम्बन्ध में प्रशिक्षण ढाई हजार उप निरीक्षको का प्रशिक्षण 10 चरणों में 29 जून तक दिया जायेगा। विभाग के वरिष्ठ अभियोजन अधिकारियों द्वारा यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।

गर्मी से लोगों का बुरा हाल जनजीवन बेहाल

सुलतानपुर, अमृत विचार : इन दिनों मौसम के तेवर से चेहरा तो छोड़िए तपिश से पूरा तन झुलस जा रहा है। दोपहर में चल रही गर्म हवा के थपेड़ों ने जीना मुहाल कर दिया है। सहालग के चलते सड़कों पर निकलना लोगों की मजबूरी बन गई है। तेज़ गर्मी के चलते सरकारी अस्पताल सहित निजी चिकित्सकों के यहां मरीजों की भीड़ लगी है।

50 दिन बाद भी 15 क्रय केंद्रों पर नहीं हो सकी बोहनी

सरकारी क्रय केन्द्रों के बजाए आढ़तियों को अपना गेहूं बेच रहे किसान

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः सरकार द्वारा समर्थन मूल्य से कम पर आढ़ती गेहूं की खरीद कर रहे हैं। फिर भी किसान सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूं बेचने के बजाय आढ़तियों के यहां गेहूं बेच रहे हैं। रजिस्ट्रेशन से लेकर सत्यापन तक की लंबी प्रक्रिया के दौड़ भाग से किसान बचना चाह रहे है।

यही कारण है कि अब तक 50 दिनों में क्रय केंद्रों पर मात्र 1054 एमटी गेहूं की खरीद हो सकी है। जबकि लक्ष्य 76 हजार एमटी का है। अभी तक कुल 246 किसानों ने ही क्रय केन्द्रों पर गेहूं बेचा है। जबकि गेहूं बिक्री के लिए 3497 किसानों के द्वारा पंजीकरण कराया गया है। वहीं खरीद को लेकर क्रय प्रभारी भी सक्रिय नहीं दिख रहे। उनके द्वारा भी लापरवाही बरती जा रही है। यह स्थिति तब है जब केंद्र सरकार की नोडल अफसर के साथ ही स्थानीय अधिकारियों द्वारा लगातार भ्रमण किया जा रहा है। इसके बाद भी गेहूं खरीद की रफ्तार बढ़ने के स्थान पर शिथिल पड़ी हुई है।

> अभी गेहूं की कटाई चल रही है। साथ ही किसान सहालग में व्यस्त हैं। इस कारण गेहूं कम संख्या में क्रय केंद्रों पर आ रहा है। वहीं, पंजीकृत किसानों का एसडीएम स्तर से सत्यापन भी ख़रीद में बाधा बना हुआ है। किसानों से संपर्क कर सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। **–आनंद स्वरूप भारती,** प्रभारी खाद्य एवं विपणन अधिकारी सुलतानपुर

अमहट में आढ़ती के यहां उतर रहा गेहूं। अमृत विचार

सरकार ने गेहूं खरीद के लिए 2275 रुपये का समर्थन मूल्य घोषित किया है। साथ ही जमाखोरी पर रोक लगाते हुए एडीएम वित्त एवं राजस्व ने आदेश दिया हैं कि आढ़तियों और थोक विक्रेताओं के द्वारा खरीदा गया गेहूं जिले से बाहर नही जाएगा। इसके अलावा जमाखोरी पर लगाम लगाने के लिए सरकार की ओर से आढ़तियों और थोक विक्रेताओं के भंडारण की सीमा को भी तय कर दिया है। वह पांच टन तक की ही खरीद कर सकते हैं। इसके बाद भी किसानों का रुख सरकारी क्रय केंद्रों के स्थान पर आढ़तियों की ओर है। किसान समर्थन मूल्य से कम पर 22 सौ रुपये या फिर 2250 रुपए प्रति कुंतल की दर से आढ़तियों के गेहूं बेच रहे हैं। किसान सियाराम करीब दस कुंतल से अधिक गेहूं लेकर मंडी पहुंचे थे। उन्होंने सारा गेहूं आढ़ती के यहां 2250 रुपये कुंतल के हिसाब से बिक्री कर दिया। पूछने पर बताया कि उन्हें रुपयों की सख्त आवश्यकता है। सरकारी क्रय केंद्र पर गेहूं बिक्री करने पर सत्यापन कराने का सामना करना पड़ता है। साथ ही भुगतान के लिए भी उन्हें इंतजार करना पड़ता। इसलिए समर्थन मूल्य से 25 रुपये कम पर गेहूं की बिक्री कर दी। रुपये भी तुरंत मिल गए। यह स्थित सियाराम के समक्ष ही नहीं अन्य किसानों के समक्ष है। उन्हें रुपयों अधिक आवश्यकता है। इसीलिए आढ़तियों के यहां गेहूं की बिक्री कर रहे हैं।

50 दिनों में 246 किसानों से खरीदा 1054 एमटी गेहूं

विपणन विभाग द्वारा गेहूं खरीद के लिए जिले में 83 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन पर एक मार्च से गेहूं की खरीद शुरू कर दी गई। एक माह के इंतजार के बाद किसान सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं लेकर पहुंचे। खरीद को शुरू हुए 50 दिन का समय बीत गया। लेकिन अभी तक सभी क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद नहीं की जा सकी है। विपणन विभाग जिले में 83 क्रय केन्द्र बनाए गए हैं। जिनमें अभी तक महज 68 क्रय केन्द्रों द्वारा 1054 एमटी गेहूं की खरीद 246 किसानों से की गई हैं। बताते चलें कि अभी तक पीसीएफ के सात क्रय केंद्र, नैफेड कर पांच क्रय केंद्र, पी यू सी के तीन क्रय केन्द्रों पर गेहूं खरीद की अभी बोहनी नहीं हुई है।

सत्यापन में आ रही किसानों को दिक्कत

पंजीकरण के बाद तहसील स्तर पर किसानो के पंजीकरण का सत्यापन होता है। जिसके चलते किसानो को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। विभागीय पोर्टल पर अब तक 3497 किसानों ने पंजीकरण कराया है। जिनमें से अभी भी विभिन्न तहसीलों में 566 किसानों का एसडीएम स्तर से सत्यापन नहीं हो पाया है।

भाई-बहन पर धोखाधड़ी और धमकी देने का मुकदमा दर्ज

सुलतानपुर, अमृत विचारः भाई-बहन ने बाप-बेटे को झांसे में लेकर पैसे डकार गए। मांगने पर जब पैसे वापस नहीं किए तो बाप-बेटे ने केस दर्ज करवा दिया। मुकदमे में समझौते के लिए घर पहुंचे भाई बहन ने समझौते का दबाव डाला। बात न बनने पर बेटे की जिंदगी बर्बाद करने की धमकी देते हुए चले गए। शिकायत पर पुलिस ने भाई-बहन के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बंधुआकला थाना क्षेत्र के बबुरी गांव निवासी सुरेश कुमार तिवारी ने थाने पर तहरीर दी है। उसने बताया कि उसके बेटे अभिषेक तिवारी का विपक्षी भाई बहन जाय जोसेफ व आकांक्षा जोसेफ से मुकदमे बाजी की रंजिश है। जिसके चलते भाई बहन उसके घर आए व उसके बेटे अभिषेक को पूछने लगे। सुरेश कुमार तिवारी ने बताया कि वह लखनऊ गया है। जिस पर भाई बहन व उनके साथ अन्य लोग भला बुरा कहने लगे। मना करने पर उक्त लोगों ने गाली गलौज देते हुए कहा कि मुकदमा उठवा लो नहीं तो तुम्हारे बेटे की जिंदगी बर्बाद कर देंगे। गाली गलौज की आवाज पर पड़ोसियों को आता देख उक्त लोग धमकी देते हुए चले गए। सुरेश ने बताया कि भाई बहन ने उससे व उसके बेटे झूठ बोल कर नगद व खाते में पैसा लिए हैं। जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों के यहां की है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि भाई बहन व अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी साहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

अज्ञात कारणों से लगी आग में गेहूं के सौ बोझ जले

- फायर बिग्रेड के पहुंचने तक हो चुका था काफी नुकसान

मोतिगरपुर, सुलतानपुर

अमृत विचारः किसान मौसम की बेरुखी व अग्निकांड की घटनाओं से सहमे है। अपनी तैयार गेहूं की फसलों को समेटने में लगे हैं। अधिकतर किसान मशीन द्वारा तो कुछ किसान कटाई कर एकत्रित करने में लगे हुए हैं। फिर भी अज्ञात कारणों से खेतों में आग लग ही जा रही है।

रविवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के पहाड़पुर सरायभीखम गांव में नहर के किनारे कंबाइन मशीन से कटे गेहूं के खेत में दोपहर अचानक उठी आग आसपास फैल गई। हल्ला गुहार पर आसपास गांव के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए। लाठी-डंडे की मदद से आग को बढ़ने से रोकने का प्रयास शुरु किया। साथ ही फायर ब्रिगेड को भी सूचित किया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने जब तक आग पर काबू पाया लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। आग की चपेट मे आने से पहाड़पुर के निवासी सीताराम व कालीदीन का रखा सौ बोझ गेहूं जल गया। बबरही गांव के बहरूपी निषाद का दो बीघा , पीतल निषाद का एक बीघा और रामनाथ का खेत में रखा भूसा भी जल कर राख हो चुका था। आग की सूचना पर पहुंचे राजस्व कर्मी आग से हुई क्षति का आकलन कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियो को भेज दी है। वहीं, थाना क्षेत्र के खैरहा गांव में सुबह 10 बजे करीब राजदेव निषाद के छप्पर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। दो जोड़ी पायल, मोबाइल, तख्त व गेंहू आदि हजारों के घरेलू सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। घटना के समय घर के लोग खेतों में गए हुए थे।

मोतिगरपुर में आग बुझाते फायर कर्मी। अमृत विचार

कचनांवा में आठ बीघे गेहूं के अवशेष जले

धम्मौर : थाना क्षेत्र के कचनांवा गांव में अज्ञात कारणों से खेतों में रविवार दोपहर लगभग एक बजे आग लग गयी। हवा का बहाव अधिक होने के चलते देखते देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग से खेतों में भूसा बनाने को करीब आठ बीघे गेहूं का फसल अवशेष जलकर खाक हो गया। कचनांवा गांव निवासी राम बहादुर यादव,शमील अहमद,राम सूरत तथा रमन कश्यप के फसल अवशेष जल गए और शमील अहमद का खेत में रखा पांच ट्राली भूसा जल गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड व ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाया जा सका। जिससे आग अन्य किसानों के खेतों में खड़ी गेंहू की फसल में आग पहुंचने से बच गयी। आग की सूचना पर पुलिस भी पहुंची।

युवा संवाद में मनीषा ने मारी बाजी

- युवा संवाद इंडिया 2047 कार्यक्रम का आयोजन

सुलतानपुर

अमृत विचारः राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत रविवार को गनपत सहाय पी.जी. कॉलेज महिला विभाग सीताकुंड में विश्वविद्यालय स्तर पर युवा संवाद इंडिया 2047 कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अंग्रेज सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित किया। स्वाति व श्वेता द्विवेदी ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में गनपत सहाय पी.जी. कॉलेज, राणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, के.एन. आई., संत तुलसीदास पी.जी. कॉलेज के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रथम स्थान मनीषा लखवानी द्वितीय स्थान कार्तिकेय सिंह एवं तृतीय स्थान आभा मौर्या एवं ऋषभ सक्सेना को संयुक्त रूप से दिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने विकसित भारत की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए लोगों को जागरूक किया। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आलोक तिवारी ने नागरिकों के कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी। समाजशास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रो. देवेंद्र मिश्रा ने गंगा जमुनी तहजीब पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम को डॉ. आलोक रावत, डॉ. शीतला प्रसाद पांडेय, डॉ. पूजा, डॉ. प्रियंका, डॉ. शालिनी,कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एसपी. मिश्र, डॉ. दीपा सिंह, डॉ. शाहनवाज आलम ने भी संबोधित किया।

युवा संवाद में सम्मानित होता प्रतिभागी। अमृत विचार

खड़े ट्रक में जा घुसी बाइक, युवक की मौत

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचारः शनिवार की देर रात खड़े ट्रक में बेकाबू बाइक टकरा गई। जिसमें बाइक पर बैठा युवक वहीं पर दम तोड़ दिया, जबकि चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे जिला मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। शनिवार देर रात बल्दीराय थाना क्षेत्र के केवटली चौराहे पर पेट्रोल पंप के पास एक बाइक पर सवार दो युवक सड़क के किनारे खड़े ट्रक से टकरा गए। दुर्घटना में बाइक पर सवार श्याम लाल (32) व विपिन (28) निवासी कुंभी थाना मझौल जिला बेगूसराय बिहार गंभीर रूप से घायल हो गए। श्याम लाल की मौके पर ही मौत हो गई। विपिन को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

सोशल मीडिया से अभद्र टिप्पणी, तीन पर केस दर्ज

- पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ शुरू की जांच

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः युवक पर सोशल मीडिया से हो रही अभद्र टिप्पणी पर जब पूछा तो उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। जिसकी शिकायत स्थानीय थाने पर की। पुलिस ने तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

अखण्ड नगर थाना क्षेत्र के लोरपुर गांव निवासी राजेश कुमार पांडेय ने थाने पर तहरीर दी है। उसने बताया कि गांव के ही नूरुल निशा पत्नी तीजू के नाम से सोशल मीडिया पर अकाउंट बनाया गया है। जिस पर मेरे खिलाफ अभद्र टिप्पणी करते हुए गांव के बृजेश व सर्वेश बदनाम करने की कोशिश कर रहे है। जिसमें नूरुल निशा पत्नी तीजू भी शामिल है। सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने से मना करने पर उक्त लोगो ने जान से मारने की धमकी देते हुए दौड़ा लिया। इतना ही नहीं इनका भाई गैंगस्टर व हत्या में वांछित है। जिससे मुझे इन लोगों से जान माल का खतरा है। प्रभारी निरीक्षक नारद मुनि सिंह ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

सार-संक्षेप

सूचना आयुक्त ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर दिया जोर

सुलतानपुर, अमृत विचार : एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए पहुंचे राज्य सूचना आयुक्त वीरेंद्र सिंह वत्स का जिले में स्वागत किया गया। वह लखनऊ से चलकर प्रतापगढ़ और उसके बाद वहां से लौटकर सुलतानपुर डाक बंगले में पहुंचे। जहां उनका 'गार्ड ऑफ ऑनर' देकर स्वागत किया गया। इस दौरान श्री वत्स ने जिले के कवियों व साहित्यकारों से भेंट की। जिसमें प्रमुख रूप से कमलनयन पांडेय, डॉ राधेश्याम सिंह ,संजय सिंह, अनिल सिंह, प्रज्वल मिश्रा आदि उपस्थित रहे। सूचना आयुक्त ने लोकसभा चुनाव में सभी से बढ़ चढ़कर मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जितना अधिक मतदान होगा ,लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। सभी को स्वयं मतदान करना चाहिए और दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए।

कादीपुर में सभा को संबोधित करतीं सांसद मेनका गांधी। अमृत विचार

मैंने जाति और धर्म को राजनीति से दूर रखाः मेनका

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : रविवार को सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी ने कोटिया में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने पांच वर्षों में क्षेत्र में विकास कार्य किया है। मैंने जाति पाति एवं धर्म को विकास कार्यों से दूर रखा है। पात्रों को आवास, शौचालय सहित सभी सुविधाएं मुहैया कराई गई है। मैं हमेशा आप सबके बीच में रही हूं और आपके सुख-दुख में शामिल हुई हूं। नुक्कड़ सभा को विधायक राजेश गौतम, पूर्व ब्लाक प्रमुख श्रवण मिश्र, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष आनंद प्रकाश द्विवेदी, नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल, मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र पाठक सहित अनेक लोगों ने संबोधित किया है। सभा की अध्यक्षता राहुल तिवारी ने की।

संजय वर्मा बने सपा जिला उपाध्यक्ष

सुलतानपुर, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने जिला कार्यकारणी में शिवेन्द्र विक्रम (संजय वर्मा) को जिला उपाध्यक्ष नामित किया है। जिससे समर्थको में हर्ष की लहर है। बताते चलें कि सदर विधानसभा के गड़ौली गांव निवासी संजय वर्मा इसके पहले भी जिला उपाध्यक्ष के पद पर रह चुके है। शिवेन्द्र विक्रम (संजय वर्मा) ने राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि वह पहले भी पार्टी के नीतियों पर कार्य करते हुए आगे बढ़ाने का कार्य किया है। आगे भी वह कार्य करते रहेंगे। समर्थको ने एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए खुशी का इजहार किया है।

अचानक दहेज की मांग पर वधू पक्ष ने शादी तोड़ी

गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : वाराणसी जनपद के एक व्यक्ति ने गोसाईगंज थाना क्षेत्र के फतेहपुर संगत निवासी एक युवक से अपनी बेटी की शादी तय की थी। 20 तारीख को कन्या पक्ष ने स्थानीय थाना क्षेत्र के हयातनगर स्थित एक मैरिज हाल बुक किया था। द्वारपूजा के दौरान वर पक्ष ने दहेज की डिमांड बढ़ा दी। इसको लेकर लड़की पक्ष ने असमर्थता जताई। इसके बाद दूल्हा और उसका पिता मैरिज हाल से फरार हो गए। मामले की शिकायत वधू पक्ष की ओर से गोसाईगंज पुलिस से की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि द्वार पूजा के समय वर पक्ष की ओर से दहेज की डिमांड की गई थी। इसके बाद वधू पक्ष ने शादी करने से मना कर दिया। रविवार को दोनों पक्षों ने लेनदेन कर सुलह समझौता कर लिया।

प्रतापगढ़, अयोध्या व तक्षशिला ने जीता फुटबाल मैच

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : भारतीय फुटबाल महासंघ के तत्वाधान में आयोजित की जा रही सुलतानपुर ब्लू कब्स बेबी लीग प्रतियोगिता में रामरती इंटर कॉलेज कटका के मैदान पर 14 वर्षीय मैच में थंडर फुटबॉल क्लब सुलतानपुर और भूलियापुर फुटबॉल अकादमी प्रतापगढ़ के बीच खेला गया। जिसमें भूलियापुर फुटबॉल एकेडमी प्रतापगढ़ ने थंडर फुटबाल क्लब को 6-0 से हराया। दूसरा मैच अवध और थंडर फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया, जिसमें अवध फुटबॉल क्लब ने 4-0 से जीत दर्ज की। तीसरा मैच भूलियापुर फुटबॉल अकादमी प्रतापगढ़ और तक्षशिला अकादमी अंबेडकरनगर के बीच खेला गया। जिसमें तक्षशिला अकादमी ने भूलियापुर फुटबॉल अकादमी को रोमांचक मैच में 1-0 से परास्त किया। वहीं अंडर 12 आयु वर्ग में सिर्फ दो मैच खेला गया। पहला मैच तक्षशिला अकादमी अंबेडकर नगर और भुलियापुर फुटबॉल एकेडमी के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने गोल रहित ड्रॉ खेला। दूसरे मैच में भुलियापुर फुटबॉल अकादमी ने 2-0 के अंतराल से सुलतानपुर फुटबॉल अकादमी को हराया। लीग के आयोजक कोच आशुतोष गुप्ता ने बताया कि अंडर 12 अयुवर्ग में लीग में टॉप दो टीमों के बीच खेला जाएगा। सुलतानपुर फुटबॉल अकादमी अंडर 12 अयुवर्ग में फाइनल में पहुंचने के लिए अगला मैच बड़े अंतराल से जीतना होगा। अंडर 14 अयुवर्ग में थंडर फुटबॉल क्लब ने सभी मुकाबलों में एक जीत न दर्ज कर पाने की वजह से बाहर हो गई।

पुरानी रंजिश में महिला को पीटा मुकदमा दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने एक महिला को लात घूंसों से जमकर मारा पीटा। जिससे उसे काफी चोट आई। शनिवार को सुबह 10 बजे कोतवाली के पहाड़पुर श्रीरामपुर की निवासी फूल कली को विपक्षियों ने घर में घुसकर लात घुसो से जमकर पीटा। जिससे उन्हें काफी चोट आई ।आरोप है कि विपक्षियो ने घर में रखे सामानों को भी तोड़फोड़ दिया। पीड़िता के बेटे रोहित गिरी की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही महेंद्र प्रताप , सुरेंद्र प्रताप, राजन, राजीव के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

हाईस्कूल व इंटर में जिले की सर्वक्षेष्ठ बेटियां

अर्पिता 95% स्नेहा अग्रहरि 93% श्रृष्टि अग्रहरि 91% श्रेया शर्मा 90 .16%
वैष्णवी वर्मा 89% अनुराधा यादव 87% अन्नू कसौंधन 87% स्वेता पाठक 86%
आलिया बानो 85% आस्था यादव 86% प्रांजल 87 .8% आंचल 88 .4%

यूपी बोर्ड में बेटियों ने लहराया परचम

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः यूपी बोर्ड की परीक्षा के घोषित परिणाम में जिले के ग्रामीण अंचल के विद्यालयों के कई मेधावियों ने परचम लहराया है। इस बार भी छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत छात्रों से अधिक रहा।

जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र श्री आद्याशंकर मिश्र मेमोरियल राजू पब्लिक इंटर कॉलेज में हाईस्कूल के पंजीकृत 172 बच्चों में से 168 परीक्षा दी। सभी बच्चों ने अच्छे नंबर लाकर अपने साथ कॉलेज का भी नाम रोशन किया है। कालेज के प्रधानाचार्य विभूति दुबे कालेज में बैठक कर बच्चों उनके अभिभावकों को शिक्षकों को बधाई देते हुए बताया कि राजू पब्लिक इंटर कॉलेज के 85 बच्चों ने सम्मान सहित परीक्षा उत्तीर्ण की है। 90 बच्चे प्रथम श्रेणी में पास हुए। कालेज की छात्रा अर्पिता ने 91 प्रतिशत अंक लेकर कालेज टॉप किया है। सबसे अच्छा अंक लाने पर छात्र को कालेज में सम्मानित किया जाएगा। साथ ही सम्मान सहित उत्तीर्ण सभी छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य सविता द्विवेदी, बृजेश मौर्य, दीप नारायण पाठक, क्षमा श्रीवास्तव, अंजली श्रीवास्तव, अखिलेश तिवारी, शिवम विश्वकर्मा, पुष्पेंद्र विश्वकर्मा, संत प्रसाद द्विवेदी, अर्चना द्विवेदी, डीपी पांडेय आदि उपस्थित रहे। वहीं, यूपी बोर्ड परीक्षाफल में श्याम कुमारी इंटर कॉलेज की छात्राओं का दबदबा रहा। हाईस्कूल के परीक्षाफल में स्नेहा 552/600, सृष्टि 557/600, दीपिका 553/600, संजना 558/600 अव्वल रही। वहीं इंटरमीडिएट में आंचल 442/500 व प्रांजल 439/500 अंक पाकर विद्यालय का मान बढ़ाया। इसके अतिरिक्त रक्षा, सृष्टि, पालक, निहारिका, आदिल, हिमांशु आदि ने सम्मान सहित परीक्षा उत्तीर्ण की। प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं के बेहतरीन परीक्षा फल पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

प्रिया राजभर 95 .4% नैंसी तिवारी 88%

लोकसभा चुनाव मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण संपन्न, सीडीओ ने सभी कक्षों का किया निरीक्षण, दिए जरूरी दिशा निर्देश

मॉकपोल की पर्ची को काले लिफाफे में करें सील

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना के कुशल निर्देशन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में लगे मतदान कार्मिकों में पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी प्रथम का तीसरे दिवस के साथ प्रथम प्रशिक्षण पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय अमहट सुलतानपुर में सम्पन्न हुआ। प्रत्येक दिवस यह प्रशिक्षण दो पालियों व 25 कमरों में संचालित किया गया।

सीडीओ/नोडल अधिकारी (मतदान कार्मिक) अंकुर कौशिक द्वारा तीनों दिन सभी प्रशिक्षण कक्षों का निरीक्षण करते हुए प्रतिभागियों से सीआरसी कब करेंगे, वीवीपैट का नाब परिवहन व वर्किंग के समय किस स्थिति में रहेगा, टेंडर वोट कैसे पड़ेगा, टेस्ट वोट में कौन सा अनुलग्नक भरायेंगे, नियम 49 (ओ), 49 (एम), 49 एम ए (डी) आदि पर प्रश्न - उत्तर किया गया। मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि जनपद स्तर पर तैयार हैंड आउट व पीपीटी का अध्ययन अनिवार्य रूप से कर लें। उन्होंने समस्त मास्टर ट्रेनर्स को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण के दौरान जिस बिन्दु पर चर्चा कर दें उससे संबंधित प्रश्न प्रतिभागियों से अवश्य पूछें।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली ने सभी कक्षों में जाकर प्रशिक्षण व्यवस्था का निरीक्षण किया। डीडीओ अजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि पीठासीन अधिकारी द्वारा एमपीएस एप पर वोटर टर्न आउट रिपोर्ट को मतदान दिवस में नियमित अंतराल पर प्रेषित करना है। सूचना अपडेट करने के लिए इसमें आडियो एलर्ट भी पीठासीन अधिकारी के मोबाइल पर आएगा। जिला प्रशिक्षण अधिकारी डा. संतोष गुप्ता ने प्रतिभागियों को मॉक पोल के पश्चात कण्ट्रोल यूनिट को क्लियर करना तथा वीवी पैट के ड्राप बाक्स में गिरी मॉक पोल की पर्ची को निकाल कर उसके पीछे मुहर लगाकर इसे काले लिफाफे में रखकर सील करने की प्रक्रिया समझाई। बीएसए दीपिका चतुर्वेदी व डीआईओएस रविशंकर ने तीनों दिन प्रशिक्षण व्यवस्था की मॉनिटरिंग करते हुए अपेक्षित सहयोग किया।

केंद्रीय विद्यालय अमहट में चल रहे प्रशिक्षण का जायजा सीडीओ अंकुर कौशिक।

छह मतदान कार्मिक रहे अनुपस्थित, वेतन रुका

प्रशिक्षण की पूरी तैयारी व व्यवस्था को देख रहे डॉ. जनार्दन राय ने बताया कि आज 1196 के सापेक्ष 1190 कार्मिकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। 6 मतदान कार्मिक अनुपस्थित पाये गये। तीनों दिवस में कुल 5196 कार्मिकों के सापेक्ष कुल 42 मतदान कार्मिकों के अनुपस्थित पाये जाने के कारण अप्रैल का वेतन रोका गया है। उन्होंने बताया कि तीनों दिवस में कुल 22 जोनल मजिस्ट्रेट व 210 सेक्टर मजिस्ट्रेट (रिजर्व सहित) को भी प्रशिक्षित किया गया। पी.पी.टी. चलाने में विपिन कुमार यादव, वकील अहमद, इमरान,आसिफ जमाल, अनुपम द्विवेदी, मनदीप पांडेय, मृत्युंजय सिंह, विशेष श्रीवास्तव, विनोद सिंह ने सराहनीय योगदान दिया। प्रशिक्षकों में प्रदीप भार्गव, विनय प्रजापति, सर्वेश सिंह मुनीश,आलोक सिंह, शैलेश मौर्य, दिलीप शर्मा, शरद चतुर्वेदी ,रवीन्द्र सिंह, रणवीर सिंह, डा. हरिओम त्रिपाठी, शशांक सिंह, जगन्नाथ रावत,भीम, कौशलेन्द्र महेंद्र, अनूप गुप्ता,केदारनाथ, सत्येन्द्र प्रताप, जलालुद्दीन, राम प्रतिज्ञा, रामपाल,शिवपूजन, सचिन नौटियाल, संजीव द्विवेदी,अजीत प्रताप,विनोद कुमार, रामकिशन, ओम प्रकाश, कृष्ण शंकर, वृजराज, जगराम, अखबार खां, रणधीर सिंह आदि ने जनपदीय मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया।

एक नजर

तीन गांवों में लगी आग से लाखों का नुकसान

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। उसका थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोहांस सुमाली के ग्राम सिसहनिया, तेनुहवा व श्रीरामपुर में लगी आग से तबाही मच गई। फायर ब्रिगेड व ग्राम वासियों के अथक प्रयास से आग बुझ सकी। आग के चपेट में आने से दीनानाथ, महादेव, मेहरुन्निसा, प्रहलाद तथा रामप्रसाद का मकान जलकर राख हो गए। प्रहलाद की लड़की की शादी 6 जून 2024, को थी। जिसका दहेज का सामान तथा नगद रुपये जलकर राख हो गया। प्रहलाद के अनुसार घर के अंदर जो भी सामान था, वह जलकर खत्म हो गया, लड़की के दहेज में देने के लिए जेवर कपड़ा आदि दहेज का सामान जल गया। लेखपाल नवीन श्रीवास्तव ने मौके पर पहुंचकर जले हुए मकानों का निरीक्षण किया।

महिला शिक्षक संघ की बैठक करने पर शिक्षिका को नोटिस

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। बांसी विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय तेजगढ़ में तैनात शिक्षिका को धारा 144 के उल्लंघन के आरोप में बीएसए ने नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर जारी नोटिस का संतोषजनक स्पष्टीकरण न मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय ने शिक्षिका सुषमा सिंह को भेजे नोटिस में कहा है कि आदर्श चुनाव आचार संहिता व धारा 144 प्रभावी है.। संबंधित शिक्षिका की ओर से सक्षम अधिकारी से बिना अनुमति प्राप्त किए बीते शनिवार को उप्र महिला शिक्षक संघ की बैठक की गई और अध्यापक आचरण सेवा नियमावली का खुला उल्लंघन किया गया। इस संबंध में तीन दिन में संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत न करने पर विभागीय कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

बेहतर परीक्षा परिणाम से छात्र और छात्राएं उत्साहित

यूपी बोर्ड : विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में बेहतर अंक पाकर साबित की अपनी मेहनत

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित हाईस्कूल व इण्टर मीडिएट परीक्षा में शिवपति इन्टर कालेज शोहरतगढ़ के सत्र 2023-24 में बच्चों ने बेहतर अंको से परीक्षा उत्तीर्ण की।

शिवपति इन्टर कालेज में हाईस्कूल का उत्तीर्ण प्रतिशत 83.63 प्रतिशत तथा इन्टरमीडिएट का उत्तीर्ण प्रतिशत 82.16 प्रतिशत रहा। जो बोर्ड के परीक्षा परिणाम के लगभग बराबर है। अच्छा परीक्षा फल पाकर छात्र-छात्राएं, शिक्षक, कर्मचारी, प्रधानाचार्य एवं प्रबन्धक ने खुशी व्यक्त किया। विद्यालय में इन्टरमीडिएट के दिव्यांश उपाध्याय ने 473 अंक, रविदास ने 459 अंक तथा कुमारी मुदिता त्रिपाठी ने 458अंक प्राप्त कर क्रमशः 94.6 प्रतिशत, 91.8 प्रतिशत तथा 91.6 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसी प्रकार हाई स्कूल की परीक्षा में कुमारी हसीन ताज 541, कुमारी गौरी गुप्ता 538, विकास मिश्रा 527 प्राप्त कर क्रमशः 90.16 प्रतिशत, 89.66 प्रतिशत तथा 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम ऊंचा किया।

यूपी बोर्ड द्वारा घोषित हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा में सेठ रामकुमार खेतान बालिका इन्टर कालेज की छात्राओं ने बेहतर अंको से परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय की हाईस्कूल की छात्रा अंशिका कसौधन ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय टॉप किया। महिमा व प्रीती ने 87 प्रतिशत, शालू व शाहीन ने 84 प्रतिशत अंक हासिल किया।

काजल।

अनुष्का गोस्वामी।

कमर जहां।

सौम्या मिश्रा।

तो वहीं इण्टरमीडिएट मानविकी वर्ग की छात्रा नेहा ने 84 प्रतिशत, पुष्पा 77 प्रतिशत, नीलम जायसवाल 76 प्रतिशत तथा वैज्ञानिक वर्ग की छात्रा फिजा अंसारी ने 84 प्रतिशत, काजल ने 83 प्रतिशत और अंजली विश्वकर्मा ने 82 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय व परिवार को गौरवान्वित किया। विद्यालय का बेहतर परिणाम होने पर प्रधानाचार्या अंजू मिश्रा ने शिक्षकों के साथ उत्तीर्ण छात्राओं का फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया। आइडियल पब्लिक स्कूल गड़ाकुल शोहरतगढ़.में मोहम्मद सैफ अंसारी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, आदर्श चौधरी 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान तथा शिवा 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहा। तो वहीं इन्टरमीडिएट में रमेश अग्रहरी ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अतीकुर्रहमान ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान तथा सबा करीन ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहें। विद्यालय का बेहतर परिणाम होने पर प्रबंधक रवि सिंह और संरक्षक गुडडू उपाध्याय ने शिक्षकों के साथ उत्तीर्ण बच्चों को फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया। तो वहीं शारदा पब्लिक स्कूल गड़ाकुल शोहरतगढ़.के इन्टर में काजल 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर, कमर जहां ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान तथा अनुष्का गोस्वामी ने 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहीं।

प्रधानाचार्य अरविन्द अग्रहरि व उप प्रधानाचार्य मुख्तार आलम उर्फ चांद ने सभी बच्चों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दिया। पीपीएस पब्लिक स्कूल गड़ाकुल शोहरतगढ़. के इन्टरमीडिएट में कुमारी अमीना खातून पुत्री तौफीक अहमद ने 86.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्राप्त स्थान, कुमारी रंजना पुत्री चिन्नी लाल यादव ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान तथा कुमारी नाजिश अंसारी पुत्री नसीम अंसारी ने 81.6 प्रतिशत अंक तथा विकास वरुण पुत्र त्रिवेणी वरुण ने 81.6 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में तृतीय स्थान हासिल किया है।

हाईस्कूल बोर्ड में अमरेंद्र प्रताप मिश्र पुत्र राजीव कुमार मिश्र ने 544 अंक हासिल कर प्रथम स्थान, मो. कैफ पुत्र समीउल्लाह ने 526 अंक हासिल कर द्वितीय स्थान हासिल किया। नव्या गुप्ता पुत्री संतोष कुमार ने 495 अंक हासिल कर तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय का बेहतर परिणाम होने पर प्रबंधक पाटेश्वरी प्रसाद श्रीवास्तव ने शिक्षकों के साथ उत्तीर्ण छात्राओं का फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया।

चंद्राश फाउंडेशन ने की अग्निपीड़ितों की मदद

गोरखपुर, अमृत विचार। उपनगर गोला बाजार के वार्ड नंबर 12 में आज दोपहर 1 बजे सड़क के किनारे बसे बांस के कारीगर के 3 घरों में आग लग गई। उनका सामान जल गया। चंद्राश फाउंडेशन की टीम ने मौके पर पहुंचकर प्रेमचंद और मुन्ना के पूरे परिवार को पूरा बर्तन और एक महीने का राशन उपलब्ध कराया। फाउंडेशन के अध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता ने जन सहयोग से जिसमे शत्रुधन कशौधन जी के तरफ से दो सेट बर्तन, तथा राहुल गुप्ता के तरफ से 10-10 किलो गेहूं, आकाश अग्रवाल पंकज कुमार गुप्ता और राज सोनकर के तरफ से दोनो परिवारों को महीने भर का राशन,कपड़ा और बिस्तर की व्यवस्था किया गया। उन्होंने बताया कि आगे भी चंद्राश फाउंडेशन इनकी मदद के लिए तत्पर रहेगा।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार किशोर की मौत

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। शिवनगर डिड़ई थाना क्षेत्र के करही गांव के पास शनिवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार किशोर की मौत हो गई।

करही निवासी शनि (18) पुत्र संकटा, प्रेम (16) पुत्र रामबिलास के साथ घटना की रात क्षेत्र के ही करही पेट्रोल पंप पर तेल लेने के लिए निकला था। अभी गांव से कुछ ही दूरी पर पहुंचा था कि अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दोनों घायल हो गए। उन्हें त्रिलौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां गंभीर हालात देखकर डॉक्टरों ने प्रेम को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में पहुंचने पर उसकी मौत हो गई। जबकि शनि को मामूली चोट आई थी। इसलिए उपचार के बाद घर भेज दिया गया। तीन भाइयों में सबसे छोटा प्रेम बानकुंइयां स्थित रामसेवक राम कुमार इंटर कॉलेज में नौवीं का छात्र था। उसने इसी वर्ष नौवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की था। एसओ शिवनगर डिड़ई रामकृपाल शुक्ल ने कहा कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

पीड़ित किसानों को मिली सहायता राशि

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। औमंडी समिति पर ग्राम पंचायत रमवापुर के टोला मुसहरी देवीनगर में 10 दिन पूर्व गेहूं की फसल जल गयी थी। पीड़ित किसानों को क्षतिपूर्ति राशि का चेक दिया गया। वहीं मंडी समिति शोहरतगढ़ पर 26 किसानों को 1,55,010 रुपये की सहायता दी जा चुकी है। कुछ किसानों को अभी क्षतिपूर्ति का चेक दिया जाना है। मंडी समिति के इंचार्ज रामजी यादव और कम्प्यूटर आपरेटर नफीस आलम, ग्राम प्रधान ज़फ़र आलम की मौजूदगी में पीड़ित किसानों को चेक दिया गया।

चुनाव ड्यूटी के लिए पुलिस बल रवाना

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। द्वितीय चरण का लोकसभा चुनाव कराने के लिए मुख्यालय स्तर से कुल 46 पुलिसकर्मियों को रोडवेज बस से मथुरा रवाना किया गया। पुलिस लाइन प्रांगण में ब्रीफिंग के उपरान्त पार्टी प्रभारी को फस्ट ऐड किट व लंच पैकेट प्रदान करते हुए वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

पुलिस बल द्वितीय चरण के मतदान ड्यूटी के उपरान्त तृतीय चरण हेतु जनपद फिरोजाबाद एवं चतुर्थ चरण हेतु जनपद हरदोई में निर्धारित तिथियों पर मतदान के दायित्वों का निर्वहन करेगी। इस अवसर पर अरुण कान्त सिंह, क्षेत्राधिकारी कार्यालय/चुनाव, बीएन गुप्ता, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन, निरीक्षक संतोष कुमार सिंह आदि थे।

पुलिस लाइन परिसर में चुनाव ड्यूटी में मथुरा रवाना होने से पूर्व पुलिसकर्मियों को निर्देश देते अधिकारी। अमृत विचार

ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संशोधित किया गया समय

सुविधा

▸▸ सभी गाड़ियों में लगेंगे अतिरिक्त कोच,फेरों की संख्या भी बढ़ी

गोरखपुर

अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की हो रही अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्री जनता की सुविधा हेतु 01207/01208 नागपुर-गोरखपुर-नागपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन नागपुर से 21 अप्रैल, 2024 रविवार को तथा गोरखपुर से 22 अप्रैल, 2024 सोमवार को निम्नलिखित स्टेशनों पर समय संशोधित किया गया है।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी का 01 तथा वातानुकूलित तृतीय इकोनामी श्रेणी के 12 कोचों सहित कुल 19 कोच लगाये जायेंगे। अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 05055/05056 लालकुआं-वाराणसी सिटी-लालकुआं ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन लालकुआं से 29 अप्रैल से 24 जून, 2024 तक प्रत्येक सोमवार को तथा वाराणसी सिटी से 30 अप्रैल से 25 जून, 2024 तक प्रत्येक मंगलवार को 09 फेरों के लिये जायेगा। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 05, वातानुकूलित तृतीय इकोनामी श्रेणी के 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01 तथा वातानुकूलित प्रथम श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 16 एलएचबी कोच लगाये जायेंगे। उन्होने बताया कि 05043/05044 रामनगर-लखनऊ जं.-रामनगर ग्रीष्मकालीन द्वि-साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन रामनगर से 26 अप्रैल से 29 जून, 2024 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार को तथा लखनऊ जं. से 26 अप्रैल से 29 जून, 2024 तक प्रत्येक प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार को 20 फेरों के लिये किया जायेगा।

05043 रामनगर-लखनऊ जं. ग्रीष्मकालीन द्वि-साप्ताहिक विशेष गाड़ी 26 अप्रैल से 29 जून, 2024 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार को रामनगर से 09.00 बजे प्रस्थान कर काशीपुर से 09.27 बजे, बाज़पुर से 09.47 बजे, लालकुआं से 10.45 बजे, पन्तनगर से 10.55 बजे, किच्छा से 11.10 बजे, बहेरी से 11.26 बजे, भोजीपुरा से 12.30 बजे, पीलीभीत से 13.30 बजे, पूरनपुर से 14.42 बजे, मैलानी से 15.45 बजे, गोला गोकरननाथ से 16.17 बजे, लखीमपुर से 16.45 बजे, हरगांव से 17.07 बजे, सीतापुर से 17.35 बजे, सिधौली से 17.57 बजे तथा मोहिबुल्लापुर से 18.32 बजे छूटकर लखनऊ जं. 19.15 बजे पहुँचेगी।

05044 लखनऊ जं.-रामनगर ग्रीष्मकालीन द्वि-साप्ताहिक विशेष गाड़ी 26 अप्रैल से 29 जून, 2024 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार को लखनऊ जं. से 21.00 बजे प्रस्थान कर मोहिबुल्लापुर से 21.35 बजे, सिधौली से 22.17 बजे, सीतापुर से 22.50 बजे, हरगांव से 23.15 बजे, लखीमपुर से 23.37 बजे, दूसरे दिन गोला गोकरननाथ से 00.07 बजे, मैलानी से 00.40 बजे, पूरनपुर से 01.15 बजे, पीलीभीत से 02.18 बजे, भोजीपुरा से 03.30 बजे, बहेड़ी से 04.05 बजे, किच्छा से 04.25 बजे, पन्तनगर से 04.37 बजे, लालकुआं से 05.00 बजे, बाज़पुर से 05.50 बजे तथा काशीपुर से 06.25 बजे छूटकर रामपुर 07.05 बजे पहुँचेगी।

इस गाडी में जी.एस.एल.आर.डी के 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 03, द्वितीय श्रेणी कुर्सीयान के 04, वातानुकूलित कुर्सीयान का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 02 कोचों सहित कुल 15 कोच लगाये जायेंगे।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि 01083/01084 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 25 एवं 30 अप्रैल, 2024 को तथा गोरखपुर से 27 अप्रैल एवं 02 मई, 2024 को 02 फेरों के लिये किया जायेगा।

इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 03, शयनयान श्रेणी के 07, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04 तथा एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 16 कोच लगाये जायेंगे।

सार-संक्षेप

कपिलवस्तु डिग्री कॉलेज संगठन ने पाल को दिया समर्थन

बैठक मे मौजूद डिग्री कॉलेज के प्रबंधक। अमृत विचार

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जनपद के आजाद महाविद्यालय प्रांगण में कपिलवस्तु डिग्री कॉलेज संगठन के अध्यक्ष मुमताज अहमद की अगुवाई में जनपद के डिग्री कॉलेज के प्रबंधकों की एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक में अध्यक्ष मुमताज ने लोकसभा डुमरियागंज के भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल को प्रबंधकों ने अपना समर्थन देने का वादा किया। विद्यालय के प्रबंधक ने बताया कि भाजपा के प्रत्याशी जगदंबिका पाल एक कर्मठ और सुयोग्य प्रत्याशी हैं उन्हें हम लोगों द्वारा 2024 के चुनाव में उनका समर्थन दिया जा रहा है यह जानकारी कपिलवस्तु डिग्री कॉलेज के अध्यक्ष मुमताज अहमद ने दी।

सहायक उपनिरीक्षक की तत्परता से बची महिला की जान

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। बढ़नी रेलवे स्टेशन बढ़नी पर शनिवार को आरपीएफ सहायक उपनिरीक्षक सुनील कुमार यादव की तत्परता से एक महिला की जान बच गई। नकहा गोमती नगर एक्सप्रेस के बढ़नी स्टेशन आने पर लालमती पत्नी ओमप्रकाश निवासी मनीराम सिक्टौर थाना चिलुआताल गोरखपुर, परिवार के साथ ट्रेन में बैठ गई। ट्रेन खुलने पर जब उसे पता चला कि यह गाड़ी मनीराम में नहीं रुकती हैं तो चलती गाड़ी से उतरने की कोशिश की। दोनों पैर ट्रेन और प्लेटफॉर्म के गैप में आ गए। तभी आरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक सुनील कुमार यादव ने तत्परता दिखाते हुए अपनी जान जोखिम में डालकर उक्त महिला को सुरक्षित खींच कर बाहर निकाल लिया। इसके बाद महिला को दूसरे ट्रेन में बैठा कर भेजा गया।

सचिन लेफ्टीनेंट पद पर चयनित

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर अमृत विचार। जिले के तहसील शोहरतगढ़ के ग्राम महदेवा गंगाराम निवासी संतोष तिवारी के पुत्र सचिन तिवारी का चयन भारतीय सेना में एसएसबी बोर्ड द्वारा लेफ्टीनेंट पद पर हुआ है। उन्हें प्रशिक्षण के लिए आफिसर ट्रेनिंग एकेडमी बिहार भेजा गया। क्षेत्रवासियों ने सचिन त्रिपाठी के लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित होने शुभकामनाएं दी हैं।

भारत-नेपाल सीमा पर बरती जा रही कड़ी चौकसी

बढ़नी/सिद्धार्थनगर अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र भारत नेपाल सीमा पर कड़ी चौकसी बरती जा रही है। सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गयीं है। संदिग्ध लोगों पर कड़ी नज़र रखी जा रही है। सी समवाय एसएसबी महादेव बुजुर्ग द्वारा लोकसभा चुनाव को देखते हुए भारत-नेपाल सीमा पर कमान्डेंट 50वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बलरामपुर के निर्देशन में सी समवाय एसएसबी महादेव बुजुर्ग के असिस्टेंट कमान्डेंट दीपक चंद और नेपाल एपीएफ के निरीक्षक सूर्या देवकोटा के नेतृत्व में बार्डर पिलर 563 से 564 तक नेपाल एपीएफ के साथ संयुक्त गश्त की गयी।

30 तक पूरा करायें नाले का निर्माण कार्य

गोरखपुर, अमृत विचार। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल द्वारा साइकिल से गोरखनाथ क्षेत्र में लगन पैलेस मैरिज हॉल से हरियाली मैरिज हाउस होते हुए निर्माणाधीन बसियाडीह नाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार पर नगर आयुक्त द्वारा नाराजगी जताई और सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता को सख्त निर्देश दिए गए कि हर हाल में 30 अप्रैल तक नाले का निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया जाय, अन्यथा कि स्थिति में संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कठोर कार्यवाही की जाएगी। रसूलपुर दशहरी बाग के आगे कुछ लोगो द्वारा अपने घरों से आगे बढ़कर सड़क पर अतिक्रमण कर निर्माण करा लिया गया है, जिससे सड़क पतली हो गई है, नगर आयुक्त द्वारा सहायक अभियंता को निर्देशित किया गया कि ऐसे अवैध निर्माण को हटवाकर एंड टू एंड नाली निर्माण सुनिश्चित कराएं।निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता संजय चौहान, सहायक अभियंता शैलेश कुमार, अवर अभियंता अतुल कुमार व राजकुमार तथा संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे।

11 रक्तदाताओं ने किया महादान

बाराबंकी, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट की जिला इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में लगाए गए इस शिविर में जिलाध्यक्ष शांति भूषण सिंह की अगुवाई में 15 किसानों ने रक्तदान करने के लिए अपना पंजीकरण करवाया। जिसमें से जांच के बाद स्वस्थ मिले 11 किसानों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में शांति भूषण सिंह, जगदम्बा प्रसाद यादव, संतोष, नन्दन, सनद, अमर सिंह, अमरेश आदि शामिल रहे।

झूठी निकली युवती के अपहरण की घटना

देवा, बाराबंकी, अमृत विचार: देवा इलाके की रहने वाली एक युवती के अपहरण की घटना झूठी निकली। पुलिस ने युवती को बिहार प्रांत से सकुशल बरामद किया है। वह युवती अपनी सहेली की शादी में गई थी। युवती ने अपने साथ किसी भी अपने घटना से इनकार किया है।

देवा कोतवाली क्षेत्र के हर्रई गांव की रहने वाली प्रीति तमिलनाडु प्रांत में एक निजी कंपनी में काम करती थी। उसके साथ ही गांव की कई लड़कियां भी काम करती हैं। कुछ दिन पूर्व उसके गांव की लड़कियां अपने घर आ गईं, लेकिन प्रीति वापस नहीं आई। जिसको लेकर उसके भाई अखिलेश ने देवा थाने में कमलेश कुमार पुत्र कामता पासवान निवासी कंदौला थाना हुलासगंज जनपद जहानाबाद बिहार पर बहन के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके चलते पुलिस की एक टीम बिहार के लिए रवाना हुई और युवती को लेकर वापस आई। अब जब घटना का खुलासा हुआ तो मामला उलटा ही निकला। युवती ने बताया कि कमलेश उसके साथ कंपनी में कार्य करता था। कमलेश की बहन की शादी थी और इस शादी में शामिल होने के लिए वह वहां गई थी।

40 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार: जहरीली शराब की बिक्री व उसके निर्माण को लेकर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत मोहम्मदपुर खाला पुलिस ने ग्राम बतनेरा निवासी पवन व सीतापुर निवासी गुरुमुख को 40 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।

तीन वांछित गिरफ्तार : बाराबंकी, अमृत विचार: पुलिस रामनगर पुलिस टीम ने रविवार को एससीएसटी मामले में वांछित ग्राम बुढगौरा निवासी आरोपी महेश व ग्राम कुंदवल निवासी हरिकेश उर्फ खोखे को गिरफ्तार कर लिया। देवा पुलिस ने रूपचन्द्र को मामा नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया।

उधना-छपरा के बीच चलेगी ट्रेन

गोरखपुर

अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 09115/09116 उधना-छपरा-उधना अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन उधना से 22 अप्रैल को तथा छपरा से 23 अप्रैल को एक फेरे के लिये निम्नवत किया जायेगा।

फलस्वरूप 09115 उधना-छपरा अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 22 अप्रैल को उधना से 11.25 बजे प्रस्थान कर चलथान से 11.45 बजे, बारडोली से 12.05 बजे, नंदुरबार से 13.35 बजे, भुसावल से 16.45 बजे, खंडवा से 18.52 बजे, इटारसी से 21.30 बजे, दूसरे दिन जबलपुर से 01.20 बजे, कटनी से 02.50 बजे, सतना से 04.30 बजे, मानिकपुर से 05.50 बजे, प्रयागराज छिवकी से 07.40 बजे, वाराणसी जं. से 10.45 बजे, छूटकर छपरा 20.00 बजे पहुंचेगी। वापसी में 09116 छपरा-उधना अनारक्षित विशेष गाड़ी 23 अप्रैल को छपरा से 23.00 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन बलिया से 00.32 बजे, गाजीपुर सिटी से 02.15 बजे, जौनपुर से 04.15 बजे, वाराणसी जं. से 06.40 बजे, प्रयागराज छिवकी से 10.05 बजे, मानिकपुर से 11.52 बजे, सतना से 13.15 बजे, कटनी से 14.50 बजे, जबलपुर से 16.25 बजे, इटारसी से 20.40 बजे, तीसरे दिन भुसावल से 01.25 बजे, छूटकर उधना 07.00 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 12 (अनारक्षित कोच के रूप में उपयोग होगा), सामान्य द्वितीय श्रेणी के 08 एवं एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

04493 दरभंगा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचलन दरभंगा से 22 अप्रैल को एकल यात्रा के लिए किया जायेगा। इस गाड़ी के सभी कोच अनारक्षित श्रेणी के लगाये जायेंगे। 04411 सहरसा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचालन सहरसा से 23 अप्रैल, को एकल यात्रा के लिए किया जा रहा है।सभी कोच अनारक्षित श्रेणी के होंगे।

खरमास समाप्त | कपड़े, गहने, फर्नीचर व इलेक्ट्रिक वस्तुएं 20 फीसदी तक महंगे

शादियों का सीजन शुरू होते ही बढ़ी महंगाई

सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। खरमास बीतने के बाद शादियों का सीजन शुरू हो गया है। लग्न शुरू होने से कपड़े, गहने, फर्नीचर व इलेक्ट्रिक वस्तुओं के दामों में 20 फीसदी तक उछाल आया हैं। इससे लोगों को महंगाई की मार सताने लगी है। जबकि लग्न शुरु होने से दुकानों पर भीड़ भी बढ़ गई हैं। व्यापारियों का पिछले साल को अपेक्षा अधिक कारोबार होने का अनुमान है।

खरमास खत्म होने के बाद लोग शादियों के लिए सामान खरीदना शुरु कर दिए हैं। जबकि खरीदार बढ़ने से वस्तुओं के दाम में भी उछाल आ गया हैं। फिर भी जिनके घर पर शादी हैं, वह लोग सामान को खरीद रहे हैं। वही ग्राहकों का मानें तो शादी का सीजन व तेज गर्मी होने से कुलर, पंखा के समानों के दामों में काफी तेजी आई हैं। इससे लोगों को पिछले साल के अपेक्षा 20 फीसदी अधिक लागत से सामान खरीदना पड़ रहा है। सोने-चांदी का भी भाव प्रतिदिन चढ़ रहा है। वही कपड़े के दुकानों पर भी खरीदने वालों का तांता लगा हुआ है। ग्राहकों के अनुसार पिछले वर्ष जो पंखा एक हजार का मिल रहा था, उसका दाम 1200 हो गया है। यही हाल कूलर का है। कपड़े की बात करें तो अचानक से मांग बढ़ने से कपड़े के दाम में भी उछाल आ गया है। शादी का सीजन व गर्मी बढ़ने से इलेक्ट्रानिक वस्तुओं पर सबसे अधिक महंगाई छाई हैं। खरीदार बढ़ने से दुकानदार भी महंगे रेट पर सामान बेच रहें हैं। इससे लोगों की जेब ढीली हो रही हैं। महंगाई के बावजूद दुकानों में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है।

49 लोगों पर शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई

बाराबंकी, अमृत विचार : लोकसभा चुनावों के मद्देनजर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को जिले के अलग- अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने 49 लोगों पर शांतिभंग की आशंका को देखते हुए कार्रवाई की। पुलिस ने आठ वांछितों को गिरफ्तार किया।

तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार :बाराबंकी, अमृत विचार: पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों व अपराधियों की धर पकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को जैदपुर पुलिस टीम ने चमरहिया मोहल्ला पछली चमरहिया निवासी इरशाद को एक तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया।

नमो युवा सम्मेलन की पूरी की गयीं सभी तैयारियां

▸▸ बूथ से 10-10 युवाओं को लाएगा मोर्चा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा हैदरगढ़ विधानसभा में आगामी 24 अप्रैल को होने वाले नमो युवा सम्मेलन की तैयारी बैठक का आयोजन रविवार को सुबेहा मंडल में सराय चंदेल स्थित श्री चंद्र चूर्ण सिंह इंटर कॉलेज में किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजयुमो प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह उपस्थित रहे। बैठक में युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी 24 अप्रैल को लोकसभा स्तर पर युवा मोर्चा विशाल नमो युवा सम्मेलन करने जा रहा है। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व नोयडा विधायक पंकज सिंह युवाओं को संबोधित करेंगे। शक्तिकेन्द्र स्तर पर बैठक कर योजना बनानी है। शक्तिकेन्द्र के अंतर्गत जितने बूथ आते है हर बूथ से 10-10 युवाओं को लाने की जिम्मेदारी युवा मोर्चा की है। लोकसभा चुनाव में युवाओं के ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रोहित सिंह ने कहा कि सभी तैयारी पूर्ण कर ली गयी हैं। सभी शक्तिकेन्द्र स्तर पर टीम बन गयी है।

अपनी ढपली अपना राग

ये वही कांग्रेस है जिसने काका कालेलकर की रिपोर्ट को दबा कर रखा, मंडल कमीशन का विरोध किया।
– अमित शाह

वे डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को भी खत्म कर देंगे। वोट के अधिकार को बरकरार रखना होगा।
– मल्लिकार्जुन खरगे

400 पार का मतलब देश का गरीबी से मुक्ति, भ्रष्टाचार से मुक्ति है और ऐसा कोई कर सकता है तो वह मोदी की ही कर सकते हैं।
–केशव प्रसाद मौर्या

फ्री राशन से गरीबों का भला नहीं होने वाला। आप जो टैक्स देते हैं ये राशन उससे मिलता है। भाजपा आप पर कोई अहसान नहीं कर रही है। – मायावती

प्रधानमंत्री ने ऐसे काम किए, सोचा न होगा। गरीबों के लिए ये काम केवल वही कर सकता है जिसने गरीबी देखी है।
–दलीप सिंह राणा उर्फ खली

तीसरा चरण: जयवीर व डिंपल समेत कई की प्रतिष्ठा दांव पर

चुनावी रण के लिए तस्वीर लगभग साफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। तीसरे चरण के चुनाव रण में महारथियों की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। इस चरण की दस सीटों पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी मैनपुरी सांसद डिंपल यादव, शिवपाल सिंहस यादव के पुत्र आदित्य व मंत्री जयवीर सिंह समेत दिग्गज प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। चुनाव में जीत को लेकर इनकी प्रतिष्ठा दांव पर लग गई है।

इस चरण की दस सीटों के चुनाव में 104 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें सम्भल में 13, हाथरस (अजा) में 10, आगरा (अजा) में 11, फतेहपुर सीकरी में 10, फिरोजाबाद में सात, मैनपुरी में आठ, एटा में 10, बदायूं में 12, ऑवला में नौ व बरेली में 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे हैं।

2019 में संभल लोकसभा सीट पर सपा के प्रत्याशी डॉ शफीर्कुरहमान बर्क ने 1,74,826 मतों के अंतर से जीत दर्ज की थी। उन्हें 6,58,006 वोट मिले थे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर राव सैनी को हराया था, जिन्हें 4,83,180 वोट मिले थे। इस बार बहुजन समाज पार्टी से शौकत अली, भारतीय जनता पार्टी से परमेश्वर लाल सैनी और समाजवादी पार्टी से डॉ शफीकुर रहमान बर्क प्रमुख उम्मीदवार हैं।

- ऑवला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी से धर्मेन्द्र कश्यप व सपा से नीरज मौर्या चुनावी रण में उतरे हैं। बसपा प्रत्याशी आबिद अली का नामांकन निरस्त हो चुका है।
- हाथरस लोकसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी से अनूप वाल्मिकी, समाजवादी पार्टी से जसवीर बाल्मीकि व बहुजन समाज पार्टी से हेमबाबू धनगर चुनाव मैदान में हैं।
- मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के लिए सपा से डिम्पल यादव दोबारा चुनाव मैदान में उतरी हैं, तो भाजपा ने मंत्री जयवीर सिंह को चुनाव मैदान में उतार दिया है। बहुजन समाज पार्टी से शिव प्रसाद चुनाव मैदान में हैं।
- फतेहपुर सीकरी क्षेत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी से राजकुमार चाहर, कांग्रेस से रामनाथ सिंह सिकरवार व बसपा से रामनिवास चुनाव मैदान में हैं।
- एटा क्षेत्र के लिए भाजपा ने राजवीर सिंह को प्रत्याशी बनाया है। सपा से देवेश शाक्य व बहुजन समाज पार्टी से मोहम्मद इरफान एडवोकेट प्रत्याशी हैं।

जयवीर सिंह | डिंपल यादव | आदित्य यादव | राजीव सिंह

- बरेली लोकसभा क्षेत्र में भाजपा व सपा के बीच सीधे मुकाबला है। भाजपा से छत्रपाल सिंह गंगवार, सपा से प्रवीण सिंह ऐरन चुनाव मैदान में हैं, जबकि बसपा के छोटे लाल गंगवार का नामांकन निरस्त हो चुका है।
- बदायूं लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए भाजपा ने दुर्विजय सिंह शाक्य को चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि सपा से शिवपाल सिंह यादव के पुत्र आदित्य को चुनाव मैदान में उतारा है। बहुजन समाज पार्टी से मुस्लिम खां प्रत्याशी हैं।
- आगरा (अजा) क्षेत्र के लिए भाजपा ने एसपी सिंह बघेल को चुनाव मैदान में उतारा है। समाजवादी पार्टी से सुरेश चन्द्र कर्दम व बसपा से पूजा चुनाव मैदान में हैं।

2014 में भाजपा ने जीती थी सभी आरक्षित 17 सीटें

आरक्षित सीटों पर कद बढ़ाने की फिराक में बसपा

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जाति बाहुल्य 17 आरक्षित सीटों पर बसपा अपना कद बढ़ाने के लिए दो दशक से प्रयासरत है। इस दौरान संपन्न लोकसभा चुनावों में बसपा कभी भी पांच सीटों से ज्यादा नहीं जीत सकी है। वहीं, 2009 में सपा ने 10 सीटें और 2014 में मोदी लहर के दौरान भाजपा ने सभी 17 सीटों पर अपना वर्चस्व जमाया था। हालांकि 2019 के चुनाव में बसपा ने भाजपा की झोली से दो सीटें झटकी थीं, इसबार सीटों की संख्या बढ़ाने की कोशिश में है।

एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच हो रहे लोकसभा चुनावों में बसपा, आरक्षित सीटों के भरोसे तीसरे मोर्चा बनाने की फिराक में है। हालांकि इसकी धमक बसपा द्वारा प्रत्याशी घोषित होते ही सुनाई भी देती है। बसपा के प्रत्याशी से कुछ सीटों पर एनडीए और सपा-कांग्रेस गठबंधन के तैयार समीकरणों को बिगड़ते नजर आ रहे हैं। इसी रणनीति मोर्चे की सफल बनाने के लिए मायावती ने पश्चिम उप्र. में सभाएं शुरू कर दी हैं। वहीं भाजपा की ओर से पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के साथ ही मुख्यमंत्री योगी की सभाएं ताबड़तोड़ जारी हैं।

बसपा ने प्रदेश की अधिकांश आरक्षित सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं, नगीना सीट से सुरेन्द्र पाल सिंह हैं, जहां पहले चरण में मतदान संपन्न हो चुके हैं। अन्य प्रत्याशियों में बुलंदशहर सीट से गिरीश चंद्र जाटव, शाहजहांपुर में डॉ. दोदराम वर्मा, हाथरस से हेम बाबू धनगर, आगरा से पूजा अमरोही, इटावा से सारिका सिंह बघेल, जालौन में सुरेश चंद्र गौतम को उम्मीदवार घोषित किया गया है। वहीं मोहनलालगंज से राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान, कौशाम्बी से शुभ नारायण, राबर्ट्सगंज से धनेश्वर गौतम, लालगंज से डॉ.इंदु चौधरी, मिश्रिख से बीआर अहिरवार, मछलीशहर से कृपा शंकर सरोज, हरदोई से भीमराव आंबेडकर चुनाव मैदान में डटें हैं। बाराबंकी, बहराइच, बांसगांव में प्रत्याशी घोषित होना बाकी हैं।

किसी के साथ भेदभाव नहीं: आंबेडकर

बसपा में लखनऊ मंडल के प्रभारी व हरदोई प्रत्याशी भीमराव आंबेडकर का कहना है कि बसपा के लिए सभी जातियां समान हैं, किसी के साथ भेदभाव नहीं करती है। आरक्षित सीटों पर अनुसूचित व अनुसूचित जनजाति मतदाताओं की संख्या ज्यादा होती है। पार्टी का प्रयास है कि यह वर्ग कम शिक्षित होता है, इसलिए इन्हें कोई बरगला न सके, इनके वोट की खरीद फरोख्त न हो सके, इसके लिए बसपा सुप्रीमो मायावती वोट के अधिकार को लेकर जनमानस को सजग करती रहती हैं। वहीं देवीपाटन मंडल प्रभारी दिनेश चंद्रा का कहना है हर सीट के लिए अलग रणनीति रहती है, हर सीट पर पार्टी द्वारा दिए गए निर्देशानुसार कार्यकर्ता मतदाताओं के साथ संवाद कायम किये हुए हैं। जिन सीटों पर प्रत्याशियों की अधिकारिक घोषणा नहीं हुई हैं, वहां भी प्रचार अभियान जारी है।

सपा के गढ़ में पहली बार ईवीएम में नहीं दिखेगी साइकिल

पार्टी के नेता, कार्यकर्ता इंडी गठबंधन के प्रत्याशी का कर रहे प्रचार

इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के खाते में गई है सीट

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार: समाजवादियों का गढ़ कहे जाने वाले बाराबंकी जिले के किसी भी चुनाव में पहली बार ऐसा होने जा रहा है कि ईवीएम में साइकिल चुनाव निशान नहीं दिखेगा।

कभी जिले की छह विधानसभा सीटों को जीतने वाली समाजवादी पार्टी ने इस बार इंडिया गठबंधन के तहत बाराबंकी लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में दी है। ऐसे में यह पहली बार होगा, जब ईवीएम में सपा का चुनाव निशान साइकिल नहीं होगा। हालांकि प्रत्यक्ष रूप से सपा अपने चुनाव चिह्न के साथ मैदान में नहीं है, लेकिन पार्टी के नेता, कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के लिए वोट मांगते नजर आ रहे हैं।

बाराबंकी में वर्षों तक सपा का वर्चस्व रहा। सपा के कर्णधार व कद्दावर नेताओं में शुमार रहे रामसेवक यादव दूसरे लोकसभा चुनाव में 1957 में भले ही निर्दल के रूप में चुनाव जीते थे, लेकिन उन्होंने बाद में सपा को बुलंदियों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। 1996 और 1999 के लोकसभा चुनाव में इस क्षेत्र के लोगों ने रामसागर रावत को सांसद चुना। वहीं कई लोकसभा चुनाव में रनर के रूप में भी सपा के प्रत्याशी रहे। जिनका जीत-हार का अंदर ज्यादा नहीं रहा। परिणाम जो भी रहा हो, सपा हर चुनाव में कोई न कोई प्रत्याशी जरूर उतारती रही है।

भले ही इंडिया गठबंधन के तहत सपा ने प्रदेश भर में अपने 63 प्रत्याशी उतारे हों लेकिन कभी सपा का गढ़ कहे जाने वाली बाराबंकी सीट पर इस बार सपा प्रत्याशी नहीं है। गठबंधन के तहत कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत के सामने चुनाव लड़ रहे हैं।

कभी सपा ने जीती थी सभी विधानसभा सीटें

2012 के विधानसभा चुनाव में जिले की रामनगर, जैदपुर, हैदरगढ़, कुर्सी, बाराबंकी और दरियाबाद सीट पर साइकिल ने कब्जा जमाया था। जबकि वर्तमान समय में बाराबंकी सीट पर धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव मोदी-योगी लहर में भी लगातार तीसरी बार विधायक बने। रामनगर और जैदपुर सीट पर भी अभी सपा का ही कब्जा है।

2019 में बसपा से गठबंधन में रामसागर थे रनर

पिछले लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी रामसागर रावत रनर रहे थे। इस चुनाव में बसपा से सपा का गठबंधन था। जिसमें यह सीट सपा के खाते में गई थी। उस चुनाव में गठबंधन प्रत्याशी रामसागर रावत भाजपा के उपेंद्र रावत से 1,10,140 वोटों से पराजित हुए थे। जबकि कांग्रेस तीसरे स्थान पर थी। कांग्रेस प्रत्याशी की जमानत तक जब्त हो गई थी।

खीरी में जनता ने कभी बाहरी को नहीं दिया महत्व

रोचक रहा है खीरी संसदीय क्षेत्र का इतिहास

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: खीरी संसदीय सीट का इतिहास काफी रोचक रहा है। यहां के मतदाताओं ने एक ही परिवार के तीन सदस्यों को अलग-अलग समय पर कुल मिलाकर नौ बार मौका दिया। इस क्षेत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि यहां की जनता ने कभी किसी बाहरी प्रत्याशी को महत्व नहीं दिया। केन्द्रीय मंत्रिमंडल में अब तक सिर्फ दो नेताओं को ही स्थान मिल सके।

आजादी के बाद इस क्षेत्र से चुने गए कांग्रेस सांसद बाल गोविंद वर्मा को केन्द्रीय मंत्रिमंडल में स्थान मिला और वर्तमान में अजय मिश्र टेनी को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। अन्य किसी को केन्द्रीय मत्रिमंडल में स्थान नहीं मिल सका।

आजादी के बाद वर्ष 1951 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के रामेश्वर प्रसाद नेवटिया चुनाव जीतकर सांसद बने। वर्ष 1957 के चुनाव में कांग्रेस को पराजय का मुंह देखना पड़ा और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के कुं. खुशवक्त रॉय सांसद बने। इसके बाद वर्ष 1962 से लेकर 1972 तक के चुनावों में कांग्रेस ने अपना वर्चस्व कायम रखा। आपातकाल के बाद वर्ष 1977 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की बुरी तरह हार हुई। कांग्रेस उम्मीदवार बाल गोविंद वर्मा जनता पार्टी के सुरथ बहादुर शाह से चुनाव हार गए।

वर्ष 1980 में फिर लोकसभा चुनाव हुए, जिसमें कांग्रेस के बाल गोविंद वर्मा चुनाव जीते, लेकिन चंद दिनों बाद ही उनका निधन हो गया। उनके स्थान पर कांग्रेस ने उनकी पत्नी ऊर्षा वर्मा को टिकट दिया। ऊषा वर्मा भी लगातार तीन बार सांसद बनीं। 1991 और 1996 के दो चुनावों में लगातार भाजपा उम्मीदवार गेंदनलाल कनौजिया चुनाव जीते। 1998 में बाल गोविंद वर्मा के पुत्र रवि प्रकाश वर्मा सपा के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे और लगातार तीन बार सांसद रहे।

वर्ष 1999 का चुनाव उस समय रोचक हो गया था, जब सीतापुर से वरिष्ठ भाजपा नेता और वित्त मंत्री रहे राजेंद्र प्रसाद गुप्ता चुनाव मैदान में उतरे, लेकिन लोकल को अपनाओ और बाहरी को भगाओ के नारे के बाद वह पराजित होकर सीतापुर लौट गए थे। वर्ष 2004 में भाजपा ने फिर कद्दावर नेता विनय कटियार को चुनाव मैदान में उतारा, लेकिन उस समय भी पैराशूट से उतारे गए प्रत्याशी का मुद्दा बना और वह भी पराजित हो गए थे। वर्ष 2009 के चुनाव में एक बार फिर कांग्रेस की वापसी हुई और जफरअली नकवी पहली बार चुनाव जीतकर सांसद बने। वर्ष 2014 और 2019 के चुनाव में लगातार भाजपा के अजय मिश्र टेनी सांसद बने।

स्थानीय को अपनाया

खीरी के मतदाताओं ने हमेशा स्थानीय नेताओं को पसंद किया। हालांकि 1991 और 1996 के दो चुनावों में लगातार जीते भाजपा उम्मीदवार गेंदनलाल कनौजिया शाहजहांपुर के मूल निवासी थे, लेकिन वह लंबे समय तक सीएमओ रहकर जनता के टच में रहे। सेवानिवृत्ति से पहले ही जिले में मकान बिना लिया और बाद में कृषि भूमि खरीदकर खेती करने लगे। इस तरह उनके बाहरी होने का मुद्दा भी नहीं उठाया जा सका था।

नौ बार एक ही परिवार के बने तीन सांसद, इस बार मैदान से बाहर

खीरी लोकसभा चुनाव में तीसरे लोकसभा चुनाव से संसद में प्रवेश करने वाले बाल गोविंद वर्मा समेत उनके परिवार तीन सदस्य कुल मिलाकर नौ बार एक ही संसदीय क्षेत्र से सांसद रहे। बाल गोविंद वर्मा खुद तीन बार, उनकी पत्नी ऊषा वर्मा तीन बार और उनके पुत्र रवि प्रकाश वर्मा तीन बाद लोकसभा सदस्य रहे। कुल मिलाकर नौ बार सांसदी एक ही परिवार में रही, लेकिन इस बार उनका परिवार चुनाव मैदान से बाहर है। हालांकि रवि प्रकाश वर्मा की पुत्री डॉ. पूर्वी वर्मा सपा से टिकट मांग रही थी, लेकिन चुनाव से पहले वह पिता के साथ कांग्रेस में चली गईं। लेकिन गठबंधन के कारण सपा यह सीट छोड़ने को तैयार नहीं हुई। बहरहाल, अब अगर उनका परिवार चुनाव मैदान में नहीं उतरता है तो 62 साल में पहली बार चुनावी लड़ाई के बाहर रहेगा।

2019 के चुनाव का लेखा जोखा



दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	अजय मिश्र टेनी	3,98,578
बसपा	अरविन्द गिरि	2,88,304
कांग्रेस	जफर अली नकवी	1,83,940
सपा	रवि प्रकाश वर्मा	1,60,112

2014 में किसको कितने वोट



2014 नोटा 12,031 | 2019 नोटा 8,750

निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1951	रामेश्वर प्रसाद नेवटिया	कांग्रेस
1957	कुशवक्त राय	प्रजा सोशलिस्ट पार्टी
1962,67 व 71	बालगोविंद वर्मा	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	सुरथ बहादुर शाह	जनता पार्टी
1980	बालगोविंद वर्मा	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1980, 84 व 89	उषा वर्मा	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1991 व 96	गेंदन लाल कनौजिया	भारतीय जनता पार्टी
1998, 99 व 04	रवि प्रकाश वर्मा	समाजवादी पार्टी
2009	जफर अली नकवी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2014 व 19	अजय मिश्र टेनी	भारतीय जनता पार्टी

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
कांग्रेस	जफर अली नकवी	184,982
बसपा	इल्यास आजमी	176,205
भाजपा	अजय कुमार	162,850
सपा	रवि प्रकाश वर्मा	153,491

2024

कुल मतदाता	18,62,469
पुरुष मतदाता	9,87,644
महिला मतदाता	8,74,783
थर्ड जेंडर	42



गेहूं की जगह देंगे मुफ्त आटा : राजेन्द्र चौधरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं को आश्वासन दिया है कि वह मुफ्त राशन में गेहूं की जगह आटा देंगे। यह आटा देश की सबसे अच्छी कम्पनियों के आटे के मुकाबले का होगा। इसके लिए मंडियों के पास ही अत्याधुनिक तकनीकी वाला 'आटा प्लांट' लगाएंगे जिससे स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार भी मिलेगा। रविवार को जारी एक बयान में राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि, सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा आटा-डाटा का अधिकार शीर्षक से अपने चुनावी घोषणा पत्र में यह भी दावा किया है कि हर राशनकार्ड धारक परिवार को 500 रुपये का मोबाइल डाटा भी मुफ्त दिया जाएगा। इस तरह हर राशन कार्ड धारक को आटा के साथ डाटा का अधिकार भी मुफ्त मिलेगा।

इलेक्शन बायस्कोप

लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों का प्रचार राजधानी में दिन प्रतिदिन तेज होता जा रहा है, इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी का प्रचर करता वाहन ।

नुक्कड़ सभाओं में गिनाईं भाजपा सरकार की उपलब्धियां

लखनऊ: लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह के पक्ष में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में प्रचार शुरू कर दिया है। रविवार को विभिन्न क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर सरकार की उपलब्धियां बताईं। राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा ने प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने की बात कही। शर्मा ने पश्चिम विधानसभा और नौबस्ता में सभाएं की। जबकि लोकसभा संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा ने पूर्व विधानसभा के शंकर पूर्व द्वितीय वार्ड में, विधायक डॉ. नीरज बोरा ने महामंत्री राम अवतार कनौजिया के साथ उत्तर विधानसभा के त्रिवेणी नगर वार्ड स्थित 60 फुटा रोड पर और हुसैनाबाद वार्ड में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। इस दौरान नौबस्ता सभा में अंजनी श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, पार्षद अनूप कमल सक्सेना, मंडल अध्यक्ष राजेश मिश्रा, कृष्ण प्रताप सिंह, अरविंद शुक्ला आदि मौजूद रहे।

सात बार बदले महावत . . .

फिर भी अमेठी में मंजिल पर नहीं पहुंचा बसपा का हाथी

नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर रायबरेली

अमृत विचार। अमेठी में 'हाथी' ने आगे बढ़ने की कोशिश तो बहुत की, उसकी चाल को तेज करने के लिए हर चुनाव में 'महावत' भी बदले गए, लेकिन 'हाथी' मंजिल तक नहीं पहुंच सका। यहां अब तक बहुजन समाज पार्टी से चुनावी रणभूमि में उतरे सभी प्रत्याशियों को पराजय ही मिली है।

अमेठी में अब तक 07 बार चुनावी रणभूमि में उतरी बसपा ने कोशिश तो बहुत की लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। यहां तक कि बसपा संस्थापक कांशीराम 1989 के चुनाव में राजीव गांधी से मुकाबला करने के लिए स्वयं चुनावी रणभूमि में उतरे। लेकिन 25400 वोट पाकर वो तीसरे नंबर पर रहे। उसके बाद 1996 के चुनाव में बसपा ने चौधरी मोहम्मद ईशा, 1998 में मोहम्मद नईम, 1999 में पारस नाथ मौर्य को उतारा गया लेकिन तीनों ही चुनाव में बसपा तीसरे नंबर पर रही। 2004 के चुनाव में बसपा तीसरे से दूसरे नंबर पर गई। राहुल गांधी का मुकाबला करते हुए बसपा प्रत्याशी चंद्र प्रकाश मिश्रा मटियारी को 99326 वोट पाकर दूसरे नंबर पर रहे। 2009 में भी बसपा प्रत्याशी आशीष शुक्ला भी 93997 वोट पाकर दूसरे नंबर पर रहे।

स्मृति के आने पर तीसरे नंबर पर पहुंची बसपा

गंजमुरादाबाद, उन्नाव। 2004 और 2009 के चुनाव में राहुल गांधी को चुनौती देकर दूसरे नंबर पर रही बसपा 2014 में भाजपा से केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी के आने से फिर तीसरे नंबर पर पहुंच गई। 2014 में मुख्य लड़ाई भाजपा और कांग्रेस में हो गई जिससे बसपा प्रत्याशी धर्मेंद्र प्रताप सिंह 57716 वोट पाकर फिर तीसरे नंबर पर चले गए। वहीं 2019 में बसपा ने अपना प्रत्याशी ही नहीं उतारा।

- पार्टी के संस्थापक कांशीराम भी उतर चुके हैं 1989 के चुनाव में, तीसरे नंबर पर रहे

बसपा प्रत्याशी की नहीं हुई घोषणा

2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भले कुछ ही दिन बचे हैं लेकिन अभी तक बसपा ने अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। बसपा अपना प्रत्याशी उतारेगी या नहीं, ये आने वाले समय में ही पता चलेगा।

चुनावी चक्कर

- **भाजपा पर मायावती के तेवर देख बजी तालियां :** लोकसभा चुनाव में का मौका हर राजनीतिज्ञ को इतना मुखर कर देता है कि खुलकर उसकी मनोभावनाएं सामने आने लगती हैं। चुनाव से पहले कई मौकों पर चुप्पी साध लेने के कारण भाजपा की बी टीम होने आरोप झेल चुकी बसपा की मुखिया मायावती इन दिनों चुनाव प्रचार करते हुए भाजपा पर भी तीखे हमले से करने से पीछे नहीं हट रहीं। एक जनसभा में उन्होंने कहा कि गरीबों और किसानों का जो हाल कांग्रेस के समय था, वही भाजपा के समय है। जैसे कांग्रेस ने इनका अहित किया वैसे भाजपा भी कर रही है। आगे उन्होंने कहा कि भाजपा की करनी और कथनी में भी बड़ा अंतर है।
- **आखिर कहना क्या चाहते हैं जयंत चौधरी? :** यहां भी चुनाव के मौके पर नेता के मुखर हो जाने वाला उदाहरण है। राष्ट्रीय लोकदल प्रमुख जयंत चौधरी जब मथुरा से भाजपा की उम्मीदवार हेमा मालिनी का प्रचार करने पहुंच तो उन्होंने कहा, मैं भी बचपन से हेमा मालिनी जी का फैन था। फिर हेमा जी 2009 में मेरे चुनाव प्रचार में आईं, मुझे नहीं पता था कि हम फिर आमने-सामने होंगे। 15 साल हो गए तो अगर मेरी और हेमा जी की कोई फिल्म बनती तो उसका टाइटल होता ''15 साल बाद'' क्योंकि आज फिर से 15 साल बाद मैं इनके लिए प्रचार करने आया हूं।

...फिर बोतल से बाहर आया यूपी के विभाजन का जिन्न

मुद्दा कितना कारगर

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार: बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने चुनावी अभियान की शुरुआत करते हुए सहारनपुर में पश्चिमी यूपी को अलग राज्य बनाने का वादा करके पुराना मुद्दा फिर से उछालने के साथ उत्तर प्रदेश के विभाजन का कार्ड खेल दिया। मजे की बात यह है कि प्रदेश के विभाजन का विरोध करने वाली भाजपा को चुनावी माहौल में इस मुद्दे की संवेदनशीलता के कारण जवाब तो देना ही था, ऐसे में केंद्रीय राज्य मंत्री एवं मुजफ्फरनगर सीट से प्रत्याशी डॉ. संजीव बालियान को कहना पड़ा कि मायावती का पश्चिम यूपी को अलग प्रदेश बनाने का प्रस्ताव उचित है, लेकिन जब वह सत्ता में ही नहीं आएंगी तो इस मुद्दे का क्या औचित्य है। मायावती ने कहा था कि छोटे प्रदेश विकास की सीढ़ी तेज गति से चढ़ते हैं। गौरतलब है कि मायावती ने मुख्यमंत्री रहते प्रदेश को चार भागों में बांटने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा भी था। अब मायावती के पश्चिम यूपी को अलग राज्य बनाने का मुद्दा कितना चुनावी परवान चढ़ेगा, इसका पता तो परिणाम आने पर ही चलेगा, लेकिन इसी बहाने को प्रदेश के विभाजन का जिन्न बोतल से बाहर जरूर आ गया है।

उत्तर प्रदेश को चार हिस्सों में विभाजित कर बुंदेलखंड, पूर्वांचल और हरित प्रदेश (पश्चिम प्रदेश) बनाने की मांग काफी पुरानी है। इसे लेकर आंदोलन भी खूब हुए लेकिन नए राज्यों के गठन की मांग को लेकर राजनीतिक माइलेज लेने वाले नेता बाद में चुप्पी साध गए। मुख्यमंत्री रहते हुए 2012 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मायावती ने 21 नंवबर 2011 को यूपी को बांटकर अवध, पूर्वांचल, बुंदेलखंड और पश्चिम प्रदेश का प्रस्ताव सदन में पास कराकर केंद्र सरकार को भेजा था। हमीरपुर-महोबा के सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल बुंदेलखंड राज्य के मुद्दे को लोकसभा में कई बार उठा चुके हैं। लेकिन इस मुहिम को वे कभी आंदोलन का रूप नहीं दे सके क्योंकि सत्ता पक्ष से जुड़े हैं। इसी तरह केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने पश्चिम प्रदेश का मुद्दा जब भी उठाया उनकी ही पार्टी के नेता संगीत सोम विरोध खड़े हो गए।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने पश्चिमी यूपी को अलग राज्य बनाने का वादा करके खेला चुनावी कार्ड

हरित प्रदेश को लेकर हुआ था बड़ा आंदोलन

- आगरा, मथुरा, मेरठ, बरेली, सहारनपुर, मुरादाबाद आदि मंडलों को मिलाकर हरित प्रदेश (पश्चिम प्रदेश) बनाने की मांग वर्षों से उठ रही है। यह इस क्षेत्र के लोगों के दिल का मुद्दा है लेकिन चाहे सपा की सरकार रही हो बसपा की अथवा वर्तमान भाजपा सरकार किसी ने इस मुद्दे को आगे नहीं बढ़ाया। मेरठ में हाईकोर्ट की बेंच के गठन की भी मांग तमाम आंदोलन के बाद भी पूरी नहीं हुई है। कभी आरएलडी अध्यक्ष चौधरी अजीत सिंह ने इस मुद्दे को जोरदारी से उठाया था तो बसपा के बिजनौर से सांसद मलूक नागर भी लोकसभा में यह मुद्दा उठा चुके हैं। 1991 में चौधरी अजीत सिंह ने इस मुद्दे को हवा दी थी हालांकि उनकी विरासत संभाल रहे जयंत चौधरी अब गठबंधन की सियासत के चलते इस मुद्दे पर मौन हैं। पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा जरूर लगातार इस मुद्दे को उठा रहा है।



कल्पनाथ राय के बाद दम तोड़ गया पूर्वांचल राज्य का मुद्दा

पूर्वांचल राज्य के गठन की मांग सबसे पहले 1962 में गाजीपुर के तत्कालीन सांसद विश्नाथ प्रसाद गहमरी ने की थी। इस लड़ाई को बड़ी मजबूती से घोसी के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व कल्पनाथ राय ने लड़ा। वह सड़क से संसद तक इस मुद्दे पर लगातार कांग्रेस नेतृत्व पर दबाव बनाते रहे। लेकिन उनके निधन के बाद यह आंदोलन दम तोड़ गया। कुछ छोटे संगठनों ने गाहे बगाहे मुद्दा उठाया जरूर पर वे कोई बड़ा आंदोलन नहीं कर सके। अब सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रमुख कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर इस मुद्दे को उठा रहे हैं। लेकिन उनकी मांग में वह गंभीरता नहीं दिखती जैसी कि कल्पनाथ राय की आवाज में थी। पुरबिहा लोग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिंद्र किशोर तिवारी जरूर आए दिन पूर्वांचल राज्य के लिए धरना करते दिख जाते हैं। 1995 में समाजवादी नेता मधुकर दिघे, मोहन सिंह, रामधारी शास्त्री, प्रभु नारायण सिंह, हरिकेवल प्रसाद और पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने भी इस मुद्दे को उठाया पर परवान नहीं चढ़ा पाए।

पूर्वांचल के जिले : बलिया, चंदौली, आजमगढ़, वाराणसी, मऊ, भदोही, गाजीपुर, जौनपुर, मीरजापुर, सोनभद्र, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महाराजगंज, बस्ती, संत कबीरनगर।

बुंदेलखंड राज्य का आंदोलन मांग गया पानी

- पीने के पानी, रोजगार, सूखा जैसी समस्याओं से जूझने वाले बुंदेलखंड के लोग अपना अलग राज्य चाहते हैं। राजा बुंदेला इन मजबूती से इस राज्य के गठन लड़ाई लड़ी पर उनके आंदोलन की धार भी वक्त के साथ कुंद हो गई। राजा बुंदेला तो बुंदेलखंड राज्य के गठन की शर्त पर ही भाजपा में शामिल हुए थे पर अपनी इस मांग को वे आज तक पूरी नहीं करवा सके। उन्होंने बुंदेलखंड कांग्रेस का गठन भी किया था। अब वे बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष हैं। पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह अब इस आंदोलन को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बुंदेलखंड लोकतांत्रिक पार्टी का गठन भी किया है। इसके साथ ही हमीरपुर- महोबा से भाजपा सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल भी इस मुद्दे को संसद में उठा चुके हैं पर कभी लड़ाई उन्होंने सड़क पर नहीं लड़ी। हालांकि बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ऐसा नहीं मानते। उनका कहना है कि बुंदेलखंड का मुद्दा पृथक राज्य बनने तक ज्वलंत रहेगा।
- **इन जिलों को मिलाकर गठन** : यूपी के ललितपुर, हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, जालौन, झांसी, मध्य प्रदेश के सागर, पन्ना, दतिया, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, दमोह जिले को मिलाकर बुंदेलखंड राज्य की मांग की जा रही है।

गाजियाबाद : भाजपा के गढ़ में जातीय रण त्रिकोण

- भाजपा ने दो बार के सांसद वीके सिंह का टिकट काटकर इस बार वैश्य बिरादरी के विधायक अतुल गर्ग पर लगाया है दांव
- कांग्रेस से पिछला चुनाव हारीं ब्राह्मण डॉली शर्मा तो बसपा से रणनीति के तहत राजपूत समाज के नंदकिशोर पुंडीर मैदान में

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार: दिल्ली और गौतमबुद्ध नगर से जुड़ी गाजियाबाद लोकसभा सीट को भाजपा की सबसे सुरक्षित सीटों में गिना जाता है। दो हफ्ते पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह यहां यह कहकर भाजपा प्रत्याशी के लिए माहौल बना गए थे कि इस बार चुनाव में गठबंधन को जनता मोये-मोये कर देगी। पांच दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रोड शो करके दिखाया था कि जनता उनकी गारंटी पर क्यों भरोसा करती है। मोदी के स्वागत में उमड़े जन सैलाब का असर यह है कि अब यहां भाजपा का चुनाव प्रचार चारों तरफ तेजी से दौड़ता नजर आ रहा है। दरअसल, भाजपा ने इस बार गाजियाबाद में वीके सिंह का टिकट काटकर वैश्य समुदाय के सदर सीट से विधायक अतुल गर्ग को मैदान में उतारा है, जिन्हें शुरू में अपना चुनावी अभियान व्यवस्थित करने में राजपूतों में नाराजगी के स्वरों के चलते थोड़ी परेशानी उठानी पड़ी। लेकिन अब संगठन और समर्थक उनको बड़ी जीत दिलाने के लिए कमर कस चुके हैं। विधायक अतुग गर्ग गाजियाबाद विधानसभा सीट से पिछले तीन चुनाव लड़े थे, जिनमें दो बार विजयी रहे हैं। लोकसभा सीट पर उनका मुकाबला सपा के साथ गठबंधन करने वाली कांग्रेस की प्रत्याशी डॉली शर्मा से है। डॉली शर्मा तेजतर्रार महिला नेता हैं और पिछले 2019 के चुनाव में भी कांग्रेस के टिकट से चुनाव मैदान में उतरी थीं, लेकिन वीके सिंह के सामने उनकी जमानत जब्त हो गई थी। बसपा ने जातीय समीकरण साधने के उद्देश्य से भाजपा कार्यकर्ता रहे राजपूत बिरादरी के नंदकिशोर पुंडीर को मैदान में उतारकर मुकाबला रोचक बना दिया है।



	दल	प्रत्याशी	प्राप्त मत
	भाजपा	जनरल रिटा. वीके सिंह	9,44,503
	सपा	सुरेश बंसल	4,43,003
	कांग्रेस	डॉली शर्मा	1,11,944

अगले हफ्ते राहुल और अखिलेश आएंगे, मायावती करेंगी जनसभा

- गाजियाबाद सीट पर चुनाव लड़ रहे भाजपा विधायक अतुल गर्ग और कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा जहां स्थानीय हैं, वहीं बसपा के नंदकिशोर पुंडीर बाहरी हैं। भाजपा का जोरदार प्रचार देखते हुए कांग्रेस और बसपा प्रत्याशी भी अपने बड़े नेताओं का कार्यक्रम मांग रहे हैं। गठबंधन नेताओं का कहना है कि 21 से 23 अप्रैल के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अखिलेश यादव गाजियाबाद आएंगे। बसपा सुप्रीमो मायावती का 21 अप्रैल को गाजियाबाद में सभा करने का कार्यक्रम है।

- गाजियाबाद पहले मेरठ जिले की तहसील था। 14 नवंबर 1976 को इसे जिला बनाया गया।
- 2008 में परिसीमन के बाद हापुड़ लोकसभा सीट से अलग होकर गाजियाबाद लोस सीट बनी।
- सपा और बसपा कभी भी गाजियाबाद लोकसभा सीट से चुनाव नहीं जीत पाई हैं।
- गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र मतदाताओं की संख्या के आधार पर देश में दूसरे स्थान पर है।
- संयोग या प्रयोग, बसपा दो चुनावों से भाजपा से आए नेता को ही यहां प्रत्याशी बना रही है।

राम मंदिर आंदोलन के बाद भाजपा ने बनाई मजबूत पकड़

साल 2008 से पहले गाजियाबाद सीट का नाम हापुड़ लोकसभा सीट था। इस सीट पर पहली बार वर्ष 1957 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस के कृष्ण चंद्र शर्मा जीते। साल 1962 में कांग्रेस से महिला कमला चौधरी को जीत मिली थी। 1967 में निर्दलीय उम्मीदवार प्रकाश वीर शास्त्री जीते। 1971 के चुनाव में कांग्रेस नेता बीपी मौर्या ने जीत हासिल की। 1977 में जनता पार्टी के कुंवर मोहम्मद अली खान तो 1980 में जनता पार्टी के अनवर अहमद को जीत मिली। 1984 के चुनाव में कांग्रेसके केदारनाथ सिंह विजयी हुए। 1989 में जनता दल के किशन चंद त्यागी जीते। इसके बाद राम मंदिर आंदोलन के चलते वर्ष 1991, 1996, 1998 और 1999 में भाजपा के डॉ. रमेश चंद तोमर ने कमल खिलाया। वर्ष 2004 के चुनाव में सुरेंद्र प्रकाश गोयल ने कांग्रेस की वापसी कराई थी। लेकिन 2009 में भाजपा से राजनात सिंह मैदान में उतरे तो लगभग एक लाख मतों से विजयी रहे।

गठबंधन और बसपा के प्रत्याशी जातीय समीकरण साधने में जुटे

- गाजियाबाद लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को 29 लाख से अधिक मतदाता वोट डालेंगे। इस लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मण, गुर्जर और मुस्लिम मतदाता काफी संख्या में हैं। इस बार भाजपा और रालोद का गठबंधन है। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी ब्राह्मण, वैश्य और गुर्जर वोट मिलने की पूरी उम्मीद लगाए हैं। लेकिन जानकारों का कहना है कि कांग्रेस प्रत्याशी को अगर सपा से गठबंधन के चलते मुस्लिम वोटों के साथ ब्राह्मण और पिछड़े वर्ग का वोट मिलता है तो भाजपा के सामने जीत के अंतर को लेकर परेशानी हो सकती है। दरअसल, गाजियाबाद सीट से पिछले तीन चुनावों से भाजपा प्रचंड वोटों से जीत हासिल करती आ रही है। पिछले दो चुनाव वीके सिंह पांच लाख से ज्यादा मतों के अंतर से जीते थे।

पांचों विधानसभा क्षेत्रों में खिला था कमल

- गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटें मुरादनगर, लोनी, साहिबाबाद, मोदीनगर और गाजियाबाद शामिल हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में सभी पांचों सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी। लोनी विधानसभा क्षेत्र से नंद किशोर गुर्जर, मुरादनगर से अजीत पाल त्यागी, साहिबाबाद से सुनील कुमार शर्मा, गाजियाबाद से अतुल गर्ग और धौलाना से विधानसभा से धर्मेंद्र सिंह तोमर विधायक हैं। इसमें धौलाना विधानसभा सीट हापुड़ जिले में आती है।

मुस्लिम, ठाकुर व ब्राह्मण मतदाता यहां बनाते और बिगाड़ते हैं खेल

- गाजियाबाद लोकसभा सीट पर मुस्लिम, राजपूत और ब्राह्मण मतदाता बड़ी संख्या में हैं। इस सीट पर सबसे ज्यादा करीब 5 .5 लाख मुस्लिम मतदाता हैं। राजपूत या ठाकुर मतदाताओं की संख्या 4 .85 लाख गिनी जाती है, जबकि 4 .5 लाख से अधिक ब्राह्मण मतदाता हैं। इनके अलावा 2 .5 लाख वैश्य, और 4 .5 लाख अनुसूचित जाति के मतदाता हैं। 1 .25 लाख से ज्यादा जाट, एक लाख पंजाबी, 75 हजार त्यागी, 80 हजार गुर्जर और 4 लाख दूसरे समुदाय या वर्गों के मतदाता माने जाते हैं।

बसपा उम्मीदवार की पत्नी और भतीजा भी लड़ रहे हैं चुनाव

- गाजियाबाद से नंद किशोर पुंडीर जहां बसपा प्रत्याशी हैं, वहीं उनकी पत्नी कविता और भतीजा अभिषेक निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। तीनों ने पर्चा इस कारण दाखिल किया था कि अगर नंदकिशोर का पर्चा खारिज होता तो पत्नी या भतीजे को चुनाव लड़ाया जा सके। लेकिन तीनों नामांकन पत्र वैध मिले। पत्नी और भतीजे ने पर्चा भी वापस नहीं लिया। अब कविता का चुनाव चिह्न टेबल तो अभिषेक को खाट मिला है।

2014 का जनादेश

	दल	प्रत्याशी	प्राप्त मत	मत प्रतिशत
	भाजपा	जनरल रिटा. वीके सिंह	7,58,482	56 .50
	कांग्रेस	राजबब्बर	1,91,222	14 .25
	बसपा	मुकुल	1,73,085	12 .90
	सपा	सुधन कुमार	1,06, 984	7 .97
	आप	शाजिया इल्मी	89,147	6 .64



आगरा में मोदी-अखिलेश की रैली, डिंपल-जया का रोड शो

आगरा। आगरा लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में मतदान होना है। यहां से भाजपा के मौजूदा सांसद और केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल चुनाव लड़ रहे हैं, उनका मुकाबला समाजवादी पार्टी के सुरेश चंद्र कर्दम और बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही से हो रहा हैं। नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद लोकसभा क्षेत्र में प्रचार जोड़ पकड़ गया है। आगरा में चुनावी समीकरण साधने के लिए भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 अप्रैल को होने वाली रैली की तैयारियां युद्धस्तर पर की जा रही हैं। मोदी की जनसभा के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आगरा में रैली करेंगे। इसके लिए 28 अप्रैल की तारीख तय की गई है, रैली स्थल चयनित किया जा रहा है। मई के पहले हफ्ते में डिंपल यादव और जया बच्चन का आगरा में रोड शो कराने की भी तैयारी है।

आगरा लोकसभा सीट पर दलित और मुस्लिम मतों का बोलबाला रहता है। यहां करीब 37 फीसदी वोटर दलित और मुस्लिम हैं। यहां से 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी एसपी सिंह बघेल ने 6,46,875 मत लेकर बसपा के मनोज कुमार सोनी 4,35,329 वोट को हराया था। कांग्रेस नेता प्रीत हरित को सिर्फ 45,149 वोट मिले थे।

धनंजय की सहानुभूति के सहारे हाथी की तेज चाल

चुनाव डेस्क

- पार्टी ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला को मैदान में उतारा है
- 2019 में बसपा के श्याम सिंह यादव इस सीट पर गठबंधन के सहारे जीते थे

अमृत विचार। जौनपुर संसदीय सीट पर इस बार भी मुकाबला काफी रोचक होने के आसार हैं। भाजपा ने पूर्व कांग्रेस नेता कृपा शंकर सिंह को मैदान में उतारा है तो सपा ने पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा पर दांव लगाया है। इस रणक्षेत्र में मुकाबले को रोचक दिया है, बसपा प्रत्याशी श्रीकला ने। श्रीकला पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी हैं और जिला पंचायत की अध्यक्ष हैं। श्रीकला के मैदान में उतरने से यहां मुकबला त्रिकोणीय हो गया है। वह क्षेत्र मं घूम-घूमकर पति धनंजय सिंह को मिली सात साल की सजा से उपजी सहानुभूति को भुनाने की पूरी कोशिश कर रही हैं।

भाजपा ने इस सीट पर पहली बार 1989 में कब्जा किया था। तब महाराजा यादवेन्द्र दत्त दुबे जीते थे। 1991 में सीट जनता दल के खाते में गई। 1996 में बीजेपी, 1998 में सपा, 1999 में बीजेपी से स्वामी चिन्मयानंद, 2004 में सपा से पारसनाथ, 2009 में बसपा से धनंजय सिंह जीते थे। 2014 की मोदी लहर में बीजेपी से कृष्ण प्रताप सिंह व 2019 में बीएसपी से श्याम सिंह यादव को जीत मिली, तब सपा-बसपा का गठजोड़ था। इस बार भाजपा जहां इस सीट पर कब्जा करने को लेकर एक-एक बूथ पर काम कर रही है तो सपा भी पीछे नजर नहीं आ रही है। पहले धनंजय सिंह इस सीट से बसपा के टिकट पर उतरने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन सात वर्ष की सजा मिलने के बाद उनकी पत्नी को बसपा प्रमुख ने मौका दिया है। श्रीकला भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को बताने में जुटी हैं कि उनकी पार्टी के उम्मीदवार उन पर थोपे गए हैं। इसके साथ ही पति को मिली सजा से परिवार पर आए संकट को गिनाकर वह सहानुभूति के सहारे जीत की जुगत में लगी हैं। बाबू सिंह कुशवाहा सपा के मुस्लिम, यादव समीकरण के साथ कुशवाहा, कोइरी, शाक्य, मौर्य वोट लामबंद कर रहे हैं।

हम भी जोश में बसपा प्रमुख मायावती ने गाजियाबाद में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान वहां आए कार्यकर्ता जोश में नजर आए। इससे बसपा प्रमुख भी प्रसन्न नजर आईं।

बांदा- चित्रकूट लोकसभा सीट | वर्ष 1999 के बाद से बसपा को नहीं मिली जीत, अब मयंक द्विवेदी के मैदान में उतरने से मुकाबला हुआ रोचक

बसपा ने खेला ब्राह्मण कार्ड, सपा में प्रत्याशी बदलने की चर्चा

विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट

- भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद आरके पटेल पर लगाया है दांव

अमृत विचार। बांदा- चित्रकूट संसदीय सीट पर इस बार मुकाबला काफी रोचक हो गया है। बसपा ने यहां से मयंक द्विवेदी को मैदान में उतार कर ब्राह्मण कार्ड खेल दिया है। लगातार दो बार से चुनाव जीत रही भाजपा ने 2019 में जीते आरके पटेल को ही मैदान में उतारा है तो सपा ने शिवशंकर पटेल को चेहरा बनाया है। हालांकि यह चर्चा जोरों पर है कि सपा अपना उम्मीदवार बदल सकती है। नया प्रत्याशी कौन होगा, अभी इसे लेकर सिर्फ कयास ही लगाए जा रहे हैं। वैसे जौनपुर सीट से पार्टी के उम्मीदवार बाबू सिंह कुशवाहा का नाम जोरों पर लिजा जा रहा है। बसपा 1999 के बाद से इस सीट पर नहीं जीती है, ऐसे में इस बार उसकी पुरजोर कोशिश है कि वह मैदान मार ले।

इस संसदीय सीट की जब भी चर्चा होती है तो रामसजीवन सिंह का नाम सबसे पहले लिया जाता है। सीपीआई से 1989 में बांदा-चित्रकूट सीट से प्रतिनिधित्व करने वाले रामसजीवन ने जब बसपा अपनाई तो पार्टी ने उनको 1996 में टिकट दिया। परिणाम स्वरूप वे पार्टी की उम्मीदों पर खरे उतरे। मतदाताओं ने उन्हें चुना और वे सांसद बन गए। 1998 के चुनाव में बसपा ने फिर रामसजीवन पर ही विश्वास जताया था। हालांकि तब सपा और कम्युनिस्ट पार्टी के गठबंधन ने पूर्व मंत्री सुरेंद्र पाल वर्मा को टिकट दिया और भारतीय जनता पार्टी ने रमेश चंद्र द्विवेदी को मैदान में उतारा। मुकाबला त्रिकोणीय हुआ और रामसजीवन भाजपा के उम्मीदवार से हार गए। 1999 में जब लोकसभा चुनाव हुए तो एक बार फिर रामसजीवन को बसपा ने चुनाव मैदान में उतारा और वे पुनः दिल्ली पहुंचे। इस चुनाव के बाद बसपा यहां से नहीं जीती है।

2014 में बसपा के टिकट से लड़े आरके सिंह पटेल (वर्तमान में भाजपा सांसद) 2,26,278 मत पाकर दूसरे नंबर पर ही पहुंच पाए थे। तब भाजपा के भैरों प्रसाद जीते थे। 2019 में बसपा-सपा का महागठबंधन था। सपा ने श्यामाचरण गुप्ता को मैदान में उतारा था, लेकिन इस गठबंधन के बाद भी भाजपा के आरके पटेल यहां से सांसद चुने गए थे।

अब बसपा ने पूर्व विधायक पुरुषोत्तम नरेश द्विवेदी के बेटे एवं जिला पंचायत सदस्य मयंक द्विवेदी को मैदान में उतारा है। मयंक लगातार जनता के बीच रहे हैं। ऐसे में उन्हें उम्मीद है कि इस बार वे बाजी मार लेंगे। सपा कार्यकर्ता जहां बार- बार पार्टी के उम्मीदवार शिवशंकर पटेल का टिकट बदले जाने की खबरों से चिंतित हैं तो वहीं भाजपा में भी नाराजगी कम नहीं है। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद पहले ही कह चुके हैं कि वे पार्टी का प्रचार नहीं करेंगे। ऐसे में उनके समर्थक भी खामोश हैं। भैरों प्रसाद ने बसपा और सपा दोनों ही दलों से टिकट लेने की कोशिश की थी पर वे सफल नहीं हो सके।

2019 का परिणाम

भाजपा	आरके पटेल	4,77,926
सपा	श्यामा चरण गुप्ता	4,18,988
कांग्रेस	बाल कुमार पटेल	75,438

एक नजर

गुरुग्राम में दीवार गिरने से दो लड़कियों समेत पांच लोगों की मौत

गुरुग्राम। हरियाणा के गुरुग्राम में शनिवार रात श्मशान घाट की दीवार गिरने से दो लड़कियों सहित पांच लोगों की मौत हो गई और छह घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को बताया कि दीवार के सहारे लकड़ियां खड़ी थी, जिस कारण कल रात दीवार झुककर गिर गई। दीवार के गिरने से उसके समीप बैठे कुछ लोग और पास में खेल रहे बच्चे इसमें दब गए। मृतकों की पहचान तान्या (11), खुशबू (10), देवी दयाल (70), मनोज गाबा (54) और कृष्ण कुमार (52) के रूप में की गई है। घटना की जानकारी प्राप्त होती ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

हिमाचलः डरावने वीडियो दिखाकर नाबालिग से दुष्कर्म, सोशल मीडिया पर डाली अश्लील फोटो

ऊना। हिमाचल प्रदेश के थाना अंब के गांव की 17 वर्षीया नाबालिग को डरावने वीडियो को दिखाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं युवक ने नाबालिग की अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि वह किराए की दुकान में सिलाई करती हूं। दुकान के पास एक युवक भी काम करता था। आरोप है कि उसकी गैरमौजूदगी में युवक ने बेटी को डरावने वीडियो दिखाकर शारीरिक संबंध बनाए। तीन वर्षों से आरोपी बंदूकों की तस्वीरें व चाकू आदि दिखाकर, डरा-धमकाकर व प्रताड़ित करके गलत काम किया। हजारों रुपये भी पुत्री से लिए हैं। आरोपी ने गलत काम करते हुए फोटो भी ली थी। जब बेटी ने युवक को रोका, तो उसने शनिवार को इंस्टाग्राम पर बेटी की अश्लील फोटो डाल दी। अंब एसपी वसूधा सूद ने बताया कि शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पुंछ में सरकारी शिक्षक हैंड ग्रेनेड, पाक निर्मित पिस्तौल साथ गिरफ्तार

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में आगामी चुनाव से पहले पुलिस ने सरकारी शिक्षक को ग्रेनेड और पाकिस्तान निर्मित पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि सूचना पर कार्रवाई करते हुए सेना, पुलिस और पुंछ के विशेष ऑपरेशन समूह की टीम ने हरि बुद्ध इलाके में संयुक्त अभियान चलाया। कमरउद्दीन नामक पंजीकृत ओवर-ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू), जो सरकारी स्कूल में हेडमास्टर है, उसके घर से पाक निर्मित पिस्तौल और ग्रेनेड के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि जब्त हथियारों का उपयोग आगामी चुनाव में गड़बड़ी फैलाने के लिए किए जाने का संदेह है। पुलिस ने कहा कि अभी तलाशी चल रही है।

ऋण अधिकारी सहित दो गिरफ्तार

भरतपुर। राजस्थान में धौलपुर के आंगई थाना क्षेत्र में निजी फाईनेंस कंपनी की जमा राशि को हड़पने के लिए लूट की झूठी साजिश रचने वाले ऋण अधिकारी सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। स्पन्दना स्फूर्ति फाईनेंस लिमिटेड शाखा बाड़ी में ऋण अधिकारी के पद पर काम करने वाले सायपुर, डहरा मोड थाना लखनपुर जिला भरतपुर निवासी लोकेश जाटव ने 16 अप्रैल को आंगई क्षेत्र के कुछ गांवों से फाइनेन्स का पैसा जमा कर आंगई से बाडी आते समय चिलाचैद टोल से आगे अपने साथ बाइक सवार हथियारबंद बदमाशों द्वारा एक लाख पांच हजार 750 रुपयों को लूट ले जाने की सूचना कम्पनी को दी गई। कम्पनी के प्रबंधक प्रदीप नरूका ने पुलिस में मामला दर्ज कराया था।

1.40 करोड़ की अफीम के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार

चतरा (झारखंड)। झारखंड के चतरा जिले में 50 वर्षीय व्यक्ति और उसके बेटे को 1.40 करोड़ मूल्य की अफीम के साथ पकड़ा गया है। सिमरिया के पुलिस उपाधीक्षक अजय कुमार ने रविवार को बताया कि गिद्धौर पुलिस थाना क्षेत्र के बारली टोला में मवेशियों को रखने के स्थान पर छिपा कर रखी 28 किग्रा अफीम जब्त कर महेंद्र डांगी और उसके बेटे दीपेंद्र को गिरफ्तार किया गया है।

भाजपा संविधान बदलना चाहती है: प्रियंका

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव ने किया केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार

राजनांदगांव, एजेंसी

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने रविवार को कहा कि संविधान हमें सभी अधिकार देता है और भाजपा संविधान को बदलना चाहती हैं। गांधी ग्राम मोहड़ में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पांच साल तक यह कांग्रेस की सरकार रही, भूपेश बघेल ने काम किया। कांग्रेस सरकार में भूमिहीन लोगों को न्याय मिला, आगनबाड़ी की मितानिनों का मानदेय बढ़ाया गया, गोबर खरीदा गया। कांग्रेस सरकार में किसानों का कर्ज माफ किया गया। धान का समर्थन मूल्य बढ़ा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाया गया।

उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार में बेरोजगारी, महंगाई बढ़ रही है। कांग्रेस की सभी योजनाओं को भाजपा सरकार ने बन्द कर दिया। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश में बेरोजगारी क्यों खत्म नहीं की, 10 सालों में महंगाई क्यों कम नहीं हुई, महिलाओं पर आत्याचार हुआ, अपने क्यों कुछ नहीं किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इतने बड़े नेता हैं कि चुटकी बजाकर युद्ध रोक देते हैं तो महंगाई कम क्यों नहीं करते है। मोदी सरकार ने बड़े- बड़े उद्योगपतियों के 16 हजार करोड़ माफ़ कर दिया, किसान रो रहा था। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता कहते हैं हमें पांच साल और दो संविधान बदल देंगे, इसका क्या मतलब है, संविधान हमें अधिकार देता है, आजादी देता है, इस लोगों ने संविधान के लिए खून बहाया है, ये नेता इसी संविधान को बदलना चाहते हैं।

रेलवे बचाना है तो मोदी को हटाना होगाः राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार रेलवे को अयोग्य साबित कर उसे अपने मित्रों को बेचने का बहाना खोज रही है। उन्होंने रेलवे को बचाने के लिए मोदी को हटाने का अनुरोध किया। राहुल ने सरकार पर निशाना साधने के लिए 'एक्स' पर वीडियो साझा किया, जिसमें लोग ट्रेन के शौचालयों में और फर्श पर बैठकर यात्रा करते दिख रहे हैं। उन्होंने पोस्ट में कहा कि नरेन्द्र मोदी के राज में रेल का सफर सजा बन गया है। ट्रेनों से जनरल डिब्बे कम कर सिर्फ एलीट ट्रेनों का प्रचार कर रही मोदी सरकार में हर वर्ग का यात्री प्रताड़ित है। उन्होंने दावा किया कि लोग कन्फर्म टिकट लेकर भी सीट पर चैन से बैठ नहीं पा रहे, लोग जमीन पर और शौचालय में छिपकर यात्रा करने को मजबूर हैं। अगर आम आदमी की सवारी को बचाना है तो रेलवे को बर्बाद करने में जुटी मोदी सरकार को हटाना होगा।

मोदी सरकार में मजदूरों के वेतन में अभूतपूर्व गिरावट, गठबंधन में होगी उच्च वृद्धिः कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में महंगाई को समायोजित करने के बाद मजदूरों के वेतन में अभूतपूर्व गिरावट हुई है। इंडी गठबंधन देश को उच्च वृद्धि पथ पर वापस ले जाएगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मोदी सरकार के आधिकारिक आंकड़ों सहित आंकड़ों के कई स्रोत एक मत से इस तथ्य को दर्शाते हैं कि श्रमिकों की खरीद क्षमता आज 10 साल पहले की तुलना में कम है। धीमी वेतन वृद्धि और महंगाई से मजदूरी में अभूतपूर्व गिरावट हुई है। श्रम ब्यूरो का वेतन दर सूचकांक (सरकारी आंकड़ा) के अनुसार 2014 और 2023 के बीच, मजदूरी स्थिर रही है। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में वास्तविक मजदूरी में स्पष्ट रूप से गिरावट आई है।

मंडल आयोग का विरोध करने वाली कांग्रेस से राजद ने मिलाया हाथः शाह

कटिहार, एजेंसी

● कटिहार में अमित शाह ने कांग्रेस और राजद पर साधा निशाना

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि लालू प्रसाद के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने पिछड़े समुदायों को आरक्षण देने के लिए गठित मंडल आयोग की सिफारिशों का विरोध करने वाली कांग्रेस से हाथ मिला लिया है।

कटिहार से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार दुलाल चंद्र गोस्वामी के समर्थन में चुनावी रैली में शाह ने कहा कि कांग्रेस ने पिछड़े वर्ग का अपमान किया है। कांग्रेस ने वर्षों तक मंडल आयोग की रिपोर्ट का विरोध किया। अब राजद ने कांग्रेस से हाथ मिला लिया है, लेकिन हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे संवैधानिक मान्यता दी और पिछड़े वर्ग के लोगों को सम्मान दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने परिवारवाद, जातिवाद, तुष्टीकरण की राजनीति को खत्म किया। उन्होंने कांग्रेस और राजद दोनों को विकास विरोधी बताते हुए आरोप लगाया कि राजद जंगलराज का प्रतीक है। कांग्रेस और राजद को वोट देने का मतलब है कि लोगों को दंगों का सामना करने के लिए तैयार रहना.... जबकि डबल इंजन सरकार को वोट देने का मतलब विकास है।

क्या कांग्रेस अपने झंडे से भगवा रंग हटाएगीः मोहन

भोपाल। दूरदर्शन न्यूज के लोगो का रंग बदले जाने पर विपक्षी दलों की आपत्तियों के बीच, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को सवाल किया कि क्या कांग्रेस अपने झंडे से भगवा रंग हटाने की हिम्मत करेगी। वामपंथी और विपक्षी दल यह नहीं समझते कि भगवा त्याग का प्रतीक है और सूर्य संस्कृति का वाहक है। दूरदर्शन न्यूज के लोगोका रंग लाल से नारंगी (रंग) करने पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। विपक्ष ने इसे पूरी तरह से अवैध बताया है।

उलगुलान न्याय महारैली में दो गुटों के कार्यकर्ता आपस में भिड़े

रांची, एजेंसी

● घटना में घायल हुए कांग्रेस उम्मीदवार के भाई ने कहा- मारपीट करने वाला भाजपा का एजेंट

झारखंड के रांची में इंडी गंठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली में कार्यकर्ताओं की भीड़ में दो गुटों में झड़प हो गयी है, जिसमें चतरा से कांग्रेस के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के भाई घायल हो गए। घटना के बाद उनको अस्पताल ले जाया गया।

इंडी गठबंधन के दिग्गज नेताओं के मंच पर आने के बाद संबोधन शुरू हुआ तभी विभिन्न इलाकों से आए दो गुटों के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए और हाथ में जो आया उसी से दे मारा। कार्यकर्ताओं ने कुर्सियों को भी तोड़ डाला। इस घटना में केएन त्रिपाठी के भाई समेत कई लोग घायल हो गये। बताया जाता है कि जिन्हें चोट लगी है उसका नाम गोपाल है। इस दौरान जब उन्हें घटनास्थल से बाहर ले जाया जा रहा था तब उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मारपीट करने वाला भाजपा का एजेंट है। मारपीट करने वाले को भी पुलिस ने पकड़ लिया है।

इस रैली में यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, भाकपा माले नेता दीपांकर भट्टाचार्य, सांसद संजय सिंह, अरविंद केजरीवाल की पत्नी, पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुला, प्रियंका चतुर्वेदी के अलावा मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना के साथ कई नेता उपस्थित थे।

भाजपा ने गठबंधन की रैली में हुई झड़प को जंगल राज बताया

नई दिल्ली। भाजपा ने रांची में विपक्षी गठबंधन की रैली में हुई झड़प को लेकर कटाक्ष करते हुए इसे जंगल राज का प्रदर्शन करार दिया और कहा कि विपक्षी दलों के कार्यकर्ता इसलिए भिड़े क्योंकि उनके पास देश के लिए कोई साझा दृष्टिकोण नहीं है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने वीडियो संदेश में लोगों से चुनाव में मतदान करते समय उम्मीदवारों को अपनी पसंद से चुनने में बहुत सावधान रहने के लिए कहा। प्रवक्ता ने कहा रांची में की रैली में उनके कार्यकर्ताओं द्वारा एक-दूसरे पर कुर्सियां, मेज, स्टूल और लाठियां फेंकी गईं।

आरोपी के पिता ने नेहा के परिजनों से माफी मांगी

हुबली छात्रा नेहा हत्याकांड

हुबली (कर्नाटक), एजेंसी

हुबली में कॉलेज परिसर में कांग्रेस के पार्षद की बेटी की हत्या करने वाले फैयाज के पिता ने पीड़ित परिवार से माफी मांगी है और अपने बेटे को सख्त सजा देने की मांग की है।

स्कूल शिक्षक एवं फैयाज के पिता बाबा साहेब सुबानी ने कहा कि उन्हें घटना के बारे में पता चला और वह अपने बेटे के कृत्य से टूट गए हैं। उन्होंने कहा कि फैयाज को ऐसी सजा दी जाए कि भविष्य में कोई भी ऐसी हरकत करने की हिमाकत न करे। मैं हाथ जोड़कर नेहा के परिवार से माफी मांगता हूं। वह मेरी बेटी की तरह थी। वह और उनकी पत्नी छह साल से अलग रह रहे हैं और फैयाज अपनी मां के साथ रहता था तथा जब भी उसे पैसों की जरूरत होती थी तो वह उन्हें फोन करता था। उन्होंने तीन महीने पहले अपने बेटे से बात की थी।

पुलिस ने सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर दो युवकों को पकड़ा

हुबली। पुलिस ने नेहा हिरेमथ की फैयाज खोंदुनाइक द्वारा हत्या किए जाने को सोशल मीडिया पर न्यायोचित ठहराने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों धारवाड़ के रहने वाले हैं। हिंदू समर्थक कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि दोनों ने सोशल मीडिया पर दावा किया है कि नेहा और फैयाज में प्रेम संबंध था। दोनों आरोपियों ने नेहा और फैयाज की तस्वीरें पोस्ट कीं और लिखा, नेहा फैयाज का सच्चा प्यार, प्यार के लिए न्याय। हुबली-धारवाड़ नगर निगम के कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी नेहा हिरेमथ (23) की 18 अप्रैल को बीवीबी कॉलेज के परिसर में कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। वह एमसीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी जबकि फैयाज उसका पूर्व सहपाठी है। पुलिस ने घटनास्थल से फरार हुए फैयाज को गिरफ्तार कर लिया था। इस घटना से उत्पन्न आक्रोश के बीच हुबली, धारवाड़ और कई अन्य स्थानों पर लोगों ने प्रदर्शन किया।

मणिपुर के 11 केंद्रों पर 22 को पुनर्मतदान

इंफाल, एजेंसी

चुनाव आयोग ने मणिपुर संसदीय क्षेत्र के 11 केंद्रों पर 22 अप्रैल को फिर से मतदान का आदेश दिया है। इंडिया समूह की अगुवाई कर रही कांग्रेस ने आयोग से शिकायत दर्ज की थी और 47 केंद्रों पर पुनर्मतदान करने की मांग की थी। कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि हथियारबंद लोगों ने चुनाव अधिकारियों पर हावी होकर एक खास उम्मीदवार के पक्ष में मतदान किया था। खुरई विस क्षेत्र में मोइरंगकम्पु साजेब उच्च प्राथमिक विद्यालय, एस इबोबी प्राथमिक विद्यालय, खुरई थांगजाम लीकाई, क्षेत्रीगाओ विस क्षेत्र में बामन कंपू उच्च प्राथमिक विद्यालय, पायनियर अकादमी, बामन कंपू, रिलबुंग उच्च विद्यालय (उत्तरी विंग), बामन कंपू (दक्षिण पश्चिम), इरिलबुंग उच्च विद्यालय, बामन कंपू, थोंगजू एसी में नेशनल चिल्ड्रेन स्कूल, खोंगमान जोन, उरीपोक विस क्षेत्र में इरोइसेम्बा उच्च प्राथमिक विद्यालय, इरोइसेम्बा यूपीएस और इरोइसेम्बा यूपीएस और कोंथौजम विस क्षेत्र में खैदेम प्राथमिक विद्यालय, खैदेम माखा केंद्र शामिल हैं। मणिपुर में पहले चरण में दोनों सीटों के 47 विस क्षेत्रों में 72.17 प्रतिशत मतदान हुआ।

उप्र में 5 बच्चों की मौत पर दो ईंट भट्टों पर एक करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने उप्र के मुजफ्फरनगर जिले में गड्ढों में गिरने से पांच बच्चों की मौत पर दो ईंट भट्ठों पर एक करोड़ का जुर्माना लगाया है। एनजीटी मां भगवती ब्रिक फील्ड और श्रीराम ब्रिक फील्ड के अवैध खनन से जुड़ी याचिका पर सुनवाई कर रहा था। पिछले साल 27 जून को 3, 8, 10 और 12 साल के चार बच्चे दो मीटर के गड्ढे में डूबे थे। अगले महीने 13 वर्षीय लड़के की मौत हुई थी। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि मां भगवती 3 और श्रीराम ब्रिक दो बच्चों की मौत के लिए जिम्मेदार है। भट्टे मृत बच्चे के परिजनों को 20-20 लाख मुआवजा दें।

कारोबार/कृषि

यूएसएफडीए ने की नैटको फार्मा की खिंचाई

नई दिल्ली। अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक के अनुसार नैटको फार्मा अपने तेलंगाना स्थित संयंत्र में उचित अंतराल पर साफ-सफाई रखने, उपकरणों और बर्तनों को कीटाणुरहित करने में विफल रही। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) ने कंपनी को भेजे पत्र में कहा कि उसके जांचकर्ताओं ने तेलंगाना के कोथुर गांव में स्थित दवा संयंत्र में विभिन्न उल्लंघन देखे हैं।

अल्ट्राटेक ने ग्राइंडिंग यूनिट का किया अधिग्रहण

नई दिल्ली। आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने इंडिया सीमेंट से 315 करोड़ में ग्राइंडिंग यूनिट का अधिग्रहण की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि वह दो इकाइयों की क्षमता बढ़ाने के लिए 504 करोड़ का निवेश करेगी। अल्ट्राटेक ने शेयर बाजार को बताया कि 315 करोड़ में इंडिया सीमेंट से महाराष्ट्र के परली में कैप्टिव रेलवे साइडिंग के अलावा 11 लाख टन क्षमता वाली ग्राइंडिंग के अधिग्रहण को मंजूरी दी है।

प्रत्यक्ष कर संग्रह 17.7% बढ़कर 19.58 लाख करोड़, अनुमान से कहीं अधिक

कर विभाग ने कहा- बजट से 1.35 लाख करोड़ और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ अधिक

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 करोड़ रुपये हो गया। कर विभाग ने रविवार को कहा कि यह राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक है। आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह 2023-24 के दौरान बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपये (7.40 प्रतिशत) और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ रुपये अधिक रहा। प्रत्यक्ष कर संग्रह में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है।

वित्त वर्ष 2023-24 में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) 18.48 प्रतिशत बढ़कर 23.37 लाख करोड़ रुपये हो गया। रिफंड के बाद शुद्ध आय 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये रही। प्रत्यक्ष कर संग्रह के आंकड़े अर्थव्यवस्था में उछाल और व्यक्तियों तथा कॉरपोरेट की आय में वृद्धि को दर्शाते हैं। सीबीडीटी ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 3.79 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी हुआ। 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़े बताते हैं कि शुद्ध संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपये है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में इस वर्ष के लिए संग्रह 18.23 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर 19.45 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया। अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड को छोड़कर) बजट अनुमान से 7.40 प्रतिशत और संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक है।

सकल संग्रह 23.37 लाख करोड़ रुपये

रिफंड के समायोजन से पहले प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (अनंतिम) 23.37 लाख करोड़ रुपये रहा। यह राशि वित्त वर्ष 2022-23 के 19.72 लाख करोड़ रुपये के सकल संग्रह से 18.48 प्रतिशत अधिक है। 2023-24 में सकल कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम), इससे पिछले वर्ष के 10 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 13.06 प्रतिशत बढ़कर 11.32 लाख करोड़ रुपये हो गया। 2023-24 में शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम) 9.11 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 8.26 लाख करोड़ रुपये से 10.26 प्रतिशत अधिक है। समीक्षाधीन अवधि में प्रतिभूति लेनदेन कर (अनंतिम) सहित सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह 12.01 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 9.67 लाख करोड़ रुपये के संग्रह से 24.26 प्रतिशत अधिक है।

हाइब्रिड म्यूचुअल फंड की वापसी, 1.45 लाख करोड़ का निवेश आया

नई दिल्ली। हाइब्रिड म्यूचुअल फंड योजनाओं में 2023-24 में वापसी की। इसमें बीते वित्त वर्ष 1.45 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया। इससे पहले वित्त वर्ष 2022-23 में शुद्ध निकासी देखी गई थी। परिसंपत्ति में वृद्धि निवेशकों की संख्या बढ़ने से हुई। मार्च, 2024 में निवेशकों की संख्या 1.35 करोड़ तक पहुंच गई, जो इससे एक साल पहले 1.21 करोड़ थी। इससे हाइब्रिड कोषों के प्रति निवेशकों के रुझान का पता चलता है। हाइब्रिड फंड, म्यूचुअल फंड योजनाएं हैं जो आमतौर पर इक्विटी और ऋण प्रतिभूतियों के संयोजन में और कभी-कभी सोने जैसी अन्य परिसंपत्ति श्रेणियों में निवेश करती हैं। 2023-24 की शुरुआत से ऋण वाले कोषों के लिए कराधान में बदलाव के बाद से ये श्रेणी नियमित निवेश को आकर्षित कर रही है।

निवेशकों ने 5,200 करोड़ से अधिक की इक्विटी बेची

नई दिल्ली, एजेंसी

● मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव के कारण बढ़ी चिंता

मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव को लेकर चिंताओं के कारण विदेशी निवेशकों ने अप्रैल में अब तक 5,200 करोड़ रुपये से अधिक की घरेलू इक्विटी बेच दी है। मॉरीशस अब उसके माध्यम से यहां किए निवेश की पड़ताल करेगा।

मार्च में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का चौंका देने वाला शुद्ध निवेश आया था। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (19 अप्रैल तक) भारतीय इक्विटी में 5,254 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के सहायक निदेशक (शोध प्रबंधक) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि एफपीआई की निकासी का प्रमुख कारण मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव था, जो अब उसके माध्यम से भारत में किए गए निवेश की अधिक जांच करेगा।

उन्होंने कहा कि दोनों देश दोहरे कराधान बचाव समझौते (डीटीएए) में संशोधन करने वाले एक प्रोटोकॉल पर आम सहमति पर पहुंच गए हैं। प्रोटोकॉल निर्दिष्ट करता है कि कर राहत का उपयोग किसी अन्य देश के निवासियों के अप्रत्यक्ष लाभ के लिए नहीं किया जा सकता है। वास्तव में, मॉरीशस की संस्थाओं के माध्यम से भारतीय बाजारों में निवेश करने वाले अधिकांश निवेशक अन्य देशों से हैं। कुल मिलाकर, इस वर्ष अब तक इक्विटी में कुल निवेश 5,640 करोड़ रुपये और ऋण बाजार में 49,682 करोड़ रुपये रहा है।

विश्व बैंक, आईएमएफ बैठकों में जलवायु वित्त पर सुस्त प्रगति

नई दिल्ली, एजेंसी

● अजरबैजान में सीओपी-29 में सामूहिक मात्रात्मक पर होनी है चर्चा

विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकें जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए जरूरी खरबों डॉलर जुटाने की ठोस योजना के बिना खत्म हो गईं।

इस साल अजरबैजान में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन (सीओपी-29) में सामूहिक मात्रात्मक लक्ष्य (एनसीक्यूजी) या नए जलवायु वित्त लक्ष्य पर चर्चा होनी है। एनसीक्यूजी वह नई राशि है, जिसे विकसित देशों को 2025 से हर साल विकासशील देशों में जलवायु कार्रवाई का समर्थन करने के लिए जुटाना होगा। अमीर देशों से उम्मीद की जा रही है कि वे 2020 से हर साल 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक जुटाएंगे, लेकिन वे विफल रहे। विश्लेषण से पता चला है कि विकासशील देशों में वित्तीय प्रवाह 2023 में नकारात्मक हो गया। बैठकों के दौरान जी7 और जी20 के वित्त मंत्रियों के बीच जलवायु और विकास उद्देश्यों के लिए विकासशील देशों को वित्त मुहैया कराने पर चर्चा हुई।

यूपीआई बाजार 30% तक सीमित किए जाने का उद्योग जगत को इंतजार

नई दिल्ली। भुगतान उद्योग को एनपीसीआई द्वारा यूपीआई बाजार हिस्सेदारी को 30 प्रतिशत तक सीमित करने का इंतजार है। ऐसा करने की विस्तारित समय सीमा एक जनवरी के पास आने के साथ ही उद्योग जगत की अन्य कंपनियां बाजार हिस्सेदारी हासिल करने की तैयारी कर रही हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने दिसंबर 2022 में तीसरे पक्ष के यूपीआई डिजिटल भुगतान लेन-देन में 30 प्रतिशत की समयसीमा को दो साल बढ़ाकर दिसंबर 2024 कर दिया था। गूगल पे और फोनपे जैसे तीसरे पक्ष के ऐप प्रदाताओं (टीपीएपी) के पास यूपीआई आधारित लेन-देन में 85 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। एनपीआई एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) का संचालन करता है। सूत्रों ने कहा कि एक विकल्प यह हो सकता है कि यूपीआई लेनदेन में 30 प्रतिशत से अधिक बाजार हिस्सेदारी रखने वालों के लिए नए ग्राहकों को जोड़ना बंद कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि इसे चरणबद्ध तरीके से किया जा सकता है ताकि उपयोगकर्ताओं पर कोई प्रभाव न पड़े।

बीमा नियामक इडराई ने स्वास्थ्य बीमा उत्पाद पर आयु प्रतिबंध को हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

● भारतीय बीमा नियामक का लक्ष्य अधिक समावेशी और सुलभ पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना

बाजार को व्यापक बनाने और स्वास्थ्य देखभाल खर्चों से पर्याप्त सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीमा नियामक इरडाई ने स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदने वाले व्यक्तियों के लिए 65 वर्ष की आयु सीमा हटा दी है।

स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को खरीदने पर अधिकतम आयु प्रतिबंध को समाप्त करके भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) का लक्ष्य अधिक समावेशी और सुलभ स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है, जो अप्रत्याशित चिकित्सा खर्चों के खिलाफ पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करता है। पहले के दिशानिर्देशों के अनुसार, व्यक्तियों को केवल 65 वर्ष की आयु तक नई बीमा पॉलिसी खरीदने की अनुमति थी। हालांकि, एक अप्रैल से प्रभावी हुए हालिया संशोधन के साथ किसी भी उम्र का कोई भी व्यक्ति नई बीमा पॉलिसी खरीदने के लिए पात्र है। गजट अधिसूचना में इरडाई ने कहा कि बीमाकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि वे सभी आयु समूहों की जरूरतों को पूरा करने के लिए बीमा उत्पादों की पेशकश करें। बीमाकर्ता विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों, बच्चों, मातृत्व और सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्दिष्ट किसी भी समूह के लिए उत्पाद डिजाइन कर सकते हैं। चिकित्सीय स्थिति वाले व्यक्तियों को स्वास्थ्य पॉलिसियां प्रदान करने का आदेश दिया गया है।

एप्पल भारत में तीन साल में पांच लाख लोगों को दे सकता है रोजगार

नई दिल्ली। आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल अपने विक्रेताओं के माध्यम से अगले तीन साल में भारत में पंच लाख से अधिक लोगों को रोजगार दे सकती है। फिलहाल एप्पल के विक्रेता और आपूर्तिकर्ता 1.5 लाख लोगों को रोजगार देते हैं। एप्पल के लिए दो संयंत्र चलाने वाली टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे ज्यादा रोजगार पैदा करती है। वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि एप्पल भारत में नियुक्तियों में तेजी ला रहा है। पुराने अनुमान के अनुसार, यह अपने विक्रेताओं और कलपुर्जे आपूर्तिकर्ताओं के माध्यम से अगले तीन साल में पांच लाख लोगों को रोजगार देने जा रहा है। इस संबंध में एप्पल ने कोई बयान नहीं दिया। एप्पल की अगले चार-पांच साल में भारत में उत्पादन को पांच गुना से अधिक बढ़ाकर 40 अरब डॉलर (3.32 लाख करोड़) करने की योजना है। बाजार शोध कंपनी काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, एप्पल ने पहली बार 2023 में सबसे अधिक राजस्व के साथ भारतीय बाजार में सबसे आगे रही, जबकि सैमसंग मात्रा के मामले में शीर्ष पर रही।

आज का मुकाबला

मुंबई इंडियंस बनाम राजस्थान रॉयल्स

समय : शाम 7:30 बजे

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	08	379
ट्रेविस हेड (हैदराबाद)	06	324
रियान पराग (राजस्थान)	07	318

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	07	13
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	07	12
गेराल्ड कोएत्जी (मुंबई)	07	12

बदला चुकता करना चाहेंगे मुंबई इंडियंस

जयपुर, एजेंसी

मुंबई इंडियंस की टीम सोमवार को जब यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी तो उसकी निगाह अपनी गेंदबाजी खामियों को दूर करके मेजबान टीम से बदला चुकता करने पर लगी होंगी।

पिछले चार मैच में तीन जीत से मुंबई इंडियंस की टीम उबरने की राह पर चल रही है और सत्र की खराब शुरूआत के बाद अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है जबकि राजस्थान रॉयल्स की टीम तूफानी रफ्तार से आगे बढ़ते हुए 12 अंक लेकर शीर्ष स्थान पर काबिज है। मुंबई ने पिछले मैच में आशुतोष के अंत में लगाए गए अर्धशतक के बावजूद पंजाब किंग्स के खिलाफ नौ रन से जीत हासिल की थी। एक बार फिर जसप्रीत बुमराह ने जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाई और तीन विकेट झटके।

वहीं, राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में मुंबई इंडियंस की हालत काफी खराब रही थी जिसमें ट्रेंट बोल्ट ने उनके तीन शीर्ष क्रम बल्लेबाजों को खाता भी नहीं खेलने दिया था और यह अनुभवी तेज गेंदबाज फिर से उनके लिए बड़ा खतरा होगा। आवेश खान को अंतिम ओवर में गेंदबाजी की जिम्मेदारी दी गई है और उन्होंने इसे बखूबी निभाया है। कुलदीप सेन ने भी अपना कौशल दिखाया है लेकिन उन्हें अपने इकोनोमी पर काम करने की जरूरत है।

मशक्कत से मिली गुजरात को जीत

मोहाली, एजेंसी

पंजाब को सस्ते में ढेर करने के बाद खुशी मनाते गुजरात के खिलाड़ी। ● एजेंसी

साई किशोर, नूर अहमद और मोहित की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद कप्तान शुभमन (35) और राहुल के नाबाद 36 रनों की पारियों की बदौलत गुजरात ने रविवार को आईपीएल के 37वें मैच में पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हरा दिया है।

143रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में ऋद्धिमान साहा (13) रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने पारी को संभाला। गिल ने 29 गेंदों में 35 रन बनाए। वहीं साई सुदर्शन ने 31 रन बनाए। डेविड मिलर (4), अजमतउल्लाह उमरजई (13), शाहरुख खान (8), राशिद खान (3) रन बनाकर आउट हुए। राहुल तेवतिया ने 18 गेंदों में नाबाद 36 रन बनाए। गुजरात ने 19.1 ओवर में सात विकेट पर 147 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया।

इससे पहले महाराज यदविंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी अच्छी शुरुआत की और हरप्रीत बराड़ (29) रनों की पारियों के दम पर पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को जीत के लिए 143 रनों का लक्ष्य दिया है।

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

पंजाब किंग्स : 142 पर सभी आउट, प्रभसिमरन 35, सैम कुरेन 20, हरप्रीत बरार 29। **विकेट :** साई किशोर 4, अहमद 2, मोहित 2।

गुजरात टाइटंस : 146/7, 19.1 ओवर, शुभमन 35, साई सुदर्शन 31, राहुल तेवतिया (नाबाद) 36। विकेट : हर्षल पटेल 3, लियाम 2, सैम करन 1

केकेआर ने 1 रन से जीता रोमांचक मुकाबला

नाइट राइडर्स ने आरसीबी को दिया 223 रनों का लक्ष्य, अंतिम ओवर में कर्ण की दमदार बल्लेबाजी से 221 तक पहुंची बेंगलुरू

शतकीय साझेदारी के दौरान रन लेते आरसीबी के विल जैक्स और रजत पाटीदार। ● एजेंसी

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	7	6	1	12	+0.677
कोलकाता	7	5	2	10	+1.206
हैदराबाद	7	5	2	10	+0.941
चेन्नई	7	4	3	8	+0.529
लखनऊ	7	4	3	8	+0.123
मुंबई	7	3	4	6	-0.133
दिल्ली	8	3	5	6	-0.477
गुजरात	7	3	4	6	-1.303
पंजाब	7	2	5	4	-0.251
बेंगलुरु	8	1	7	2	-1.046

कोलकाता, एजेंसी

श्रेयस अय्यर (50) और फिल सॉल्ट (48) की शानदार पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 36वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को एक रन से हरा दिया है। कोलकाता की सात मैचों में यह पांचवीं जीत है।

223 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और तीसरे ओवर में विराट कोहली (18) का विकेट गवां दिया। अगले ओवर में कप्तान फाफ डुप्लेसी भी (7) रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद विल जैक्स और रजत पाटीदार ने पारी को संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट लिए 101 रनों साझेदारी हुई। 12वें ओवर में रजत पाटीदार को रसल आउट कर दिया। रजत ने 52 रन बनाए। कैमरन ग्रीन (6), सुयश प्रभुदेसाई (24), महिपाल लोमरोर (4) रन बनाकर आउट हुए। विल जैक्स ने 32 गेंदों में 55 रन बनाए। दिनेश कार्तिक 18 गेंदों में 25 रन बनाकर आउट हुए। वहीं कर्ण शर्मा ने यादगार पारी खेली उन्होंने सात गेंदों में तीन छक्के लगाकर टीम को जीत तक पहुंचा दिया था, लेकिन कर्ण के आउट होने के बाद लॉकी फर्ग्युसन भी एक रन पर रनआउट हो गए और टीम के एक रन से हार का सामना करना पड़ा। बेंगलुरु 20 ओवर में 221 रन पर सिमट गई।

विराट का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाड़ी। ● एजेंसी

इससे पहले श्रेयस अय्यर (50) और फिल सॉल्ट (48) की शानदार पारियों की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जीत के लिए 223 रनों का लक्ष्य दिया है। आज ईडन गार्डंस में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बेंगलुरु की बल्लेबाजी करने उतरी फिल सॉल्ट और सुनील नारायण की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 56 रन जोड़ते हुए अच्छी शुरुआत की। पांचवें ओवर में सिराज ने फिल सॉल्ट को आउट किया। फिल सॉल्ट ने 14 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुए 48 रन बनाए। इसके अलगे ही ओवर में सुनील नारायण (10) पवेलियन लौट गए। श्रेयस अय्यर ने कप्तानी पारी खेलते हुए 36 गेंदो में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 50 रन बनाए।

कोलकाता 222/6 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 20

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
सॉल्ट कैच आर पाटीदार बोल्ड सिराज	48	14	7/3
नारायण कैच कोहली बोल्ड यश दयाल	10	15	2/0
रघुवंशी कैच कैमरन ग्रीन बोल्ड यश दयाल	3	4	0/0
वेंकटेश कैच लोमरोर बोल्ड कैमरन ग्रीन	16	8	3/0
श्रेयस कैच डुप्लेसी बोल्ड कैमरन ग्रीन	50	36	7/1
रिंकू कैच यश दयाल बोल्ड फर्ग्युसन	24	16	2/1
आंद्रे रसल नाबाद	27	20	4/0
रमनदीप सिंह नाबाद	24	9	2/2

गेंदबाजी : मोहम्मद सिराज 4-0-40-1, यश दयाल 4-0-56-2, लॉकी फर्ग्युसन 4-0-47-1, कर्ण शर्मा 4-0-33-0, कैमरन ग्रीन 4-0-35-2

बेंगलुरु 221/10 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 9

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
विराट कोहली का एवं बो हर्षित	18	7	1/2
फाफ डुप्लेसी का वेंकटेश बो चक्रवर्ती	7	7	1/0
विल जैक्स का रघुवंशी बो रसेल	55	32	4/5
रजत पाटीदार का हर्षित बो रसेल	52	23	3/5
कैमरुन ग्रीन का रमनदीप बो नारायण	6	4	0/1
सुयश प्रभुदेसाई का रघुवंशी बो हर्षित	24	18	3/0
महिपाल लोमरोर का एवं बो नारायण	4	3	1/0
दिनेश कार्तिक का सॉल्ट बो रसेल	25	18	3/1
कर्ण शर्मा का एंव बो स्टार्क	20	7	0/3
मोहम्मद सिराज नाबाद	0	0	0/0
लॉकी फर्ग्यूसन रन आउट	1	1	0/0

गेंदबाजी : हर्षित 4-0-33-2, स्टार्क 3-0-55-1, चक्रवर्ती 4-0-36-1, नारायण 4-0-34-2, सुयश शर्मा 2-0-33-0, रसेल 3-0-25-3

खेल डायरी

रिबाकिना ने जीता पोर्शे ग्रां प्री का खिताब

स्टटगार्ट (जर्मनी)। एलिना रिबाकिना ने पोर्शे ग्रां प्री के फाइनल में रविवार को यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक को हराकर सत्र का अपना तीसरा खिताब जीता। कजाखिस्तान की इस खिलाड़ी ने एक घंटे नौ मिनट तक चले फाइनल मुकाबले को 6-2, 6-2 से आसानी से अपने नाम किया। रिबाकिना ने इससे पहले शनिवार को सेमीफाइनल में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक को शिकस्त दी थी। इस सत्र में एडिलेड और अबुधाबी में खिताब जीत चुकी रिबाकिना की यह साल की 26वीं जीत है।

नौकायन में बलराज पंवार को मिला ओलंपिक कोटा

चुंगजू। बलराज पंवार ने एशियाई और ओसनियाई रोइंग ओलंपिक क्वालिफिकेशन रेगाटा में पुरुष एकल स्कल्स (एम1एक्स) स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत का पहला नौकायन पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। दक्षिण कोरिया के चुंगजू में आयोजित स्पर्धा में 25 वर्षीय पंवार ने हीट में 7:17.87 और सेमीफाइनल में 7:16.29 का समय लेकर चुंगजू के फाइनल में जगह बनाई। बलराज पंवार 7:01.27 समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कजाकिस्तान के व्लादिस्लाव याकोवलेव ने 6:59.46 समय के साथ रेस जीती, जबकि इंडोनेशिया के मेमो ने 6:59.74 समय के साथ रजत पदक जीता। वह पिछले वर्ष चीन के हांग्झोऊ में अपने पहले एशियाई खेलों में कांस्य पदक से चूक गए थे।

रमित टंडन ने विक्टर क्रोयूइन को हराया

नई दिल्ली। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी रमित टंडन ने मिस्र के एल गोयूना में चल रहे 198,000 डॉलर पुरस्कार राशि के पीएसए प्लेटिनम स्क्वाश टूर्नामेंट के दूसरे दौर में फ्रांस के दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी विक्टर क्रोयूइन पर 3-1 की शानदार जीत से बड़ा उलटफेर किया। दुनिया के 40वें नंबर के खिलाड़ी टंडन को अगले महीने मिस्र में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में सीधे प्रवेश दिया गया है। टंडन ने विक्टर क्रोयूइन पर 52 मिनट में 11-9, 12-10, 8-11, 11-5 से जीत हासिल की। फ्रांस के खिलाड़ी के खिलाफ पांच भिड़ंत में यह टंडन की दूसरी जीत है। अब तीसरे दौर में टंडन का सामना दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी डिएगो एलियास से होगा।

सर्वेश ने दूसरी बार जीता ऊंची कूद का खिताब

कैलिफोर्निया। भारत के सर्वेश कुशारे ने माउंट सैक रिले 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों का ऊंची कूद एलीट खिताब जीता लिया है। अमेरिका में कैलिफोर्निया के वॉलनट में हिल्मर लॉज स्टेडियम में आयोजित शनिवार को सर्वेश कुशारे ने सत्र की सर्वश्रेष्ठ 2.23 मीटर की जंप के साथ माउंट सैक रिले 2024 एथलेटिक्स मीट में खिताब जीता। कुशारे पिछले वर्ष हांग्झोऊ में एशियन गेम्स में 2.26 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। उन्होंने माउंट सैन एंटोनियो कॉलेज में 2.23 मीटर की जंप के साथ पहला स्थान हासिल किया।

हॉकी इंडिया: पुरुष शिविर के लिए कोर ग्रुप घोषित

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने रविवार को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी कमियों को दूर करने के लिये पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 28 सदस्यीय कोर संभावित ग्रुप की घोषणा की। शिविर बेंगलुरु के साइ केंद्र में रविवार से शुरू होकर 13 मई तक चलेगा। भारतीय टीम आस्ट्रेलिया में पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला में मिली 0-5 की हार के बाद शिविर में लौटेगी। इस शिविर के बाद भारतीय टीम एफआईएच प्रो लीग के अपने अगले दो चरण के लिए बेल्जियम और लंदन की यात्रा करेगी जिसमें उसका सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन से होगा। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि हम इस शिविर में ट्रेनिंग का महत्वपूर्ण चरण शुरू करना चाहते हैं और हमें सुनिश्चित करेंगे कि पेरिस ओलंपिक से पहले हम सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हों।

मनु और अनीश ने ओलंपिक के लिए मजबूत किया दावा

नई दिल्ली, एजेंसी

मनु भाकर और अनीश भानवाला ने यहां डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में चल रहे ओलंपिक चयन ट्रायल एक और दो में अपने-अपने क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष पर रहते हुए ओलंपिक के लिए अपना दावा मजबूत किया।

देश के लिए कोटा हासिल करने वाली मनु ने टी2 क्वालीफिकेशन में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में 585 का कुल स्कोर हासिल किया और पांच महिला निशानेबाजों में शीर्ष पर रही। उन्होंने इससे पहले शनिवार को पहला ट्रायल भी जीता था। ईशा सिंह 581 के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ 577 के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

अभिदन्या अशोक पाटिल (572) चौथे स्थान पर रही जबकि मनु के साथ देश के लिए कोटा हासिल करने वाली रिदम सांगवान 566 अंक के साथ पांचवें पायदान पर रही। पुरुषों के 'टी2' क्वालीफिकेशन में अनीश ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 582 अंक के साथ जीत दर्ज की।

अलीरेजा को हराकर गुकेश ने हासिल की एकल बढ़त

टोरंटो। युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 13वें दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराकर एकल बढ़त हासिल की। इस तरह गुकेश अब तक के सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियनशिप दावेदार बनने की कोशिश में जुटे हैं। अब टूर्नामेंट में बस एक दौर बचा है।

चेन्नई के 17 वर्षीय गुकेश अगर कैंडिडेट्स में विजेता बनते हैं तो विश्व चैंपियन के खिताब के लिए उनकी भिड़ंत चीन के डिंग लिरेन से होगी। महिलाओं की स्पर्धा में कोनेरू हम्पी ने अन्ना मुजिचुक से ड्रा खेला जबकि वैशाली रमेशबाबू ने लेई टिंग्जी को पराजित किया। वैशाली ने इस तरह पिछली चार बाजियों में लगातार जीत दर्ज की है। रूस के इयान नेपोमनियाच्ची और अमेरिका के हिकारू नाकामुरा ने ड्रा खेला।

मेस्सी ने दागे दो गोल, इंटर मियामी ने नाशविले को हराया

फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)। अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनल मेस्सी के दो गोल से इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में नाशविले एससी पर 3-1 से जीत दर्ज की। इन दो गोल से मेस्सी के एमएलएस में कुल सात गोल हो गए हैं। मेस्सी ने दो मार्च को ओरलांडो के खिलाफ मैच के दौरान भी दो गोल दागे थे। मेस्सी ने नाशविले एससी के खिलाफ मैच में एक गोल करने में भी मदद की। इंटर मियामी के लिए सर्गियो बुस्कुवेट्स ने अपना पहला गोल दागा। लुईस सुआरेज ने मेस्सी को पहला गोल करने में मदद की। मियामी के डिफेंडर फ्रैंको नेरी के दूसरे मिनट में आत्मघाती गोल से नाशविले एससी ने बढ़त बनाई। मेस्सी ने 11वें मिनट में अपना पहला गोल दागा जिसके बाद 39वें मिनट में बुस्कुवेट्स ने गोल कर अपनी टीम को 2-1 से आगे किया। मेस्सी ने फिर 81वें मिनट में पेनल्टी किक पर अपना दूसरा गोल किया।

बॉलीवुड हलचल

'कल्कि 2898 एडी' के नए पोस्टर में दिखा अमिताभ बच्चन का लुक

मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की आने वाली फिल्म ''कल्कि 2898 एडी'' के नए पोस्टर में उनका लुक रिलीज हो गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म ''कल्कि 2898 एडी'' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। पिछले साल अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर जब उनका पहला लुक पोस्टर सामने आया था। तब से प्रशंसकों को फिल्म में अभिनेता के लुक और चरित्र के बारे में अधिक जानकारी का बेसब्री से इंतजार है। उत्साह को बढ़ाते हुए ''कल्कि 2898 एडी'' का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। नया पोस्टर हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम सहित विभिन्न भाषाओं में साझा किया गया है। सफेद पोशाक पहने, अमिताभ बच्चन को एक मंदिर के अंदर रहस्यमय ढंग से बैठे और प्रकाश की चमकदार किरण की ओर देखते हुए देखा जा सकता है। पोस्टर पर लिखा है, समय आ गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित और वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित ''कल्कि 2898 एडी'' बहुभाषी फिल्म है।

बजरंगी भाईजान और राउड़ी राठौर का बनेगा सीक्वल

मुंबई। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की सुपरहिट फिल्म बजरंगी भाईजान और खिलाड़ी कुमार अक्षय की सुपरहिट फिल्म राउड़ी राठौर का सीक्वल बनने के कयास लगाए जा रहे हैं। सलमान खान के बहनोई और अभिनेता आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान के निर्माता केके राधामोहन ने बताया है कि सलमान और अक्षय की फिल्मों का वह सीक्वल बनाने वाले हैं। केके राधामोहन ने बताया है कि वह सलमान खान की फिल्म बजरंगी भाईजान और अक्षय कुमार की फिल्म राउड़ी राठौर का सीक्वल बनाएंगे। विजयेंद्र प्रसाद ने मेरे दो कहानी लिख रहे हैं, जिसमें राउड़ी राठौर 2 और बजरंगी भाईजान 2 है।

वेलकम टू द जंगल में हुई दो नए सितारों की एंट्री

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली मल्टी स्टारर फिल्म में अब दो अन्य स्टार्स की भी एंट्री हो गई है। 'वेलकम' और 'वेलकम 2' की सफलता के बाद अहमद खान के निर्देशन में बन रही फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का जब टाइटल ट्रैक वीडियो शेयर किया गया था, उसमें अक्षय कुमार, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, संजय दत्त, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, रवीना टंडन, लारा दत्ता, जैकलीन फर्नांडिस, परेश रावल, अरशद वारसी, जॉनी लीवर, कृष्णा अभिषेक और राजपाल यादव समेत कई स्टार्स दिखाई दिए थे। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में जैकी श्रॉफ और आफताब शिवदासानी की भी एंट्री हो गई है। इस फिल्म की आधी से ज्यादा शूटिंग मुंबई में ही पूरी की जाएगी। बेस इंडस्ट्रीज ग्रुप द्वारा प्रस्तुत ''वेलकम टू द जंगल'' फिरोज ए. नाडियाडवाला द्वारा निर्मित और अहमद खान द्वारा निर्देशित है। यह फिल्म इस साल के अंत में 20 दिसंबर को क्रिसमस सप्ताह के दौरान रिलीज हो सकती है।

विश्व क्वालीफायर के लिए नए सिरे से ट्रायल कराएगा नाराज डब्ल्यूएफआई

नई दिल्ली, एजेंसी

एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय पुरूष टीम के खराब प्रदर्शन से नाराज और चिंतित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने विश्व क्वालीफायर में भारतीय टीम के चयन के लिए नए सिरे से ट्रायल कराने का फैसला किया है।

बिश्केक में एशियाई चैंपियनशिप में भारत ने 18 में से चार ही कोटा स्थान हासिल किए और सभी महिला पहलवानों को मिले जिनमें विनेश फोगाट भी शामिल है। उनके अलावा अंतिम पंघाल (53 किलो), अंशु मलिक (57 किलो) और रीतिका (76 किलो) ने भी कोटा हासिल किया। अभी भी 14 श्रेणियां बची है और नौ मई से तुर्की में होने वाले विश्व क्वालीफायर में जीतना एशियाई क्वालीफायर की तुलना में कठिन होगा। डब्ल्यूएफआई सभी 14 श्रेणियों में ट्रायल का आयोजन करेगा। इनमें महिला वर्ग में दो (68 और 62 किलो), पुरूष फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन में छह छह वर्ग शामिल है जिनके ट्रायल अप्रैल के आखिरी सप्ताह या मई के प्रथम सप्ताह में आयोजित किए जाएंगे। अध्यक्ष संजय सिंह ने भारतीय कोचों और समिति के सदस्यों से प्रदर्शन पर चर्चा की।

भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों का 'फ्लॉप शो'

बिश्केक (किर्गिस्तान)। भारत के ग्रीको रोमन पहलवानों ने रविवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में निराशाजनक प्रदर्शन किया जिससे इनमें से कोई भी पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल नहीं कर सका। सुनील (87 किग्रा) ही एकमात्र भारतीय थे जो एक मुकाबला जीतने में सफल रहे वर्ना अन्य तो अपने पहले दौर में ही हारने के बाद बाहर हो गए। सुनील ने अपने पहले मैच में जापान के प्रतिद्वंद्वी सोह साकाबे को 5-1 से मात दी। लेकिन क्वार्टरफाइनल में उज्बेकिस्तान के जलगासबे बर्डीमुरातोव से 2-4 से हार गए। अंशु (67 किग्रा) की चुनौती दो मिनट से कम समय में ही समाप्त हो गई। सुमित (60 किग्रा), विकास (77 किग्रा), नीतेश (97 किग्रा) और नवीन (130 किग्रा) भी पहले ही दौर में हार गए।

अगले चार माह में वजन प्रबंधन करना चुनौती: विनेश

बिश्केश (किर्गिस्तान)। ओलंपिक कोटा हासिल कर राहत महसूस कर रही विनेश फोगाट का मानना है कि पेरिस खेलों की तैयारी के लिए 50 किग्रा के सबसे निचले वर्ग में अपना वजन बनाए रखना उनके लिए चुनौतीपूर्ण होगा। विनेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने बिना अंक गंवाए अपना लगातार तीसरा ओलंपिक कोटा पक्का कर लिया। विनेश भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के विरोध के कारण लगभग डेढ़ साल तक नियमित अभ्यास और खेल से दूर रही। इस दौरान अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा वर्ग में कोटा स्थान हासिल कर लिया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

संसदीय चुनाव में मुइज्जू की साख दांव पर

माले एजेंसी

- मालदीव में मतदान पर भारत की करीबी नजर, केरल में बने 3 बूथ

मालदीव में आज संसदीय चुनाव हो रहे हैं। ये चुनाव मौजूदा राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के लिए काफी महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि, मुइज्जू की भारत विरोधी नीति को लेकर वहां के लोगों की राय भी सामने आएगी। मालदीव के चुनाव पर भारत और चीन की भी नजर है, क्योंकि दोनों देश द्वीपसमूह राष्ट्र में प्रभाव जमाना चाहते हैं। संसदीय चुनाव के लिए 3 बूथ भारत में भी बनाए गए हैं।

मुइज्जू ने चुनाव 'इंडिया आउट' के अभियान के तहत लड़ा था। बता दें कि मालदीव के चुनाव के नतीजे देर रात आ सकते हैं। मालदीव हिंद महासागर में रणनीतिक तौर पर अहम जगह पर स्थित है, जिस कारण भारत और चीन दोनों इस पर प्रभाव जमाना चाहते हैं। पिछले साल राष्ट्रपति के रूप में मुइज्जू ने भारत

रविवार को मतदान केंद्र पर वोट डालते राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू।

और चीन के बीच प्रतिद्वंद्विता को तेज कर दिया था।

मुइज्जू ने चीन समर्थक रुख अपनाया था और देश के एक द्वीप पर तैनात भारतीय सैनिकों को हटाने का काम किया। संसद में बहुमत हासिल करना मुइज्जू के लिए कठिन होगा, क्योंकि उनके कुछ सहयोगी अलग हो गए हैं और अधिक पार्टियां दौड़ में शामिल हो गई हैं। छह राजनीतिक दल और स्वतंत्र समूह संसद की 93 सीटों के लिए 368 उम्मीदवार मैदान में उतार रहे हैं। जनसंख्या वृद्धि के समायोजन के बाद यह पिछली संसद की तुलना में छह सीटें अधिक है।

चुनाव में लगभग 2 लाख 84 हजार लोग मतदान करेंगे और देर रात नतीजे आ सकते हैं। राष्ट्रपति पद के लिए मुइज्जू के चुनाव अभियान का विषय "इंडिया आउट" था, जिसमें उन्होंने पिछले राष्ट्रपति पर भारत को बहुत अधिक प्रभाव देकर राष्ट्रीय संप्रभुता से समझौता करने का आरोप लगाया। मालदीव में कम से कम 75 भारतीय सैन्यकर्मी तैनात थे, जिन्हें मुइज्जू ने हटा दिया। सैनिकों का काम भारत द्वारा दान किए गए दो विमानों का संचालन करना और समुद्र में फंसे या आपदाओं का सामना करने वाले लोगों के बचाव में सहायता करना था।

श्रीलंका में रेसिंग के दौरान कार ने दर्शकों को कुचला, 7 की मौत

कोलंबो। श्रीलंका के उवा प्रांत में रविवार को एक मोटर कार रेसिंग कार्यक्रम के दौरान बड़ा हादसा हो गया। इस दौरान एक कार ने दर्शकों को कुचल दिया। दुर्घटना में एक बच्चे सहित कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। इस दौरान 23 अन्य गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना तब हुई, जब दियाथलावा के सेंट्रल हिल रिसॉर्ट में रेसिंग आयोजित किया जा रहा था। इस दौरान इसमें हिस्सा लेने वाली एक बार ट्रैक से उतर गई और दर्शकों को कुचलते हुए आगे बढ़ गई। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और 23 गंभीर रूस से घायल हैं। पुलिस प्रवक्ता निहाल थल्डुवा ने कहा कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नाबालिग की गर्भावस्था को समाप्त करने की मांग...सुप्रीम सुनवाई आज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट सोमवार को 14 वर्षीय कथित दुष्कर्म पीड़िता की 28 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत की वेबसाइट के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ सोमवार को पहले मामले पर सुनवाई करेगी।

- मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (एमटीपी) अधिनियम के तहत गर्भावस्था को समाप्त करने की ऊपरी सीमा विवाहित महिलाओं के साथ-साथ विशेष श्रेणियों की महिलाओं के लिए 24 सप्ताह रखी गई है। इनमें बलात्कार पीड़िताओं और कुछ अन्य महिलाओं जैसे कि विकलांग और नाबालिग को शामिल किया गया है।
- अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी कोर्ट में केंद्र सरकार की ओर से पेश हुईं। पीठ ने मुंबई के सायन अस्पताल से पीड़िता की शारीरिक और मनोवैज्ञानिक स्थिति के बारे में रिपोर्ट मांगी थी। पीठ ने कहा था कि अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक एक मेडिकल बोर्ड का गठन करेंगे और मामले पर सोमवार को 10 .30 बजे सुनवाई होगी।

19 को दिए थे जांच के आदेश

इससे पहले, 19 अप्रैल को शीर्ष अदालत ने पीड़िता की मां द्वारा दायर याचिका पर उसकी मेडिकल जांच का आदेश दिया था। दरअसल, बॉम्बे हाई कोर्ट ने अपने फैसले में पीड़िता को गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। इस फैसले को मां ने सुप्रीम कोर्ट ने चुनौती दी थी। बता दें कि मुंबई के सायन अस्पताल से लड़की की संभावित शारीरिक और मनोवैज्ञानिक स्थिति के बारे में रिपोर्ट मांगी गई थी।

28 सप्ताह की गर्भवती है नाबालिग

पीठ ने अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक को मेडिकल बोर्ड का गठन करने और उसकी रिपोर्ट सुनवाई की अगली तारीख 22 अप्रैल को अदालत के समक्ष पेश करने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में पेश वकील ने कहा कि नाबालिग 28 सप्ताह की गर्भवती है और फिलहाल मुंबई में है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने मामले में सरकार का प्रतिनिधित्व किया। मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी (एमटीपी) अधिनियम के तहत, गर्भावस्था को समाप्त करने की ऊपरी सीमा विवाहित महिलाओं के साथ-साथ विशेष श्रेणियों की महिलाओं के लिए 24 सप्ताह है, जिनमें दुष्कर्म पीड़िताएं और अन्य कमजोर महिलाएं, जैसे कि विकलांग और नाबालिग शामिल हैं।

एक नजर

पाकिस्तान में महिला ने एक साथ 6 बच्चों को दिया जन्म, 4 लड़के

रावलपीडी। पाकिस्तान के रावलपिंडी में एक महिला ने एक साथ 6 बच्चों को जन्म दिया है। इनमें 4 लड़के और 2 लड़कियां हैं। डॉक्टरों का कहना है कि एक साथ 6 बच्चों का होने की घटना को सेक्स्टुपलेट्स कहा जाता है। यह 470 करोड़ लोगों में से किसी एक को होता है।

अमृतसर में युवक ने गर्भवती पत्नी को जिंदा जलाया, गिरफ्तार

अमृतसर। पंजाब में अमृतसर के बाबा बकाला इलाके के बुल्ले नांगल गांव में युवक ने कथित तौर पर अपनी 23-वर्षीया गर्भवती पत्नी को बिस्तर से बांधकर जिंदा जला दिया। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को सुखदेव सिंह ने अपनी पत्नी से झगड़े किया, इसके बाद घटना को अंजाम दिया। मृतक पिंकी छह महीने की गर्भवती थी और उसे जुड़वा संतान होने की उम्मीद थी। सूचना पर पहुंची पुलिस को पिंकी घर पर मृत मिली। पुलिस ने कहा कि सुखदेव को गिरफ्तार कर उस पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

तारे में विस्फोट के 11 हजार साल बाद भी निकल रही गैस

वाशिंगटन। नासा वेला तारामंडल में 11 हजार साल पहले एक तारे में हुए विस्फोट के बाद उसकी बाहरी परत एक शॉकवेव के साथ अंतरिक्ष में फैल गई। तारे से निकलने वाली गैस अंतरिक्ष में विभिन्न पदार्थों के साथ क्रिया करके रंगबिरंगी रोशनी का निर्माण करती है। यह तस्वीर नासा ने ली है।

खैबर पख्तूनख्वा में बारूदी सुरंग में धमाका, दो किशोरों की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को एक बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से दो किशोरों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। स्थानीय पुलिस ने बताया है कि, ये किशोर खैबर जिले में तिराह घाटी की पहाड़ियों में मशरूम खोज रहे थे, तभी उनमें से एक का पैर बारूदी सुरंग पर पड़ गया, जिससे एक भयानक विस्फोट हुआ। दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हुआ है।

भारतवंशी तरुण लड़ेंगे लंदन का मेयर चुनाव, पाकिस्तानी सादिक को देंगे चुनौती

निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव में उतरेंगे, 2 मई को होगा मतदान

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड के लंदन में मेयर पद पर पाकिस्तान मूल के सादिक खान तीसरी बार जीत हासिल करने के लक्ष्य के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि, इस बार उन्हें भारतीय मूल के एक उम्मीदवार से चुनौती मिलने वाली है। दिल्ली में जन्मे तरुण गुलाटी ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। तरुण का कहना है कि लंदन के नागरिकों को सभी राजनीतिक पार्टियों ने दुखी किया है। उन्होंने आगे कहा कि वह लंदन को अनुभवी सीईओ की तरह चलाना चाहते हैं, जिससे सभी को लाभ मिल सके। उनका मानना है कि एक व्यवसायी और निवेश विशेषज्ञ के रूप में उनका अनुभव लंदन को लाभ पहुंचाने में मददगार साबित होगा।

दो मई को होने वाले मेयर चुनाव में 63 वर्षीय भारतीय मूल के तरुण गुलाटी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव में उतरेंगे। मेयर पद के लिए उनकी लड़ाई 13 अन्य उम्मीदवारों से होने वाली है। उन्होंने सिटीबैंक और एचएसबीसी के साथ छह देशों में काम किया है। एचएसबीसी में वह एक अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधक (आईएम) थे। तरुण गुलाटी ने कहा, "मैं लंदन को एक अनोखे वैश्विक शहर के तौर पर देखता हूं। यह विश्व के वैश्विक बैंक की तरह है, जहां दुनियाभर के लोग एकत्रित होते हैं। अपने संबोधन में उन्होंने आगे कहा, "मेयर के तौर पर मैं लंदन की बैलेंस शीट इस तरह से तैयार करूंगा कि यह निवेश के लिए एक प्रमुख विकल्प बन सके। इसमें सभी निवासियों के लिए सुरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित हो। मैं एक अनुभवी सीईओ की तरह लंदन को प्रभावी ढंग से बदलूंगा। यहां लाभप्रदत्ता का मतलब सभी के लिए लाभ होगा। इस यात्रा में आप सभी शामिल होंगे। इसे अपने लंदन और अपने घर के लिए करें। लंदन की सड़कों में सुरक्षा उनके मुख्य एजेंडा में प्रमुख है।

इन नीतियों को खत्म करना चाहते हैं तरुण गुलाटी

लेबर पार्टी के मौजूदा नेता सदिक खान की कुछ अलोकप्रिय नीतियों को खत्म करना भी तरुण गुलाटी का प्रमुख एजेंडा है। सादिक खान की इन नीतियों में अल्ट्रा लो एमिशन जोन (यूएलईजेड) शुल्क और लो ट्रैफिक नेबरहुड (एलटीएन) से जुड़ी उच्च लागत को खत्म करना शामिल है। तरुण गुलाटी ने कहा, हम यूएलईजेड, एलटीएन जैसी खराब नीतियां नहीं चाहते हैं। जलवायु परिवर्तन हो रहा है और हमें इसके प्रभावों को कम करने की जरूरत है। हमें जो भी परिवर्तन करना होगा, वह जनता की राय के अनुरूप होना चाहिए। तरुण गुलाटी ने मेयर पद के लिए कंजर्वेटिव पार्टी के उम्मीदवार सुजैन हॉल पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कई वर्षों तक लंदन असेंबली के सदस्य होने के बावजूद वह इन नीतियों को रोकने में नाकाम रही हैं। उन्होंने आगे कहा, "अगर राजनीतिक उम्मीदवार वह करते जो उन्हें करना चाहिए था, तो मैं मेयर पद की दौड़ में कभी शामिल नहीं होता। तरुण किफायती आवासीय व्यवस्था, लंदन में पर्यटन को बढ़ावा देना, मुफ्त स्कूल भोजन सुनिश्चित करना और काउंसिल टैक्स को कम करने जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

अमेरिका इजराइल की एक सैन्य बटालियन पर लगाएगा प्रतिबंध

वाशिंगटन। अमेरिका ने एक तरफ इजराइल की मदद के लिए हाथ बढ़ाए तो दूसरी तरफ आंखें टेढ़ी कर दी। अमेरिकी संसद ने इजराइल के लिए 13 अरब डॉलर की नई सैन्य सहायता को मंजूरी दी है। वहीं दूसरी ओर अमेरिका इजराइल की एक सैन्य बटालियन पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रहा है।

ये प्रतिबंध बटालियन द्वारा फलस्तीनी लोगों के खिलाफ किए गए मानवाधिकार उल्लंघन के लिए लगाया जा सकता है। हालांकि, इस कदम की इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने निंदा की है।

फिलिस्तीन के वेस्ट बैंक में इजराइली सेना पर मानवाधिकार उल्लंघन के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। ऐसे में अब अमेरिका वहां आम लोगों को निशाना बनाने के आरोप में नेत्जाह येहुदा बटालियन पर प्रतिबंध लगाने का एलान कर सकती है। अगर ऐसा होता है तो किसी इजराइली सैन्य टुकड़ी के खिलाफ बाइडन प्रशासन की पहली कार्रवाई होगी। अमेरिका के इस संभावित कदम से इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू खासे नाराज दिख रहे हैं।

चुनाव ड्यूटी के लिए ले जा रही बस पलटी, 10 घायल

जगदलपुर (छत्तीसगढ़), एजेंसी

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में रविवार को चुनाव ड्यूटी के लिए ले जा रही एक बस के पलटने से मध्य प्रदेश पुलिस के कम से कम 10 कर्मी घायल हो गए। एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने पहले कहा है कि घायल कर्मी सीआरपीएफ के थे। वहीं जगदलपुर के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायल जवान मध्य प्रदेश पुलिस के थे। यह घटना गीदम थाना क्षेत्र के अंतर्गत गीदम-जगदलपुर रोड पर रायकोट गांव के पास हुई।

बस्तर लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को हुए मतदान में चुनाव ड्यूटी के बाद सुरक्षाकर्मी फरसपाल (दंतेवाड़ा) से महासमुंद संसदीय क्षेत्र के गरीबंद जा रहे थे, जहां 26 अप्रैल को मतदान होना है। उन्होंने

बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस के 36 कर्मियों वाली बस उस समय सड़क से फिसलने से बस पलट गई। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में बस में सवार 10 लोगों को चोटें आईं हैं। उन्होंने बताया कि अलर्ट होने के बाद एंबुलेंस को मौके पर भेजा गया और घायल कर्मियों को जगदलपुर के डिमरापाल स्थित एक मेडिकल कॉलेज में स्थानांतरित किया गया।

नेपाल के मनासलु पर्वत पर भयानक हिमस्खलन

काठमांडू। नेपाल के मनासलु पर्वत क्षेत्र में रविवार को भारी हिमस्खलन हो गया। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार इस हादसे में किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है। दरअसल, मानसलू पर्वत पर हिमस्खलन हुआ। मानसलू पर्वत से बीरेंद्र झील की तरफ हिमस्खलन हुआ, जिससे झील में उफान आ गया। झील में उफान आने से उसका सारा पानी बुढीगंडकी नदी में बह गया। रिपोर्ट के हवाले से बताया है कि इस घटना में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीं, सुरक्षा अधिकारियों ने बूढ़ीगंडकी नदी में संभावित बाढ़ को लेकर चिंता जताई है।

ग्लेशियर गश्ती दौड़

स्विट्जरलैंड: एरोला और वर्बियर के बीच स्विस आल्प्स में 24वीं ग्लेशियर गश्ती दौड़ के दौरान प्रतियोगी त्सेना रिफियन पास पर चढ़ते हैं। इस प्रतियोगिता का आयोजन हर साल होता है। पिछले सप्ताह प्रतिकूल मौसम के कारण आयोजन को टाल दिया गया था। इसके बाद रविवार को प्रतिभागी आयोजन का हिस्सा बने। ● एजेंसी

अमेरिका में एक पार्टी के दौरान गोलीबारी, दो की मौत, 14 घायल

वाशिंगटन। अमेरिका में टेनेसी के मेमफिस में एक ब्लॉक पार्टी के दौरान गोलीबारी दो लोगों की मौत हो गई। वहीं इस हादसे में 14 लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस ने बताया कि इस पार्टी में करीबन 300 लोग मौजूद थे। उनमें से 16 लोगों पर गोलीबारी की गई।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया है कि, घटनास्थल पर पांच लोगों को गोली लगी थी। उनमें से तीन को अस्पताल ले जाया गया, जबकि अन्य दो की मौत हो गई। फिलहाल अभी तक इस मामले में किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस ने कहा घटना की जांच चल रही है, फिलहाल टीम आरोपियों की तलाश जुटी है।

चुनाव में हस्तक्षेप को लेकर कनाडा-चीन में बढ़ा तनाव

टोरंटो, एजेंसी

- चीन के राजदूत कांग पेइवु पद छोड़कर वतन लौटे

कनाडा के चुनानों में चीन हस्तक्षेप के आरोपों के बीच चीन के राजदूत कांग पेइवु ने करीब पांच साल बाद अपना पद छोड़ दिया है और पेइवु चीन लौट आए हैं। पेइवु 2019 से कनाडा में चीन के राजदूत थे। उनके पद संभालने से पहले ही चीन और कनाडा में तनाव था।

दोनों देशों ने एक-दूसरे के कई लोगों को गिरफ्तार किया था। इसके अलावा, कनाडा के चुनावों में चीन के संभावित दखल को लेकर चिंताएं जाहिर की गईं। पिछले हफ्ते कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इस मामले पर सुनवाई के दौरान गवाही दी थी। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं है कि चीन ने 2019

व 2021 के चुनावों के नतीजे प्रभावित कर पाया था। हालांकि, कनाडा फिर भी चीन के साथ रिश्ते सुधारने की कोशिश में लगा है। उप मंत्री डेविड मॉरिसन दोनों देशों के बीच संबंधों को सुधारने के लिए चीन में हैं। कनाडा के विदेश मंत्री मेलानी जोली के कार्यालय ने भी इसकी पुष्टि की है।

जज बनकर अपराधियों को जमानत देने वाले शातिर कार चोर की मौत

नई दिल्ली। न्यायाधीश बनकर अपराधियों को जमानत देने से लेकर लग्जरी कार चुराने में माहिर अपराधी धनीराम मित्तल की 85 साल की उम्र में मौत हो गई।

दशकों तक अपराध की दुनिया में सक्रिय रहे मित्तल स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों से जूझ रहा था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब और राजस्थान में चोरी के 150 मामलों में मित्तल 90 से अधिक बार जेल गया था। उन्होंने कहा, मित्तल के अपराधों की सूची लंबी है, वह अपने जीवनकाल में चोरी, धोखाधड़ी और जालसाजी के एक हजार से अधिक मामलों में सीधे तौर पर शामिल था। पुलिस ने कहा- लंबी बीमारी के चलते मित्तल की गुरुवार को मौत हो गई।

मौसम हिमाचल में हिमपात और ओलावृष्टि के चलते ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी, कश्मीर घाटी में भी हुई बारिश

मैदानी हिस्सों में गर्मी से हाल-बेहाल, पहाड़ों पर लुढ़का पारा

नई दिल्ली, एजेंसी

मैदानी क्षेत्रों में भीषण गर्मी धीरे-धीरे चरम पर पहुंचने लगी है। हर दिन तापमान बढ़ रहा है, जिससे लोगों को रात में भी सुकून नही मिल रहा है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को देश के अधिकतर हिस्सों में सामान्य मौसम रहने की संभावना है, जबकि बुधवार तक अधिकतम तापमान 45 के पार जा सकता है।

देश में रविवार को ओडिशा का बौध 44.3 डिग्री के साथ सबसे गर्म शहर रहा। वहीं पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी और बारिश का दौर फिर से देखने को मिला है, हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में रविवार को प्रशासन ने हिमपात और ओलावृष्टि के चलते ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी दी है।

दूसरी तरफ कश्मीर घाटी में पिछले 24 घंटों में हुई बारिश

लाहौल और स्पीति के राशेल गांव में बर्फबारी से बिछी सफेद चादर।

के कारण रविवार को तापमान सामान्य से नीचे रहा जिससे सामान्य गतिविधियां प्रभावित हुईं है। श्रीनगर के मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि पिछले 24 घंटों के दौरान श्रीनगर में 3.0 मिमी और कई हिस्सों में बारिश हुई है। जबकि हिमाचल के लाहौल स्पीति की तमाम ऊंची चोटियों पर शनिवार रात को बर्फबारी हुई है। कोकसर में 19, गोंदला में 16, केलांग में 8.5 और कुमकुमसेरी में 2 सेमी ताजा हिमपात हुआ है। वहीं शिमला सहित प्रदेश के माध्यम से मैदानी क्षेत्र में जमकर बारिश हुई है। भरमौर, चंबा में 25, तीसा में 24, सोलन में 25, राजगढ़ में 20, कल्पा में 21, रेणुका, रिकांगपिओ, डलहौजी, कोकसर शीलारू में 1919, नादीन में 18 शिमला में 13 और रोहड़ू में 15 एमएम बारिश हुई है।

इससे अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2 से 3 सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। जिला शिमला के ऊपरी क्षेत्रों में कहीं-कहीं पर भारी ओलावृष्टि हुई है जिससे सेब की फ्लोरिंग को नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग में 26 अप्रैल तक प्रदेश में मौसम के इसी तरह खराब बने रहने की संभावना जताई है। इस बीच 22 और 23 अप्रैल को भारी बारिश और ओलावृष्टि का फिर से बलो अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को शिमला में भी धूप खिलने के साथ हल्के बादल छाए रहे।

मनाली-केलांग मार्ग में फिर भूस्खलन, रास्ता बंद किया

मनाली-केलांग एनएच-03 में सिस्सू सेल्फी पॉइंट के पास भूस्खलन के चलते मार्ग यातायात के लिए बंद हो गया है। इस मार्ग में लाहौल स्पीति के सिस्सू सेल्फी पॉइंट में पहाड़ी से सड़क पर काफी मात्रा में मलबा सड़क पर आ गया है, इस कारण मार्ग यातायात के लिए बंद कर दिया है। बीआरओ और प्रशासन की टीम ने मार्ग से मलबे को हटाने का काम शुरू कर दिया है। पुलिस और प्रशासन के अनुसार यहां सड़क भी लगातार धंस रही है जिस कारण यहां से गुजरने वाले वाहनों को खतरा बना हुआ है। यहां पर्यटकों के लिए बनाया गया सेल्फी पॉइंट भी क्षतिग्रस्त हो गया है। एसपी लाहुल स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि इस मार्ग में सेल्फी पॉइंट सिस्सू के पास सुबह के समय पहाड़ी से भूस्खलन हो गया है जिसके चलते एनएच पर भारी मलबा आ गया है जिसे हटाने का काम चल रहा है।

तालिबान को आतंकी सूची से हटाने की तैयारी कर रहा रूस

न्यू कैसल (ब्रिटेन)। रूस फिलहाल तालिबान को आतंकवादी संगठनों की सूची से हटाने पर विचार कर रहा है। इस संबंध में अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन उनके बढ़ते सौहार्दपूर्ण संबंधों का एक संकेत मई में रूस के कजान शहर में आयोजित होने वाले एक अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मंच के लिए तालिबान का निमंत्रण है।

रूसी अधिकारियों ने संकेत दिए है कि, रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने पहले भी तालिबान के साथ चर्चा शुरू की है, और जब संगठन ने अफगानिस्तान पर नियंत्रण किया तो रूस एक राजनयिक को मान्यता देने वाले कुछ देशों में से एक था। अफगानिस्तान के राजनीतिक और आर्थिक संकट और यूक्रेन युद्ध के कारण रूस पर पश्चिमी प्रतिबंधों का मतलब है कि दोनों पक्षों को मजबूत रिश्ते से हासिल करना होगा।

पाकिस्तान: सैन्य निगरानी में हुआ 21 सीटों पर उपचुनाव

इस्लामाबाद, एजेंसी

- पाकिस्तान के पंजाब-पख्तूनख्वा में इंटरनेट सेवा पर पाबंदी

पाकिस्तान में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पंजाब और बलूचिस्तान के विशिष्ट जिलों में कड़ी सुरक्षा के बीच रविवार को 21 प्रांतीय सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान हुआ। पाकिस्तान चुनाव आयोग की निगरानी में चुनाव सुबह 8 बजे से शुरू हुआ। लोगों ने शाम 5 बजे तक अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

पाकिस्तान में आम चुनाव राष्ट्रीय असेंबली और चार प्रांतीय विधानसभा के लिए 8 फरवरी को हो चुका है। इस दौरान एक नेशनल असेंबली सीट, दो पंजाब विधानसभा सीट और खैबर खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा की एक सीट के लिए मतदान रद्द हो गया था। वहीं एक से अधिक सीट जीतने वाले उम्मीदवारों ने चुनाव के बाद केवल एक ही सीट चुनी। इस कारण से पाकिस्तान चुनाव आयोग को 21 सीटों पर उपचुनाव आयोजित करना पड़ा।

इन 21 सीटों में पांच राष्ट्रीय और 16 प्रांतीय विधानसभा सीटें शामिल थीं। पाकिस्तान चुनाव आयोग ने इन सीटों पर 21 अप्रैल को उपचुनाव कराने का निर्णय लिया। उपचुनाव से एक दिन पहले संघीय सरकार ने बताया कि उपचुनाव के दौरान पंजाब और बलूचिस्तान के विशिष्ट जिलों में सेलुलर सेवाएं और इंटरनेट बंद रहेगा। पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण (पीटीए) ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया की अखंडता और सुरक्षा की रक्षा के लिए यह निर्णय लिया गया है।